सूर्योदय : 6:47
सूर्यास्त : 5:15
अधिकतम तापमान : 23.0
न्यूनतम : 6.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-18 अंक-177 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, बुधवार, 18 दिसम्बर 2024
15 जमादिउस्सानी 1446 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



पीएम मोदी ने किया राजस्थान नहर परियोजना का उद्घाटन

# राज्यों के बीच जल विवाद बढ़ाती रही कांग्रेस : मोदी

- किसानों के नाम पर बड़ी-बड़ी बातें करती है कांग्रेस

**जयपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को जयपुर में 45 हजार करोड़ रुपये की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि ये प्रोजेक्ट राजस्थान में पानी की समस्या का स्थायी समाधान करेंगे। इससे राजस्थान में निवेश को बल मिलेगा और रोजगार के अनगिनत अवसर पैदा होंगे।

उन्होंने कहा कि इन प्रोजेक्ट से राजस्थान के किसानों, युवाओं और पर्यटन को बहुत फायदा होगा। पीएम ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन की सरकारें सुशासन का प्रतीक बन रही हैं। राजस्थान सरकार के एक साल पूरा होने



पर एक वर्ष- परिणाम उत्कर्ष कार्यक्रम का आयोजन किया। पीएम मोदी ने जयपुर के दादिया में एक बड़ी जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस किसानों के नाम पर बड़ी-बड़ी बातें करते हैं। मगर न तो उनके लिए कुछ करती है और न ही दूसरों को करने देती है। पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस कभी लोगों के जीवन से पानी की मुश्किलें कम नहीं करना चाहती है। हमारी नदियों का पानी बहकर सीमा पार चला जाता था। मगर हमारे किसानों को इसका लाभ नहीं मिल पाता था। कांग्रेस समाधान की बजाय राज्यों के बीच जल विवाद को ही बढ़ावा देती रही। राजस्थान ने तो इस कूनीति की वजह से बहुत कुछ भुगता है। पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना (ईआरसीपी) को लंबे समय तक लटकाया। यह भी कांग्रेस की नीयत का प्रत्यक्ष प्रमाण है। कांग्रेस किसानों के नाम पर बड़ी-बड़ी बातें करती है। मगर न तो खुद कुछ करती है और न ही दूसरों को करने देती है। पीएम ने कहा कि भाजपा की नीति विवाद की नहीं, संवाद की है।

# हमारा लोकतंत्र आज पाताल तक गहरा : शाह


- गृह मंत्री अमित शाह ने विपक्ष पर साधा निशाना
- चश्मा अगर विदेशी हो, तो संविधान में नहीं दिखेगा भारत
- बहुत लंबी आजादी की लड़ाई के बाद हम आजाद हुए

**नई दिल्ली।** राज्यसभा में मंगलवार को भारत के 75 वर्षों की गौरवशाली यात्रा पर चर्चा जारी है। इस पर जवाब देते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, यह चर्चा हमारे संविधान के कारण हमारा देश कितना आगे बढ़ा, इसका अहसास हमारी जनता को कराएगा। उन्होंने कहा, संविधान पर दोनों सदनों में जो चर्चा हुई है, वह आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरक होगी।

गृह मंत्री ने कहा, सरदार पटेल की वजह से देश मजबूत हुआ है। गृह मंत्री ने कहा, बहुत लंबी आजादी की लड़ाई के बाद हम आजाद हुए। जब हम आजाद हुए तब दुनियाभर के राजनीतिक पंडितों ने कहा था कि यह देश बिखर जाएगा। शायद बन ही नहीं पाएगा। कुछ लोगों ने कहा था कि यहां लोकतांत्रिक मूल्य प्रतिस्थापित हो ही नहीं पाएंगे। एकता हो ही नहीं पाएगी और यह देश आर्थिक रूप से कभी आत्मनिर्भर नहीं होगा। आज 75 साल के समय के बाद संविधान को स्वीकार करने के बाद पीछे मुड़कर देखते हैं, तो सरदार पटेल का मैं धन्यवाद करना चाहता हूं। सरदार पटेल के अथक परिश्रम के कारण देश आज एकजुट होकर दुनिया के सामने मजबूती से खड़ा है। जो कहते थे कि इस देश में लोकतंत्र सफल नहीं होगा। मैं उन सभी लोगों को सदन के माध्यम से कहना चाहता हूं कि 75 साल हो गए, हमारे पास-पड़ोस और दुनियाभर में लोकतंत्र सफल नहीं हुए। लेकिन हमारा लोकतंत्र आज पाताल तक गहरा है। रक्त की एक बूंद बहाए बगैर हमने अनेक परिवर्तन किए और विचारधाराओं के आधार पर भी हमने परिवर्तन किए। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा, कोई ये न समझे कि हमारा संविधान दुनिया के संविधानों की नकल है। हां, हमने हर संविधान का अभ्यास जरूर किया है, क्योंकि हमारे यहां ऋग्वेद में कहा गया है, हर कोने से हमें अच्छाई प्राप्त हो, सुविचार प्राप्त हो, और सुविचार को स्वीकारने के लिए मेरा मन खुला हो। हमने सबसे अच्छा लिया है, लेकिन हमने हमारी परंपराओं को नहीं छोड़ा है। पढ़ने का चश्मा अगर विदेशी है, तो संविधान में भारतीयता कभी दिखाई नहीं देगी।

### जनता ने अनेक तानाशाहों के गुमान को चकनाचूर किया

शाह ने कहा, अनेक तानाशाहों के गुमान को चकनाचूर करने का काम इस देश की जनता ने किया है। लोकतांत्रिक तरीके से किया है। जो कहते थे कि भारत आर्थिक तौर पर कभी आत्मनिर्भर नहीं हो पाएगा, उन्हें भी हमारी जनता और संविधान की खूबसूरती ने जवाब दिया है। हम आज दुनिया का पांचवां अर्थ तंत्र बनकर दुनिया के सामने खड़े हैं। संविधान पर चर्चा के जवाब में केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने कहा, आज हम जिस मुकाम पर खड़े हैं, उस मुकाम पर महर्षि अरविंद और स्वामी विवेकानंद की वो भविष्यवाणी सच होती दिखाई पड़ती है कि भारत माता अपनी देदीप्यमान ओजस्वी स्वरूप में जब खड़ी होंगी, तब दुनिया की आंखें चकाचौंध हो जाएगी और पूरी दुनिया रोशनी के साथ भारत की ओर देखेगी।



## न्यूज डायरी

### दिल्ली मेट्रो सेवाएं रहेंगी प्रभावित



**नई दिल्ली।** जहांगीरपुरी और समयपुर बादली के बीच दिल्ली मेट्रो की सेवाएं बुधवार से दस दिन तक प्रभावित रहेंगी। यह जानकारी दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट कर दी है। इसमें कहा गया है कि जहांगीरपुरी से समयपुर बादली के बीच मेट्रो सेवाएं मंगलवार और बुधवार की मध्य रात्रि से 28-29 दिसंबर की मध्यरात्रि तक प्रभावित रहेंगी। राजस्व सेवा समाप्त होने तक रात 10.45 बजे के बाद और राजस्व सेवा शुरू होने से सुबह 7.02 बजे तक उपलब्ध नहीं रहेंगी।

### ठाकरे ने फडणवीस से की मुलाकात



**मुंबई।** शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने मंगलवार को नागपुर में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से विधान भवन में उनके कक्ष में मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान, उद्धव ठाकरे के साथ शिवसेना (यूबीटी) के विधायक आदित्य ठाकरे, अनिल परब और वरुण सरदेसाई भी मौजूद थे। बता दें कि उद्धव ठाकरे राज्य विधानमंडल के चल रहे शीतकालीन सत्र में भाग लेने के लिए मंगलवार को नागपुर पहुंचे थे। जहां वे शाम को शिवसेना (यूबीटी) विधायक दल की बैठक में भी शामिल होंगे।

### पंजाब में थम जाएंगे ट्रेनों के पहिए

**चंडीगढ़।** पंजाब-हरियाणा की सीमा पर शंभू-खनौरी बॉर्डर पर धरने पर बैठे किसानों के हक में बुधवार को पूरे पंजाब में रेल रोको आंदोलन किया जाएगा। पंजाब के हर जिले में 18 दिसंबर को किसान रेल पटरियों पर धरना देंगे। किसानों के इस आंदोलन के चलते आमजन को खासी परेशानी होने वाली है। किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने मंगलवार प्रेस कांफ्रेंस कर कहा कि जगजीत सिंह डल्लेवाल के आमरण अनशन को 22 दिन पूरे हो चुके हैं, लेकिन केंद्र सरकार अभी तक किसानों से बात नहीं की। मोदी सरकार किसानों के मुद्दों को डीरेल करना चाहती है। पंधेर ने कहा कि एक दिन पहले सोमवार को हरियाणा और अन्य राज्यों में किसानों ने ट्रैक्टर मार्च निकाला, उनका धन्यवाद करते हैं।

## योगी सरकार का 17,865 करोड़ का अनुपूरक बजट

# भर्ती प्रक्रिया में कोई भी कमी नहीं : योगी

**लखनऊ।** योगी सरकार ने मंगलवार को विधानसभा में वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए अपना द्वितीय अनुपूरक बजट प्रस्तुत किया। 17,865.72 करोड़ रुपए के इस अनुपूरक बजट में 790.49 करोड़ रुपए के नए प्रस्ताव सम्मिलित किए गए हैं। यह योगी सरकार का इस वित्तीय वर्ष का द्वितीय अनुपूरक बजट है, जो मूल बजट (7 लाख 36 हजार 437.71 करोड़ रुपए) का 2.42 प्रतिशत है। इससे पूर्व योगी सरकार 12,209.93 करोड़ रुपए का अनुपूरक बजट भी प्रस्तुत कर चुकी है। दोनों अनुपूरक बजट को मिलाकर योगी सरकार का वित्तीय वर्ष 2024-25 का कुल बजट अब 7 लाख 66 हजार 513.36 करोड़ रुपए का हो गया है।

- मुख्यमंत्री ने शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन भी रखा सरकार का पक्ष
- 30 जुलाई को प्रस्तुत किया गया था पहला अनुपूरक बजट
- ऊर्जा विभाग को मिले सबसे अधिक 8587 करोड़ रुपये



**लखनऊ।** योगी सरकार के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में विधानसभा में द्वितीय अनुपूरक बजट प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि द्वितीय अनुपूरक बजट का आकार 17,865.72 करोड़ रुपए है। उन्होंने कहा कि यह सरकार विकास को प्राथमिकता देने वाली सरकार है और जब भी आवश्यकता होती है तब संवैधानिक तरीके से सदन के माध्यम से अनुपूरक बजट लाने का अधिकार है। उन्होंने बताया कि अनुपूरक बजट में 790.49 करोड़ रुपए के नए प्रस्ताव सम्मिलित किए गए हैं। साथ ही इसमें केंद्रीय योजनाओं में 422.56 करोड़ रुपए के केंद्रांश की राशि भी अनुमानित है। इसके अतिरिक्त, कंटिजेंसी से जो 30 करोड़ 48 लाख रुपए का पैसा लिया गया था, उसकी भी प्रतिपूर्ति का भी प्रस्ताव इसमें शामिल है।

वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि अनुपूरक बजट में विभिन्न विभागों को उनकी आवश्यकता के अनुरूप बजट जारी किया जाएगा। इसमें ऊर्जा विभाग को 8587.27 करोड़ रुपए, वित्त विभाग को 2438.63 करोड़ रुपए, परिवार कल्याण विभाग को 1592.28 करोड़ रुपए, पशुधन विभाग के लिए 1001 करोड़ रुपए, लोकनिर्माण विभाग के लिए 805 करोड़ रुपए, प्राथमिक शिक्षा विभाग के लिए 515 करोड़ रुपए, सूचना विभाग के लिए 505 करोड़ रुपए, पंचायती राज विभाग के लिए 454.01 करोड़ रुपए और चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण विभाग के लिए 354.54 करोड़ रुपए का बजट प्राविधानित किया गया है।

> योगी सरकार ने इसी वर्ष फरवरी महीने में मूल बजट किया था, जो 7.36 लाख करोड़ रुपए से अधिक का था। इसके बाद योगी सरकार ने 30 जुलाई को 12,209.93 करोड़ का अनुपूरक बजट पेश किया था। इसके 5 माह के बाद एक बार फिर योगी सरकार विकास कार्यों को गति देने के लिए आवश्यकता के अनुरूप द्वितीय अनुपूरक बजट लेकर आई है। इस बजट को मंगलवार सुबह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आयोजित हुई कैबिनेट की बैठक में सर्वसम्मति से स्वीकृत कर लिया गया।

अनुपूरक बजट एक ऐसा वित्तीय दस्तावेज है जिसे सरकार किसी वित्तीय वर्ष के दौरान तब प्रस्तुत करती है. जब उसे अपने पहले से स्वीकृत बजट में अतिरिक्त खर्च की आवश्यकता होती है। यह बजट उन खर्चों को कवर करने के लिए प्रस्तुत किया जाता है, जिनको अनुमानित बजट में शामिल नहीं किया गया था, या जो नई परिस्थितियों के कारण आवश्यक हो गए हैं। यह बजट वित्त वर्ष के बीच में किसी विभाग या मंत्रालय की किसी योजना में अतिरिक्त राशि खर्च करने के लिए लाया जाता है। यह खर्च के अनुमान के साथ पेश किया जाता है।

### इलेक्ट्रिक वाहनों के चार्जिंग स्टेशनों के लिए 5 करोड़ की व्यवस्था

प्रदेश सरकार की ओर से ई-वाहनों पर जोर दिया जा रहा है। ऐसे में विभिन्न स्थानों पर चार्जिंग स्टेशन की जरूरत पड़ेगी। इस जरूरत को पूरा करने के लिए राज्य सरकार ने इलेक्ट्रिक वाहनों के चार्जिंग स्टेशनों के लिए 5 करोड़ की व्यवस्था की है।

### किसानों के लिए मुफ्त बिजली के लिए आठ अरब 15 करोड़ की व्यवस्था

प्रदेश में किसानों को अप्रैल 2023 से निशुल्क बिजली उपलब्ध कराई जा रही है। इसके लिए सरकार ने निजी नलकूपों को मुफ्त बिजली के लिए 8,15,19,00,000 रुपये की व्यवस्था की गई है। इससे कृषि फीडर किसानों को आगे भी निशुल्क बिजली उपलब्ध कराते रहेंगे। राज्य सरकार की ओर से ऊर्जा सेक्टर के जुड़े विभिन्न कार्यालय के लिए वेतन मद में भी अतिरिक्त बजट का इंतजाम किया गया है। इसके तहत विद्युत नियामक आयोग में वेतन के लिए 75 लाख के बजट की व्यवस्था की गई है। दूसरी तरफ विद्युत सुरक्षा निदेशालय में सात वाहनों की खरीद के लिए 80 लाख की व्यवस्था की गई है। निदेशालय में वाहनों की व्यवस्था न होने से बिजली सुरक्षा जांच संबंधी कार्य प्रभावित होते रहे हैं।

## माध्यमिक शिक्षा परिषद में 40 हजार हुई भर्ती : सीएम

- शिक्षा विभाग में 1.60 लाख भर्ती
- 2017 से पहले अराजकता की स्थिति थी
- महिला संबंधी अपराधों को निपटाने में यूपी नंबर 01 पर : मुख्यमंत्री

**लखनऊ।** सीएम योगी ने प्रदेश में युवाओं को दी गई नौकरी से लेकर अपराधों में आई कमी को लेकर डाटा प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा सरकार ने शिक्षकों की भी भर्ती की है। माध्यमिक शिक्षा परिषद में भी 40 हजार से अधिक पदों पर भर्ती प्रक्रिया संपन्न की जा चुकी है। माध्यमिक, उच्च, तकनीकि शिक्षा के लिए चयन बोर्ड बनाने की प्रक्रिया चल रही है। जल्द ही उनमें भी भर्ती की जाएगी। 2017 के पहले का दौर कोई नहीं भूला, जब 86 एसडीएम के पद पर 56 एक ही जाति के लोगों को भर दिया गया था। वहीं, प्रयागराज में फर्जी डिग्री वाला उत्तर प्रदेश पब्लिक सर्विस कमीशन का अध्यक्ष बन गया था। आज भर्ती प्रक्रिया में कोई खामी नहीं है। आज पारदर्शिता पर कोई अंगुली नहीं उठा सकता। सभी भर्तियां बिना किसी भेदभाव के की गई है। बेसिक शिक्षा विभाग के 69 हजार शिक्षकों को नियुक्ति पत्र 4 साल पहले दिए जा चुके हैं और वो सभी शिक्षक स्कूलों में पढ़ा भी कर रहे हैं। माध्यमिक शिक्षा परिषद की आयोग ने चयन प्रक्रिया पूरी कर ली है। शिक्षा के समग्र चयन के लिए एक शिक्षा चयन बोर्ड का गठन किया है। शिक्षा विभाग में 1 लाख 60 हजार की भर्ती की जा चुकी हैं। कानून व्यवस्था की स्थिति पहले बहुत खराब थी, आज स्थिति सुधरी है। 2016 के सापेक्ष 2022-23 में देखेंगे तो आज के दिन पर एनसीआरबी के डाटा के अनुसार, डकैती के मामलों में 80.31 प्रतिशत की कमी, लूट में 61.51, हत्या में 32.45, बलवा 51.65, फिरौती में 43.18, दुष्कर्म में 21.79 प्रतिशत की कमी आई है। 2017 से पहले यूपी में अपराधियों दंगाइयों को शासन का आश्रय प्रदान था। अराजकता और अव्यवस्था की स्थिति थी। 2017 के बाद ये जीरो टॉलरेंस की सरकार है, जो हर हाल में कानून का राज स्थापित करके हर व्यक्ति को सुरक्षा की गारंटी दे रही है। यूपी में महिला संबंधी अपराधों में संलिप्त अपराधियों को सजा दिलाने में उत्तर प्रदेश देश में नंबर 01 का राज्य है, जो सबसे दोषियों को सजा दिलाता है। आज हमारा उद्देश्य है कि प्रदेश में अधिक से अधिक इन्वेस्ट आए। ताकि युवाओं को नौकरी मिल सके। आज यूपी में सुरक्षा की भावना जाग्रत हुई है। एमएसएमई के माध्यम से लोगों को प्रशिक्षित किया जा रहा।

### जगह जगह रोजगार के मेले लग रहे हैं

प्रदेश का राजकोषीय प्रबंधन बेहतरीन तरीके सा आगे बढ़ रहा है। आज वन डिस्ट्रिक्ट-वन प्रोडक्ट के माध्यम से रोजगार सृजन किया जा रहा है। आज 120 चीनी मिलें प्रदेश में चल रही हैं। इनमें से 100 मिलें 8-10 दिन में भुगतान कर रही हैं। सबसे ज्यादा चीनी मिले उत्तर प्रदेश में ही हैं। सबसे ज्यादा रोजगार पैदा करने वाला प्रदेश भी यूपी है।

### 2017 के बाद 7 लाख से ज्यादा सरकारी नौकरी दी गई

सीएम योगी ने कहा कि पिछली सरकार से ज्यादा से ज्यादा नौकरियां रुकी हुई थीं। पुलिस बल में भी 1 लाख से ज्यादा भर्ती की है। अभी भी 60 हजार से ज्यादा भर्ती जारी है। सीएम ने कहा कि साल 2017 के बाद अब तक अलग-अलग विभागों में 7 लाख से ज्यादा सरकारी नौकरियां दी जा चुकी हैं।

# व्हिप के बावजूद 20 से अधिक भाजपा सांसद सदन से नदारद

- अब पार्टी भेजेगी नोटिस
- लोकसभा में पेश किया गया वन नेशन-वन इलेक्शन विधेयक

**नई दिल्ली।** लोकसभा में मंगलवार को वन नेशन-वन इलेक्शन विधेयक पेश किया गया। इस मौके पर सदन में अनुपस्थित रहने वाले सांसदों को भारतीय जनता पार्टी नोटिस भेज सकती है।

सूत्रों के अनुसार, भाजपा ने मंगलवार को अपने लोकसभा सदस्यों को सदन में मौजूद रहने के लिए तीन लाइन का व्हीप जारी किया था। जब विधेयक के लिए वोटिंग हुई तो भाजपा के 20 सांसद सदन में मौजूद नहीं थे। इसी को लेकर पार्टी ने इन लोगों को नोटिस भेजने का फैसला लिया है।



गौरतलब है, लोकसभा और विधानसभा चुनाव एकसाथ कराने संबंधी संविधान संशोधन विधेयक मंगलवार को लोकसभा में स्वीकार कर लिया गया। संविधान (129वां संशोधन) विधेयक, 2024 जिसे एक राष्ट्र-एक चुनाव विधेयक के रूप में जाना जाता है, इसे केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने पेश किया। पेश किए जाने के बाद विधेयक को संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के पास भेज दिया गया है। कमेटी ने मार्च में अपनी रिपोर्ट सौंपी थी। इसी साल सितंबर में मोदी कैबिनेट ने इस रिपोर्ट को मंजूरी दी थी। इस रिपोर्ट में लोकसभा के साथ-साथ विधानसभा और पंचायत चुनाव एक साथ कराए जाने को लेकर सुझाव दिए गए थे।

### पक्ष में 269 और विपक्ष में 198 वोट

लोकसभा में यह विधेयक पेश किए जाने के पक्ष में 269 और विपक्ष में 198 वोट पड़े। इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग के बाद पर्चे से मतदान हुआ और तब जाकर यह विधेयक लोकसभा में पेश हो सका। देशभर में एक साथ चुनाव कराए जाने को लेकर पिछले साल सितंबर में पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में एक कमेटी का गठन किया गया था।

## दिल्ली में सिर्फ बीएस-6 वाहनों को मिलेगा पेट्रोल-डीजल

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की ट्रैफिक यूनिट ने राष्ट्रीय राजधानी में बार-बार हो रहे दमघोंटू प्रदूषण को देखते हुए अब तक का बहुत बड़ा कदम उठाया है। अब दिल्ली में ग्रैप-4 के तहत प्रतिबंधित वाहनों को पेट्रोल-डीजल नहीं मिलेगा, यानी सिर्फ बीएस-6 वाहनों को ही पेट्रोल-डीजल मिलेगा। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने दिल्ली में स्थित पेट्रोल पंप मालिकों को पत्र लिख दिया है। ग्रैप-4 फिर से लागू होते ही दिल्ली ट्रैफिक पुलिस सोमवार रात 11 बजे से ही अलर्ट मोड में आ गई थी। पुलिस ने प्रदूषण को कम करने के लिए वह सभी जरूरी कदम उठाए, जो पिछली बार ग्रैप-4 में उठाए गए थे। पिछली बार ग्रैप-4 के दौरान 24 घंटे में ऐसे करीब 350 वाहनों का चालान किया जा रहा था जो बिना वैध प्रदूषण प्रमाण पत्र के घूम रहे थे। साथ ही मियाद पूरी कर चुके वाहन भी काफी जब्त किए जा रहे थे। अब ग्रेप का प्रतिबंध दोबारा लागू होने के बाद दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने बड़ा कदम उठाया है। दिल्ली पुलिस की विशेष पुलिस आयुक्त (ट्रैफिक) अजय चौधरी ने बताया कि बताया कि दिल्ली में स्थित सभी पेट्रोल पंप के मालिकों को पत्र लिख रहे हैं।



# गैर सनातनियों को नहीं मिलेगा कुंभ मेला में प्रवेश

जूना अखाड़े का ऐलान



**प्रयागराज।** महाकुंभ मेले में आए अखाड़ों ने सनातन धर्म की शुचिता और शुद्धता को बनाए रखने के लिए कुछ नियम तय किए हैं। इन नियमों का उल्लंघन करने वालों को महाकुंभ मेले में प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा। साथ ही इस उल्लंघन के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी।

प्रयागराज महाकुंभ एक बार फिर विवादों के केंद्र में आ गया है। महाकुंभ में गैर सनातनियों की एंट्री पर अखाड़ा परिषद द्वारा रोक लगाए जाने के बाद अब नागा संन्यासियों ने भी इस पर अपनी गाइडलाइन जारी की है। इस गाइडलाइन का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। नागा संन्यासियों ने फरमान जारी किया है कि वे महाकुंभ क्षेत्र में केवल उन्हीं आगंतुकों को प्रवेश देंगे जिनके माथे पर तिलक और कलाई में कलावा होगा। जूना अखाड़े के नागा संन्यासी शंकर भारती ने कहा कि हिंदू धर्म को भ्रष्ट करने वाली घटनाओं के मद्देनजर यह कदम उठाया गया है। उनका कहना है कि धर्म की शुचिता की रक्षा के लिए यह गाइडलाइन लागू की गई है, जो लोग इसका उल्लंघन करेंगे, उन पर विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी। नागा संन्यासियों ने यह भी कहा कि अखाड़ों के सभी प्रवेश द्वारों पर पुलिस तैनात किए जाएंगे, जो यह सुनिश्चित करेंगे कि इस गाइडलाइन का पालन हो। अगर कोई दोषी पाया जाता है तो उसे दंडित किया जाएगा। जूना अखाड़े की महिला संन्यासी दिव्या गिरी ने इस गाइडलाइन का समर्थन करते हुए कहा कि महिला संन्यासियों के अखाड़ों में भी यही व्यवस्था लागू होगी।

# युवक पर किया जानलेवा हमला, अधमरा कर कुंए में पत्थरो के नीचे दबाया

## वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**लखीमपुर-खीरी।** थाना गोला पुलिस द्वारा दिनांक 16.12.2024 को पंजीकृत मु0अ0स0 691/2024 धारा 103(1) बी0एन0एस0 में वांछित अभियुक्त अमन वाल्मीकि पुत्र रामपाल वाल्मीकि को आज दिनांक 17.12.2024 समय 05.30 बजे थाना भुसौरिया तिराहा के पास से आलाकत्ल (एक लोहे के पाईप में चेन स्पाकिट लगा हुआ) बरामद कर गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त का चालान न्यायालय भेजा जा रहा है।

## आगरा में यमुना एक्सप्रेसवे पर हुए सड़क हादसे में चार लोगों की मौत

**आगरा।** आगरा में भीषण सड़क हादसे में चार लोगों की दर्दनाक मौत हो गई जबकि एक गंभीर रूप से घायल हुआ है। हादसा यमुना एक्सप्रेसवे पर सोमवार देर रात हुआ। खंदौली थाना क्षेत्र के पास माइलस्टोन 161 पर दो कार और एक कैंटर की टक्कर हो गई। हादसे की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है जबकि घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के मुताबिक रात करीब 1.30 बजे एक ट्रक और कैंटर की भिड़ंत हुई थी। कैंटर यमुना एक्सप्रेसवे पर रास्ते में खड़ा हो गया। इसी दौरान पीछे से आ रही कार सवाल उतरकर कैंटर चालक का हाल पूछने लगे। तभी पीछे से आ रही एक कार ने चार लोगों को रौंद दिया। जिसमें चार की दर्दनाक मौत हो गई। जबकि एक गंभीर रूप से घायल हुआ है। हादसे की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है जबकि घायल को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया।

**सीएम योगी ने जताया दुख**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आगरा में हुए सड़क हादसे का संज्ञान लिया।मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की और घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर जिला प्रशासन के अधिकारियों को उनके इलाज के निर्देश दिए हैं। साथ ही घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की। जिला प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचकर राहत कार्य में लगे हैं।

## राजेंद्र प्रसाद पी जी कॉलेज कमांडिंग ऑफिसर पहुंचे



**मीरगंज।** स्कूलों और कॉलेजों में एनसीसी के संचालन के संबंध में सोमवार को राजेंद्र प्रसाद पी जी कॉलेज मीरगंज में 21 यूपी बटालियन एनसीसी के कमांडिंग ऑफिसर का दौरा हुआ। जिसके अंतर्गत कमांडिंग ऑफिसर ने सर्वप्रथम एनसीसी कैडेट से बातचीत की एवं उनसे आगे आने वाली बी और सी सर्टिफिकेट परीक्षा की तैयारी के संबंध में पूछा।

उन्होंने कैडेटों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि एनसीसी कैडेट देश के भविष्य हैं। आपके आचार-व्यवहार से ही देश की दशा-दिशा तय होगी। एनसीसी व्यक्तिगत विकास के लिए बड़ी संख्या में अवसर प्रदान करता है। कैडेटों से एनसीसी का सर्वोत्तम उपयोग करने, उच्च लक्ष्य रखने, विकास का मार्ग चुनने और देश के जिम्मेदार नागरिकों के रूप में विकसित होने का भी आग्रह किया। इसके पश्चात प्राचार्य प्रोफेसर शिव कुमार सिंह से भी बातचीत की। तत्पश्चात उन्होंने एनसीसी रूम का निरीक्षण किया एवं डॉक्यूमेंटेशन देखा। इस दौरान एनसीसी प्रभारी पारूल जैन भी मौजूद रही।

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर-खीरी।** गोला कोतवाली क्षेत्र में शाम एक युवक की पिटाई कर अधमरा कर दिया और फिर उसे कुंए में पत्थर के नीचे दबा दिया गया। काफी देर तक जब वह घर नहीं पहुंचा तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। कुछ देर बाद परिजनों ने युवक को खोज निकाला। परिजनों को वह बेहोशी की हालत में मिला। उसे आनन फानन एम्बुलेंस से जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां से उसको लखनऊ रेफर कर दिया गया। जहां उसका इलाज जारी है। गोला कोतवाली क्षेत्र के गांव किशुनापुर निवासी अनूप कुमार वर्मा फोर्ड पैथालोजी लखीमपुर में काम करता है। अनूप रोज की तरह 14 दिसंबर को भी लखीमपुर गया था। शाम को मैजिक से घर पहुंचा। अनूप के भाई जयराम ने बताया कि उसके घर पहुंचने से पहले ही घात लगाए बैठे कुछ लोगों ने उसके ऊपर पीछे से हमला कर दिया। हमलावरों ने अनूप को पीटा, जिससे वह बेहोश हो गया। हमलावरों ने उसे मृत समझकर गांव के ही एक कुएं में डाल दिया और कुएं को ऊपर से पत्थर लगाकर बंद कर दिया। काफी देर तक जब वह घर नहीं पहुंचा तो उसकी तलाश शुरू हुई। घर के लोग ढूंढते हुए कुएं के पास पहुंचे। तब अनूप को किसी तरह कुंए के बाहर निकाला गया। परिजनों ने अनूप को जिला अस्पताल मोतीपुर में भर्ती कराया। जहां पर डॉक्टर ने अनूप की गंभीर हालत को देखते हुए उसे मेडिकल कॉलेज लखनऊ रेफर कर दिया। जिसको एम्बुलेंस से मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। जहां उसका इलाज जारी है। खबर लिखे जाने तक युवक को होश नहीं आया था। परिजनों की उससे बात नहीं हो पाई है। अभी तक साफ नहीं हो पाया है कि उसके ऊपर हमला किसने और क्यों किया गया।

## चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश

**लखीमपुर-खीरी।** थाना पलिया क्षेत्र में चल रहें मतदान के दृष्टिगत जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल व पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा द्वारा राम जिला बालिका इंटर कॉलेज व अन्य मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर ड्यूटी पर मौजूद सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारीगण को चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही महोदय द्वारा मण्डी समिति में बने मतगणना स्थल व स्ट्रांग रुम का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए मतदान की प्रक्रिया 12 सेन्टरों पर स्थित 42 बूथों पर चल रही है। मतदान को सकुशल व शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के दृष्टिगत ड्रोन कैमरों की मदद से भी मतदान केन्द्रों व मतदान केन्द्रों के आसपास के स्थलों की कड़ी निगरानी की जा रही है। मतदान की प्रक्रिया शांतिपूर्ण व सुचारु रुप से संचालित है।

## अब प्लम्बर, फिटर और पंप ऑपरेटर की जिम्मेदारी भी संभालेगी महिलाएं

*अवधनामा संवाददाता*



**लखीमपुर-खीरी।** जिले में महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक और सराहनीय पहल हुई है। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की पहल पर महिलाओं को ग्रामीण क्षेत्रों में बनी पानी की टंकी के संचालन के लिए, फिटर, प्लंबर और पंप ऑपरेटर के पद पर तैनाती देकर इसके संचालन की जिम्मेदारी भी सौंपी जाएगी। इससे जहां एक तरफ पेयजल सप्लाई की व्यवस्था बेहतर बनेगी। वहीं महिलाओं को भी गांव में ही रोजगार की सुविधा भी मिल सकेगी। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की अनूठी पहल पर जनपद लखीमपुर खीरी में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को रोजगार गतिविधियों से जोड़ने के लिए प्लम्बर, फिटर और पंप ऑपरेटर का तकनीकी प्रशिक्षण देकर जल जीवन मिशन से जोड़कर रोजगार प्रदान करते हुए आत्मनिर्भर बनाया जाएगा। इसके लिए प्रथम चरण में लखीमपुर और नकहा ब्लॉक की 168 महिलाओं का चयन किया गया। प्रशिक्षण हेतु प्रत्येक ट्रेड में 56-56 समूह की महिलाओं का चयन किया गया मंगलवार को लखीमपुर विकास क्षेत्र के अटल सभागार में प्रथम फेज में लखीमपुर और नकहा ब्लॉक की चयनित सभी 168 स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को कुशल ट्रेनर्स द्वारा तीन दिवसीय प्रशिक्षण प्रदान किए जाने की शुरुआत हुई। सीडीओ अभिषेक कुमार ने दीप जलाकर कर तीन दिवसीय प्रशिक्षण की शुरुआत की कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीडीओ अभिषेक कुमार ने कहा कि जिले में डीएम की पहल पर समूह की महिलाओं को प्रशिक्षण देकर जहां एक और दक्ष बनाया जाएगा। वहीं दूसरी ओर वह रोजगार पाकर आत्मनिर्भर और सशक्त भी बनेगी। प्रशिक्षण प्राप्त कर यह महिलाएं गांव में पानी की आपूर्ति, वोल्टेज मीटर व मोटर पंप के रख-रखाव का उचित तरह से संचालन करेंगी। इसके लिए तैनाती से पूर्व उन्हें विशेष प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। महिलाओं को विशेष तौर पर प्रशिक्षित कर निशुल्क टूल किट वितरित की जाएगी। कार्यक्रम की शुरुआत में अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण वाईके नीरज ने इस अनूठी पहल की आवश्यकता एवं प्रासंगिकता बताई।

## नगर पालिका पलिया उपनिर्वाचन निष्पक्ष, स्वतंत्र, शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने हेतु केंद्रों का लिया जायजा



**लखीमपुर-खीरी।** नगर पालिका पलिया उपनिर्वाचन निष्पक्ष, स्वतंत्र, शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने हेतु जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने SP जीपी साहा संग मतदान केंद्रों का जायजा लिया,जहाँ कड़ीसुरक्षा में मतदान शांतिपूर्वक चल रहा है। मंडी में मतपेटिकाओ को सुरक्षित रखने हेतु बने स्ट्रांग रूम को भी देखा।

## दो बाइकों की आमने-सामने की हुई टक्कर

**लखीमपुर-खीरी।** मझगईं थाना क्षेत्र में दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। इयमें दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। घरवाले उनको निघासन सीएचसी ले गए। एक बाइक सवार को लखीमपुर रेफर कर दिया गया। भदुरहिया गदियाना निवासी शमशेर अली सोमवार दोपहर अपनी बाइक पर दूध लादकर इसे बेचने लोखंदरपुर डेयरी गया था।

वहां से वापसी में जैसे ही वह सलीमाबाद से पतिया जाने वाली रोड पर पहुंचा, तभी सलीमाबाद की तरफ से बाइक से आए मोतीपुरवा गांव के प्रहलाद की बाइक सामने से आ गई।

प्रहलाद बाइक पर रसोई गैस सिलेंडर लेकर अपने घर जा रहा था। घाघी नाले के पास दोनों बाइक आमने-सामने से टकरा गईं। तेज टक्कर से शमशेर बाइक से उछलकर दूर जा गिरा। दोनों बाइक एक-दूसरे पर चढ़ गईं और प्रहलाद और शमशेर गंभीर रूप से घायल हो गए।

# नगर पालिका परिषद पलिया उपचुनाव के लिए मतदान निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं सकुशल हुआ संपन्न

*अवधनामा संवाददाता*

त्त्मद्ध4 त्त्मह्यङ्कह्य×द्बद्ध0 3

**लखीमपुर खीरी।** मंगलवार को नगर पालिका परिषद पलिया उपचुनाव के लिए मतदान निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न हुआ, जिसमें मतदाताओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। मतदान सकुशल संपन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद रहा। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी गणेश प्रसाद साहा,मा. ऑब्जर्वर सिद्धार्थ, एडीएम संजय कुमार सिंह, एसडीएम पलिया कार्तिकेय सिंह के साथ अन्य अधिकारियों की गाड़ियां दौड़ती रहीं। जिले के प्रशासनिक व पुलिस महकमा की तत्परता से चुनाव निष्पक्ष स्वतंत्र और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया। सुरक्षा को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी, डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और एसपी गणेश प्रसाद



साहा लगातार गतिशील रहे। भारी दल-बल के साथ अधिकारी द्वय ने पूरे नगर पालिका क्षेत्र का भ्रमण किया। डीएम-एसपी अपने अपने मोबाइल के माध्यम से पूरे निर्वाचन क्षेत्र की स्थिति पर नजर बनाए रखी। इस दौरान विभिन्न दलों के एजेंट से बातचीत कर उनका फीडबैक लिया। जिस पर उन्होंने कोई समस्या नहीं होने की बात कही। मतदान शुरू होते ही डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल व एसपी गणेश प्रसाद साहा अपनी पूरी टीम के साथ निकल गए। उन्होंने मतदान स्थल जिला पंचायत बालिका इंटर कॉलेज, श्री रामलीला बालिका इंटर कॉलेज का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान डीएम बूथ के पीठासीन अधिकारी से मतदान की कुशलता की जानकारी लेते रहे। वहीं पुलिस अधीक्षक भी हर बूथ पर तैनात फोर्स से वहां की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा कर रहे थे। दोनों अफसरों ने अधीनस्थों से पूछा कि सब कुछ व्यवस्थित तो है। हां में जबाव मिलने पर अफसर संतुष्ट हुए।

### डीएम, एसपी ने किया स्ट्रांग रूम का निरीक्षण, परखी मतगणना की तैयारियां

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने एसपी गणेश प्रसाद साहा संग मंडी समिति पलियाकला में मतदान के उपरांत मतपेटिकाओ को सुरक्षित रखे जाने हेतु बने स्ट्रांग रूम का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की पड़ताल की। इस दौरान उन्होंने मतगणना पंडाल में लगाई गई टेबल सहित मतगणना से जुड़ी अन्य तैयारियां की विस्तृत समीक्षा की संबंधित को जरूरी दिशा निर्देश भी दिए। इस दौरान एडीएम संजय कुमार सिंह, एसडीएम पलिया कार्तिकेय सिंह, तहसीलदार आरती यादव मौजूद रही।

## 497 ग्राम स्मैक के साथ एक नशा तस्कर गिरफ्तार, भेजा जेल

सहारनपुर। थाना मिर्जापुर पुलिस ने एक शातिर नशा तस्कर को दबोचकर उसके कब्जे से भारी मात्रा में नाजायज चरस बरामद कर ली। पुलिस ने आरोपी का चालान काटकर जेल भेज दिया।

मिली जानकारी के अनुसार थाना मिर्जापुर पुलिस ने थाना प्रभारी बीनू चौधरी के निर्देशन व उपनिरीक्षक राजेश कुमार के नेतृत्व में मादक पदार्थो की तस्करी के खिलाफचलाये जा रहे चैकिंग अभियान के दौरान मिर्जापुर स्थित ईदगाह गेट के पास से एक शातिर नशा तस्कर नदीम पुत्र नाजिम निवासी रायपुर थाना मिर्जापुर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 497 ग्राम नाजायज चरस बरामद कर ली। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया।

## यूपी में लेखपाल का कत्ल: नाले में मिला सिर का कंकाल

*अवधनामा संवाददाता*

**बरेली।** यूपी के बरेली से सनसनीखेज खबर सामने आई है।




यहां पांच लाख की फिरौती के लिए लेखपाल की हत्या कर दी गई। नाले से उसका सिर मिला है। 27 नवंबर को ही शराब पिलाने के बाद चलती कार में युवक ने मफलर से लेखपाल का गला कस दिया था।

बरेली में लापता फरीदपुर तहसील के लेखपाल मनीष कश्यप (28) की हत्या कर दी गई। उनके सिर का कंकाल रविवार को कैंट क्षेत्र के नाले से बरामद हुआ है। हत्या की साजिश पांच लाख की फिरौती वसूलने के लिए तैनाती क्षेत्र में रहने वाले दोस्त ओमवीर कश्यप उर्फ अवधेश ने अपने तीन रिश्तेदारों के साथ मिलकर रची थी।

साजिश के तहत 27 नवंबर को लेखपाल को बुलाया और कार में बैठाकर शराब पिलाई। इसके बाद चलती कार में मफलर से गला कसकर हत्या कर दी और शव नाले में दबा दिया।

सर्विलांस की मदद से हरियाणा से पकड़े गए ओमवीर जब पुलिस को लेकर नाले के पास पहुंचा तो वहां से लेखपाल के कुछ कपड़े और हड्डियां भी मिलीं। यही कपड़े दिखाकर परिवार से फिरौती वसूलने की तैयारी थी। पुलिस के मुताबिक, मूल रूप से बहेड़ी के निवासी और वर्तमान में बरेली में बुखारा रोड कॉलोनी में रहने वाले लेखपाल मनीष कुमार फरीदपुर तहसील में तैनात थे।

वह 27 नवंबर को ड्यूटी पर गए थे, इसके बाद घर नहीं लौटे थे। मां मोरकली ने खल्लपुर ग्राम प्रधान और उनके साथियों पर अपहरण का शक जताया था। इसके बाद से अज्ञात में अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मनीष की तलाश में जुटी थी।

जांच में पता चला कि लेखपाल के हल्का क्षेत्र के गांव कपूरपुर निवासी ओमवीर कश्यप भी 27 नवंबर से लापता है। उसका नंबर जब सर्विलांस पर लगाया गया तो उसकी लोकेशन कभी दिल्ली तो कभी हरियाणा में मिल रही थी।

एसओजी ने हरियाणा से उसे पकड़ लिया। पूछताछ में उसने पूरी वारदात कबूल कर ली है। उसने साजिश में शामिल बुखारा निवासी फुफेरे साले सूरज, मामा नन्हे कश्यप व पत्नी के मामा नेत्रपाल कश्यप का भी नाम कबूला है।

# महानगर योजना में सिविल एन्क्लेव के ग्रीन एरिया से छेड़छाड़ नहीं किया जाये: सिविल सोसायटी ऑफ़ आगरा

*अवधनामा संवाददाता*

**आगरा।** महानगर योजना 2031 में जो भी बदलाव शासन को करना हो जरूर करे किंतु प्रस्तावित हरित क्षेत्र कमी करने जैसा कोई बदलाव नहीं किया जाना चाहिये खास कर सिविल एन्क्लेव से संबंधित क्षेत्र में ।इस बदलाव के होते ही सिविल एन्क्लेव प्रोजेक्ट को मिली क्लीयरेंसों को फिर से लेने के लिये प्रक्रिया शुरू करनी पड सकती है।जिसके फलस्वरूप सिविल एन्क्लेव प्रोजेक्ट फिर से लटक सकता है। यह कहना है सिविल सोसायटी ऑफ आगरा के द्वारा मुख्य नगर नियोजक टाउन एंड कंट्री प्लानिंग डिपार्टमेंट नगर निगम भवन आगरा, मुख्य टाउन एंड कंट्री प्लानर लखनऊ, उपाध्यक्ष आगरा विकास प्राधिकरण सहित कई संबंधित अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को अपनी शंकाओं आपत्ति के रूप में प्रेषित कर दिया है।सिविल एयरपोर्ट आगरा के डायरेक्टर से मुलाकात कर प्रस्तावित महानगर योजना 2031 में सिविल एयरपोर्ट के पर्यावरण क्षेत्र में बदलाव से प्रस्तावित सिविल एन्क्लेव के निर्माण प्रक्रिया प्रभावित न होना सुनिश्चित करने को कहा है। सिविल सोसायटी ऑफ़ आगरा ने कहा है कि नागरिक उड्डयन विभाग को लंबे प्रायासों और एयरपोर्ट अथार्टी के चुनींदा अधिकारियों के सौहृदपूर्ण दृष्टिकोण से यह संभव होने जा रहा है। लेकिन आगरा मास्टर प्लान 2031 में सिविल एप्केलेव की कार्ययोजना (डी पी आर)के तहत चिन्हित हरित क्षेत्र को कम करने का निर्देश दिया गया है। अगर हरित क्षेत्र के आकार में बदलाव होता है तो सिविल एन्क्लेव के चल रहे निर्माण कार्य पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है।क्यों कि स्वीकृत डी पी आर की आधारभूत औपचारिकताओं में यह हरित क्षेत्र भी शामिल है।जो कि अपने आप में ताज ट्रिपेजियम जोन एवं स्थानीय पर्यावरण में प्रदूषण न्यून करने के अनुकूल भी है। अधिसूचना संख्या 1291/37-3-284/एन0के0वी0 दिनांक 26-4-1972 के तहत केन्टोन्मेन्ट बोर्ड, नाविक, सैनिक व वायु सेना के किसी प्राधिकारी के प्रयोजनार्थ केन्द्रीय सरकार के स्वामित्वाधीन या उसके द्वारा अधिग्रहीत या पट्टे पर ली गयी भूमि को पृथक रखे जाने का भी उल्लेख है।अतःसिविल एन्क्लेव स्वतः ही महानगर योजना से बाहर माना जाना चाहिए और इसकी एनवायरमेंट प्लानिंग में दखल नहीं होना चाहिये। सिविल सोसायटी का कहना है कि सिविल एन्क्लेव जिस भूमि पर बन रहा है,उसका एक छोर, आगरा -जगनेर रोड (SH-39, Agra-Jagner-Tantpur Road) की ओर है,जबकि पीछे का भाग वायुसेना परिसर की वाऊंडी से लगा हुआ है,इस लिये सिविल एन्क्लेव आगरा के परिसर के नक्शे का आंकन रक्षा प्रतिष्ठानों के लिये निर्धारित प्रावधानों के तहत किसी भी सिविल डॉक्यूमेंट में किया ही नहीं जा सकता और अगर किया जाना है तो इसके लिये वायुसेना की अनुमति अनुमति जरूरी होगी। वैसे भी सिविल एन्क्लेव के टैक्सी ट्रैक का ही सिविल एयरक्राफ्ट इस्तेमाल करेंगे,टेकऑफ़ और लैंडिंग ऑपरेशन के लिये एयरफोर्स स्टेशन आगरा के रनवे और उसके फनफ एरिया का ही होगा।इस लिये नागरिक क्षेत्रों के लिये बनाई जा रही महानगर योजना से सिविल एन्क्लेव को बाहर रखना ही उपयुक्त होग।आगरा के महानगर से संबंधित अधिकारियों को मुख्य टाउन एंड कंट्री प्लानर लखनऊ प्लानर के समक्ष उपरोक्त तथ्य जरूर रखना चाहिये। सिविल सोसायटी ऑफ़ आगरा के प्रतनिधियों ने एयरपोर्ट डायरैक्टर से मुलाकात कर महानगर योजना 2031 में अपेक्षित किय गये बदलाव पर चर्चा कर अनुरोध किया कि अगर ग्रीन या एन्वायरमेंट एरिया कम करने से सिविल एयरपोर्ट के एन्वायरमें प्लान में अनुमतियां लेने करा सिलसिला फिर से शुरू होने की जरा सी भी संभावना लगे तो उस पर संबधित सिविल एथार्टियों से जरूर संवाद कर लिया जाये।

## नगरायुक्त ने खुद कराया अपनी एस्कॉर्ट गाड़ी का चालान

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** शहर के प्रमुख चौराहो-तिराहों पर लाल बत्ती पर न



रुकने वाले वाहनों की अब खैर नहीं। लाल बत्ती होने पर जैसे ही आपका वाहना जैबरा क्रॉसिंग पार करेगा आईसीसीसी के कैमरे आपके वाहन को डिटेक्ट कर लेंगे और आपका चालान हो जायेगा। स्मार्ट सिटी सीईओ व नगरायुक्त संजय चौहान ने कलक्ट्रेट तिराहे पर लाल बत्ती होने के बावजूद न रुकने पर आज स्वयं अपनी एस्कॉर्ट गाड़ी का चालान करा दिया। उन्होंने आईसीसीसी में तैनात सभी अधिकारियों एवं ऑपरेटरों को पूरी सजगता के साथ इस अभियान को चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने दिसम्बर माह में लालबत्ती का उल्लंघन करने वाले वाहनों के चालान के लिए दस लाख रुपये का लक्ष्य निर्धारित किया। नगरायुक्त व स्मार्ट सिटी सीईओ संजय चौहान ने आज आईसीसीसी में बैठकर पूरी कार्यप्रणाली का जायजा लिया। उन्होंने देखा कि लाल बत्ती होने पर भी चौराहों-तिराहों पर वाहन न रुककर फर्राटे के साथ भागे चले जा रहे हैं और यातायात नियमों की धज्जियां उड़ा रहे हैं। उन्होंने आईसीसीसी में आज सुबह अपने आने की रिकॉर्डिंग का वीडियो भी देखा। उन्होंने देखा कि लाल बत्ती पर उनकी गाड़ी तो रुक गयी थी लेकिन आगे चल रही उनकी एस्कॉर्ट गाड़ी आगे जेबरा क्रॉस करने के बाद रुकी है। उन्होंने अधिकारियों को अपनी एस्कॉर्ट गाड़ी का चालान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यदि हम कानून नहीं मानेंगे तो और कौन मानेगा।

नगरायुक्त ने आईसीसीसी व निगम अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहर के प्रमुख चौराहों पर पूरी निगरानी रखे और जो भी वाहन लाल बत्ती का उल्लंघन करता हुआ पाया जाए उसका चालान किया जाए, चाहे वह वाहन किसी का भी हो। उन्होंने कलक्ट्रेट और घण्टाघर चौक पर कल से लालबत्ती का उल्लंघन करने वाले वाहनों के खिलाफ अभियान चलाने के निर्देश दिए। इसके बाद अन्य प्रमुख चौराहों पर भी यह अभियान चलाया जायेगा। उन्होंने दिसम्बर महीने में लालबत्ती लांघने वाले वाहनों के दस लाख रुपये के चालान करने का लक्ष्य निर्धारित किया। उन्होंने अधिकारियों को आईसीसीसी और कैमरे आदि सभी संस्साधनों का यातायात और अतिक्रमण नियंत्रण के लिए उपयोग करने के निर्देश दिए।

## चुरई दलपतपुर पीएम-श्री कम्पोजिट विद्यालय में मनाया गया वार्षिक उत्सव



*अवधनामा संवाददाता*

**बरेली।** पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय चुरई दलपतपुर में वार्षिक उत्सव का आयोजन हर्षोल्लास और उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी गंगा प्रसाद गौतम ने दीप प्रज्वलन कर किया। इस दौरान सरस्वती वंदना की मोहक प्रस्तुति ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में बच्चों ने विभिन्न सामाजिक और पर्यावरणीय मुद्दों पर जागरूकता फैलाने वाली प्रस्तुतियां दीं। बालश्रम रोकने के संदेश से ओत-प्रोत प्रस्तुति और पर्यावरण को स्वच्छ रखने के साथ वृक्षों की कटाई रोकने का आह्वान करती प्रस्तुति ने दर्शकों को सोचने पर मजबूर किया।अलीना ने अंग्रेजी में भाषण देकर विद्यालय की गतिविधियों से परिचय कराया, जबकि कक्षा चार के छात्र अनिरुद्ध सिंह ने संस्कृत में ÷प्रिय भारतम÷ कविता प्रस्तुत कर दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रधानाध्यापिका सुमन कुमार आर्य, विद्यालय के पूर्व शिक्षक गंगा सिंह, अरुण मिश्रा, प्रभात सक्सेना और अन्य शिक्षकों एवं सहयोगियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## बेटे ने ही ताऊ के लड़कों के साथ मिलकर की थी पिता की हत्या

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** थाना बडगांव पुलिस ने तीन आरोपियों को दबोचकर हत्या की घटना का खुलासा करने में सफ्लता हासिल कर ली। सत्तार की हत्या अवैध संबंधों से परेशान होकर उसके बेटे दानिश ने ताऊ के लड़कों के साथ मिलकर की थी। पुलिस ने दबोचे गये बदमाशों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त नाजायज तमंचे, जिंदा व खोखा कारतूस बरामद कर उनका चालान काटकर जेल भेज दिया।

पुलिस अधीक्षक देहात सागर जैन ने पुलिस लाइन सभागार में पत्रकारों से वार्ता करते हुए बताया कि विगत् 14 दिसम्बर को वादी मामूद्दीन पुत्र इश्तयाक निवासी ग्राम नूनाबड़ी थाना बडगांव की तहरीर पर वादी के छोटे भाई सत्तार की रात्रि में अज्ञात व्यक्ति द्वारा गोली मारकर हत्या कर देने के सम्बन्ध में थाना बड़गांव पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। श्री जैन ने बताया कि आज बड़गांव थाना पुलिस ने थाना प्रभारी विनय शर्मा व उपनिरीक्षक योगेन्द्र सिंह, रणपाल सिंह, मोहित कुमार व रामप्रकाश पांडे के नेतृत्व में गांव नूनाबड़ी से विवेचना में प्रकाश में आये एक आरोपी दानिश पुत्र सत्तार निवासी ग्राम नूनाबड़ी थाना बडगांव को गिरफ्तार कर लिया। श्री जैन ने बताया कि पूछताछ में दबोचे



गये आरोपी दानिश ने अपने ताऊ के लड़को अरमान पुत्र मामूदीन व बिलाल पुत्र शहजाद निवासीगण ग्राम नूनाबडी थाना बडगांव को भी घटना में शामिल होना बताया। जिस पर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर बेलड़ा कट से दोनो आरोपियों अरमान व बिलाल को मय आला कत्ल एक तमन्चा 315 बोर, दो जिन्दा कारतूस व एक खोखा कारतूस 315 बोर व एक तमन्चा 12 बोर, दो जिन्दा कारतूस, एक खोखा कारतूस 12 बोर के साथ गिरफ्तार कर लिया। एसपी देहात श्री जैन ने बताया कि पूछताछ में दबोचे गये आरोपी दानिश ने खुलासा किया कि उसके पिता सत्तार का गांव की एक महिला के साथ अवैध सम्बन्ध था। जिसके चलते सत्तार अपनी पत्नी व बेटे दानिश को मारता पीटता था और उन्हे जान से मारने की धमकी देता रहता था। बार-बार समझाने के बावजूद जब सत्तार नहीं माना, तो दानिश ने अपने ताऊ के लड़को अरमान व बिलाल के साथ मिलकर 14 दिसम्बर की रात्रि सत्तार की गोली मारकर हत्या कर दी थी तथा मौके से फ़रार हो गये थे। पुलिस ने तीनों आरोपियों का चालान काटकर जेल भेज दिया।

चौथे दिन भी किसान क्रमिक अनशन पर

# किसानो के दम पर लड़ेंगे लड़ाई : विजय रावत



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** आज चौथे दिन भी किसान क्रमिक अनशन पर रहे इस दौरान क्रमिक अनशन के आयोजक विजय रावत ने कहा की किसानो का बडे पैमाने पर समर्थन मिल रहा है और किसानो के हक़ के लिए ज़रूरत पड़ी तो आमरण अनशन भी होगा यह लड़ाई अब करो मरो की है क्यों की सैकड़ों किस्सान लोगों की जमिन जा रही है और यह लोग और किसान बे घर हो जाएँग रामजानकी मार्ग भूमी बचाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष व महासचिव राजाराम सुरेन्द्र ने कहा की भाजपा सरकार किसानो को धोखा दे रही है और किसानो की ज़मीन का अधिग्रहण बिना बताए अपने मन मर्जि से कर रही यह लड़ाई बहुत बड़ी है और इस लड़ाई को करो मरो की तर्ज़ पर लड़ेंगे। छात्र नेता रणविजय सिह ने कहा किसान आन्दोलन को छात्र नौजवानों का पुरा समर्थन है और ज़रूरत पड़ी तो किसान नौजवान इस लड़ाई को मिल कर लड़ेंगे। इस दौरान मुख्य रूप से विकास यादव सत्येन्द्र यादव सत्या दिनेश विश्वकर्मा धीरज पान्डे रणविजय सिह मुन्ना कुशवाहा अंकित बरनवाल अनुज बरनवाल देव दास गिरधारीलाल यादव हाँफी जी सहीत सैकड़ों सोग उपस्थित थे संचालन कमनिष्ट पार्टी के नेता अरविन्द कुशवाह ने किया।

# सर्द रातों में असहायों की सुध ले रही योगी सरकार

अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** शीतलहर और सर्द मौसम का सर्वाधिक प्रभाव निराश्रित, असहाय, कमजोर और गरीब तबके पर पड़ता है। शहरी व कस्बाई क्षेत्र में तो कई ऐसे असहाय और गरीब होते हैं जिनके लिए ठंड भरी रातों में वक्त गुजारना मुश्किल होता है। विगत सालों की भांति एक बार फिर योगी सरकार ने सर्द रातों में असहायों की सुध लेने का अभियान शुरू किया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा और स्पष्ट निर्देश है कि कोई भी व्यक्ति खुले आसमान तले न सोये, उसे निकटतम रैन बसेरों में आश्रय दिया जाए। मुख्यमंत्री के इस निर्देश पर प्रशासन के अफसरों ने रात्रिकालीन निरीक्षण और भ्रमण का अभियान चलाकर खुले आसमान तले मिलने वाले गरीबों और असहायों को रैन बसेरों में सम्मानजनक तरीके से आश्रय देने की पहल की है। ठंड के प्रतिकूल मौसम में गरीबों और निराश्रितों की सुविधा व सहूलियत के लिए मुख्यमंत्री द्वारा पूर्व में दिए गए दिशानिर्देश के क्रम में प्रदेश के राहत आयुक्त ने सभी जिलाधिकारियों को एक परिपत्र जारी कर कहा है कि शीतलहर के दौरान कोई भी व्यक्ति खुले आसमान के नीचे न सोये, उन्हें निकटतम रैन बसेरों में विस्थापित किया जाए। राहत आयुक्त के परिपत्र के अनुपालन में गोरखपुर जिला प्रशासन ने नगर मजिस्ट्रेट, सभी अपर नगर मजिस्ट्रेट, सभी एसडीएम और सभी तहसीलदारों को रात्रिकालीन अभियान में जुटने को निर्देशित किया है। गोरखपुर के अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) एवं आपदा के प्रभारी अधिकारी विनीत कुमार सिंह के मुताबिक बढ़ते शीतलहर को देखते हुए निराश्रित, असहाय, कमजोर और गरीब व्यक्तियों/परिवारों को राहत पहुंचाने के लिए आवश्यक है कि प्रतिदिन वृहद अभियान चलाकर सड़क किनारे सो रहे लोगों को रैन बसेरों तक पहुंचाया जाए। साथ ही पात्र व्यक्तियों को कंबल उपलब्ध कराया जाए और पर्याप्त संख्या में अलाव की व्यवस्था की जाए। सीएम योगी की मंशा और इस निमित्त जारी राहत आयुक्त के निर्देश के अनुपालन में सड़क किनारे सोने वालों को रैन बसेरों में पहुंचाने, अलाव के इंतजाम देखने के लिए अफसरों ने सोमवार रात से भ्रमणशील रहते हुए निरीक्षण शुरू कर दिया है। इसके तहत सोमवार रात सड़क किनारे सोते मिले कई व्यक्तियों को अधिकारियों ने निकट के रैन बसेरों में पहुंचाया। अधिकारियों ने रैन बसेरों में बिस्तर, कंबल की उपलब्धता और साफ सफाई का भी जायजा लिया।



### गोरखपुर नगरीय क्षेत्र में संचालित हैं 14 रैन बसेरे

गोरखपुर के नगरीय क्षेत्र में 14 रैन बसेरे संचालित हैं। इनमें से चार रैन बसेरों का 10 दिसंबर को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निरीक्षण भी किया था। साथ ही उन्होंने तीन नए रैन बसेरे बनाने के भी निर्देश दिए थे। गोरखपुर शहर क्षेत्र के अलावा सभी नगर पंचायतों में भी एक-एक रैन बसेरे संचालित हैं।

# मंडलायुक्त कानपुर अमित गुप्ता की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई



अवधनामा संवाददाता

**फर्रुखाबाद।** मंडलायुक्त कानपुर मंडल अमित गुप्ता की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार फतेहगढ़ में पिछली बैठक में दिये गये निर्देशों की समीक्षा बैठक की गई। बैठक में मंडलायुक्त द्वारा अपनी पिछली बैठक में दिये गये निर्देशों के अनुपालन की बिंदुवार समीक्षा की गई, बैठक में मंडलायुक्त द्वारा कृषि विभाग को किसान हरमोहन सिंह के सोलर पंप को सही कराने के निर्देश दिये गये, मोहम्दाबाद नीम करौरी मार्ग में विद्युत लाइन शिफ्टिंग के स्टीमेट के बारे में जानकारी प्राप्त की गई,मंडलायुक्त द्वारा ईओ नगर पालिका व डीपीआरओ को निर्देशित किया कि अगर किसी अस्पताल के आसपास मेडिकल वेस्ट मिलता है तो उस पर कार्यवाही कर जिलाधिकारी को अवगत कराये, अधिशासी अभियंता पीडब्लूडी निर्माण खंड ने बताया कि पिछली बैठक में दिये गये निर्देशों के क्रम में तीसराम की मड़ैया मार्ग को मोटरेबिल बना दिया गया है, गंगा प्रदूषण नियंत्रण इकाई को एस0टी0पी0 के आसपास की सड़क को बनवाने के लिये निर्देशित किया गया,मंडलायुक्त द्वारा बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में गंगा नदी के दोनों किनारों पर बंदा बनाये जाने के संबंध में प्रगति पूछी गई जिसपर अधिशासी अभियंता सिचाई द्वारा बताया गया कि सर्वे का कार्य पूर्ण हो गया है आगे की कार्यवाही जारी है। बैठक में जिलाधिकारी डॉ वीके सिंह मुख्य विकास अधिकारी अरविंद कुमार मिश्रा, डीएफओ,ज्वाइंट मजिस्ट्रेट महेंद्र सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डाक्टर अबिनेंद्र कुमार,अपर जिलाधिकारी सुभाष चन्द्र प्रजापति, डीडीओ, समस्त एसडीएम व संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे

## मरकडा चौराहे पर सपा ने काली पट्टी बाँध किया विरोध

अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सपा नेता विजय रावत रणविजय सिह सत्येन्द्र यादव व के नेत्रित्व मे करूअना मगहरा मार्ग बनाने को लेकर मरकडा चौराहे पर सर पर काली पट्टी बाँध कर सांकेतिक प्रदर्शन किया। इस दौरान सपा नेता विजय रावत ने कहा की जनता सहयोग करे तो एक महिने के अन्दर बन जाएगी सड़क भाजपा जनता को गुमराह कर सरकार बनाने काम किया जिसकी देन है की पिछ्ली भाजपा सरकार से आज तक यह सड़क नहीं बन पाई इस सड़क को बनवाने के लिए समाजवादी पार्टी आर पार की लड़ाई लड़ेगी और ज़रूरत पड़ी तो धरना देने का काम भी करेगी इस दौरान मुख्य रूप से रणविजय सिंह, सत्येंद्र यादव, हिमांशु सिंह, विकास कनौजिया, दिनेश यादव, अंकित सिंह, विशाल जायसवाल, आनंद यादव सनी, सत्यवान मिश्रा दिनेश कुमार अनिश शर्मा इत्यादि लोग उपस्थित थे।

# प्लेटिनम लव बैंड्स से अपना कमिटमेंट प्रदर्शित करें, जो है आपके प्यार की तरह ही दुर्लभ, बहुमूल्य और अटूट

अवधनामा संवाददाता

**कानपुर।** कड़कड़ाती ठंड ने हवा में रोमांस की लहर दौड़ा दी है, और युगलों के लिए अपना कमिटमेंट दिखाने का मंच तैयार कर दिया है। शादियों की धूम और एनिवर्सरी मनाने की तैयारियाँ हो रही हैं, जिससे प्रदर्शित होता है कि चाहे किसी रूप में हो, हर जगह वातावरण प्यार समाया हुआ है। युगल अपने स्वाभाविक प्यार के साथ एक दूसरे के मिजाज और गलतियों को अपना रहे हैं। वो मिलकर डर और संदेह से आगे बढ़ रहे हैं, और एक ऐसे भविष्य में प्रवेश कर रहे हैं, जो प्यार की शक्ति द्वारा लिखा गया है। इन महत्वपूर्ण लम्हों में केवल एक मैटल है, जो इस दुर्लभ और बहुमूल्य प्यार की गहराई को प्रतिबिंबित कर सकता है, और वह है, प्लेटिनम क्योंकि यह मैटल भी उतना ही दुर्लभ और बहुमूल्य है। प्लेटिनम का जन्म सितारों में हुआ और लगभग 2 बिलियन साल पहले यह एक उल्का द्वारा धरती पर लाया गया। यह दुर्लभ मैटल दुनिया में बहुत कम स्थानों



पर पाया जाता है, और सोने से 30 गुना ज्यादा दुर्लभ है। इस बहुत कठोर मैटल है, जो न तो अपना रूप खोता है, और न ही अपनी प्राकृतिक सफेद चमक। इसलिए यह दुर्लभ प्यार की दृढ़ता और निरंतरता को प्रतिबिंबित करता है। जिस प्रकार प्लेटिनम कभी अपनी चमक कम नहीं होने देता, वैसे ही जिस प्यार का यह प्रतिनिधित्व करता है, वह भी अटूट और शाश्वत है। 95 प्रतिशत शुद्ध और दुर्लभ प्लेटिनम से बने प्लेटिनम लव बैंड्स केवल आभूषण ही नहीं हैं, बल्कि वो प्यार का प्रतीक हैं। ये लव बैंड्स आधुनिक संबंधों को प्रदर्शित करते हैं। एक दूसरे के व्यक्तित्व को अपनाते हैं, पारस्परिक सफलताओं की खुशी मनाते हैं, और जीवन के दायित्वों को साझा करते हैं। इनकी बेहतरीन संरचनाएं, फ्लुड लाईन और हर बैंड के खूबसूरत मोटिफ इन सिद्धांतों को आत्मसात करते हैं। चाहे मिनिमलिस्ट और चिक स्टाईल हो या फिर कालातीत सौंदर्य, प्लेटिनम लव बैंड्स का विस्तृत संग्रह प्यार के लिए समर्पित युगलों के दिलों में उतर जाता है। अपनी समृद्ध विरासत और आधुनिक अपील के साथ प्लेटिनम आज के डिज़ाईन ट्रेंड्स को अद्वितीय आभूषणों में उतार रहा है, जो आपकी व्यक्तिगत प्रेम कहानी का वर्णन करने के लिए उपयुक्त हैं। प्लेटिनम लव बैंड्स चुनकर आप प्यार का ऐसा प्रतीक चुनते हैं, जो पारंपरिकता के साथ आधुनिकता का मेल कराता है। यह आपके प्यार के पूरे सफर में सदैव खूबसूरत बना रहने के लिए डिज़ाईन किया गया है। अपने संबंधों के महत्वपूर्ण लम्हों की यादें संजोने और अपने रिश्ते के स्थायी प्रतीक के रूप में अपने प्यार की अटलता को प्रदर्शित होने दें।

# 16 जनवरी को सामूहिक विवाह कार्यक्रम

अवधनामा संवाददाता

**मैनपुरी।** जिला समाज कल्याण अधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत गरीबी रेखा से नीचे जीवन-यापन करने वाले जरूरतमंद, निराश्रित, निर्धन परिवारों की विवाह योग्य कन्याओं, विधवा, परित्यक्ता, तलाकशुदा महिलाओं के विवाह हेतु आर्थिक सहायता उपलब्ध कराते हुये उनके सामाजिक, धार्मिक मान्यताओं, रीति-रिवाजों व परम्पराओं के अनुसार वित्तीय वर्ष 2024-25 में वृहद आयोजन, मेगा ईवेंट के रूप में दि. 16 जनवरी 2025 को शुभ महूर्त में सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे, पात्र एवं इच्छुक व्यक्ति सामूहिक विवाह हेतु आवेदन पत्र पद विभागीय बेवसाइट पर ऑनलाइन किया जाना अनिवार्य है। उन्होने बताया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में आवेदन किये जाने हेतु वर, कन्या की उम्र क्रमशः 21 व 18 वर्ष हो, आवेदक प्रदेश का नागरिक हो, वर-वधु के पास आधार कार्ड हो, कन्या (वधु) का बैंक खाता आधार कार्ड से लिंक हो, अभिभावक की आय रू. 02 लाख से अधिक न हो। उन्होने बताया कि निराश्रित कन्या, विधवा महिला की पुत्री, दिव्यांगता की पुत्री, एसी कन्या जो स्वयं दिव्यांग हो, को प्राथमिकता दी जायेगी, विधवा, परित्यक्ता, तलाकशुदा (कानूनी रूप से) पुनर्विवाह को वरीयता दी जायेगी, आवेदन पत्र के साथ शैक्षिक प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र, मतदाता पहचान पत्र, मनरेगा जॉब कार्ड, आधार कार्ड, जाति एवं आय प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है, सामूहिक विवाह में सम्मिलित होने वाली कन्याओं एवं विवाह करने वाले लड़कों (वर) को संयुक्त रूप से पंजीकरण हेतु विभागीय बेवसाइट पर ऑनलाइन आवेदन पत्र पूर्ण करने के उपरांत आवेदन की हार्डकॉपी सम्बन्धित विकास खंड, नगर निकाय में जमा करनी होगी। उन्होने बताया कि योजनान्तर्गत उ.प्र. सरकार द्वारा प्रति युगल रू. 51 हजार व्यय किये जायेंगे, जिसमें से रू. 35 हजार कन्या के दाम्पत्य जीवन में खुशहाली व गृहस्थी की स्थापना हेतु उसके बैंक खाते में आंतरित किये जायेंगे।

## बच्चों को ले जाती हुई दो मारूति वैन सीज

**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** डीएम डा वीके सिंह के निर्देशानुसार



एआरटीओ प्रवर्तन सुभाष राजपूत द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान में विद्यालयों के नाम पंजीकृत 4 स्कूल बसों को बिना परमिट एवं बिना फिटनेस संचालित पाये जाने पर चालान किया गया व 1 स्कूल वाहन को थाना राजेपुर में सीज किया गया। इन वाहनों पर रू0 70 हजार का जुर्माना लगाया गया। विद्यालयों में संचालित निजी वाहनों की सघन जांच की गयी। जांच के उपरान्त 2 मारूति वैन को स्कूली छात्रों को ले जाते हुये पाया गया, उन पर रू0 64 हजार का जुर्माना लगाकर थाना राजेपुर में सीज किया गया। चेकिंग के दौरान 2 ट्रक ओवर साइज माल लदे हुये एवं बकाया कर में संचालित पाये जाने पर सीज किये गये तथा उन पर रू0 52 हजार जुर्माना लगाया गया। चेकिंग टीम में प्रवर्तन सुपरवाइजर राजीव मिश्रा, प्रवर्तन सिपाही संजीव शर्मा आदि साथ रहे।

## मंडलायुक्त ने निर्माणाधीन पेयजल योजना व सिंचाई विभाग के कार्यालय का निरीक्षण किया



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** मंडलायुक्त कानपुर मंडल अमित गुप्ता द्वारा फर्रुखाबाद पहुँचकर निर्माणाधीन भूलनपुर चिरपुरा पेयजल योजना व सिचाई विभाग के निर्माणाधीन कार्यालय का निरीक्षण किया गया। मंडलायुक्त महोदय द्वारा पेयजल योजना से लाभान्वित हो रहे गाँवो की जानकारी प्राप्त की गई व चिरपुरा गाँव पहूँचकर पेयजल योजना के तहत स्थापित किये गये नलों की लीकेज व क्वालिटी को देख गया व गाँवो की गलियों के रेस्ट्रोरेशन की गुडवत्ता चेक की गई, गुडवत्ता सही न पाये जाने पर नाराजगी जताई व अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण को गुडवत्ता सही कराने के लिये निर्देशित किया। इसके बाद मंडलायुक्त महोदय द्वारा सिंचाई विभाग पहुँचकर निर्माणाधीन कार्यालय भवन का निरीक्षण किया, मंडलायुक्त द्वारा प्रयुक्त की जा रही ईटो की गुडवत्ता चेक की गई जो सही पाई गई। इस अवसर पर जिलाधिकारी डॉ वीके सिंह, पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी, मुख्य विकास अधिकारी अरविंद कुमार मिश्रा, डीडीओ व संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## पानी की टंकी से बैटरी और केबिल चोरी

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र रानीडीह में स्थित पानी की टंकी पर लगा बैटरी और केबिल चोर चुरा ले गए। आपरेटर की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी धनश्याम पुत्र रामकवल निवासी लटकना जो रानीडीह पानी की टंकी पर आपरेटर है। पानी की टंकी में लगा बैटरी और केबिल चोर चुरा ले गया। पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## पांच नामजद और कई अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** सहजनवां थाना क्षेत्र के सीहापार में सहजनवा से घर जा रहे वृद्ध को मनबढ़ो ने मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर पांच नामजद और कई अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी से ओम नारायण चौबे पुत्र तेजधर चौबे निवासी भैंसला सोमवार को सहजनवां से घर जा था। सिहापार के पास पहुंचा था की मनबढ़ो ने पुरानी रंजिश को लेकर घेर कर लाठी डंडे से पीटकर घायल कर दिए पीड़ित के शिकायत पर पुलिस ने धर्मवीर ,शशि कपूर, शांतुन, शत्रुघ्न, सूर्यदेव तथा अज्ञात के खिलाफ ,मारपीट,जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है।

## युवती गहने नकदी लेकर प्रेमी संग फरार

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** गीडा थाना क्षेत्र के एक युवती घर से गहने और नकदी लेकर प्रेमी संग फरार हो गई। युवती के मां की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी से गीडा थाना क्षेत्र के नौसढ चौकी अंतर्गत एक युवती बेलीपार निवासी एक युवक के साथ घर से 50 हजार रुपया और गहने लेकर फरार हो गई। युवती के मां के तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक मंगेश पुत्र मुन्ना निवासी ककराखोर थाना बेलीपार के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## बुलेट न मिलने पर विवाहिता को घर से निकाला

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** सहजनवां थाना क्षेत्र के सीहापार निवासी



सोनम शर्मा पुत्री धर्मेंद्र शर्मा की शादी 9 मई 2022 में सुशील चंद शर्मा पुत्र जवाहर लाल शर्मा के साथ हुआ था। शादी में मायके के लोगो ने नकदी और अन्य सामान सहित करीब 15 लाख रुपए खर्च किए थे। विदाई के बाद ससुराल में लोगो द्वारा 2 लाख और नकद लैंड का दबाव बना गया। मायके के लोगो ने व्यवस्था कर दे दिया। इसके बाद ससुराल के लोग बुलेट की मांग करने लगे। जिसको लेकर आए दिन प्रताड़ित किया जाने लगा। 5 अक्तूबर 2024 को विवाहिता को पति के कहने पर मारपीट कर घर से बाहर निकाल दिया गया। और गहने छीन कर रख लिए। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने पति सुशील चंद शर्मा,देवर राजन,जेठानी का लड़का,रमेशचंद शर्मा,ससुर जवाहर लाल शर्मा,जेठानी गीता, ननद अनिता के खिलाफ दहेज उत्पीड़न, गाली गलौज, मारपीट, जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है।

# पत्रकार ने लगाया पुलिस पर नामजद चोरों को बचाने का आरोप

अवधनामा संवाददाता

**अलीगढ़।** थाना सासनी गेट पुलिस नामजद चोरों को बचाने में जुटी हुई है। थाना से मात्र 100 मीटर की दूरी पर चोरों ने एक दुकान/ कार्यालय के ताले तोड़ कर लाखो का माल पार कर लिया। इतना ही नहीं चोरों ने सबूत नष्ट करने की नियत से दुकान में अपना सामान भर दिया है। एफआईआर दर्ज न करने से कानून व्यवस्था पर सवाल उठ रहा है। एसएसपी को दिए गए प्राथना पत्र में पत्रकार कुलदीप सिंह ने लिखा है कि जयगंज मकान न0 17/9 की एक दूकान में वह समाचार लेखन के साथ जेम्स स्टोन का कारोबार करते है। घटना बीते 2 नवंबर दोपहर की है। कुलदीप अपने कार्यालय/ दुकान को खोलने पहुंचे तो वहां जयगंज कटारी वाली गली निवासी विजय यादव, रोहित यादव रवि यादव व इनका पिता चंद्रपाल व चंद्रपाल का नाती और रमन सभी एक राय होकर अपने 2-3 साथियों को लेकर दुकान में घुस आए और दुकान के एक कुंदे में अपना ताला डालते हुए गली देकर बोले कि इस दुकान पर हम कब्जा करेंगे। यदि तुम दुकान चलाना चाहते हो तो हर महीने 15 हजार रुपए चौथ दोगे वरना जान से मार देंगे। पत्रकार का आरोप हैं कि यह धमकी देते हुए विजय और रमन यादव ने कुलदीप सिंह की जेब से 618 रुपए जबरदस्ती निकल लिए और बाकी रुपए 14382 दूसरे दिन देने को कहा। घटना की सूचना 112 पर देने की बाद आई पुलिस उन गुंडों के सामने असहाय दिखाई दी। पुलिस ने न ताला खुलवाया और न ही किसी को पकड़ा जबकि 4 सिपाही मौके पर थे। आरोप है कि घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज नहीं की गई। जबकि कुलदीप सिंह ने तुरंत ही थाना प्रभारी को घटना की जानकारी दी थी। चोकाने वाली बात यह कि इस घटना के बाद आरोपियों ने दुकान में कुलदीप सिंह के लगे 2 ताले तोड़ डाले और लाखों के जेम्स स्टोन पुरानी चांदी और फर्नीचर आदि चोरी कर लिए।

## बबलू चौधरी ने कर्मचारियों की लड़ाई लड़ने की भरी हुंकार

**फर्रुखाबाद।** सफाई कर्मचारी महासंघ के संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष बबलू चौधरी ने फर्रुखाबाद सफाई कर्मचारियों की सुनी फरियाद और छलके आंसू दिनांक 16/12/2024 दोपहर करीब 3बजे फर्रुखाबाद के टाउन हॉल पार्क में एक मीटिंग का आयोजन किया गया शहर के सफाई कर्मचारी मौजूद रहे। बाल्मिक समाज ने अपनी अपनी फरियाद सुनाई सफाई कर्मचारियों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष से कहा नगर पालिका द्वारा हम सभी लोगों का शोषण किया जाता है जैसे=(1) समय से वेतन नहीं मिलना प(2)प्रत्येक महीने पैसों की कटौती (3) सर्दी और गर्मी में कर्मचारियों की वर्दी ना मिलाना (4)कोटेदार की मनमानी समय से राशन नहीं मिलना(5 )सफाई कर्मचारियों का पीएफ में घोटाला किया जाता है राष्ट्रीय अध्यक्ष ने फरियाद सुनने के बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष के छलके आंसू और कहा जिलाधिकारी को हम अपनी मांगों को लेकर एक ज्ञापन दे गे अगर आठ दिनों के अन्दर समस्या का समाधान नहीं होता तो हम सभी लोग हड़ताल पर बैठ जाएंगे आप लोगों का दर्द हम जानते हैंआप की हक की लड़ाई हम सभी लोग लड़ेंगे

# पेंशनर दिवस का आयोजन किया गया

अवधनामा संवाददाता

**उरई (जालौन)।** जिला जालौन कलेक्ट्रेट परिसर उरई में स्थिति वरिष्ठ कोषागार कार्यालय के परिषर में वरिष्ठ कोषाधिकारी आनंद सिंह के समन्वयन में जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ0 दुर्गेश कुमार की अध्यक्षता में पेंशनर दिवस का आयोजन किया। पेंशनर दिवस के मौके पर पेंशनरों की समस्याओं को सुनने और उनका समाधान करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी ने पेंशनरों से संबंधित सभी मुद्दों पर चर्चा की और अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसी भी कार्यालयाध्यक्ष के पास पेंशन से संबंधित कोई भी प्रकरण लंबित न रहे।

पेंशनरों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता पर किया जाए, ताकि पेंशनर्स को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। माह नवम्बर 2024 में पेंशनरों से जीवित प्रमाण पत्र प्राप्त करने के पश्चात कुल



12741 पेंशनरों को उनके सम्बन्धित खाता संख्या में मु0 43, 89, 45, 823.00 का भुगतान किया गया। पंडित दीनदयाल उपाध्याय कैशलैस योजना के अंतर्गत इस कोषागार से 2124 सिविल पेंशनरों का आवेदन अप्रूव किया जा चुका है। माह नवम्बर 2024 तक कुल 8431 पेंशनरों द्वारा डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र (ऑनलाइन) जमा किया गया है। डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र से पेंशनर देश-विदेश के किसी भी क्षेत्र से अपना जीवित होने का प्रमाण पत्र कोषागार में बिना उपस्थित हुए सीधे ऑनलाइन बेवसाइट के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है।स्यामा देवी निवासी ग्राम व पोस्ट बागी कदौरा की 101 वर्ष होने पर डबल पेंशन दी जा रही है।जिलाधिकारी ने इस अवसर पर पेंशनर्स के लिए एक सुसज्जित हाल बनाया जाएगा, ताकि पेंशनरों को बैठने की कोई कठिनाई न हो। कार्यक्रम में 80 वर्ष से अधिक उम्र के पेंशनरों को सम्मानित कर अंग वस्त्र प्रदान किए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि सरकार पेंशनरों की भलाई के लिए हमेशा तत्पर है और उनकी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता से किया जाएगा।

## फतेहगढ़ में परीक्षा की तैयारीयों की समीक्षा की गई

**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी डॉ0 वी0के0 सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार फतेहगढ़ में सम्मिलित राज्य प्रवर अधीनस्थ सेवा(प्रा0)परीक्षा की तैयारियों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि जनपद में बनाये गये सभी 14 सेंटरो पर अभियर्थियों के बैठने की पर्याप्त व्यवस्था हो,शौचालय ठीक हो, पीने के पानी की पर्याप्त व्यवस्था हो, क्लॉक रूम विद्यालय के बाहर बनाया जाये, सभी सेक्टर व स्टेटिक मजिस्ट्रेट सेंटरो का निरीक्षण कर ले, परीक्षा में लगे सभी अधिकारी, आयोग के निदेशों का अध्ययन कर ले।

## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं ननकऊ सोनी पति जग देवी निवासी. बसहा कुर्सी रोड थाना गुडम्बा का हूँ। शपथी के दो बेटे है स्वर्गीय रमेश सोनी एवं तुलसी। शपथी का पोता (पुत्र का पुत्र) आकाश सोनी बहु उर्मिला सोनी पत्नी स्वः रमेश सोनी श्रीमती रिंकू पत्नी स्वः अखिलेश कुमार (पूर्व पति) दूसरा पति तुलसी राम निवासी बसहा कुर्सी रोड लखनऊ इन लोगों का चाल चलन ठीक ना होने वा(प्रार्थी) शपथी तथा उसकी पत्नी को वृद्धावस्था में परेशान करने के कारण अपनी चल व अचल संपत्ति से हमेशा के लिए बेदखल करता हूं यह तीनों लोग अपने कार्य के खुद जिम्मेदार होंगे शपथी वह उसकी पत्नी की कोई भी जिम्मेदारी उनके क्रियाकलापों से नहीं होगी और ना ही किसी प्रकार का संबंध रहेगा और शपथी के परिवार के किसी भी सदस्य का उत्तरदायित्व नहीं होगा।

## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि मेरा हाईस्कूल परीक्षाफल का मूल प्रमाण पत्र सह अंकपत्र अनुक्रमांक सं. 2930760 वर्ष 2019 व इंटरमीडिएट परीक्षाफल का मूल प्रमाण पत्र सह अंकपत्र अनुक्रमांक सं. 217328052 वर्ष 2021 का मूल प्रति वास्तव में कही खो गया हैं।

**सैय्यद फहद निसार अहमद पुत्र सैय्यद निसार अहमद**
**ग्राम लटिया पोस्ट वासादरगाह**
**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।**

## भारतीय कृषक एसोसिएशन ने जन समस्याओं को लेकर तहसीलदार अलीगंज को ज्ञापन सौंपा



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** लोकसभा क्षेत्र की तहसील अलीगंज में भारतीय कृषक एसोसिएशन ने प्रदेश महासचिव मुन्नालाल सक्सेना के नेतृत्व में जनसमस्याओं को लेकर चार सूत्रीय ज्ञापन तहसीलदार अलीगंज को सौंपा। भारतीय कृषक एसोसिएशन ने जनपद एटा की जनसमस्याओं को लेकर जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन तहसील अलीगंज में तहसीलदार को सौंपा। भाकृए जनसमस्याओं में जनपद एटा में खाद की उपलब्धता बढ़ाए जाने, अलीगंज क्षेत्र के गन्ना किसानों को कायमगंज चीनी मिल में आ रही समस्याएं मुख्य मांग कायमगंज चीनी मिल का विस्तार चीनी मिल कायमगंज का नवीनीकरण जिससे अलीगंज क्षेत्र के किसानों को भी लाभ हो,अलीगंज के गांव ससोता में भारती कृषक एसोसिएशन के कार्यकर्ता की जमीन पर दबंगों द्वारा अवैध कब्जा हटवाने आदि मांगों को लेकर 4 सूत्रीय ज्ञापन तहसीलदार अलीगंज को सौंपा।इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील कुमार दुबे, प्रदेश अध्यक्ष रामलाल गुप्ता, प्रदेश महासचिव मुन्नालाल सक्सेना, प्रदेश उपाध्यक्ष रामवीर पाल, राष्ट्रीय संगठन मंत्री अमरीश शुक्ला, बिंदु सिंह गंगवार, रामवीर, विनीत कुमार,अनुज आदि कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# शिल्पा ने वर्षों की कड़ी मेहनत से अपनी पहचान बनाई है : राज कुंद्रा

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** राज कुंद्रा कहते हैं, यह अनुचित है कि विवाद मेरा है, फिर भी मीडिया में मेरी पत्नी का नाम शामिल कर रही है। राज कुंद्रा के लिए, पिछले तीन साल कानूनी लड़ाइयों और गहन सार्वजनिक जांच से चिह्नित एक उथल-पुथल गुज़र रहे हैं। पहली बार उन्होंने इस मुद्दे पर बात करते हुए बताया कि मेरे आस पास चल रहे विवादों लगातार मेरे परिवार को घसीटा गया है, जो सबसे कठिन और दर्दनाक था। राज कुंद्रा ने अपनी पत्नी शिल्पा शेट्टी कुंद्रा को उनके आसपास के विवादों में गलत तरीके से घसीटे जाने पर निराशा व्यक्त की है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि शिल्पा ने वर्षो की कड़ी मेहनत से अपनी पहचान बनाई है और उन्हें यह अनुचित लगता है कि उनके नाम को अतिरिक्त क्षति पहुंचाई जाए। राज का मानना है कि मीडिया ध्यान, विचार और वायरलिटी हासिल करने के लिए जानबूझकर शिल्पा का नाम शामिल करता है और इसे उनकी प्रतिष्ठा पर अनुचित हमला बताता है। राज कुंद्रा एक सार्वजनिक हस्ती होने की चुनौतियों को स्वीकार करते हैं लेकिन अपने परिवार पर पड़ने वाले प्रभाव का दृढ़ता से विरोध करते हैं। उन्होंने कहा, तुम्हें मुझसे जो कहना है कहो, लेकिन मेरे परिवार को इसमें मत घसीटो। राज, स्वच्छ भारत और फिटनेस इंडिया जैसी इनिटिटिवेस में शिल्पा शेट्टी कुंद्रा के योगदान पर गर्व करते हैं और उनकी स्वतंत्र उपलब्धियों को उजागर करते हैं। वह दावा करता है कि आप उससे यह छीन नहीं सकते।

## एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या ।** अपर आयुक्त प्रशासन अजय कान्त सैनी की अध्यक्षता में सूचना का अधिकार अधिनियम 2005, जनहित गारंटी अधिनियम 2011 और उत्तर प्रदेश सूचना का अधिकार नियमावली 2015 से संबंधित एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रशासनिक सुधार विभाग के स्टेट रिसोर्स पर्सन डॉ. राहुल सिंह और सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी राजाराम ने जनसूचना अधिकार से जुड़ी मुख्य बातों पर प्रकाश डाला।इस प्रशिक्षण में जनसूचना अधिकार अधिनियम और उत्तर प्रदेश सूचना का अधिकार नियमावली की धाराओं की विस्तृत जानकारी दी गई। अपर आयुक्त अजय कान्त सैनी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे आवेदकों द्वारा मांगी गई जानकारी समय पर प्रदान करें, और यदि कोई समस्या उत्पन्न हो तो संबंधित अधिनियम और नियमों को पुनः पढ़ें। उन्होंने कहा कि सूचना प्राप्त आवेदनों का निस्तारण निर्धारित समय के भीतर किया जाए और जो आवेदन संबंधित कार्यालय से नहीं है, उसे 5 दिन के भीतर उचित कार्यालय को अग्रसारित किया जाए। राजाराम ने उत्तर प्रदेश जनहित गारंटी अधिनियम 2011 के अंतर्गत सरकारी विभागों द्वारा समयबद्ध सेवाओं के निस्तारण के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि अगर अधिसूचित सेवाओं का समय पर निस्तारण नहीं किया जाता है, तो संबंधित अधिकारी पर 5000 रुपये तक का अर्थदंड लगाया जा सकता है और अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा सकती है। उन्होंने यह भी बताया कि राज्य और मंडल स्तर पर इन सेवाओं के निस्तारण की समीक्षा की जाएगी, जो आयुक्त के निर्देशन में होगी।

## संतों की मणिमाला में एक थे महंत जानकी शरणः महन्त राजीव लोचन शरण

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** स्वर्गद्वार स्थित सिद्धपीठ श्री सद्गुरु बधाई भवन मन्दिर के पूर्वाचार्य साकेतवासी महंत जानकी शरण महराज की 22 वी पुण्यतिथि पर अयोध्या के संतों महंतों ने श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा कि श्री महाराज जी अयोध्या के संतों की मणिमाला में एक थे और हमेशा प्रभु की सेवा और गौ सेवा संत सेवा अतिथि सेवा में लीन रहते थे। सेवा को ही ईश्वर प्राप्ति का रास्ता मानते थे। श्रद्धांजलि सभा के अवसर पर मंदिर के वर्तमान महन्त राजीव लोचन शरण महाराज ने कहा कि स्वामी जानकी शरण अद्वितीय संत रहे। साथ ही धार्मिक विद्वान के साथ ही सभी भक्तों को सद मार्ग प्रदान किया। वे सदैव ही साधु संत समाज को नई दिशा प्रदान किए। हम सभी को उनके बताए हुए पद चिन्हों पर चलना चाहिए। इसके अलावा अयोध्या के प्रमुख धर्म आचार्यों ने भी उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके व्यक्तित्व कृतित्व पर वृहद रूप से प्रकाश डालें। इस दौरान हजारों की संख्या में विराट साधु संत समाज का विशाल भंडारा हुआ। जिसमें आए समस्त संतों को मंदिर के परमार्थी गौ संतसेवी महन्त राजीवलोचन शरण जी महाराज ने अंग वस्त्र भेंटकर स्वागत सम्मान किया श्रद्धांजलि सभा में मणिराम दास छावनी के उत्तराधिकारी महंत कमल नयन दास , जगतगुरु राम दिनेशाचार्य,लक्ष्मण किला के महंत मैथिली रमण शरण,बावन मंदिर के महंत वैदेही बल्लभ शरण, राम वल्लभाकुंज के अधिकारी राजकुमार दास, मंगल भवन के महंत कृपालु राम भूषण दास जी महाराज , श्रीराम आश्रम के महंत जयराम दास,महंत जनमेजय शरण, महंत अवधेश कुमार दास, महंत रामकुमार दास, रंग महल, महंत राम प्रवेश दास,महंत राम शरण दास,नागा राम लखन दास, डा.प्रभाकर मिश्र, महंत राम लखन, शरण, पुजारी राम गोपाल शरण, सुकेश तिवारी, सुरज मिश्र, अवधेश तिवारी, महंत विनोद शरण,सहित हजारों संत महंत उपस्थित होकर श्री महाराज को श्रद्धांजलि अर्पित की।



## उप निदेशक ने इग्नू परीक्षा केन्द्र का औचक निरीक्षण किया

**अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के इग्नू अध्ययन केंद्र में चल रही इग्नू सत्रांत परीक्षा का मंगलवार को इग्नू क्षेत्रीय केन्द्र लखनऊ की उप निदेशक डॉ0 रीना कुमारी ने औचक निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान परीक्षा कक्षों की व्यवस्था का जायजा लिया। केन्द्र द्वारा पारदर्शी ढग से परीक्षा कराने के लिए संतोष व्यक्त किया। मौके पर विवि केन्द्र सम्नवयक प्रो0 हिमांशु शेखर सिंह ने बताया कि इग्नू के द्वारा संचालित पाठ्यक्रमों की दिसम्बर सत्रांत की परीक्षा कराई जा रही है। परीक्षार्थियों का प्रवेश सघन तलाशी के उपरांत ही दिया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान प्रशासनिक अधिकारी डॉ. श्रीष अस्थाना, डॉ. रामजीत सिंह यादव, सूरज सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

## बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु शिक्षा के साथ प्रेरणा की भी जरूरतः डॉ. नमिता सिंह



**शाहजहांपुर।** बच्चे ही देश के भविष्य हैं और देश के विकास के लिए बच्चों का सर्वांगीण विकास होना बहुत जरूरी है। मोबाइल की बढ़ती चाह कहीं न कहीं बच्चों की तरक्की में अवरोध है। उनकी दिनचर्या में अपेक्षानुसार सुधार के साथ उन्हें अच्छी शिक्षा देना और व्यायाम व खेलों के प्रति लगन पैदा करने की जरूरत है। इसी उद्देश्य से रानी लक्ष्मीबाई महिला विग व लायंस क्लब सहेली के द्वारा विभिन्न स्कूलों के बच्चों के बीच मैच का आयोजन किया गया इस मैच को बच्चे हर रविवार कैंट क्षेत्र में खेला करते थे जिसमें कई मैच खेले गए कल इस मैच का फाइनल हुआ जिसमें मुख्य अतिथि एसडीम दुर्गेश यादव के द्वारा विशिष्ट अतिथि डॉ अमित सिंह के द्वारा बच्चों को ट्रॉफी देकर उन्हें सम्मानित किया गया जिसमें मैन ऑफ द मैच वैदिक पांडे रहे विजेता व रनर दोनों को ही सम्मानित किया गया मुख्य अतिथि एसडीम दुर्गेश यादव ने कहा की सभी बच्चों को खेल में अवश्य ही भाग लेना चाहिए जिससे उनका शारीरिक विकास होता है आज बच्चों को हर क्षेत्र में बढ़ाना चाहिए बच्चे घर पर ही एक स्थान पर बैठकर मोबाइल व टीवी देखते रहते हैं जो हर तरह से खतरनाक है उन्होंने डॉक्टर नमिता सिंह रूपा पांडे पदमा गुप्ता व टीम का धन्यवाद करते हुए कहा कि इस तरह की आयोजन बच्चों में गतिशीलता को बढ़ाते हैं।

## देश दुनियाँ के लिए पटेल का किरदार अत्यंत प्रेरक हैः उपेन्द्र

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** सरदार पटेल का व्यक्तित्व और किरदार अत्यंत प्रेरणादायक है। आज भी पटेल के आदर्श उनके सिद्धांत प्रकाश देने वाले हैं। उक्त विचार उपेन्द्र सिंह रावत पूर्व सांसद ने सरदार पटेल समाजोत्थान ट्रस्ट द्वारा आयोजित अन्तर्विद्यालयी भाषण प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार प्रमाण पत्र प्रदान करने के समय अपने संबोधन में कहे। अध्यक्षता कर रहे विक्रम सिंह ने कहा कि देश मे पहली बार सरदार पटेल की आरती करने का श्रेय बाराबंकी को है जो गर्व का विषय है। पटेल के प्रेरक व्यक्तित्व से जन जन को परिचित कराना ट्रस्ट के उद्देश्य है। सरदार पटेल समाजोत्थान ट्रस्ट के सचिव एवं प्रतियोगिता संयोजक प्रदीप सारंग के




संचालन में सम्पन्न जनपद स्तरीय अन्तर्विद्यालयी भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान साई इण्टर कालेज शुक्लाई की आर्या जायसवाल ने, द्वितीय स्थान जमीलुर्रहमान बालिका इंटर कालेज कम्पनी बाग ने तथा तृतीय स्थान बाल विकास विद्या मंदिर इंटर कालेज कोठी की उम्मे नायसा ने प्राप्त किया। विजेताओं को क्रमशः ग्यारह सौ, नौ सौ, सात सौ रुपये का नकद पुरस्कार व प्रमाण पत्र प्रदान किये गए। इनके साथ पाँच छात्र छात्राओं जयहिन्द इण्टर कालेज बाराबंकी की शालू गौतम, सरदार पटेल बाल विकास विद्यालय मोहदीपुर के सचिन कुमार, यंग स्ट्रीम इण्टर कालेज की खुशी जायसवाल, कृषक बाल विद्यालय उधवापुर की सानिया यादव, पीएम श्री राजकीय इण्टर कालेज के अमन मिश्रा को दो सौ , दो सौ रुपये के सांत्वना पुरस्कार व प्रमाण पत्र दिए गए। प्रतियोगिता से बाहर दर्शकों में से छात्रा जेबा के भाषण पर भी दो सौ रुपये का नकद सांत्वना पुरस्कार प्रमाणपत्र प्रदान किया गया। निर्णायक मण्डल के सदस्य के रूप में वरिष्ठ कवि साहित्यकार डॉ अम्बरीष अम्बर, हास्य कवि प्रदीप महाजन, कवि गीतकार डॉ कुमार पुष्पेन्द्र, ओजकवि सूर्यान्शु शर्मा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर पीएम श्री राजकीय इण्टर कालेज के प्रिंसिपल राधेश्याम धीमान, यूनाइटेड टीचर्स एसोशिएशन के अध्यक्ष आशुतोष वर्मा, भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश उपाध्यक्ष राम किशोर पटेल, यंग स्ट्रीम इण्टर कालेज के प्रिंसिपल विनय कुमार श्रीवास्तव, आँखें फाउंडेसन के अध्यक्ष सदानंद वर्मा, समाजोत्थान संगठन के ब्लॉक हरख प्रभारी राजपाल वर्मा, समाजसेवी रत्नेश कुमार, इन्द्रराज वर्मा, ट्रस्टी सियाराम वर्मा सहित अनेक गणमान्य जन उपस्थित रहे।

## 151 कलशो में जल भरकर निकली कलश यात्रा



*अवधनामा संवाददाता*

**मसौली बाराबंकी।** सिसवारा स्थित श्री दिगम्बर नाथ मंदिर पर स्वामी विनोदाचार्य दासजी महाराज के अध्यक्षता में आज शुरू होने वाले नव दिवसीय श्री रुद्रात्मक हनुमत महायज्ञ एव मानस वेदांत संत सम्मेलन अमृत महोत्स्व की शुरुवात कलश यात्रा के साथ हुई। कलश यात्रा में सैकड़ो महिलाओ एव पुरुषों ने भाग लिया। ग्राम सिसवारा स्थित दिग्म्बरनाथ मंदिर से गाजे बाजे के साथ निकली कलश यात्रा ग्राम नसीरनगर ,चंदनपुर ,बड़ागांव होते हुए मसौली चौराहा स्थित कल्याणी नदी पर पूजन अर्चना की तथा आचार्य कुलदीप शुक्ला एव जजमान गजेंद्र नाथ वर्मा, सुरेंद्र नाथ वर्मा, हरिश्चंद्र यादव, विजेंद्र यादव व महेंद्र वर्मा द्वारा जीव मात्र का, स्थल मात्र का, वरुण देव की पूजन करने के बाद 151 कलशो में जल भरकर मसौली , भूलीगंज होते हुए मंदिर पहुंचकर कलश की स्थापना की गयी। यज्ञाधीश श्री विनोदाचार्य जी ने बताया कि आज से शुरू हुई यज्ञ 9 दिनों तक चलेगा जिसमे अनेक विद्वान् वक्ताओं द्वारा कथा प्रवचन किया जायेगा। यज्ञ में प्रतिदिन कथा प्रवचन दो पाली में प्रथम 2 बजे से 5 बजे तक व् द्वितीय पाली में रात्रि 7 बजे से 11 बजे तक चलेगा। इस मौके पर पुजारी शिवकुमार वर्मा, हरिश्चंद्र पुजारी, ओमकार यादव, शैलेन्द्र वर्मा, अरविन्द वर्मा, अप्पी वर्मा, लवकुश यादव किशोरी लाल जगदीश प्रसाद रामनरेश वर्मा रमेश यादव, दिलीप कुमार, सहित भारी संख्या में भक्तगण मौजूद थे।

## घर में घुसकर युवती की हत्या, जीजा ने चाकू से काटा गला आरोपी गिरफ्तार



*अवधनामा संवाददाता*

**शाहजहांपुर।** शाहजहांपुर से हत्या की सनसनीखेज वारदात सामने आई है। थाना सदर बाजार क्षेत्र में मंगलवार को दिनदहाड़े थाना सदर बाजार के लाला तेली बजरिया निवासी कोमल उर्फ निकिता उम्र 23 वर्ष को उसके बहनोई अंशुल ने चाकू से गला काटकर हत्या कर दी। वह निकिता से अपने भाई की शादी कराना चाहता था, लेकिन निकिता विरोध कर रही थी। इसी के चलते उसने वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने आरोपी अंशुल को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के मुताबिक निकिता की मां सब्जी लेने गई हुई थी। सुबह करीब साढे 11 बजे कोमल घर में अकेली थी। इसी बीच बहनोई अंशुल शर्मा घर में आया और कोमल के गले पर चाकू से गला काटकर हत्या कर दी। वारदात के बाद आरोपी मौके से भाग गया। सूचना मिलते ही थाना पुलिस पहुंच गई। मौके से बरामद हुआ चाकू मौके पर पहुंचे एसपी राजेश एस. ने बताया कि थाना सदर बाजार क्षेत्र में 23 वर्षीय युवती की हत्या हुई है। युवती की सगी बहन के पति ने वारदात को अंजाम दिया है। घटनास्थल से चाकू बरामद कर लिया गया है। सूचना मिलते ही दो टीमें गठित कर आरोपी को पकड लिया गया है। उससे पूछताछ की जा रही है।

### पेट्रोल पंप संचालक के बेटे के खिलाफ रेप और एससी/एसटी की रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर।** दुष्कर्म जैसे संगीन मामले में लापरवाही दिखाने वाली जलालाबाद पुलिस को आखिरकार कोर्ट के आदेश पर रेप और एससी एसटी का मुकदमा दर्ज करना पड़ा। महिला के प्रार्थना पत्र का कोर्ट ने संज्ञान लिया तो पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मामला दर्ज किया। पुलिस मामले की तहकीकात करने में लग गई है। मामला शाहजहांपुर के थाना जलालाबाद क्षेत्र का है। दरअसल तिलहर क्षेत्र की रहने वाली एक दलित महिला ने बताया कि 1 अक्टूबर को अपने भाई के साथ बाइक पर सवार होकर रिश्तेदारी में जा रही थी। इसी दौरान जलालाबाद क्षेत्र के गुनारा मोड के पास अचानक गाड़ी बंद हो गई। उसके भाई ने कुछ दूर पर स्थित मोहन फिलिंग स्टेशन (पेट्रोल पंप) पर जाकर तेल डलवाया, लेकिन फिर भी बाइक स्टार्ट नहीं हुई। तब महिला भाई बाइक बनवाने मैकेनिक के पास चला गया। काफी देर तक जब वहां वापस नहीं लौटा तो वह अपने भाई ढूंढने निकल पड़ी। इसी दौरान पेट्रोल पंप स्वामी का बेटा हिमांशु गुप्ता उर्फ प्रिंस निवासी साउथ सिटी कालोनी बरेली मोड शाहजहांपुर उसके पास आया और बोला चलो मैं तुमको छोड़ देता हूं। महिला उसके साथ चली गई, आरोप है वह उसे अपने गोदाम पर लेकर गया जहां उसने शटर बंद करने के बाद उसके साथ बलात्कार किया। और उसके अश्लील फोटो भी खींच लिए। आरोप है कि हिमांशु ने उसको जाति सूचक गलियां देते हुए धमकाया भी। महिला ने थाने पर जाकर घटना की सूचना दी मगर पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की। पीड़िता ने पुलिस अफसरों को भी घटना बताई और लिखित में जानकारी दी मगर उसे न्याय नहीं मिला। तब महिल ने न्यायालय की शरण ली। कोर्ट के आदेश के बाद जलालाबाद पुलिस ने हिमांशु गुप्ता उर्फ प्रिंस पुत्र राम मोहन गुप्ता के खिलाफ रेप और एससी एसटी एक्ट में रिपोर्ट दर्ज की।

## बिजली कर्मचारियों ने उपभोक्ताओं को एक मुश्त योजना की जानकारी दी



*अवधनामा संवाददाता*

**जैदपुर बाराबंकी।** कस्बे में मंगलवार को बिजली कर्मचारियों ने घर-घर जाकर उपभोक्ताओं को उत्तर प्रदेश सरकार की एक मुश्त समाधान योजना (ओटीएस) के बारे में जानकारी दी। इस योजना के तहत उपभोक्ताओं को बकाया बिजली बिल जल्द से जल्द जमा करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। पावर कार्पोरेशन के आधा दर्जन से अधिक कर्मचारियों ने जैदपुर के विभिन्न मोहल्लों, जैसे शाह कटरा, मेंहदीगंज और दमादनपुरवा में जाकर ओटीएस योजना की विस्तार से जानकारी दी। इस मौके पर कर्मचारियों ने उपभोक्ताओं से अपील करते हुये कहा कि इस योजना का लाभ उठाकर अपना बकाया बिल समय पर जमा करें। वकार मेंहदी वसी अहमद, मोहम्मद इरशाद अंसारी समेत अन्य कर्मचारियों ने बताया कि इस योजना के तहत सरकार विशेष छूट दे रही है, जिससे उपभोक्ता अपने बकाया बिल का निपटारा कर सकते हैं। कर्मचारियों ने यह भी कहा कि ओटीएस योजना के तहत बकाया बिलों पर छूट मिल रही है, जो उपभोक्ताओं के लिए एक सुनहरा अवसर है।

## उपचुनाव हेतु बने मतदान केन्द्रो का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

**शाहजहांपुर।** जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने नगर मजिस्ट्रेट प्रवेन्द्र कुमार के साथ नगर निगम के वार्ड नंबर 12 हयातपुरा में उप चुनाव हेतु बनाए गये मतदान केंद्रो का निरीक्षण किया। 17 दिसम्बर को नगर निगम के वार्ड नंबर 12 हयातपुरा में पार्षद पद हेतु व नगर पालिका परिषद जलालाबाद के वार्ड नंबर 13 सरदार नगर में सभासद पद के लिए मतदान हुआ। नगर निगम हयातपुरा में रायविशुन दयाल इंटर कॉलेज, मोहनदास स्कूल व परशुराम संस्कार एवं जलालाबाद में ब्लॉक मतदेय में मतदान हुआ। 19 दिसंबर को उपचुनाव की मतगणना होगी। गुरुवार को पार्षद पद की मतगणना जिला बचत कार्यालय, सरदार नगर सभासद पद की मतगणना कृषि मण्डी उत्पादन समिति जलालाबाद में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के मध्य कराई जाएगी।

## सड़क की मरम्मत की मांग को लेकर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

### विजयपुर - झुंगवा की सड़क है क्षतिग्रस्त, अधिकारी नहीं दे रहे ध्यान



*अवधनामा संवाददाता*


**महराजगंज।** सदर ब्लाक के विजयपुर से झुंगवा जाने वाली सड़क की मरम्मत की मांग को लेकर मंगलवार को दर्जनों ग्रामीण सड़क पर उतर गए और प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन किया। दर्जनों की संख्या में जुटे ग्रामीणों ने जिला प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन किया और सड़क की मरम्मत कराने की मांग किया। ग्रामीणों ने बताया कि विजयपुर - झुंगवा की सड़क कई वर्षों से क्षतिग्रस्त है। सड़क की मरम्मत कराने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने अधिकारियों को शिकायती पत्र भी दिया, लेकिन किसी ने इसे संज्ञान में नहीं लिया। सड़क टूटने से आए दिन हादसे होते रहते हैं। ग्रामीणों ने कहा कि इस सड़क से केवलापुर खुर्द, विजयपुर, जमुनिअहवा, देवान टोला, झुंगवा, परसिया, पोखरहवा, परासखांड, जोगा टोला, तिलहिया, डिहुलिया, पंडितपुर, बड़हरा, शेखपुरवा, नाथनगर, खेदुआभार, बेलभरिया आदि गांवों के लोगों का आवागमन होता है। सड़क पूरी तरह टूट चुकी है। बड़े बड़े गड्ढे होने से राहगीर गिरकर चोटिल हो जाते हैं। कई बार अधिकारियों से इसकी शिकायत भी की गई, लेकिन कोई असर नहीं पड़ रहा है। इस दौरान हरीश आर्य, फुलबदन, सुदामा, सुनील, सोनू मद्धेशिया, शौकत अली, रजीउल्लाह, कमरुद्दीन, मेघनाथ, रवि पासवान, बालकेश वर्मा, शमीम आदि मौजूद रहे।

## आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाने में जनपद का दूसरा स्थान



**महराजगंज।** जनपद में आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाने को लेकर मंगलवार को जिलाधिकारी अनुनय ने कलेक्ट्रेट सभागार में प्रेस वार्ता किया जिसमें उन्होंने 70 वर्ष आयु के ऊपर के बृद्धजनों का आयुष्मान गोल्डेन कार्ड बनाये जाने की प्रक्रिया में 25 नवम्बर से 17 दिसम्बर जनपद में 1029 शिविर का आयोजन कर 20454 आयुष्मान गोल्डेन कार्ड बनाने की जानकारी दी। जिलाधिकारी ने बताया कि अगले 10 दिनों तक 384 गांवों में छूटे हुए लोगों का दूबारा शिविर के माध्यम से आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि पूर्व में पात्रता के आधार पर बने आयुष्मान गोल्डेन कार्ड लगभग 11000 को सम्मिलित करते हुए अब तक चिन्हित/लक्षित लगभग 43500 के सापेक्ष लगभग 31600 आयुष्मान गोल्डेन कार्ड जनपद में बन चुके इस प्रकार लक्ष्य के सापेक्ष 72.65 प्रतिशत उपलब्धि रही जिससे जनपद का प्रदेश में दूसरा स्थान रहा पहले स्थान पर वाराणसी है । इस उपलब्धि पर जिलाधिकारी ने हर्ष व्यक्त करते हुए प्रेस वार्ता में कहा कि आगामी दस दिनों में दुवारा शिविर आयोजित कर 90 प्रतिशत से ऊपर उपलब्धि हासिल कर प्रदेश में जनपद को प्रथम स्थान पर स्थापित करने का प्रयास है ।

## नकली कैस्ट्रोल मोबिल आयल बेंचते दो आरोपी गिरफ्तार



*अवधनामा संवाददाता*

**शाहजहांपुर** कैस्ट्रोल इंडिया लिमिटेड कम्पनी के मैनेजर रवि सिंह निवासी कम्पनी लायर्स नेटवर्क लि. 630 द्वितीय तल लेन न. 3 कोहिनूर इनक्लेव सैदुल्लाजाब थाना साकेत नई दिल्ली ने रामचंद्र मिशन पुलिस को सूचना दी कि आपके क्षेत्र में उनकी कम्पनी के नाम का नकली मोबिल आयल बेंचा जा रहा है सूचना पर प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र गुप्ता ने दरोगा सतेंद्र सिंह व मोदी सिंह एवं कैलाशचंद्र के नेतृव में टीम बनाकर पक्कापुल मोहल्ला ख्वाजा फिरोज में एक दुकान को चैक किया जहां पुलिस ने जय मां आटो पार्ट्स एंड रिपेयरिंग सेंटर पर पांच कार्टून बरामद किए जिसमें एक एक लीटर के 100 डिब्बे नकली मोबिल के मिले जिन्हें पुलिस ने बरामद कर लिया वहीं मौके पर दुकानदार व गोदाम मालिक पुलिस को कोई कागज नहीं दिखा सके, पुलिस ने दुकादर विजेंद्र निवासी पिपरौला थाना कांट व अंकुश निवासी ताहवरगंज थाना रामचंद्र के खिलाफ कापीराइट का मुकदमा दर्ज कर लिया और माल को जब्त कर लिया।

### हाइवे किनारे पटरी पर विशालकाय अजगर मिला वनविभाग टीम ने किया रेस्क्यू

**जैदपुर बाराबंकी।** एनएच 28 किनारे पटरी पर अजगर निकलने से आसपास रहने वालों मे हड़कंप मच गया। आननफानन ग्रामीणों व राहगीरों ने इसकी सूचना वन विभाग के कर्मचारी को दी। सूचना के घंटो बाद पहुंचे वनकर्मी मौके पर पहुँचे गनीमत ये रही कि ठंढ की वजह से धूप मे ही बैठा रहा नहीं तो फिर से जंगल मे वापस जा सकता था। कई बार इस जंगल मे अजगर दिखने से लोगों मे दहशत बनी हुई है। बताते चले की मंगलवार की सुबह करीब 9बजे थाना सफदरगंज क्षेत्र के लखनऊ अयोध्या हाइवे के किनारे विशालकाय अजगर दिखने से हड़कंप मच गया।

# पीसीएस परीक्षा-2024 की तैयारियों को लेकर डीएम की अध्यक्षता में हुई बैठक

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार की उपस्थिति में कलक्ट्रेट सभागार में लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित पीसीएस परीक्षा-2024 की तैयारियों के सम्बन्ध में सेक्टर/स्टैटिक/जोनल मजिस्ट्रेट एवं केन्द्र व्यवस्थापको के साथ बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 ने सभी सम्बन्धित अधिकारियो को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि लोक सेवा आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जाय। आयोग द्वारा प्रतिबन्धित सामग्री कोई भी अभ्यर्थी परीक्षा केन्द्र के अन्दर लेकर न जाने पाये। उन्होंने सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट को अपने-अपने परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण कर सभी आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी परीक्षा केन्द्रों पर पर्यास पुलिस बल की तैनाती की जायेंगी। उन्होंने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को परीक्षा निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शान्तिपूर्ण सम्पन्न कराने के निर्देश दियें। कहा कि सभी परीक्षा केंद्रों पर सी सी टी वी कैमरा को चालू रखे और सिटींग प्लान को बोर्ड पर चस्पा करें। प्रकाश की व्यवस्था होना चाहिए और स्कूल के वाई-फाई को परीक्षा के दिन बंद रखे। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि पार्किंग और मेडिकल सुविधा भी उपलब्ध रहनी चाहिए। जनपद में 09 परीक्षा केन्द्र बनाये गये है जिसमें तिलक इन्टर कालेज, बांसी, रतन सेन इन्टर कालेज, बांसी, बुद्ध विद्यापीठ डिग्री कालेज, नौगढ़, बाबा हरिदास इन्टर कालेज हनुमानगढ़ी, श्री सिहेंश्वरी इन्टर कालेज, तेतरी बाजार, रतन सेन डिग्री कालेज बांसी, बुद्ध विद्यापीठ इन्टर कालेज, बर्डपुर, जवाहर लाल नेहरू स्मा इन्टर कालेज, नौगढ़, किसान इन्टर कालेज उसका बाजार है। परीक्षा दो पालियों में होगी। परीक्षा का समय प्रथम पाली 9:30 बजे से 11:30 बजे तक प्रवेश 8:00 बजे होगा तथा द्वितीय पाली 2:30 बजे से 4:30 बजे तक होगी प्रवेश 1:00 होगा। परीक्षा समय से 45 मिनट पूर्व गेट बन्द हो जायेगा। इस अवसर पर वरिष्ठ कोषाधिकारी रमेन्द्र कुमार मौर्य, अपर जिलाधिकारी (वि/रा) उमाशकर, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी देवेन्द्र कुमार पाण्डेय व अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## विभागाध्यक्ष अपने कार्यालय में ई-फाइलिंग तत्काल कराना सुनिश्चित करें

अवधनामा संवाददाता

**बस्ती।** जिलाधिकारी रवीश गुप्ता की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायत की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुयी। उन्होने सभी विभागों के विभागाध्यक्ष को निर्देशित किया है कि किसी भी दशा में आईजीआरएस पर प्राप्त संदर्भो को डिफाल्टर की श्रेणी में न आने दे, अन्यथा की स्थिति में संबंधित की जिम्मेदारी निर्धारित करते हुए विभागी कार्यवाही की जायेंगी। उन्होने कहा कि विभागाध्यक्ष अपने कार्यालय में ई-फाइलिंग तत्काल कराना सुनिश्चित करें। अभी तक विभागीय आईडी व पासवर्ड न प्राप्त करने वाले विभागाध्यक्ष डीआईओ एनआईसी से सम्पर्क कर शीघ्रतीशीघ्र प्राप्त कर लें। जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी को निर्देशित किया कि सन्दर्भो की मानीटरिंग स्वयं करें, संदिग्ध आख्या लगाये जाने पर संबंधित दोषी अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जायेंगी। किसी भी दशा में अधिकारीगण गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करायें।

# डीएम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ पेंशनर्स दिवस का कार्यक्रम

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी डा राजा गणपति आर की अध्यक्षता एवं वरिष्ठ कोषाधिकारी रमेन्द्र कुमार मौर्य की उपस्थिति में मंगलवार को अम्बेडकर सभागार में पेंशनर्स दिवस का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस दौरान जिलाधिकारी डा राजा गणपति आर ने सभी पेंशनरों को शुभकामना देते हुए कहा कि मेरी ईश्वर से प्रार्थना है कि आप सभी लोग दीर्घायु हो। शत प्रतिशत पेंशन का लाभ प्राप्त करें। किसी भी विभागों से 60 वर्ष की सेवा पूर्ण करने के पश्चात कर्मचारी/शिक्षक सेवा निवृत्त होता है।

सेवानिवृत्त कर्मचारी अपने घर जाने के बाद उसकी परिवार से जिम्मेदारियां बढ़ जाती हैं। आप सभी लोग अपने परिवार को समय देकर सुखमय जीवन व्यतीत करें। जिलाधिकारी द्वारा 90-95 वर्ष की आयु वाले पेशनर्स को अंग वस्त्र एवं फलमाला पहनाकर स्वागत किया गया। वरिष्ठ कोषाधिकारी रमेन्द्र कुमार मौर्य ने कहा कि पेंशनर्स के सभी संगठनों द्वारा अलग अलग मांग की गयी है जो प्रकरण नीतिगत/शासन स्तर के हैं उसका शासन स्तर से ही निस्तारण होगा। जनपद स्तर पर जो कोषागार कार्यालय या जनपद के अन्य कार्यालय में आप सभी पेंशनरों की कोई भी समस्या संज्ञान में लाई जाती है तो उसका निस्तारण त्वरित गति से कराया जायेगा। इसके साथ ही वरिष्ठ कोषाधिकारी रमेन्द्र कुमार मौर्य ने सभी पेंशनरों को शुभकामनायें दी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) उमाशंकर, वित्त एवं लेखाधिकारी बेसिक शिक्षा नीलोत्तम चौबे, अध्यक्ष सिविल पेंशनर्स संघ अवधेश यादव, अध्यक्ष बेसिक शिक्षा क्रान्ति कुमार, अध्यक्ष विद्युत पेशनर्स सीताराम, लेखाकार अरूण मिश्रा, रामचन्द्र यादव, जमुना प्रसाद आर्या, रामचन्द्र गुप्ता, अजीत प्रताप सिंह, मुख्य रोकड़िया जय प्रकाश श्रीवास्तव तथा कोषागार कार्यालय के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## असेसमेन्ट कैम्प का आयोजन, जारी किया दिव्यांग प्रमाणपत्र



**उसका बाज़ार सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** ब्लाक संसाधन केन्द्र उसका बाजार में मंगलवार को असेसमेन्ट कैम्प का आयोजन किया गया। आयोजित मेडिकल कैम्प में मेडिकल टीम द्वारा आवश्यकतानुसार बच्चों को मेडिकल सर्टिफिकेट (दिव्यांग प्रमाणपत्र) जारी किया गया।आर्थोपेडिक बच्चों का 15 सर्टिफिकेट, श्रवण दिव्यांग का 11 एवं दृष्टि दिव्यांग बच्चों का 4 प्रमाणपत्र जारी किया गया। 21 बच्चों को मेडिकल परीक्षण के लिये जिला अस्पताल को रेफर किया गया। मेडिकल टीम में वरिष्ठ आर्थोपेंडिक सर्जन डा. विमल कुमार द्विवेदी, ईएनटी सर्जन डा. संजय कुमार शर्मा, नेत्र सर्जन डा. राकेश कुमार वर्मा, ऑप्टोमेट्रिस्ट धनश्याम चौधरी, स्पेशल एजुकेटर प्रद्युम्न सिंह, राघवेन्द्र प्रताप मिश्र, अखिलेश मिश्र, सुनील कुमार यादव, अजय भारती, अरुण कुमार, राजेश कुमार तिवारी आदि लोग उपस्थित रहे।

## लेखपालों पर हो रही घटनाओं को लेकर सौपा ज्ञापन



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** स्थानीय तहसील मे उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ तहसील शाखा की आवश्यक बैठक तहसील अध्यक्ष रमेश चंद्र श्रीवास्तव की अध्यक्षता मे आहूत की गयी जिसमे जनपद बरेली मे लेखपाल मनीष कश्यप की निर्मम हत्या सहित अन्य लेखपालों के साथ भी आये दिन होने वाली मारपीट, जानलेवा हमले, धमकी की घटनाओं मे पुलिस एवं प्रशासन की संवेदनशीलता के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित किया गया तथा मा0 मुख्यमंत्री जी को सम्बोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी डुमरियागंज को दिया साथ ही सभी लेखपालों द्वारा दिवंगत लेखपाल की आत्मा की शान्ति हेतु शोकसभा भी की गयी। बैठक मे प्रभारी मंत्री देवेन्द्र कुमार राठौर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष गंगोत्री प्रसाद पाण्डेय, कोषाध्यक्ष दिग्विजय चौरसिया, संप्रेक्षक अम्बिका प्रसाद, संगठन मंत्री देवीलाल गिरि, देवेश, अम्बिकेश, माता प्रसाद, संतोष भट्ट, जियालाल, पवन, राहुल, त्रिलोकीनाथ, आशीष सहित अन्य लेखपाल उपस्थित रहे।

## महोत्सव में मीना वाजार व झूला हेतु इच्छुक आवेदन 10 जनवरी तक कर सकते हैं आवेदन

**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** कपिलवस्तु महोत्सव/ सिद्धार्थनगर महोत्सव 2024-25 का आयोजन 29 जनवरी से 2 फरवरी तक होना निश्चित है। इस महोत्सव में मीना वाजार व झूला हेतु इच्छुक वस्तु विक्रेता एवं सेवा दाता आवेदन कर सकते है। आवेदन पत्र निर्धारित शुल्क रू0 100 नकद जमा कर बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी कार्यालय कक्ष संख्या-4 से प्रत्येक कार्य दिवस में 9 दिसम्बर से दिनांक 10 जनवरी तक प्रातः 10 बजे सायं 5 बजे तक प्राप्त एवं जमा किये जा सकते है। झूला हेतु नीलामी की तिथि 13.01.2025 अपराह्न 2:00 बजे नियत की गयी है।उक्त आशय की जानकारी बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दिया है।

## जिला सैनिक बन्धु की बैठक शुक्रवार को

**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 20 दिसम्बर को पूर्वाह्न 2 बजे जिला सैनिक बन्धु की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में किया जाना सुनिश्चित है, जिसमे जनपद के भू0पू0 सैनिकों / दिवंगत सैनिकों की पत्नियो / आश्रितों को अपनी-अपनी समस्याओं के निस्तारण पर चर्चा होगा। बैठक में भूमि विवाद संबन्धी समस्या, पुलिस सुरक्षा संबन्धी समस्या, बैंक से ऋण संबन्धी समस्या,पेंशन संबन्धी समस्या, शिक्षा संबन्धी समस्या, चिकित्सा संबन्धी समस्या व आर्थिक अनुदान संबन्धी समस्याओं पर विचार किया जाएगा। उक्त जानकारी (कैप्टन (आई.एन.) नरेश शर्मा) (आई.एन.) जिला सैनिक कल्याणएवं पुनर्वास अधिकारी ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी है।

## वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ समापन



**अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** डीएवी अकादमी ने 15 से 17 दिसंबर तक अपना वार्षिक खेल महोत्सव सफलतापूर्वक आयोजित किया, जिसमें छात्रों ने उत्साह और खेल भावना का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की शुरुआत मशाल दौड़, गुब्बारे छोड़ने और जुम्बा सत्र से हुई, जिसके बाद स्केटिंग, ताइक्कांडो, मंकी रेस, बटरफ्लाई रेस, 100 मीटर और 600 मीटर दौड़, तथा खो-खो, कबड्डी और वॉलीबॉल जैसे टीम खेलों का आयोजन किया गया। छात्रों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पदक, प्रमाण पत्र और ट्रॉफी प्रदान की गईं, जिससे उनका उत्साहवर्धन हुआ। इस आयोजन में विद्यालय के प्रबंधक श्री आनंद कुमार आर्य, प्रबंध समिति के सदस्य श्री भूपेन्द्र मेहरोत्रा और श्री अमिताभ आर्य, तथा मुख्य अतिथि श्री अतुल कुमार सिंह, श्रीमती रीता प्रकाश मणिकर्णिका, श्री राजन सुमन और श्री प्रवीण गुप्ता ने अपनी उपस्थिति से शोभा बढ़ाई। उन्होंने छात्रों की सराहना की और उनका उत्साहवर्धन किया। यह आयोजन विद्यालय की समग्र शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक बनकर एक बड़ी सफलता साबित हुआ।

## पेंशनर्स दिवस का आयोजन

**बस्ती अवधनामा संवाददाता।** मुख्य विकास अधिकारी जयदेव सी.एस. की अध्यक्षता में पेंशनर्स दिवस का आयोजन राजकीय बालिका इण्टर कालेज सभागार में किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित पेंशनरों को सम्बोधित करते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि पेंशनर्स संगठ्नों द्वारा प्रस्तुत ज्ञापन को उचित माध्यम से शासन को प्रेषित किया जायेंगा तथा जिला स्तरीय समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित विभागों को कार्यवाही हेतु निर्देशित कर त्वारित समाधान कराया जायेंगा। पेंशनर्स दिवस के अवसर पर चिकित्सा शिविर का आयोजन भी किया गया। मुख्य कोषाधिकारी अशोक कुमार प्रजापति ने पेंशनरों से जुड़ी समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की तथा पेंशनर संगठ्नों एवं अलग-अलग विभागों के पेंशनरों द्वारा प्रतिभाग किए जाने पर उनके प्रति धन्यवाद भी ज्ञापित किया। इस अवसर पर सीएमओ डा. आर.एस. दुबें, सीएमएस वी.के. सोनकर, डीडीओ अजय कुमार सिंह, समाज कल्याण अधिकारी श्रीप्रकाश पाण्डेय, जिला सेवायोजन अधिकारी अवधेन्द्र प्रताप वर्मा तथा बेसिक शिक्षा, महाविद्यालय, तकनीकि महाविद्यालय, राजस्व, कृषि, विकास, विद्युत सहित अन्य विभागों के पेंशनर तथा वरिष्ठ पेंशनर राम मनोरथ चौधरी, रामनेवाश, काम्ताप्रसाद शुक्ल, गणेश प्रसाद पाण्डेय, श्रीमती विमला पाल, प्रेम शंकर शुक्ल, रामभुलन सिंह, बृजनारायण लाल, रामहित एवं कोषागार के सुभाष चन्द्र दुबे, श्याम किशोर, आलोक कुमार श्रीवास्तव उपस्थित रहें।

# आदर्श नगर पंचायत भारत भारी के चार वर्ष पूर्ण होने पर किया भगवान शिव का पूजन

अवधनामा संवाददाता



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** आदर्श नगर पंचायत भारत भारी के चार वर्ष पूर्ण होने पर (आमौना पाण्डेय) शिव मंदिर में मंगलवार को भगवान भोलेनाथ का पूजन अर्चन किया गया एवं केक काटकर स्थापना दिवस मनाया गया।

इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि ने कहा कि नगर क्षेत्र का सर्वांगीण विकास के लिए सतत प्रयास करते हुए नगरवासियों की सुविधाओं का ध्यान में रखकर योजना के अनुसार विकास किया जा रहा है। अधिशासी अधिकारी राजन कुमार गुप्ता ने कहा कि नगर पंचायत में लोगों को पर्यास सुविधाओं व विकास के लिए पूरी तन्मयता से कार्य किया जा रहा है। सबको साथ लेकर व बोर्ड में लिए गए निर्णयों के अनुसार विकास कार्य में हम सभी जीजान से जुटे हुए हैं। अधिशासी अधिकारी राजन कुमार गुप्ता एवं अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश वर्मा चंदू चौधरी द्वारा उपस्थित सभी सम्मानित सभासदगणों को अंग वस्त्र एवं बुके देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष प्रतिनिधि रविन्द्र शर्मा, सभासद अरविंद, आकाश पाण्डेय, बलकेश चौधरी, नियाज़ अहमद, सभासद प्रतिनिधि प्रभात रंजन, रंजीत आजाद, मनोज यादव, चंदी यादव, अफज़ल, उदय शंकर श्रीवास्तव, अखिलेश श्रीवास्तव, गिरी बाबा, लिपिक विक्रम कुमार, सी एम फेलो राज कुमार, उदयभान अग्रहरि, सुधांशु अग्रहरि, करुणेश तिवारी, अरविंद पाण्डेय सहित समस्त कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

**सभासदगणों को अंग वस्त्र एवं बुके देकर किया गया सम्मानित**

## दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का सीओ जलालपुर ने किया शुभारम्भ



**जलालपुर अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** नगर के मिर्ज़ा ग़ालिब इंटर कालेज में आयोजित दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ पुलिस क्षेत्राधिकारी अनूप सिंह ने फीता काट कर किया।सी ओ ने कहा कि शिक्षा के साथ खेल भी आवश्यक है। खेल से बच्चों में अनुशासन की सीख मिलती है।प्रतियोगिता में बच्चों ने खो-खो, कबड्डी, कुर्सी दौड़, रस्साकसी, किक्रेट, फर्राटा दौड़ आदि खेलों में बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कक्षा 11 व कक्षा 10 के बच्चों के रस्साकसी हुई। जिसमें कक्षा 11 विजेता व कक्षा 10 की टीम उपविजेता रही। कबड्डी में कक्षा 11 के टीम अव्वल रही। कक्षा 9 की टीम उपविजेता रही। गुलाम, सत्यम विक्की शाहिद फर्राटा दौड़ में आगे रहे। कुर्सी दौड़ में मोफस्सिर अब्बास, ऋषि ने जीत का परचम लहराया। खो खो प्रतियोगिता में मुस्कान व एकता मोर्या की टीम ने जीत दर्ज की। इससे पूर्व प्रधानाचार्य डॉ जीशान हैदर ने बैज अलंकृत कर अतिथियो का स्वागत किया। उक्त अवसर पर सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य त्रिवेदी प्रसाद, सद्दाम, मोहम्मद ओसामा, मोहम्मद आकिब, फूल चंद, एकता सिंह, बाकर जहीर आदि मौजूद रहे।

## प्राथमिक विद्यालय में शिक्षा ग्रहण कर रहे छात्रों ने श्रवणधाम का कराया भ्रमण



**जलालपुर अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** नौनिहालों में शैक्षिक जागरूकता से मस्तिष्क की आईक्यु क्षमता बढ़ाकर कुछ कर दिखाने के जज्बे की दिशा में ब्लॉक के उच्च प्राथमिक स्कूलों में शिक्षा ग्रहण रहे बच्चों की टीम खंड शिक्षा अधिकारी मीनाक्षी सिंह के नेतृत्व में कृषि अनुसंधान केन्द्र भीटी पहुंचीं।64 बच्चों पर आधारित बच्चों की टीम ने जिला मुख्यालय से करीब दस किलोमीटर दूर स्थित मातृ-पितृ भक्ति के प्रतीक श्रावण धाम का भी शैक्षिक भ्रमण किया। भीटी स्थित कृषि अनुसंधान केन्द्र पांती के वैज्ञानिक डॉ रामजीत ने बीज शोधन, वृक्षारोपण एवं नये पौधे के रख-रखाव व नई विधियों के बारे में जानकारी दी। शिक्षकों ने श्रवण धाम की सैर कराकर बच्चों में राष्ट के प्रति कुछ सकारात्मक करने की आस जगाई। शैक्षिक भ्रमण कर रहे शशांक, सलोनी, आर्य, अपेक्षा चतुर्वेदी, अर्चिता, ब्युटी, इश्यू, आकांक्षा, अभिलाषा, तौसीफ रज़ा,गाजी अब्बास,आयुष आदि ने बताया कि शैक्षिक भ्रमण से दिल लगाकर कर पढ़ाई करने एवं देश की धरोहर को संजोकर कर रखने की सीक मिलती है। टीम के साथ राज्य पुरस्कार से सम्मानित श्वेता सिंह, मोहम्मद अलकमा, उमेश यादव, ध्रुवसेन यादव, डॉ स्नेहलता, सूर्यनाथ यादव, सत्यप्रकाश गुप्ता, किरन चौधरी, रविप्रकाश चौधरी आदि लोग मौजूद रहे।

## ट्रक व चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

अवधनामा संवाददाता

**उरई (जालौन)।** मौरंग लदे डंपर की टक्कर से ट्रैक्टर चालक की मौत के मामले में पुलिस ने मृतक के बेटे की तहरीर पर आरोपी ट्रक व उसके चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इटावा जिले के ऊसराहार थाना क्षेत्र के ग्राम पूरनपुर निवासी अखिलेश कुमार (50) ट्रैक्टर लेकर अपने साथी नीतेश निवासी भगवंतपुर इटावा के साथ भाड़ा लेकर उरई आए थे। रात में काम निपटकार वह घर वापस लौट रहे थे। तभी बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे किमी संख्या 195 छिरिया सलेमपुर के पास पहुंचा तो पीछे से आ रहे मौरंग लदे ट्रक ने उनके ट्रैक्टर में टक्कर मार दी। हादसे में ट्रैक्टर चला रहे अखिलेश की मौके पर ही मौत हो गई थी। जबकि उनके साथी नीतेश गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इस मामले में मृतक के बेटे विकास कुमार ने कोतवाली में तहरीर दी। बेटे की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी ट्रक व उसके चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की।

# अंग्रेजी हुकूमत से भिड़ चुकी है कांग्रेस, योगी सरकार की तानाशाही कुछ नहीं : ज्ञानेन्द्र

### ऐसी लकीर खींच रही योगी सरकार कि सत्ता परिवर्तन पर होगी तकलीफ



अवधनामा संवाददाता

**बस्ती।** उ.प्र. सरकार तानाशाही रवैया अपनाकर जनता की आवाज बंद करना चाहती है। लेकिन कांग्रेस पार्टी ने अंग्रेजी हुकूमत को धूल चटाया है, योगी सरकार की तानाशाही उसके आगे कुछ भी नही। यह बातें कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष ज्ञानेन्द्र पाण्डेय ने कही। उन्हे कोतवाली पुलिस ने सोमवार की रात से ही हाउस अरेस्ट कर रखा है। कांग्रेस नेता ने कहा पूरे प्रदेश से पार्टी नेताओं को हाउस अरेस्ट किये जाने की सूचना मिल रही है। केन्द्र व प्रदेश में बैठी भाजपा सरकार आन्दोलनों को कुचलकर लोकतंत्र को खत्म करने पर आमादा है। एक ओर कांग्रेस संविधान को बचाने की खातिर सड़क से सदन तक संघर्ष कर रही है दूसरी ओर सरकार संविधान का गला घोंट रही है। कांग्रेस कार्यकर्ता योगी सरकार के तानाशाही रवैये का माकूल जवाब देंगे। 18 दिसम्बर को विधानसभा को घेरने का कार्यक्रम निश्चित रूप से सफल होगा। सैकड़ों बब्बर शेर कांग्रेसी लखनऊ कूच कर चुके हैं। वे बेरोजगारी, महगाई, महिलाओं पर हो रहे अत्याचार, सुप्रीम कोर्ट की रोक के बावजूद बुलडोजर एक्शन, खाद बीज की किल्लत, हत्या, लूट, भ्रष्टाचार के मुद्दे पर योगी सरकार को जगाकर दम लेंगे। कांग्रेस नेता ने कहा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जो लकीर खींच रहे हैं उस पर आगामी सरकारें चलीं तो फिर वे सदन में फूट फूटकर रोयेगे।

# टांडा पालिका क्षेत्र में निर्माण कार्य में अनियमितता पर ठेकेदार की हुई नोटिस

अवधनामा संवाददाता

**अम्बेडकरनगर।** जनपद के अंतर्गत नगर पालिका परिषद टांडा ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय योजना के बाबत स्वर्जनिक तालाब सौंदर्यीकरण के कार्य को जनहित में कराए जाने के लिए शिव कुमार गुप्ता फर्म के नाम से ठेकेदार मोहित कुमार गुप्ता को लगभग 30 से 32 लाख का कार्य कराए जाने हेतु प्रस्तावित कार्ययोजना आवंटित की थी लेकिन गत एक वर्ष से अधिक समयावधि बीतने के बाद भी आवंटित फार्म ने नहीं किया पूरा सिर्फ तालाब से पानी निकाल कर उच्च अधिकारियों को किया जा रहा गुमराह आप को बता दे कि 2023 नवंबर से दिसंबर के बीच शिव कुमार गुप्ता फर्म के नाम पर ठेकेदार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय योजना के अंतर्गत तालाब के सौंदर्यीकरण निर्माण के उद्देश्यों से कार्य आवंटित किया गया था लेकिन कार्य योजना बनने के बाद आवंटित होते ही भ्रष्टाचार के भेट चढ़ गई। उल्लेखनीय हैं कि नगर पालिका टांडा के अवर अभियंता ने मेसर्स शिवकुमार गुप्ता फर्म के ठेकेदार मोहित कुमार गुप्ता को दिनांक 16 मई 2023 को वार्ड संख्या 4 सिकंदराबाद में जनहित के विकास हेतु आवंटित किए गए टेंडर के बाबत सिकंदराबाद तिराहा सहाबुद्दीन के मकान से चाक घर तक नाली एवं सी.सी सड़क मार्ग निर्माण कार्य 15 वें वित्त राज्य योजना के मद से कार्य आदेश दिनांक 20 जून 2022 में निर्गत किया था जिसका कार्य पूर्ण कराने की समयावधि 20 सितंबर 2022 निर्धारित की थी उपरोक्त कार्य प्रकरण में भी पालिका टांडा ने अपूर्ण कार्य पर असंतोष जताया था इसी के उपरांत वार्ड संख्य 24 मोहल्ला छज्जापुर उत्तरी में ककरही मस्जिद से ऐजूबी के मकान तक नाली व इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य में असंतोष जनक शब्दकोश की लिखित अंतिम नोटिस जारी कर निर्माण कार्य पर असंतोष व्यक्त किया था आप को बता दें कि इस ठेकेदार को तीसरे जनहित अथवा लोकहित में आवंटित किए जाने वाले निर्माण कार्य जो नगर पालिका परिषद टांडा क्षेत्र अंतर्गत मोहल्ला हयातगंज चौक घंटाघर के मरमत एवं सौंदरीकरण का निर्माण कार्य उपरोक्त पंजीकृत फर्म शिव कुमार गुप्ता के ठेकेदार को पालिका के निधि से दिनांक 29 नवंबर 2022 को निर्गत किया था जिस निर्माण कार्य को शर्तों के अधीन दिनांक 29 जनवरी 2023 तक पूर्ण कराने हेतु निर्देश जारी किया गया था उक्त कार्य में भी पंजीकृत फर्म के जिम्मेदार ठेकेदार ने अनियमितता बरतने का कार्य किया जिसमें पालिका के अवर अभियंता ने उक्त कार्य पर भी असंतोष व्यक्त करते हुए अंतिम नोटिस जारी किया था उसके बाद कहानी यहीं नहीं खत्म होती इस मनबढ़ ठेकेदार को चौथा टेंडर सागर हॉस्पिटल से डॉ अब्बास के क्लिनिक तक हॉट मिक्स प्लांट तक पिच रोड़ के निर्माण कार्य का प्रस्तावित कार्ययोजना पंडित दीनदयाल उपाध्याय योजना के अधीन टेंडर दिया था जो उक्त पंजीकृत फर्म को दिनांक 03 अगस्त 2022 को निर्गत किया गया था और उक्त निर्माण कार्य को 02 दिसंबर 2022 तक पूर्ण कराने का निर्देश दिया था लेकिन इस कार्य में भी पंजीकृत फर्म के जिम्मेदार ठेकेदार ने अनियमितता बरतने का कार्य किया इस पर भी पालिका के अवर अभियंता ने पंजीकृत फर्म के ठेकेदार को अंतिम नोटिस दिया। पांचवां कार्य 15 वें वित्त योजना के अंतर्गत ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय मिरानपुरा (बालक) में विद्यालय की कक्षा का मरम्मत, फर्श, टाइल्स, शौचालय, यूरिनल व किचन मरम्मत के निर्माण कार्य का जिम्मा दिनांक 29 नवंबर 2022 को सौंपा जिसे पूर्ण कराने हेतु समयावधि 31 जनवरी 2023 तक पूर्ण कराने का आदेश दिया गया था।

## पुण्यतिथि पर याद किये गये कांग्रेसी नेता स्व. राममिलन चतुर्वेदी



**बस्ती अवधनामा संवाददाता।** वरिष्ठ कांग्रेसी एवं पूर्व जिलाध्यक्ष स्व. राममिलन चतुर्वेदी को उनकी पुण्यतिथि पर कांग्रेस पार्टी कार्यालय पर लोगों ने श्रद्धांजलि दी और उनके योगदान पर चर्चा किया। स्व. चतुर्वेदी के सुपुत्र राहुल चतुर्वेदी ने कहा कि पिताजी का समूचा जीवन कांग्रेस पार्टी को समर्पित रहा। ऐसे अनेक अवसर आये जब दूसरे विचारधारा के साथ जाने का दबाव बना, लेकिन वे कहा करते थे कि जीते जी कांग्रेसी विचाराधारा के अलावा दूसरे को समर्थन नही देंगे और मरने के बाद भी पार्टी के ही झण्डे मे लिपटकर जायेंगे। उनके जीवन से हम लोगों ने बहुत कुछ सीखा है। लालजीत पहलवान, रामभवन शुक्ल एवं देवानंद पाण्डेय ने स्व. चतुर्वेदी को याद करते हुये उनके योगदान का सराहा और कहा बिरले ही मिलते हैं जिसके भीतर विचारधारा के साथ अडिग रहने का साहस होता है। अवधेश सिंह एवं गिरजेश पाल ने कहा कि स्व. चतुर्वेदी समझौतावादी नही थे। जो निर्णय ले लेते थे उसके परिणामों से डरते नही थे और पूरी ताकत से उस पर कायम रहते थे। पार्टी के प्रति उनकी निष्ठा दूसरों के लिये सबक है। इस अवसर पर राहुल चतुर्वेदी ने दिनेश पाल, बृजेश आर्या, रामभवन शुक्ल, देवानंद पाण्डेय आदि को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सुधीर यादव, अतीउल्लह सिद्धीकी, दीनदयाल तिवारी, विमला विश्वकर्मा, मंजू पाण्डेय, जगदीश, जेपी चौबे, मनीष चौधरी, अतुल श्रीवास्तव, दीपनरायन उपाध्याय, रजनीश अग्रहरि, मोहित चौधरी, संकेत कुमार आदि मौजूद रहे।

## बादल बाल बाल बचे

जब शिरोमरिण आकाली दल के नेता व पूर्व मुख्यमंत्री एक धार्मिक पश्चाताप लिये आकालतख्त के निर्देशानुसार सेवादार की भूमिका निबाह रहे थे। पुलिस के एएसआई के मुस्तैदी से बाल बाल बच गये। स्वर्ण मन्दिर में जिस तरह से यह हमला हुआ जाहिर होता है खालिस्तान अलगाववाद फिर पनप रहा है। नब्बे का दशक मध्य आते आते खालिस्तानी उग्रवाद पर काफी हद तक काबू पा लिया गया था। उसके बाद के पैदा हुये बच्चों को इसका कोई ज्ञान नहीं है। जिसका फायदा उठा उग्रवादी उस समय के लोग उग्रवादियों की वजह से किस किस तरह की परेशानियां उठाये है उस पीढ़ी को इसका लेशमात्र भी ज्ञान नही है। इसी का फायदा उठा उग्रवादी आज के नौजवानो और बच्चों को मीडिया के सहारे झूठी बाते बता कर बर्गलने में लगे हुये है। दोबारा उग्रवाद सर उठाने लगा है। धर्म के नाम पर उग्रवादी धर्म की धज्जियां किस प्रकार उड़ा रहे है यह घटना इसका सबूत है। पुलिस जांच इस बात को बतायेगी कि किस भावनाओं से प्रेरित हो हमला किया है या कोई समायोजित साजिश को अन्जाम दिया है। हमलावर अलगाववादी गतिविधियों में पहले से ही लिप्त रहा है। वह पाकिस्तान जा चुका है कई मामलों में गिरफ्तार भी हो चुका है। हाल के सालो में खालिस्तान समर्थक गतिविधियों में भी शामिल रहा है।

आनलाइन आजकल मनगढ़न्त बाते फैलाने का दौर चल निकला है हर क्षेत्र में यह क्षेत्र अछूता कैसे रहता जबकि उसे इस बात की सख्त जरूरत है। इससे घटनाओं को अन्जाम देने में भारी सहायता मिलती है।

आनलाइन चलाये जा रहे अभियान के जरिये झूठ का सहारा लेकर भारत विरोधी तत्वों की मदद से पैसो और हथियारों की प्राप्ती बड़े पैमाने पर लगातार की जा रही रहे घटनाओं के जरिये सिख समुदाय में छोटे छोटे समूह में खालिस्तान समर्थक भावानायें सर उठा रही है जिससे उग्रवादी कार्यवाई भी हो जाती है। यह सिख ही नहीं पूरे समुदाय या यों कहें पूरे भारत के लिये खतरनाक होती जा रही है। हादसा बनकर छाने लगेगा। शुरू से ही इसे दबा देना बेहतर होगा। नौजवानों के लिये सार्थक भूमिका तलाशनी होगी, उन्हें रोजी रोटी के साथ साथ सर्जनात्मक गतिविधियो में भी लिप्त कराना होगा। यह काम देश के नेताओं और संगठनों को कराना होगा।

हम लोगों को इकबाल के नज्म की भावनायें माननी होगी सारे जहां से अच्छा हिन्दोस्तां हमारा, हम बुलबुले है इसकी यह गुलिस्तां हमारा। अपने निकटतम दो पड़ोसी देशों से सावधान हो उनकी गतिविधियां का काट उपस्थित करते रहना होगा जो भारत में इस तरह की भावनायें और अशान्ती फैलाने में हमेशा तत्पर रहते है। उनमें एक तो फेल स्टेट है जो नीचे ही गिरता जा रहा है। दूसरा तानाशाही के बल पर आपने यहां लोगो को दबाये रखने में लगा हुआ है क्योकि आम जनता बेकारी को लेकर परेशान है। ये लोग अपने जनता का ध्यान बटाने के लिये दूसरे देशो में गलत गतिविधियां चलाये जाने में दिलचस्पी लेते रहते है। फन्डिग भी करते है उग्रवादी भी भेजने है। इन लोगो की गतिविधियों को नजरन्दाज करना मुसीबतों को न्यौता देना होगा।

## बिना डाक्टर की सलाह के ना लें स्वंय दवा

सुमन को सिर में दर्द महसूस हो रहा है। तो सुमन ने सोचा पेनकिलर ले लिया जाए। वही गैस की परेशानी दूर करने के लिए एसिडिटी की दवा ले ली। वो भी डॉक्टर की सलाह के बिना ले ली। देखा जाए तो उसे इन दवाइयों से फौरन आराम तो मिल गया। लेकिन सिर्फ कुछ समय के लिए। बिना डॉक्टर से पूछे दवाइयों का सेवन सेहत को नुकसान भी पहुंचाता है। सिर दर्द हो या बदन दर्द। बस एक पेनकिलर यह किसी दवा कंपनी के विज्ञापन का हिस्सा हो सकता है। पर असल जिंदगी में बिना सोचे इस तरह की दवाइयों का इस्तेमाल सुरक्षित नहीं होती है। चाहे बात विटामिन्स की गोलियां लेने की हो या पेनकिलर और एंटी-बायोटिक दवाओं के इस्तेमाल की। हम बिना पूछें इन दवाइयों का सेवन आराम से करते रहते हैं। कभी केमिस्ट से पूछकर। तो कभी अपनों की सलाह पर। आजकल तो फूड सप्लीमेंट के तौर पर पिल्स का फैशन चल पड़ा है। जबकि आए दिन दवाइयों के साइड इफेक्ट्स की खबरें आती रहतीं हैं। इसके बावजूद लोगों में जागरूकता नहीं है। दूर-दराज के इलाकों में तो यह समस्या और भी गंभीर है।


विनीता झा

वहां लोग दुकानदार से पूछकर दवाइयां ले लेते हैं। लेकिन हम यह भूल जाते हैं कि हर किसी की बॉडी की जरूरत अलग होती है और शरीर में गोलियों के माध्यम से पहुंचने वाले तत्व संतुलित मात्रा में ही फायदा करते हैं। ऐसे में बिना जांच करवाए या डॉक्टर की राय लिए विटामिन्स या अन्य गोलियों का सेवन किसी और समस्या को भी जन्म दे सकता है। इसलिए जरूरी है कि कोई भी दवा लेने से पहले डॉक्टर से अवश्य सलाह लें ले स्वंय डाक्टर बनने की कोशिश ना करें।

**यह हो सकते हैं नुकसान :** जरूरत से ज्यादा लेने पर पेनकिलर्स घातक हो सकती हैं। कहा जाता है कि एक साल तक पेनकिलर्स को रोज इस्तेमाल किया जाए। तो ये बेहद नुकसानदायक हो सकती हैं।

एक अनुमान के मुताबिक जिंदगी में एक हजार से ज्यादा पेनकिलर्स खाने से किडनी खराब हो सकती है। अगर आपको सौ साल जीना है। तो साल में 10 गोली से ज्यादा कभी न लें। पेनकिलर्स लगातार लेते रहने से किडनी और लिवर में जहर बन सकता है। पेट में ब्लीडिंग भी हो सकती है। उबकाई आना। सुस्ती। मुंह सूखना। अचानक ब्लड प्रेशर कम होना और कब्ज जैसी शिकायतें भी हो सकती हैं।

**सावधानियां बरतें :** जब तक हो सके। दर्द सहन कर लें। पेनकिलर का इस्तेमाल मजबूरी में ही करें। पेनकिलर लेने की वजह से अगर पेट दर्द होता है। तो सबसे पहले उस पेनकिलर का इस्तेमाल बंद कर दें। एक एंटैसिड (डाइजीन, जिनटैक आदि) लें और डॉक्टर से सलाह लें। कोई भी पेनकिलर बेस्ट नहीं है। सिर्फ किसी का असर कम साइड इफेक्ट के साथ ज्यादा हो सकता है।

दिल बीपी डायबीटीज और किडनी के मरीजों को बिना डॉक्टर की सलाह के कोई पेनकिलर नहीं लेना चाहिए। खाली पेट बिल्कुल न लें। कई तरह के पेनकिलर्स को खाली पेट लेने से किडनी, लिवर

**पराई दीवारो में झांकना आसां है बहुत,**

**गुमान हो गर जमीर में झांक कर देख,**
**मजलूम की जिन्दगी में झांक कर देख।**

**पराई दीवारो में झांकना आसां है बहुत,**
**कभीअपनी गिरेंबा में झांक कर देख।**

**पराई चादरों में सुराख़ करना आसां बहुत,**
**कभी फटी पैबन्द अपनी टांक कर देख।**

**खुश है नुक्स पर पराई मीनारों के,**
**बारिश में अपनी छत ढांक कर देख।**

**भ्रम है तुझे जिंदगी रंगीन है बहुत,**
**मुफलिसी में जरा झांक कर देख,**

**पराई दौलत से किसका भला हुआ,**
**फकीरी का तजुर्बा फांक कर देख,**

**बेईमीनी चार दिन की चाँदनी यहां**
**जरा एक जोत पवित्र जला कर देख,**

**जलते घरो से हाथ सेंकना हैं आसां,**
**तिनका खुद का जरा जलाकर देख,**

**खुशी अभी रूठी नहीं है तुझसे संजीव,**
**मुस्कुराहट में मासूम की झांक कर देख,**
**-संजीव ठाकुर**

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़्वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन
स्थानीय संपादक
मोहम्मद आलम रिज़्वी
RNI No UPHIN/2010/31173
टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716
avadhnamahindi@gmail.com,

**भारत 'लोकतंत्र की जननी' कहलाता है, यहां के लोकतंत्र को खुबसूरती प्रदान करने के लिये भारत का संविधान सभी नागरिकों को समान अधिकार प्रदान करता है और भाषाई, जातीय, सांस्कृतिक और धार्मिक अल्पसंख्यकों के अधिकारों की सुरक्षा के लिए कई उपक्रम एवं प्रयोग करता है। सरकार उन लोगों का गंभीरता एवं समानता से ख्याल रखती है जो अनुसूचित जनजाति और अनुसूचित जाति के लोगों सहित उनकी जाति, संस्कृति और समुदाय के बावजूद आर्थिक या सामाजिक रूप से वंचित लोग हैं।**

# अल्पसंख्यक के नाम पर राजनीति ज्यादा खतरनाक

अल्पसंख्यक अधिकार दिवस पहली बार 18 दिसंबर 1992 को संयुक्त राष्ट्र द्वारा अल्पसंख्यक समुदायों के अधिकारों की रक्षा, राष्ट्र निर्माण में योगदान के रूप में चिन्हित कर अल्पसंख्यकों के क्षेत्र विशेष में ही उनकी भाषा, जाति, धर्म, संस्कृति, परंपरा आदि की सुरक्षा को सुनिश्चित करने एवं समाज को जागृत करने हेतु मनाया जाता है। इस साल थीम 'विविधता और समावेश का जश्न मनाना' है। इसका उद्देश्य भारत के अल्पसंख्यकों की समावेशिता और विविधता को बढ़ावा देना है। यह थीम इस बात पर ज़ोर देती है कि अल्पसंख्यक के अधिकार सिर्फ़ आकांक्षाएं नहीं हैं, बल्कि बेहतर भविष्य के लिए लोगों और समुदायों को सशक्त बनाने का एक व्यावहारिक तरीका भी हैं। संयुक्त राष्ट्र ने अल्पसंख्यकों की परिभाषा दी है कि ऐसा समुदाय जिसका सामाजिक, आर्थिक तथा राजनीतिक रूप से कोई प्रभाव न हो और जिसकी आबादी नगण्य हो, उसे अल्पसंख्यक कहा जाएगा। भारत में, इस दिन राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग (एनसीएम) द्वारा राष्ट्रीय अल्पसंख्यक अधिकार दिवस व्यापक स्तर पर मनाया जाता है। यह दिवस राष्ट्रीय या जातीय, धार्मिक और भाषाई अल्पसंख्यकों से संबंधित व्यक्तियों के अधिकारों की घोषणा को जीवंतता प्रदान करने का दिवस है। भारत में केंद्र सरकार अल्पसंख्यकों के गैर-भेदभाव और समानता के अधिकारों की गारंटी के प्रयास सुनिश्चित करने के लिये प्रतिबद्ध है। इस दिन, देश के अल्पसंख्यक समुदायों के सामने आने वाली चुनौतियों और मुद्दों पर ध्यान खींचा जाता है। लोग धार्मिक, सांस्कृतिक, भाषाई और जातीय अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा करने की बात करते हैं।


ललित गर्ग



भारत 'लोकतंत्र की जननी' कहलाता है, यहां के लोकतंत्र को खुबसूरती प्रदान करने के लिये भारत का संविधान सभी नागरिकों को समान अधिकार प्रदान करता है और भाषाई, जातीय, सांस्कृतिक और धार्मिक अल्पसंख्यकों के अधिकारों की सुरक्षा के लिए कई उपक्रम एवं प्रयोग करता है। सरकार उन लोगों का गंभीरता एवं समानता से ख्याल रखती है जो अनुसूचित जनजाति और अनुसूचित जाति के लोगों सहित उनकी जाति, संस्कृति और समुदाय के बावजूद आर्थिक या सामाजिक रूप से वंचित लोग हैं। इसमें कोई संदेह नहीं है कि प्रत्येक राष्ट्र में अलग-अलग जातीय, भाषाई और धार्मिक अल्पसंख्यक समूह होते हैं। भारत में अनेक अल्पसंख्यक समुदाय है। आंध्र प्रदेश, असम, बिहार, छत्तीसगढ़, दिल्ली, झारखंड, कर्नाटक, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, मणिपुर, राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल जैसे विभिन्न राज्यों ने अपने-अपने राज्यों में राज्य अल्पसंख्यक आयोग की स्थापना की, जो संविधान और संसद और राज्य विधानमंडलों द्वारा अधिनियमित कानूनों में दिए गए अल्पसंख्यकों के हितों की रक्षा और संरक्षण करते हैं। अल्पसंख्यक अधिकार दिवस अल्पसंख्यकों के खिलाफ सभी प्रकार के भेदभाव को खत्म करने के मकसद से मनाया जाता है। हालांकि, कानूनी रूप से भारत के संविधान में अल्पसंख्यक की कोई स्पष्ट परिभाषा नहीं है लेकिन अल्पसंख्यकों के हितों की रक्षा के लिए संविधान के कई प्रावधान अनुच्छेद 29, 30 आदि हैं। अल्पसंख्यक शब्द अल्प और संख्यक दो शब्दों से बना है। जिसका मतलब दूसरों की तुलना में कम संख्या होना है। भारत में अल्पसंख्यकों में मुस्लिम, ईसाई, सिख, बौद्ध, जैन और पारसी शामिल हैं। जरूरत है कि अल्पसंख्यकों को नहीं बांटें और सत्य को नहीं ढकें। लोकतंत्र भारत की आत्मा है और उसकी रगों में लोकतंत्र रचा-बसा है। यहां सभी को समानता से जीने का अधिकार है, जाति, पंथ एवं धर्म के आधार पर किसी के साथ भेदभाव का कोई सवाल ही नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों के कल्याण एवं अधिकारों पर बल दिया है तभी उनकी सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास के सिद्धांत पर चलती है। अल्पसंख्यकों के साथ भेदभाव के आरोप पर मोदी ने कहा कि भारत के लोकतांत्रिक मूल्यों में धर्म, जाति, उम्र या भू-भाग के आधार पर कोई भेदभाव नहीं है। हमारी सरकार लोकतंत्र के मूल्यों के आधार पर बने संविधान के आधार पर चलती है तो पक्षपात का कोई सवाल ही नहीं उठता है। 'सबका' शब्द में सभी अल्पसंख्यक वर्ग को सम्मिलित करने का भाव है, मोदी सरकार ने अपने नए नारे के साथ ये एहसास दिलाने का प्रयास किया है कि अल्पसंख्यक समुदाय का भी विश्वास अर्जित करने के भरपूर प्रयास किए जा रहे हैं। तीन तलाक के विरुद्ध कानून लाकर अल्पसंख्यक समुदाय की महिलाओं को बहुसंख्यक समाज के महिला के बराबर बताने की कोशिश ऐसा ही प्रयास है। भारत की माटी ने 'वसुधैव कुटुम्बकम' का उद्घोष करके सभी प्राणियों के सुखी एवं समृद्ध होने की कामना की है। यहां अल्पसंख्यकों के साथ इसी उद्घोष की भांति उदात्तता बरती जाती है। महात्मा गांधी ने कहा भी है कि किसी राष्ट्र की महानता इस बात से मापी जाती है कि वह अपने सबसे कमजोर नागरिकों के साथ कैसा व्यवहार करता है।' इस दृष्टि से आजादी के बाद की सभी सरकारों ने अल्पसंख्यकों के साथ उदात्त एवं कल्याणकारी दृष्टिकोण अपनाया है। लेकिन कुछ राजनीतिक दलों ने अपने स्वार्थों के लिये अल्पसंख्यकों को गुमराह किया है, साम्प्रदायिक उन्माद पैदा किया है। जिससे भारत के लोकतंत्र पर लाल और काले धब्बे लगते गये हैं। इन्हीं संकीर्ण एवं साम्प्रदायिकता की राजनीति करने वाले दलों ने अल्पसंख्यकों के कल्याण की बजाय उनको वोट बैंक मानकर उनके वास्तविक अधिकारों की अनदेखी की है। ऐसे राजनेताओं ने अल्पसंख्यकों का जीवन खतरे में है, कहकर उन्हें उकसाया है, राष्ट्र की मूलधारा से अलग-थलग करने की कोशिश की है, लेकिन मोदी सरकार ने अल्पसंख्यकों के कल्याण की अनेक बहुआयामी योजनाओं एवं नीतियों को लागू कर इन तथाकथित नेताओं की जुबान पर ताला लगा दिया है। सच कहा जाये तो देश में अल्पसंख्यक खतरे में नहीं हैं, अल्पसंख्यकों के नाम पर राजनीति करने वाले खतरे में हैं।

भारत विविध संस्कृतियों और समुदायों का देश है, यही इसका सौन्दर्य है। एक या अधिक अल्पसंख्यकों के खिलाफ भेदभाव और जबरन आत्मसात करने से समृद्ध और ऐतिहासिक संस्कृतियों, भाषाओं और धर्मों का नुकसान हो सकता है जिन्होंने सदियों से भारत में अपनी विरासत संभाली है। विशिष्ट भारतीय समुदायों की सांस्कृतिक रूप से विविध पहचान को केवल अल्पसंख्यकों के हितों की सुरक्षा सुनिश्चित करके ही बरकरार रखा जा सकता है।

# इस्लाम में जाति व्यवस्था की व्यापकता : दलित मुसलमानों का परिप्रेक्ष्य

प्रो. बंदिनी कुमारी

**भारतीय समाज की इस अनन्य विशेषता ने यहाँ के मूल निवासी समुदायों के साथ-साथ बाहर से आए सांस्कृतिक धार्मिक समुदायों के समाजों को भी पर्याप्त मात्र में प्रभावित किया है । परसंस्कृतिग्रहण की प्रक्रि में एक दूसरे के प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष संपर्क में आने वाली दोनों संस्कृतियाँ एक दूसरे को प्रभावित करती है। जैसा की हम जानते है इस्लाम का आगमन भारतीय इतिहास का एक महत्वपूर्ण चरण है। इस्लाम का भारतीय उपमहाद्वीप में आगमन एक लंबी प्रक्रिया का परिणाम था, जो मुख्यतः व्यापार, सांस्कृतिक आदान-प्रदान, सूफ़ी संतों के प्रभाव और अंततः तुर्क-अफ़गान आक्रमणों से जुड़ा हुआ।**

जाति-व्यवस्था भारतीय समाज का अनावृत्त यथार्थ है। भारतीय हिंदू समाज की सामाजिक संरचना का वर्ण और जाति व्यवस्था के बगैर विश्लेषण करना अधूरा है। ध्यातव्य है कि अलग-अलग आधारों पर समाज का ऊर्ध्वाधर विभाजन लगभग हर समाजों में सार्वभौमिक और सर्वकालिक है। विश्व के प्रत्येक समाज में सामाजिक स्तरीकरण का अभिव्यक्तिकरण दिखायी पड़ता है। परंपरागत पश्चिमी समाज या मध्यकालीन पश्चिमी समाज कुलीन पादरी और सामान्यजनों में विभक्त समाज था वहीं आधुनिक पश्चिमी सभ्यता/समाज वर्गीय और प्रजातीय आधार पर स्तरीकृत है। स्तरीकरण की यह प्रक्रिया समाज विशेष में विभिन्न स्तरों के मध्य जीवन अवसरों और उनकी संसाधनों तक पहुँच की निर्धारित मात्रा को सुनिश्चित करती है। जब भारतीय समाज के विशेष संदर्भ में बात करें तो हम पाते है कि प्राचीन भारत में वर्ण व्यवस्था के आधार पर सामाजिक संरचना संचालित होती थी कालांतर में विभिन्न कारणों के सम्मिलित परिणाम स्वरूप वर्ण व्यवस्था जाति-व्यवस्था में तब्दील हो गयी। जाति व्यवस्था पूरी तरह से संस्तरण पर आधारित व्यवस्था है जिसमे पूरी सामाजिक संरचना को उच्च और निम्न कोटियों में विभाजित कर दिया गया और इस स्तरीकृत व्यवस्था में जैसे जैसे ऊपर की तरफ़ बढ़ते है विशाधिकारों में वृद्धि होती जाती है अर्थात् उच्च जातियों को विशेषाधिकार प्राप्त होता है। और जैसे जैसे अधोमुखी गमन करते है तो इन निम्न स्तरीय स्थानों पर विराजमान जातियों अर्थात् निम्न व दलित जातियों के ऊपर विभिन्न प्रकार के नागरिक और धार्मिक निर्योग्यताओं को आरोपित किया गया है। परंपरागत भारतीय ग्रामीण समाज में व्यक्ति और समुदाय के सामाजिक-आर्थिक और राजनीतिक लोकेशन को जाति व्यवस्था ही निर्धारित करती रही है।



भारतीय समाज की इस अनन्य विशेषता ने यहाँ के मूल निवासी समुदायों के साथ-साथ बाहर से आए सांस्कृतिक धार्मिक समुदायों के समाजों को भी पर्याप्त मात्र में प्रभावित किया है । परसंस्कृतिग्रहण की प्रक्रि में एक दूसरे के प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष संपर्क में आने वाली दोनों संस्कृतियाँ एक दूसरे को प्रभावित करती है। जैसा की हम जानते है इस्लाम का आगमन भारतीय इतिहास का एक महत्वपूर्ण चरण है। इस्लाम का भारतीय उपमहाद्वीप में आगमन एक लंबी प्रक्रिया का परिणाम था, जो मुख्यतः व्यापार, सांस्कृतिक आदान-प्रदान, सूफ़ी संतों के प्रभाव और अंततः तुर्क-अफगान आक्रमणों से जुड़ा हुआ। इस्लाम जाति, रंग, भाषा, लिंग या वर्ग के आधार पर किसी भी प्रकार के भेदभाव को अस्वीकार करता है। इस्लामी समाज वर्ग विहीन व्यवस्था को स्वीकार करता है। हदीस के अनुसार, अरब को गैर-अरब पर और गोरे को काले पर कोई श्रेष्ठता नहीं है, सिवाय उनकी धार्मिकता (तक़वा) के। इस्लाम में श्रेष्ठता केवल ईश्वर-भक्ति और नेक कर्मों के आधार पर मानी जाती है। उपर्युक्त कथन के आलोक में जब हम भारतीय मुस्लिम समुदाय का अवलोकन करते है तो हम पाते है कि भाईचारे और समानता पर धार्मिक व सैद्धांतिक आग्रह के बावजूद, भारतीय मुस्लिम समुदाय उपमहाद्वीप के व्यापक सामाजिक-सांस्कृतिक पदानुक्रमों को दर्शाता है, जो बहुसंख्यक हिंदू समाज के जाति व्यवस्था से सदृश्यता कायम रखता है और सामाजिक-आर्थिक और राजनीतिक वास्तविकताओं को निर्धारित करना जारी रखता है। भारतीय मुसलमानों के बीच जाति व्यवस्था, हालांकि इस्लामी सिद्धांतों द्वारा स्वीकृत नहीं है, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक कारकों में गहराई से निहित है। भारतीय आबादी के बड़े हिस्से का इस्लाम में धर्मातरण जाति-आधारित समाज के ढांचे के भीतर हुआ। नतीजतन, पहले से मौजूद सामाजिक पदानुक्रम इस्लामी सामाजिक व्यवस्था में समाहित हो गए, जिससे एक जटिल स्तरीकरण बना जो आज भी कायम है। मोटे तौर पर, भारतीय मुसलमानों को तीन स्तरों में वर्गीकृत किया जाता है : अशरफ, अजलाफ और अरज़ल। अशरफ, जिन्हें कुलीन माना जाता है, अपने वंश को विदेशी मूल-अरब, मुगल या अफगानों से जोड़ते हैं और अक्सर ज़मींदारों, धार्मिक नेताओं और राजनीतिक हस्तियों के रूप में सत्ता के पदों पर रहते हैं। अजलाफ मुख्य रूप से मध्यम और निचली जातियों से स्थानीय धर्मातरित लोगों से बने हैं. जो पारंपरिक रूप से कारीगर व्यावसायिक श्रम में लगे हुए है। सबसे निचले पायदान पर अरजल है. जी हिंदू समाज में दलितों के बराबर है जिन्हें मैला ढोने और झाड़ू लगाने जैसे व्यवसायों में लगाया जाता है। यह स्तरीकरण केवल प्रतीकात्मक नहीं है यह मूर्त सामाजिक आर्थिक और सांस्कृतिक असमानताओं में प्रकट होता है। उदाहरण के लिए, अरजल को अक्सर मस्जिदों से बाहर रखा जाता है, उन्हें कब्रिस्तानों में जाने से मना किया जाता है और सामुदायिक स्थानों में अलग-थलग कर दिया जाता है, जो उम्माह या सार्वभौमिक भाईचारे के इस्लामी सिद्धांत का कड़ा विरोध करता है। मुसलमानों के बीच जाति आधारित स्तरीकरण का आर्थिक और सामाजिक गतिशीलता पर गहरा प्रभाव पड़ता है। संसाधनों, शिक्षा और अवसरों तक पहुँच की कमी के कारण अजलाफ और अरजाल गरीबी और हाशिए के दुष्चक्र में कैसे हुए हैं। उदाहरण के लिए कई निचली जाति के मुसलमान कलंकित, कम वेतन वाली नौकरियाँ करना जारी रखते हैं जो उनकी सामाजिक-आर्थिक हीनता को और मजबूत करती हैं। उनकी आर्थिक कमजोरी शिक्षा से वंचित होने के कारण और भी बढ़ जाती है. जो अंतर पीढ़ीगत असमानताओं को और भी गहरा करती है। सच्चर समिति की रिपोर्ट ने मुस्लिम पिछड़ेपन की सीमा को उजागर किया, जिसमें खुलासा किया गया कि भारतीय मुसलमान शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और रोज़गार तक पहुँच के मामले में सबसे वंचित समुदायों में से हैं। हालाँकि, रिपोर्ट ने समुदाय के भीतर आंतरिक स्तरीकरण को भी उजागर किया, जिसमें दिखाया गया कि निचली जाति के मुसलमान अपने उच्च जाति के समकक्षों की तुलना में काफी बदतर स्थिति में हैं। इन निष्कर्षों के बावजूद, मुस्लिम समुदाय के भीतर जाति-संबंधी असमानताओं को अक्सर नीतिगत चर्चाओं में अनदेखा कर दिया जाता है, जिससे उनकी अदृश्यता बनी रहती है। भारतीय मुसलमानों को एक अखंड, समरूप समुदाय के रूप में देखने की धारणा अक्सर समुदाय के भीतर समृद्ध विविधता और गहरी असमानताओं को अतिरंजित कर देती है। भारत राष्ट्र के 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को साकार और मूर्त रूप देने के लिए आवश्यक है कि हर वर्ग और समुदाय के हाशिए के समूह को मुख्यधारा में शामिल किया जाय और उनके उत्थान के मार्फत राष्ट्र निर्माण के लक्ष्य को हासिल किया जाय। इसलिए यह समय की माँग है कि दलित-पसमंदा मुसलमानों को सकारात्मक कार्यवाही के दायरे में शामिल किया जाय। मंडल आयोग (1980) ने कुछ मुस्लिम समुदायों को अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के रूप में मान्यता दी।

# मानवता समानता का संदेश देने वाले संत गुरु घासीदास

**बाबाजी बचपन से ही साधू प्रकृति के थे। वे साधु संतों के बीच में ही संगत करने का अवसर खोजते रहते। वे जब विवाह योग्य हुये तो इनके पिता ने इनका विवाह सारंगढ़ के पास ग्राम सिरपुर के निवासी अंजोरीदास की पुत्री, सफुरा के साथ तय किया। पश्चात निश्चित तिथि को इनका विवाह, बड़े धूमधाम से सम्पन्न हो गया। बाद में इसी सफुरा को श्रद्धालुजन सफुरा माता के नाम से आदरसूचक संबोधन से पुकारना शुरू कर दिया था। बाबा जी अब अपने गृहस्थ कार्यों में भी ध्यान देने लगे। इसी कार्य को संपन्न करने हेतु पिता द्वारा वे अपने खेत भेजे गये। जहां फसल उगाने के लिये खेत की जुताई करनी थी। तब कहते हैं गुरूघासीदास ने वहां हल की मूठ पकड़े बिना ही सारा खेत जोत दिया था।**

छत्तीसगढ़ के संतो में बाबा गुरु घासीदास का नाम सबसे प्रथमतः आता है। इस धरती ने अपने गर्भ से अनेक रत्नों को जन्म दिया है, जिनमें बाबा घासीदास महारत्नों में से एक है। बाबा घासीदास का जन्म बलौदा बाजार भाटापारा जिले के एक छोटे से ग्राम गिरौधपुरी में18 दिसंबर 1756 को हुआ था। बाबा जी सतनामी समाज के प्रणेता बन कर उभरे, इसीलिये गिरौधपुरी में प्रतिवर्ष मार्च में तीन दिनों का मेला लगता है, जो बाबाजी की याद एवं उनके आदर्शों को पुनःआत्मसात करने के लिये किया जाता है।


सुरेश सिंह बैस

बचपन में बालक घासीदास को घर में घसिया कहकर पुकारा जाता था। इनके पिता का नाम महंगुदास तथा माता का नाम अमरौतिन बाई था। इस समय छत्तीसगढ़ प्रांत में मराठों का शासन था और जो अपने कर्तव्य पथ से भटक कर अराजकता की ओर भाग रहे थे। समाज पर इसका बड़ा गलत प्रभाव पड़ रहा था, फलतः समाज का बड़ी तेजी से पतन हो रहा था। सामाजिक मूल्यों एवं संबधों में गिरावट आ रही थी। वह छुआछूत और जात पांत के बेड़ियों में जकड़ कर गिरती चली जा रही थी। तब ऐसी विषम परिस्थितियों में घासीदास ने समाज में व्याप्त अंधकार को दूर करने का बीड़ा उठाया। बाबाजी ने इसके लिये जगह-जगह लोगों को उच्च, सामाजिक मूल्यों को पुनः स्थापित करने के लिये संदेश देना प्रारंभ किया।

बाबाजी बचपन से ही साधू प्रकृति के थे। वे साधु संतों के बीच में ही संगत करने का अवसर खोजते रहते। वे जब विवाह योग्य हुये तो इनके पिता ने इनका विवाह सारंगढ़ के पास ग्राम सिरपुर के निवासी अंजोरीदास की पुत्री, सफुरा के साथ तय किया। पश्चात निश्चित तिथि को इनका विवाह, बड़े धूमधाम से सम्पन्न हो गया। बाद में इसी सफुरा को श्रद्धालुजन सफुरा माता के नाम से आदरसूचक संबोधन से पुकारना शुरू कर दिया था। बाबा जी अब अपने गृहस्थ कार्यों में भी ध्यान देने लगे। इसी कार्य को संपन्न करने हेतु पिता द्वारा वे अपने खेत भेजे गये। जहां फसल उगाने के लिये खेत की जुताई करनी थी। तब कहते हैं गुरूघासीदास ने वहां हल की मूठ पकड़े बिना ही सारा खेत जोत दिया था।



एक झोपड़ी में निवासरत गुरुघासीदास को जगन्नाथपुरी की तीर्थयात्रा का अवसर आया था। तब वे अपने भाई के साथ जगन्नाथपुरी की यात्रा पर निकल पड़े। लेकिन कुछ दूर चलने के बाद वे रास्ते से ही वापस लौट आये। और गिरौधपुरी से एक मील दूर के पहाड़ी पर धौंरा (ऑवला) पेड़ के नीचे बैठकर तपस्या में लीन हो गये। वहीं घासीदास को सत्य ज्ञान की प्राप्ति हुई। इनको ईश्वर से सीधा संपर्क एवं दर्शन प्राप्त हुये। बाबाजी ने अपने विचारों को अनपढ़ तथा दबे कुचले लोगों के आत्म सम्मान एवं उन्नति के लिये उन्हें सात सूत्रों से बद्ध संदेश प्रदान किया। जो सतनाम पंथ के प्रमुख सात सिद्धांतों के नाम से आज भी जारी हैं। ये सिद्धांत निम्न हैं। (1) सतनाम पर विश्वास रखो। (2) मूर्तिपूजा मत करो। (3) जाति भेद के प्रपंच में न पड़ें (4) मांसाहार मत करो। (5) शराब मत पियो। (6) अपरान्ह में खेत मत जोतो (7) पर स्त्री को माता समझो। हो ललना धन्य अमरौतिन तोर भाग्य।

सोहर पद गावत है, दान पुण्य होवत है अपार आनंद मंगल मनाव, सोहर पद गावत है।। बाबाजी के जन्मोत्सव में उक्त गीत गाकर उत्साहपूर्वक श्रद्धालुगण उन्हें स्मारण करते हैं। गिरौदपुरी में प्रतिवर्ष मार्च को तीन दिनों का मेला भरता है। इस पावन पर्व पर अनेक श्रद्धालु अपनी-अपनी मनौतियां रखते हैं। मनौती पूर्ण होने पर गिरौधपुरी से सतनाम धाम (मंदिर) तक दंडवत प्रणाम करते हुये गुरुगद्दी में माथा टेकते हैं। इस मेले में केवल छत्तीसगढ़ ही नहीं पूरे देश भर से श्रद्धालु एवं तीर्थ यात्री यहां हजारों की संख्या में आते हैं। लोग यहां आने के बाद उनके उस झोपड़ी (जहां उनका निवास था) उसे एवं उस खेत को भी देखना नहीं भूलते जिसे उन्होंने बिना हल चलायें ही जोत दिया था।

अब खेत में ही एक तरफ मंदिर का निर्माण कर दिया गया है जहाँ पत्थर पर शेर के पैरों के चिन्ह अंकित हैं। जिस धौरा पेड़ (आंवला) के नीचे बाबाजी को सत्य की प्राप्ति हुई थी, वह पेड़ आज भी गिरोधपुरी के मंदिर के ठीक सामने स्थित है। शिक्षा के साक्षात मंदिर बिलासपुर के विश्वविद्यालय को बाबाजी के ही नाम पर गुरूघासीदास विश्व विद्यालय रख कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया गया है। आज के समय में यह विश्वविद्यालय केंद्रीय विद्यालय विश्वविद्यालय के रूप में नैक द्वारा डबल ए प्लस रैंक एवं अंतर्राष्ट्रीय रैंक के साथ सफलतापूर्वक शिक्षा का अलख जगा रहा है।

# आज से कड़ाके की सर्दी व घना कोहरा का अलर्ट

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में सर्दी का असर दिखने लगा है। रविवार रात अयोध्या में न्यूनतम तापमान 2.5 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। बलिया में 6.6 डिग्री की रिकार्ड गिरावट दर्ज की गई, जो सामान्य से काफी नीचे है। वहीं, लखनऊ में रात का पारा दो डिग्री गिरावट के साथ 7.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग ने मंगलवार से अगले दो-तीन दिन तक शीतलहर और घने कोहरे की चेतावनी जारी की है।

वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि पश्चिमी और पूर्वी यूपी के हिस्सों में घने कोहरे के कारण विजिबिलिटी में गिरावट के आसार हैं। खासकर, देर रात और सुबह के समय कोहरे का असर दिखेगा। इस दौरान पश्चिमी उत्तर प्रदेश में शीतलहर से ठिठुरन बढ़ेगी, जबकि पूर्वी उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में इसका प्रभाव होगा। लखनऊ और उसके आसपास के क्षेत्रों में सुबह और शाम के समय हल्के से मध्यम कोहरे की संभावना है। आसमान साफ रहेगा, लेकिन शीतलहर के कारण ठंड बढ़ेगी। अगले दो दिन राजधानी का अधिकतम तापमान 25 डिग्री और न्यूनतम सात डिग्री रहने के पूर्वानुमान हैं।

बरेली में शीतलहर और हाड़कंपाती ठंड से बचने के लिए सात दिन से लोग जुगत में लगे थे। ठंड का अवसान कुछ दिनों तक होगा। अब मंगलवार से घने कोहरा का आलम होगा। ऐसे में इससे बचने की भी तैयारी लोगों को करनी होगी। जरूरी न हो तो रात के सफर से बचने की नसीहत मौसम विभाग दे रहा है। शनिवार के मुकाबले सवा डिग्री सेल्सियस तो रविवार के मुकाबले सोमवार को न्यूनतम तापमान 0.8 डिग्री सेल्सियस बढा हुआ रिकॉर्ड किया गया।

■ सुबह और देर रात यात्रा न करने की सलाह

हालांकि मौसम विभाग के अनुसार सोमवार को सामान्य तापमान 7.6 डिग्री सेल्सियस से एक डिग्री कम होकर 6.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

मौसम विभाग के अनुसार रविवार को पश्चिमी उप्र में पछुआ हवा चलने के कारण इस क्षेत्र के कई जनपदों में अब तापमान आधा से एक डिग्री सेल्सियस हर दिन बढेगा। यह स्थिति अगले कुछ दिनों तक रहने का अनुमान है। हालांकि मंगलवार से कुछ दिनों तक कोहरा की संभावना भी जताई गई है। यह कोहरा घना होगा और इससे यातायात सीधे तौर पर प्रभावित हो सकता है। कहीं दृश्यता 50 तो कहीं 100 मीटर तक रह पाएगी। ऐसे में वाहन चालकों भी और सतर्कता के साथ वाहन चलाना होगा।

## फूल विक्रेता की पत्नी ने फंदा लगाकर दी जान, कारण स्पष्ट नहीं

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के वजीरगंज इलाके में एक फूल विक्रेता की पत्नी ने गले में फंदा लगाकर जान दे दी। उन्होंने आत्महत्या क्यों की इस बात का पता नहीं चल सका है। वजीरगंज ताजी खाना मशकगंज के रहने वाले फूल विक्रेता और साड़ी दुकान कर्मचारी अरुण सैनी परिवार संग रहते हैं।


मंगलवार की सुबह अरुण की पत्नी स्वाति (33) सोकर उठीं और बेटी अनि को तैयार किया। इसके बाद अरुण बेटी को स्कूल छोड़ने चले गए। वहां से वह बहन के घर बैग लेने के लिए चले गए। इस बीच अरुण की भाभी जब स्वाति के कमरे में पहुंचीं तो उनको पंखे में दुपट्टे के सहारे लटकता देखा। देवरानी का शव देख उन्होंने शोर मचा दिया। शोर होते ही लोग जमा हो गए। सूचना पर पहुंची वजीरगंज पुलिस ने छानबीन के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इंस्पेक्टर वजीरगंज दिनेश चंद्र मिश्र ने बताया कि स्वाति ने आत्महत्या क्यों की इस बात का पता नहीं चल सका है।

# केजीएमयू में पहली बार ईडब्ल्यूएस कोटे के शिक्षक को मिली नियुक्ति

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्विद्यालय में पहली बार आर्थिक रूप कमजोर (ईडब्ल्यूएस) वर्ग में शिक्षक ने जॉयन किया है। विश्वविद्यालय में दो साल पहले भी ईडब्ल्यूएस कोटे में एक शिक्षक की नियुक्ति हुई थी। उस समय सत्यापन में प्रमाण पत्र गलत पाया गया था। इस बार इस कोटे में दो नियुक्तियां हुई हैं। इनमें से सत्यापन के बाद एक शिक्षक ने जॉयन किया है। दूसरे शिक्षक का प्रमाणपत्र अभी भी सत्यापित नहीं हो सका है।

केंद्र सरकार की ओर से ईडब्ल्यूएस कोटा लागू होने के बाद आर्थिक रूप से कमजोर सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए 10 फीसदी सीट आरक्षित की गई हैं। केजीएमयू में दो साल पहले इस कोटे में कई सीट का विज्ञापन जारी किया गया था। उस समय इन पर भर्ती के लिए एक डॉक्टर आए। उनका चयन भी हो गया। चयन होने के बाद उनके प्रमाण पत्र का सत्यापन हुआ, तो वह गलत पाया गया।



इस बार भी इस कोटे में सात सीट का विज्ञापन जारी हुआ। इसमें हड्डी रोग और डेंटल में एक-एक अभ्यर्थी का चयन हुआ। इनमे से डेंटल में तो शिक्षक ने जॉयन कर लिया पर अभी तक हड्डी रोग विभाग में चयनित शिक्षक के प्रमाण पत्र का सत्यापन नहीं हो पाया है।

■ हर महीने मिलेगा एक लाख का स्टाइपेंड, अभ्यर्थियों के लिए 10 फीसदी सीट आरक्षित की गई है

### क्यों आती है समस्या

असल में ईडब्ल्यूएस कोटे में डॉक्टर का चयन काफी मुश्किल काम है। इस कोटे में चुने जाने के लिए अधिकतम पारिवारिक आय की सीमा आठ लाख रूपये निर्धारित है। किसी भी डॉक्टर को नियुक्ति से पहले रेजिडेंटशिप करनी होती है। इस दौरान उसे एक लाख रूपये महीने का स्टाइपेंड मिलता है। ऐसे में वह आठ लाख रूपये की सीमा से बाहर हो जाता है। केजीएमयू के फैकल्टी इंचार्ज मीडिया सेल प्रो के के सिंह का कहना है कि इस बार हुई शिक्षक भर्ती प्रक्रिया में ईडब्ल्यूएस कोटे में दो नियुक्तियां हुई हैं। इनमें से एक ने जॉयन कर लिया है। दूसरे की सत्यापन प्रक्रिया चल रही है।

# चंद्रा पैनोरामा की आरडब्ल्यूए ने एलडीए सचिव को बताई बिल्डर की मनमानी

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** सुशांत गोल्फ सिटी स्थित चंद्रा पैनोरामा सोसाइटी की निर्वाचित आरडब्ल्यूए की अध्यक्ष डिंपी बाजपेई के नेतृत्व में सचिव सीमा जैन एवं सोसाइटी के वरिष्ठ नागरिकों ने मंगलवार को एलडीए सचिव विवेक श्रीवास्तव से मुलाकात कर उन्हें चंद्रा पैनोरमा के फ्लैट आवंटियों की समस्याओं एवं मेसर्स चंद्रा मॉडर्न बिल्डर द्वारा की जा रही अनियमितताओं से अवगत कराया।



आरडब्ल्यूए के पदाधिकारियों ने सचिव को बताया कि बिल्डर द्वारा विगत पांच वर्षो से मेंटिनेंस चार्ज प्रीपेड मीटर से वसूल कर अपने सामान्य अकाउंट में जमा किया गया है और मेंटिनेंस फंड के आय व्यय का ऑडिटेड हिसाब आवंटियों को नही दिया गया है। मेंटेनेंस फंड का बड़े पैमाने पर व्यक्तिगत हित के लिए प्रमोटर द्वारा दुरुपयोग किया गया है। बिजली बिल में फिक्स्ड चार्ज के मद में पिछले पांच वर्षों में गैरकानूनी तरीके से करोड़ों रुपयों की कमाई की गई है जो आवंटियों को वापस होना चाहिए। बिल्डर द्वारा कॉमन एरिया में बेतहाशा ओपन पार्किंग बनाकर गैरकानूनी तरीके से आवंटियों को बेच कर करोड़ों रुपयों की कमाई की गई है। 703 फ्लैट्स की सोसाइटी में विजिटर पार्किंग नहीं है जिससे आए दिन लड़ाई झगड़े की वजह से कानून व्यवस्था की समस्या पैदा होती है। सचिव ने प्रतिनिधि मंडल द्वारा अवगत कराई गई समस्याओं पर कार्रवाई करने का भरोसा दिया।

# काकोरी रहमान खेड़ा के पास घूम रहा खूंखार बाघ

## कैमरे में पहली बार कैद हुई तस्वीर... दहशत में ग्रामीण

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** लखनऊ के काकोरी रहमान खेड़ा के पास टाइगर की तस्वीर कैद हो गई है। मंगलवार को गाड़ी से जा रहे केंद्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान के कर्मचारी ने मोबाइल फोन से उसकी फोटो खींची और आठ सेकेंड का वीडियो भी बनाया।



उधर, काकोरी रहमान खेड़ा के केंद्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान के ब्लॉक नंबर चार से आगे बढ़कर करीब चार किलोमीटर दूर बाघ ने हलुवापुर गांव में सोमवार सुबह नील गाय के बच्चे का शिकार किया। गले पर हमलाकर उसे मारने के बाद खाए बिना ही छोड़कर चला गया। मृत नील गाय का शव देर रात वहीं पड़ा है, ऐसा इसलिए कि अगर बाघ उसे खाने आता है तो उसकी घेराबंदी की जा सके। हालांकि हलुवापुर में बाघ के पगमार्क नहीं मिले हैं, इसलिए वन विभाग यह तय नहीं कर पा रहा है कि बाघ ने नील गाय को मारा है या किसी अन्य पशु ने की है, लेकिन गांव वालों का कहना है कि बाघ ने ही हमला किया है और उन्होंने उसे देखा है।

सोमवार को गुरुदीन खेड़ा के पास नहर पटरी एवं सरसों के खेत में बाघ होने की सूचना पर वन विभाग की टीम और डब्लूटीआइ के सदस्यों ने थर्मल डेन कैमरा से पगमार्क का परीक्षण किया। जिसमें बाघ के पगमार्क होने की पुष्टि हुई है। इसी तरह दोपहर में करझन गांव और गोहरामऊ में वन्यजीव की सूचना मिलने पर पहुंची टीम को वहां पर बाघ के पगमार्क मिले हैं।

डीएफओ (अवध) सितांशु पांडेय ने बताया कि रहमान खेड़ा व अन्य संभावित जगहों पर कैमरों से बाघ की निगरानी की जा रही है, लेकिन अभी वह कैमरे में कैद नहीं हो पाया है। दो जगहों पर पिंजरा भी लगाया है। बीते गुरुवार को केंद्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान के ब्लॉक नंबर चार की पुलिया से सटे जंगल में नील गाय का

■ गुर्राहट सुनकर टूट गई नींद

शिकार करने के बाद वन विभाग ने बाघ होने की पुष्टि की थी, लेकिन उसके पगमार्क के अलावा उसकी तस्वीर कैमरे में कैद नहीं हो पाई हैं।

रहमान खेड़ा से कुछ दूरी पर गुरुदीन खेड़ा के पास कसमंडी कला गांव निवासी आनंद साहू सोमवार सुबह साढ़े चार बजे उठे और अपनी छत पर गए, जहां उन्हें तेज गुर्राहट सुनाई दी और सात बार गुर्राहट सुनाई दी। इससे भयभीत होकर बंदर गांव की गलियों और पेड़ों में पर दुबक गए। रविवार को भी उसके पगमार्क मिले थे, लेकिन थर्मल डेन के अलावा कैमरों में कैद नहीं हो पाया था। वन विभाग ने बाघ को ट्रैंकुलाइज (बेहोश) करने की तैयारी है। प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) ट्रैंकुलाइज करने की अनुमति दे चुकी हैं।

# मुक्ति दिलाए ईशु नाम



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** बेतहसदा फैलोशिप ट्रस्ट की ओर से क्रिसमस सेलिब्रेशन वीक का आयोजन 16 से 22 दिसम्बर तक किया जा रहा है। मंगलवार 17 दिसम्बर को मलिहाबाद में हुयी क्रिसमस मीटिंग में ट्रस्ट के अध्यक्ष बिशप डॉ.आरसी शेत ने विश्व शान्ति और देश में सौहार्द सम्पन्नता के लिए प्रार्थना की। उन्होंने अपने सम्बोधन में संदेश दिया कि प्रभु ईसा मसीह का जन्म सम्पूर्ण मानवता के कल्याण के लिए हुआ था।

मंगलवार को हुए इस क्रिसमस मीटिंग में बड़ी संख्या में अनुयायियों ने उत्साह के साथ भाग लिया। समारोह में संगीत दल ने मनभावन यीशु मसीह के गीत गाए गए और परमेश्वर के नाम की महिमा का गुणगान किया। मसीह गीत ÷मुक्ति दिलाए ईशु नाम, शान्ति दिलाए ईशु नाम÷ का आनंद अनुयायियों ने झूमते हुए लिया। इस अवसर पर बिशप आर.सी. शेत ने यीशु मसीह के जीवन पर प्रकाश डालते हुए लोगों को उनके दिखाए प्रेम और शान्ति के मार्ग पर चलने का संदेश भी दिया।

# नैनो यूरिया प्लस के प्रयोग से मृदा के स्वास्थ्य में आयेगा सुधार



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** आयुक्त, गन्ना एवं चीनी, उ.प्र. प्रभु एन. सिंह,की अध्यक्षता में इफ्को एवं गन्ना विकास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न। इस कार्यक्रम में बोलते हुए गन्ना आयुक्त नें कहा कि गन्ना फसल की अच्छी पैदावार एवं विकास व किसानों के हित में नैनो यूरिया का उपयोग करें। उन्होंने बताया कि गन्ना किसानों, चीनी मिलों के हित में इफ्को के उत्पादों का उपयोग होने से गन्ने की पैदावार में बृद्धि होगी और चीनी परता में भी सुधार होगा।

■ गन्ना विकास विभाग एवं इफ्को की वर्चुअल कार्यशाला सम्पन्न

इस कार्यक्रम में मुख्य महाप्रबन्धक (कृ.से.) इफ्को, नई दिल्ली डा. तरनेन्दु सिंह ने बताया कि नैनो उर्वरकों, सागरिका व इफ्को के अन्य उत्पादों के महत्व एवं उपयोगिता पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए बताया कि नैनो यूरिया(तरल) के प्रयोग से मृदा के स्वास्थ्य में सुधार होता है तथा नैनो यूरिया पौधों की कोशिकाओं के अंदर जाकर घुल-मिल जाता है, जिससे पौधों को सम्पूर्ण पोषक तत्व मिल जाते हैं। उन्होंने इफ्को द्वारा तैयार बायो-डीकम्पोजर पर भी प्रकाश डाला।

इफ्को के विपणन निदेशक योगेन्द्र कुमार ने इफ्को के उत्पादों के तकनीकी उपयोग पर विशेष बल दिया और बताया कि सहकारी गन्ना समितियों के स्तर पर इफ्को के उत्पाद को विपणन करने वाले कार्मिकों को विशेष रूप से नैनो के छिड़काव की तकनीकी जानकारी होनी चाहिए, जिससे किसान समय के अनुसार उत्पादों का खेतों में छिड़काव कर अधिक से अधिक पैदावार प्राप्त कर सकें।

इस संबंध में समिति के कार्मिकों को प्रशिक्षण दिये जाने की आवश्यकता बताई। इन्होंने गन्ने की फसलों में ड्रोन द्वारा नैनो यूरिया के छिड़काव पर गन्ना किसानों को 100 रूपये प्रति एकड़ की दर से प्रोत्साहन दिये जाने की बात कही एवं गन्ना किसानों को गन्ने की खेती से जुड़ी समस्याओं और आवश्यकताओं पर भी अपनी जानकारी साझा की।

# टीएमयू में ई-कचरे के निपटारे पर पोस्टर- पेंटिंग प्रतियोगिता



अवधनामा संवाददाता

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग की छात्र-समिति टीमिक्स की ओर से अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद और ओप्पो इंडिया के सहयोग से आयोजित जनरेशन ग्रीन कैंपेन में कार्बन कटौती और स्वच्छ एवम् स्थाई ऊर्जा के बढ़ावा का संकल्प लिया गया। डिजिटल पोस्टर में संदेश सराफ और राजकुमार की टीम विजेता रही। छात्रा तबीना ने द्वितीय और अमन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पेंटिंग पोस्टर्स में भानु ने प्रथम, अरिहंत जैन और फ़ैज़ान ने द्वितीय, जबकि मोहित कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी विजेताओं को एसोसिएट डीन एकेडेमिक्स एवम् जनरेशन ग्रीन कैंपेन के फैसिलिटेटर डॉ. अमित कंसल ने पुरस्कृत किया। इससे पूर्व जनरेशन ग्रीन कैंपेन के फैसिलिटेटर डॉ. अमित कंसल ने बतौर मुख्य अतिथि, फार्मेसी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अनुराग वर्मा आदि ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

कार्यक्रम में यूनिवर्सिटी से चुनिंदा पच्चीस पोस्टर्स, 20 डिजिटल और 5 पेंटिंग प्रदर्शित किए गए। इस दौरान ई-कचरे को इकट्ठा भी किया गया।

# सीएमएस छात्रों ने जीते तीन गोल्ड मेडल

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, स्टेशन रोड कैम्पस के तीन मेधावी छात्रों हर्ष अग्निहोत्री, आराध्या त्रिवेदी एवं अनुभव कुमार शर्मा ने राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित अन्तर-विद्यालयी ब्रेनोब्रेन वन्डरकिड प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतकर लखनऊ का गौरव सारे देश में बढ़ाया है। यह प्रतियोगिता शैक्षिक संस्था ब्रेनोब्रेन किड्स एकेडमी के तत्वावधान में आयोजित हुई।



सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने इन मेधावी छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए विद्यालय के शिक्षकों व प्रधानाचार्या के प्रति आभार व्यक्त किया है। यह जानकारी सी.एम.एस. के हेड, कम्युनिकेशन्स श्री ऋषि खन्ना ने दी है। श्री खन्ना ने बताया कि इस प्रतियोगिता में देश भर के अनेक प्रतिष्ठित विद्यालयों के छात्रों ने प्रतिभाग किया जिसमें सी.एम.एस. स्टेशन रोड कैम्पस के इन प्रतिभाशाली छात्रों ने मेन्टल मैथ्स, लॉजिकल एबिलिटी, जनरल नॉलेज एवं स्पीड टाइपिंग में अपनी दक्षता का प्रदर्शन कर गोल्ड मेडल अर्जित किया। प्रतियोगिता के आयोजकों ने इन प्रतिभाशाली छात्रों की बहुमुखी प्रतिभा की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए मेडल व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

■ सीखने की क्षमता का विकास करने के उद्देश्य से आयोजित की गई थी

श्री खन्ना ने बताया कि यह प्रतियोगिता छात्रों को बौद्धिक क्षमता पर ध्यान केन्द्रित करने तथा त्वरित गति से समाधान ढूढ़ने एवं सीखने की क्षमता का विकास करने के उद्देश्य से आयोजित की गई थी।

सी.एम.एस. अपने छात्रों को देश-विदेश में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग हेतु लगातार प्रोत्साहित करता रहता है। यही कारण है कि सी.एम.एस. छात्र सदैव ही विभिन्न रचनात्मक एवं सृजनात्मक प्रतियोगिताओं में अपनी बहुमुखी प्रतिभा की छाप छोड़कर विद्यालय का गौरव बढ़ा रहे हैं।

## एसोचैम उत्तर प्रदेश एग्रो प्रदर्शनी 18 को

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में 18 से 20 दिसंबर तक तीन दिवसीय 'उत्तर प्रदेश एग्रो प्रदर्शनी-सम्मेलन -कार्यशाला' का आयोजन होने जा रहा है जिसका उद्घाटन प्रदेश के उप-मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक करेंगे। प्रदर्शनी में कृषि क्षेत्र में सतत् विकास के लिये नवीन प्रौद्योगिकी पर फोकस किया गया है।

देश के प्रमुख उद्योग मंडल 'एसोसियेटिड चैंबर्स आफ कामर्स एण्ड इंडस्ट्री आफ इंडिया (एसोचैम) द्वारा इसका आयोजन किया जा रहा है। लखनउ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में होने वाली इस प्रदर्शनी के उद्घाटन सत्र में उप-मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक मुख्य अतिथि होंगे जबकि प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप साही विशिष्ट अतिथि होंगे। इसके साथ ही भारत सरकार के कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय में कृषि विपणन विभाग के अतिरिक्त सचिव फैज अहमद किदवई का विशेष संबोधन भी होगा। एसोचैम की उत्तर प्रदेश विकास परिषद के चेयरपर्सन और रेडिको खैतान लिमिटेड के सीएमडी डा. ललित खैतान सत्र की शुरूआत करेंगे।

# 'एनर्जी टास्क फोर्स व पावर कारपोरेशन का बोर्ड आफ डायरेक्टर ने की अनेकों लीगल गलतियां

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद द्वारा जो भी संवैधानिक लीगल मुद्दे व वित्तीय मुद्दे सहित रेगुलेटरी फ्रेमवर्क में विद्युत नियामक आयोग के उल्लंघन व स्टैंडर्ड बिल्डिंग गाइड लाइन जो भारत सरकार की प्रस्तावित गाइडलाइन है के उल्लंघन का मामला पहले ही उठ चुका है अब तक जो सवाल और मुद्दे उठाए हैं उस पर अब एनर्जी टास्क फोर्स की बैठक में लिए गए निर्णय पर भी विधायी व वित्त विभाग चौकन्ना हो गया है वर्तमान में जो एनर्जी टास्क फोर्स से पारित मसौदा है उस पर मोहर नहीं लग पा रही है और पता चला है कि उसमें अनेकों आपत्तियों के साथ पत्रावली पुनः लौट आई है एक बार फिर पूरा मसौदा नए तरीके से एनर्जी टास्क फोर्स में रखा जाने वाला है एक बार उपभोक्ता परिषद पुनः उत्तर प्रदेश सरकार से मांग करना चाहता है कि यह पूरा 42 जनपदों के निजीकरण का फैसला जिस

■ वित्तीय गलतियां की है जिसे कहीं ना कहीं उद्योगपतियों का लाभ होगा

प्रकार से आगे बढाया गया है वह रेगुलेटरी फ्रेमवर्क का उल्लंघन है और पूरी तरह विद्युत अधिनियम 2003 के प्रावधानों का भी उल्लंघन है और बहुत बडा इसमें वित्तीय गोलमाल सामने आ सकता है इसलिए इस पूरे प्रस्ताव को खारिज किया जाना उचित प्रतीत होता है।

एनर्जी टास्क फोर्स द्वारा जिस प्रकार से प्रस्तावित स्टैंडर्ड बिल्डिंग गाइडलाइन भारत सरकार का उल्लंघन करते हुए 15प्रतिसत से अधिक एटी0एण्ड0सी हानियों के आधार पर पीपीपी मॉडल को दिया जाता है लेकिन पावर कॉरपोरेशन की तरफ से दाखिल एनर्जी टास्क फोर्स में जी प्रस्ताव को मंजूरी दी गई वह रिजर्व प्राइस के आधार पर दी गयी है। उपभोक्ता परिषद अध्यक्ष ने कहा जब भारत सरकार ने आरडीएसएस योजना के तहत दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम की एटी0एण्ड0सी हानियां 18.97 प्रतिसत और पूर्वांचल की 18.49 प्रतिशत वर्ष 2024 -25 के लिए अनुमोदित किया गया है तो फिर एनर्जी टास्क फोर्स मैं किस आधार पर गैर सरकारी उपभोक्ताओं की पूर्वांचल के लिए एटीएण्डसी हानियां 49.22 प्रतिसत और दक्षिणांचल के लिए 39.42 प्रतिसत आकलित करके पास किया गया इससे तो केवल बडे उद्योगपतियों का फायदा होगा।

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने कहा एनर्जी टास्क फोर्स पावर कॉरपोरेशन की तरफ से जिस स्टैंडर्ड बिल्डिंग गाइडलाइन पर कार्यवाही को आगे बढाया गया वह केवल भारत सरकार की प्रस्तावित गाइडलाइन है अभी उस पर कोई भी अंतिम मोहर नहीं लगी है इसलिए पावर कारपोरेशन का कोई भी लीगल अधिकार नहीं है कि उसके द्वारा इस प्रकार का प्रस्ताव आगे बढाया जाए।

# मनदीप मिस्टर तो मानसी मिस फ्रेशर जीएनएम

## द यूफोरिया मीट 2024 में आयुष मिस्टर और साक्षी मिस फेयरवेल जीएनएम चुने गए

अवधनामा संवाददाता

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के तीर्थंकर महावीर कॉलेज ऑफ नर्सिंग में जीएनएम की फ्रेशर्स एंड फेयरवेल पार्टी- द यूफोरिया मीट 2024 में मनदीप सिंह को मिस्टर फ्रेशर और मानसी को मिस फ्रेशर जीएनएम चुना गया। स्टुडेंट्स आयुष को मिस्टर फेयरवेल और साक्षी को मिस फेयरवेल जीएनएम के खिताब से नवाजा गया। इससे पूर्व नर्सिंग कॉलेज की डीन प्रो. एसपी सुभाषिनी, प्रिंसिपल डॉ. जसलीन एम., वाइस प्रिंसिपल प्रो. रामनिवास आदि ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित करके रिद्धि-सिद्धि भवन में द यूफोरिया मीट का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम में मिस्टर फ्रेशर एंड फेयरवेल और मिस फ्रेशर एंड फेयरवेल के लिए फैशन शो, रैंप वॉक और हॉबी परफॉर्मेंस की प्रतियोगिताएं हुई। निर्णायक मंडल में प्रो.



विजी मोल, मिस एकजोत कौर, श्री यासिर जावेद आदि शामिल रहे। संचालन स्टुडेंट्स- करिश्मा तिवारी, गुरिन्दर, सुप्रिया, रोहित कुमार और सचिन कुमार ने किया।

जीएनएम सेकेंड ईयर की छात्रा नूतन कुमारी ने इनोग्रल डांस की प्रस्तुति से सांस्कृतिक कार्यक्रमों का श्रीगणेश किया। छात्र निर्मल एंड ग्रुप ने वेलकम पोयम से सभी का स्वागत किया। स्टुडेंट्स अदिति, गायत्री, करिश्मा, जैश, गुरिन्दर आदि ने बालीवुड, हरियाणवी, पंजाबी गीतों के मैसअप पर सोलो नृत्य की प्रस्तुति से सभी का दिल



जीत लिया। स्टुडेंट्स ध्रुव एंड ग्रुप ने हरियाणवी, गुरिन्दर एंड ग्रुप और मानसी एंड ग्रुप ने बालीवुड, जबकि करिश्मा एंड ग्रुप ने साउथ इंडियन गीतों के मैसअप पर नृत्य की प्रस्तुति से सभी को झूमने पर मजबूर किया। फ्रेशर्स एंड फेयरवेल पार्टी- द यूफोरिया मीट 2024 में कोर्डिनेटर्स- नफीस अहमद, मिस आरती चौधरी, पूजा झा के अलावा फैकल्टीज़- मिस आरती चौधरी, मिस हरितिका सिंह, मिस अनु सिंह, लिंसी जोसेफ, लिबिन जोसेफ, वेदमूर्ति, जितेन्द्र सिंह, सतीश प्रजापति आदि मौजूद रहे।

# वार्षिक पेन्शनर दिवस का आयोजन



अवधनामा संवाददाता

**सम्भल (बहजोई)** कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में वार्षिक पैन्शनर दिवस का आयोजन किया गया।

वरिष्ठ कोषाधिकारी प्रवीण कुमार द्वारा बताया गया कि जनपद में 95 वर्ष की आयु से अधिक दो पैन्शनर हैं जबकि 90 से 95 वर्ष की आयु के 10 पैन्शनर है। बैठक के अन्तर्गत पैन्शनर से उनकी समस्याओं एवं उनके सुझाव प्राप्त किये गये। जिनमें पंडित दीनदयाल उपाध्याय कैशलेस स्वास्थ्य सेवा कार्ड से निशुल्क चिकित्सा, शिक्षा विभाग के अन्तर्गत सेवानिवृत्त हुए उनके इंक्रीमेंट के लंबित प्रकरण एवं अन्य समस्याओं तथा सुझाव प्राप्त किये गये। जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि जो चिकित्सालय पंडित दीनदयाल उपाध्याय कैशलेस स्वास्थ्य सेवा कार्ड के अन्तर्गत कौन से चिकित्सालय शामिल हैं उनकी सूची पैन्शनर को उपलब्ध कराने के लिए निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने कहा कि पैन्शनर को कोई समस्या नहीं होनी चाहिए। अगर कोई भी पैन्शनर जीवित प्रमाण पत्र के आता है उस पर संबंधित द्वारा तत्काल ध्यान दिया जाए। जिलाधिकारी ने जनपद के 95 वर्ष से अधिक आयु के पैन्शनर भागवती देवी, रवि दत्त शर्मा, रामजी लाल को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी ने पैन्शनर से कहा कि अपनी शिकायत/समस्याएं संबंधित विभाग को लिखवाकर जाएं ताकि समस्याओं का शीघ्र निस्तारण किया जा सके। आपकी समस्या हमारी समस्या है अगर आप लोग विद्यालय, गौशाला तथा वृद्ध आश्रम में सेवा करना चाहते हैं तो हमें जानकारी प्रदान करे ताकि हम उसमें आपको सहयोग प्रदान कर सकें। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी पैन्शनर दीर्घायु रहें एवं जिलाधिकारी ने सभी पैन्शनर को पैन्शनर दिवस की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर परियोजना निदेशक डीआरडीए ज्ञान सिंह, वरिष्ठ कोषाधिकारी प्रवीण कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक वेद राम, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ कुलदीप आदिम, एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी तथा पैन्शनर उपस्थित रहे।

# कीर्तिशेष महेन्द्र सतभैयाजी की पुण्य स्मृति में नेत्र शिविर का आयोजन



अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** दादा बाबूलाल सतभैया मेमोरियल सरस्वती ज्ञान मंदिर इंटर कॉलेज गौना नाराहट में निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन चंदा आई हॉस्पिटल द्वारा आयोजित किया गया था जिसमें करीब 200 मरीजों ने अपना नेत्र परीक्षण कराया था। इस दौरान 37 मरीज मोतियाबिंद के ऑपरेशन योग्य थे, जिन्हें निजी वाहनों द्वारा ललितपुर लाया गया था और 17 दिसम्बर 2024 को सभी का सफलता पूर्वक ऑपरेशन कराकर वापिस नाराहट भिजवा दिया गया है। वरिष्ठ चिकित्सक डा.राजकुमार जैन ने सभी मरीजों एवं उनके परिजनों को इस भागदौड की जिंदगी में अपना खान पान सही रखना एवं बीमारियों से बचनें तथा स्वस्थ्य रहनें के लिए कुछ प्रमुख बातों से अवगत कराया। उक्त मौके पर अशोक रावत, डा.राजकुमार जैन, डा.अमित वर्मा, डा.नवदीप रावत, राजेन्द्र सिंह यादव, आनंद प्रकाश गुप्ता, अंकित सतभैया, शुभम जैन, नयन सतभैया, समकित जैन, देवप्रकाश गौतम, नागेश यादव, अमित नामदेव, रविदास, दयाराम, अमन तिवारी, मोहन कुशवाहा, अनिल कुशवाहा, पृथ्वीराज, विजय सेन, रिया जैन, प्रशांत राठौर, रमेश यादव, सौरभ घोषी आदि मौजूद रहे।

# विकास दिव्यांग समिति का 12 वा स्थापना दिवस मना



अवधनामा संवाददाता

**सम्भल।** विकास दिव्यांग सेवा समिति के 12वा स्थापना दिवस असमोली मैरिज हॉल में मनाया गया जिसमें समिति के पदाधिकारी ने केक काटकर समिति का 12वा स्थापना दिवस मनाया और कई समाजसेवियों को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया।

समिति को मजबूती से खड़ा करने के लिए पदाधिकारी को भी सदस्यता दिलाई जिसमें समिति को मजबूती से खड़ा करने के लिए विकास दिव्यंग सेवा समिति के अध्यक्ष आस मोहम्मद ने सभी पदाधिकारी को बताया कि ज्यादा से ज्यादा अभियान चलाएं और लोगों को संस्था से जोड़ें समिति के अध्यक्ष आस मोहम्मद ने यूनुस वारसी जी को राष्ट्रीय महासचिव एवं शाहीन एडवोकेट को राष्ट्रीय महासचिव महिला मोर्चा और 5 जिलों की जिला अध्यक्ष को मनोनीत पत्र देकर उन्हें समिति की सदस्यता दिलाई जिसमें राष्ट्रीय सचिव तनवीर हैदर ने बोलते हुए कहा हम समिति के लिए दिलो जान से मेहनत करेंगे और समिति को मजबूती से खड़ा करेंगे समिति के प्रदेश प्रवक्ता मोहम्मद नईम तुर्की में अपने विचार रखते हुए कहा हमारी समिति पिछले 13 वर्षों से लेकर समाज में एक अच्छा कार्य कर रही है जिसमें हर दिव्यांग के साथ कंधे से कंधा मिलाकर उनके साथ खड़ी है इस दौरान कार्यक्रम में सैकड़ो लोग उपस्थित रहे मीडिया प्रभारी कुंदन छजलाना दिनेश कुमार चौधरी जामिन अली इसरार मलिक नजाकत अली ओम प्रकाश अतर सिंह मनोज कुमार श्रीवास्तव अजय पाल सजमा हैदर शाहीन एडवोकेट फरात सफीक वर्कतुला खलील नुसरत जहां रघुराज सिंह त्यागी राजिब हुसैन सना खान कुमारी पिंकी आदि लोग उपस्थित रहे संचालन इसरार मलिक ने और अध्यक्षता आस मोहम्मद ने की।

# छात्रों ने जिला स्तरीय कैरियर मेला में लिया भाग

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** समग्र शिक्षा अभियान माध्यमिक शिक्षा के अंतर्गत कक्षा 10 व 12 में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं को भविष्य के रोजगार व कैरियर के अवसरों के बारे में जागरूक करने के लिए जनपदीय कैरियर मेला का आयोजन किया गया। जिसमें जनपद के राजकीय व सहायता प्राप्त विद्यालयों के 1500 छात्र/छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। कैरियर मेला का उद्घाटन कर्नल हेमवंत गौड़, जिला विद्यालय निरीक्षक रवींद्र सिंह व किशोरी रमण इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य मुरलीधर शर्मा द्वारा किया। मेला में कर्नल हेमवंत द्वारा सेना में सलेक्शन हेतु छात्रों को आवश्यक जानकारी प्रदान की गई। उन्हें इसके लिए की जाने वाले तैयारियों व एन डी ए, सी डी एस, आर्मी टेक्निकल इंट्री व अन्य कोर्सेज की जानकारी विस्तृत रूप में प्रदान की गई। जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित होने वाली परीक्षा व उनके द्वारा होने वाले सलेक्शन के बारे में बताया। सेवानिवृत न्यायाधीश उमाशंकर शर्मा, सदस्य स्थाई लोक अदालत श्रीमती प्रतिभा शर्मा द्वारा लॉ के क्षेत्र उपलब्ध संभावनाओं के बारे में जानकारी प्रदान की गई। पंडित दीनदयाल उपाध्याय वेटनरी विश्वविद्यालय मथुरा के अंतर्गत संचालित वेटनरी कॉलेज के डीन प्रोफेसर विकास पाठक, प्रोफेसर रश्मि सिंह डीन कॉलेज ऑफ डेयरी साइंसेज, प्रोफेसर एनएन पाण्डेय डीन कॉलेज ऑफ फिशरीज, प्रोफेसर रजनीश सिरोही गौ अनुसंधान केंद्र, द्वारा वेटनरी विश्वविद्यालय द्वारा संचालित पाठ्यक्रम व उनमें रोजगार के अवसरों के बारे में अवगत कराया गया।

# पौधाशाला, वृक्षारोपण एवं वानिकी कार्यों पर कार्यशाला

- जितनी अच्छी प्लानिंग होगी क्रियान्वयन उतना ही आसान होगा : वन संरक्षक



अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक योजना एवं कृषि वानिकी लखनऊ के आदेशानुसार प्रत्येक प्रभाग में 15 से 20 दिसम्बर 2024 के मध्य पौधाशाला, वृक्षारोपण एवं वानिकी कार्यों से सम्बन्धित गोष्ठी/कार्यशाला का आयोजन गोविन्द सागर पौधशाला में वन संरक्षक/क्षेत्रीय निर्देशक, बुन्देलखण्ड वृत्त झांसी महावीर कौजालगी के मुख्य आतिथ्य में किया गया। सर्व प्रथम मुख्य अतिथि ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। डीएफओ गौतम सिंह ने उपस्थित अधिकारियों/कर्मचारियों को विस्तृत जानकारी से अवगत कराते हुये आगामी वृक्षारोपण हेतु माईक्रोप्लानिंग, स्थल चयन तथा स्थल के अनुरूप पौधों की प्रजाति का चिन्हीकरण एवं ग्राम पंचायत/स्थानीय नगर निकाय की सहभागिता से भी अवगत कराया। इसके उपरान्त नर्सरी में पौध उगान के सम्बंध में उप प्रभागीय वनाधिकारी महरौनी सतेन्द्र सिंह तोमर द्वारा जानकारी दी गयी। अग्रिम मृदा कार्य के सम्बन्ध में क्षेत्रीय वन अधिकारी, महरौनी द्वारा विस्तार से सभी उपस्थित कर्मचारियो को अवगत कराया। क्षेत्रीय वन अधिकारी गौना द्वारा वृक्षारोपण की सुरक्षा एवं देख-रेख पर अपने विचार, सुझावों से अवगत कराया। प्रभाग में अन्य महत्वपूर्ण कार्यों में सिल्वी कल्चर ऑपरेशन, कटान के लाटों की मार्किंग व पातन में सावधानियों व वन्य एवं वन्य जीवों की सुरक्षा, मानव वन्य जीव संघर्ष आदि विषयों पर उप प्रभागीय वनाधिकारी महरौनी द्वारा विस्तार से जानकारी दी। सभी विषयों की समीक्षा पर मुख्य अतिथि वन संरक्षक/ क्षेत्रीय निदेशक झांसी द्वारा अपने विचार व सुझाव उपस्थित सभी वन अधिकारी/कर्मचारियों को अनुपालन करने हेतु निर्देशित किया। गोष्ठी में नपाध्यक्ष प्रतिनिधि मुन्नालाल, उप प्रभागीय वनाधिकारी डा.शिरीन, उप प्रभागीय वनाधिकारी महरौनी सतेन्द्र सिंह तोमर, क्षेत्रीय वन अधिकारी महरौनी सरोज कुमार, क्षेत्रीय वन अधिकारी बार अरूण कुमार अवस्थी, क्षेत्रीय वन अधिकारी गौना सुवाष, क्षेत्रीय दन अधिकारी भोला सिंह, क्षेत्रीय वन अधिकारी तालबेहट प्रभुदयाल यादव, क्षेत्रीय वन अधिकारी माताटीला रमेश कुमार पनौरिया, क्षेत्रीय वन अधिकारी जखौरा शहजादा स्माईल उददीन, प्रतिनिधि उच्च शिक्षा विभाग डा.रीतेश खरे, प्रतिनिधि बीएसए शिवम अग्निहोत्री, स्वास्थ्य विभाग से डा.राजेश भारती, सिंचाई विभाग से भूपेश कुमार, एआरटीओ सहित अन्य विभागों के प्रतिनिधि, मीडिया, एन.जी.ओ. के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। अंत में डीएफओ गौतम सिंह ने सभी का आभार जताया।

# संक्षिप्त समाचार

## बालिकाओ को सिलाई मशीने प्रदान की गयी

**बहजोई (संभल)** जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया की प्रेरणा से विकासखण्ड बनियाखेडा के कस्तूरबा बालिका विद्यालय आटा, की बालिकाओं को सिलाई का कार्य सीखने हेतु 2 सिलाई मशीने डा. अनामिका यादव अध्यक्ष जिला पंचायत संभल के द्वारा प्रदान करायीं गयीं। इस अवसर पर अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत आशीष सिंह, डीसी बालिका रंजना राजपूत, विद्यालय की वार्डन सहित विद्यालय की समस्त अध्यापिका उपस्थित रहीं।

## चौकी दैलवारा का एसपी ने किया औचक निरीक्षण

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने चौकी दैलवारा का आकस्मिक निरीक्षण किया। एसपी ने निरीक्षण के दौरान चौकी कार्यालय, परिसर, आरक्षी बैरक व सीसीटीवी कैमरों आदि का निरीक्षण किया गया तथा सम्पूर्ण चौकी परिसर में समुचित लाइट का प्रबन्ध करना एवं स्वच्छता रखने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया। चौकी पर आने वाले फरियादियों की शिकायतों को प्राथिमिकता के तौर पर चौकी प्रभारी द्वारा स्वयं सुनकर उनका उचित, गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध शत-प्रतिशत निस्तारण कराये जाने हेतु निर्देशित किया। चौकी में लम्बित विवेचनाऐं, आईजीआरएस आदि का गुण-दोष के आधार पर विधिक निस्तारण करने व वांछित, वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी, अवैध शराब, मादक पदार्थों, पशु तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने किये जाने हेतु निर्देशित किया।

# जिले के तापमान में हो रही है गिरावट, चल रहीं हैं सर्द हवाए

**मथुरा।** आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने जनपदवासियों को सर्दी के मौसम में न्यूनतम तापमान में लगातार गिरावट व सर्द हवाओं के चलने से ठंड का प्रकोप बढ़नेपर सर्तक रहने की सलाह दी है। ठंड/पाला/घनें कोहरे से बचाव के लिए बच्चों व बुजुर्गो को सावधानी बरतने को कहा है। प्राधिकरण के प्रभारी एडीएम वित्त एवं राजस्व ने कहा कि कि तापमान व मौसम के पूर्वानुमान के लिए रेडियो सुनें, टीवी देखें, स्थानीय मौसम के पूर्वानुमान के लिए समाचार पत्र पढ़ें। पर्याप्त सर्दियों के कपड़े स्टॉक करें। ऐसी स्थिति में कपड़ों की कई परतें ठंड से बचाव में अधिक सहायक होती हैं। बच्चों को अच्छी तरह ऊनी कपडों से ढक कर रखें एवं बुजुर्गों पर विशेष ध्यान दें। भारी कपड़ों की एक परत के बजाय ढीले ढाले, हल्के वायुरोधी गर्म ऊनी कपड़ों की कई परतें पहनें। टाइट कपड़े ब्लड सर्कुलेशन को कम करते हैं। उन्होंने कहा है कि पीने, स्नान करनें के लिए गुनगुनें पानी का उपयोग अवश्य करें। ठंड से बचाव के लिये जनपद में विभिन्न स्थानों पर तहसील/ नगर निगमझनगर पालिका/नगर पंचायत के द्वारा दैनिक रूप से अलाव जलाये जा रहे हैं इनका सहारा लिया जा सकता हैं।

# आमजन को मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराने हेतु जिलाधिकारी की पहल हो रही साकार

- मेडिकल कॉलेज में वार्डों का नवीनीकरण कार्य 90 प्रतिशत पूर्ण, 20 दिवसम्बर को होगा हैण्डऑवर
- महिला चिकित्सालय वार्डो का भी होगा नवीनीकरण, कार्यदायी संस्था को हैण्डऑवर की तैयारी
- जिलाधिकारी ने पुन: निरीक्षण कर देखा कार्य, 20 दिसम्बर तक हैण्डऑवर करने के निर्देश
- 20 दिसम्बर को फिर निरीक्षण करेंगे डीएम, परखेंगे कार्य की प्रगति



अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** आमजन को मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराने की जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की मुहिम साकार होने वाली है, जिसके अंतर्गत राजकीय मेडिकल कॉलेज में स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने के लिए वार्डों व शौचालयों का नवीनीकरण कार्य 90 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है और 20 दिसम्बर को शत-प्रतिशत पूर्ण कर कार्यदायी संस्था द्वारा विभाग को हैण्डऑवर कर दिया जाएगा। यह सब जिलाधिकारी के कुशन निर्देशन में मुमकिन हो सका है। इसके लिए जिलाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग और कार्यदायी संस्था को एक साथ लाकर कार्य को गति प्रदान की और निरंतर निरीक्षण कर कार्य को समय से पूर्ण कराया। जिलाधिकारी ने आज मंगलवार को पुनः राजकीय मेडिकल कॉलेज से सम्बद्ध जिला चिकित्सालय का निरीक्षण कर वार्डो के नवीनीकरण कार्य का जायजा लिया। उन्होंने सभी तलों पर चल रहे कार्य को देखा और निर्देश दिये कि प्रत्येक दशा में कार्य पूर्ण कराकर 20 दिसम्बर तक विभाग को हैण्डऑवर कर दिया जाए, 20 तारीख को पुनः निरीक्षण किया जाएगा। इसके उपरान्त महिला चिकित्सालय के वोर्डो में भी नवीनीकरण कार्य का प्रारंभ कराया जाए। निरीक्षण के दौरान शौचालय आदि की स्थिति संतोषजनक पायी गई, कोई भी मरीज गैलरी में उपचार लेता हुआ नहीं मिला। जिलाधिकारी ने सख्त निर्देश दिये कि कोई भी मरीज बाहर वार्ड के बाहर उपचार लेता हुआ न पाया जाए, अन्यथा सम्बंधित के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। जिलाधिकारी ने अपर उप जिलाधिकारी मो.नासिर को सभी वार्डों के कार्य की निगरानी कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिये। मौके पर अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग भवन विंग दीपांकर चौधरी ने बताया कि जिला चिकित्सालय में वार्डों व शौचालयों के नवीनीकरण का कार्य लगभग 90 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है, इसमें वार्डों में टाइल्सीकरण, मरम्मत, शौचालयों का नवीनीकरण आदि शामिल है, प्राईवेट वार्ड के 02 शौचालयों पर कार्य चल रह है जो 02 दिनों में पूर्ण हो जाएगा और 20 तारीख को हैण्डऑवर कर दिया जाएगा। प्राचार्य ने बताया कि जिला चिकित्सालय में कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है, इसके बाद महिला चिकित्सालय में भी कार्य रिनोवेशन किया जाना है, जिसके लिए आगामी दिनों में कार्यदायी संस्था का वार्ड हैण्डऑवर कर दिये जायेंगे। इन वार्डो के नवीनीकरण से लगभग 130 मरीजों को भर्ती करने की क्षमता बढ़ जाएगी। निरीक्षण के दौरान प्राचार्य के अलावा सीएमएस डा.मीनाक्षी सिंह, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग भवन विंग दीपांकर चौधरी, कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि एवं अन्य उपस्थित रहे।

# राशन डीलर उपभोक्ता को जबरन दे रहे हैं 100 रुपये का डिटर्जेंट पाउडर

**मथुरा।** राशन डीलरों की मनमानी सिस्टम के डिजीटलाइजेंशन के बाद भी थमने का नाम नहीं ले रही है। इस संबंध में समाधान दिवस, एसडीएम, डीएम कार्यालयों में आए दिन शिकायतें आती रहती हैं। आज भी बलदेव क्षेत्र का उपभोक्ता अपने राशन डीलर की शिकायत लेकर जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचा। उसने डीएम से शिकायत की कि उसका राशन डीलर 100 रुपये लेकर जबरदस्ती पहले मशीन पर राशन सामिग्री देने के लिए अंगूठा लगवाया फिर डिटर्जेंट पाउडर थमा दिया। बल्देव के रहने वाले टिंकू तेहरिया ने जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर राशन डीलर की लिखित में शिकायत कर बताया कि उसके क्षेत्र का राशन डीलर विजय लक्ष्मी ने उससे जबरदस्ती अंगूठा लगवा कर 100 लेकर उसे एक डिटर्जेंट पाउडर देकर भगा दिया गया। उसने इसका विरोध किया तो उसको धमकी दी कि कहीं भी शिकायत कर देना उस पर कोई असर नहीं पड़ेगा। सभी अधिकारियों से उसकी सेटिंग है। उसका कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता है। यदि राशन लेना है तो डिटर्जेंट पाउडर लेना होना। नहीं तो राशन भी नहीं मिलेगा। शिकायत सुनने के बाद डीएम ने जांच कराकर कार्रवाई का अश्वासन दिया।

# गोशाला संचालकों के लिए जारी हुई नई गाइड लाइन

- अब मृत गायों का भी रखना होगा रिकॉर्ड
- मानक के अनुरूप करना होगा गायों का अंतिम संस्कार

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** पी एम वी के जंगल मै मिले 40 गौ अवशेषों से मथुरा प्रशासन मै हड़कंप मचा हुआ है जो सरकारी महकमा गौ शालाओं को अपने हाल पर छोड़ दफ्तरों मै अपनी कुर्सी गरम करता रहता वो सभी आज भागदौड़ मै लगे हुए और ताबड़तोड़ कार्यवाही करना प्रारंभ कर दिया है।

मथुरा मार्ग स्थित धोरैरा के जंगल में मृत मिले गोवंश और उनके अवशेष पर गोरक्षकों द्वारा किए गए हंगामा के बाद पशु चिकित्सा विभाग ने गोशालाओं के लिए एसओपी जारी की है। इसमें गोशाला में गोवंश के मरने पर उसके अंतिम संस्कार की प्रक्रिया एक मानक के अनुरूप करनी होगी। इसका रिकॉर्ड गोशाला संचालकों को रखना होगा।

गोशाला संचालकों और गोपालकों द्वारा जंगल में खुले में गोवंश के शव को डाले जाने का मामला सामने आने के बाद मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी विपिन कुमार गर्ग ने सभी गोशालाओं को एसओपी जारी की है। उन्होंने बताया कि यदि गोशाला में किन्ही कारण गाय मर जाती है तो उसका रिकॉर्ड रखना होगा। उसके अंतिम संस्कार संबंधी जानकारी विभाग को देनी होगी।

गोशाला संचालकों को हिदायत दी गई है कि गोवंश का अंतिम संस्कार नियत स्थान पर मानकों के अनुरूप किया जाए। इसमें दो मीटर गहरा गड्ढा खोदकर उसमें मृत गोवंश के साथ नमक और चूना डालकर अंतिम संस्कार किया जाए। इसके अलावा गोवंश को पर्याप्त चारा और समय के अनुसार खाद्य वस्तुएं दी जाएं। मानक के अनुरूप कार्य नहीं करने पर ऐसे गोशाला संचालकों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

इस तरह की ताबडतोड कार्यवाही से अंदाजा लगाया जा सकता है कि प्रशासन अभी अपने पुराने रवैए पर ही काम कर रहा है जब कोई बड़ी घटना घटित हो जाय तब जा कर कार्यवाही और सुधार के रास्ते पर काम करती है यही काम अगर समय रहते पहले ही कर लिए जाते तो इस तरह का माहौल नहीं बनता।

# पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ का त्रैवार्षिक अधिवेशन 20 दिसंबर को

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल (पूर्व माध्यमिक) शिक्षक संघ मथुरा का जनपदीय त्रैवार्षिक अधिवेशन / शैक्षिक संगोष्ठी 20 दिसंबर को मथुरा में आयोजित होगा। जिसमें जनपद मथुरा के पूर्व में निर्वाचित विकास खंड स्तर पर शिक्षक प्रतिनिधि, संघ के पदाधिकारियों सहित लगभग पांच सौ से अधिक शिक्षक-शिक्षिकाएं प्रतिभाग करेंगे। उक्त अधिवेशन की तैयारी हेतु पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ की जिला इकाई द्वारा लगातार समीक्षा की जा रही है। इसके तहत 20 दिसंबर को प्रातः 10 बजे से शैक्षिक संगोष्ठी आयोजित होगी। जिसमें जनपद की शैक्षिक गुणवत्ता संवर्धन विषय पर विस्तृत चर्चा होगी तथा संघ द्वारा सभी शिक्षकों से आवाहन किया जाएगा कि जनपद की शैक्षिक गुणवत्ता में वृद्धि हेतु लगातार प्रयास किए जाए। अधिवेशन में जनपद के अधिकारियों द्वारा भी अपने विचार व्यक्त किए जाएंगे। इसके उपरान्त संघ का खुला अधिवेशन होगा। जिसमें संघ के विगत कार्यकाल की समीक्षा सहित समस्त विवरण शिक्षकों के समक्ष प्रस्तुत किए जाएंगे। अधिवेशन के पश्चात जिला कार्य समिति के निर्वाचन की कार्रवाई संपादित होगी जिसमें नामांकन के पश्चात यदि आवश्यक हुआ तो 21 दिसंबर को वोट डाले जाएंगे। मत गणना के बाद परिणाम घोषित किया जाएगा तथा निर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह होगा। अधिवेशन में संघ के राष्ट्रीय / प्रदेश अध्यक्ष योगेश त्यागी, प्रदेश महामंत्री नरेश कौशिक, प्रदेश कोषाध्यक्ष सुरेश कुमार सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष देवेन्द्र सारस्वत सहित अनेकों शिक्षाविद एवं गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रहेगी। संघ के जिला अध्यक्ष अतुल सारस्वत, जिला महामंत्री लक्ष्मी नारायण, जिला कोषाध्यक्ष मनोज शर्मा, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार सारस्वत, नीलम गौड़ , बदन सिंह यादव, अरविंद शर्मा, सुजीत वर्मा ने जनपद के सभी शिक्षकों से अधिवेशन में प्रतिभाग करने की अपील की है। अधिवेशन की संपूर्ण तैयारी सभी विकासखंडों के अध्यक्ष मंत्रियों तथा पदाधिकारी द्वारा की जा रही हैं जिसमें हेमंत कुमार, अनुराधा सिंह, मुरारी लाल शर्मा, राजेश चौधरी, भगवान सिंह, राजेंद्र सिंह छोकर, कृष्ण कुमार चौधरी, लोकेंद्र प्रसाद मिश्रा, देवेंद्र कौशिक, योगेंद्र गौतम, के के चौधरी, मोनिका शुक्ला, कप्तान सिंह राजोरा, मनीष वर्मा,राजकुमार शर्मा, कृष्ण पाल सिंह, सिद्धार्थ, ज्योतिवीर, कृष्णा चंदुल, राज कुमार, शिव कुमार पचौरी, हरीश कुमार सिंह आदि द्वारा की जा रहीं हैं।

# गौतमबुद्ध नगर की जेल से किसान नेताओं को सा-सम्मान रिहा करे सरकार

**ललितपुर।** गौतमबुद्ध नगर में आंदोलन के दौरान गिरफ्तार किये गये किसान नेताओं की सा-सम्मान रिहाई और तीनों प्राधिकरण की समस्याओं के जल्द निस्तारण को लेकर भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति ने प्रदेश मुख्य सचिव कु.गजेन्द्र सिंह बुन्देला हैट्रिक प्रधान के नेतृत्व में मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन क्षेत्राधिकारी अभय नारायण राय को सौंपा है। ज्ञापन में बताया कि गौतमबुद्ध नगर की जेल में विगत 3 दिसम्बर से बन्द आंदोलनकारी किसान नेताओं को सा-सम्मान रिहा किया जाये। बताया कि शासन को अधिकारियों द्वारा दी गयी गलत फीडबैक के चलते किसानों को बंद किया गया। अन्यथा किसान जिन मांगों को लेकर वर्ष 2012 से लगातार उठा रहे हैं, उन्हें गहनता से किसी ने विचार नहीं किया। उन्होंने किसानों की समस्त समस्याओं के जल्द निराकरण की मांग उठायी।

# किसी भी स्तर पर न हो लापरवाही

- पीसीएस परीक्षा को नकलविहीन संपन्न कराने निरंतर भ्रमणशील रहें: डीएम
- जनपद में सेक्टर/स्टेटिक मजिस्ट्रेटों की कड़ी निगरानी में संपन्न होगी पीसीएस परीक्षा



अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** जनपद में प्रस्तावित पीसीएस (प्रांतीय सिविल सेवा) की परीक्षा को सूचितापूर्ण व शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराए जाने हेतु जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने समस्त सेक्टर/स्टेटिक मजिस्ट्रेट व केंद्र प्रभारियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक की। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि परीक्षा शुरू होने से डेढ़ घंटे पूर्व परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र पर पहुंचना होगा, इसके लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराएं। परीक्षा केंद्र पर प्रवेश से पूर्व अभ्यर्थियों की गहनता से तलाशी ली जाए। इसके बाद ही अंदर प्रवेश दिया जाए। परीक्षा के लिए एक कंट्रोल रूम बनाया जाए, जहां जिला प्रशासन के आलाधिकारी परीक्षा के दौरान लगातार भ्रमणशील रहकर परीक्षा सहित सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते रहेंगे। किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो। जिला विद्यालय निरीक्षक ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद में जनपद में पीसीएस की परीक्षा 22 दिसंबर को दो पालियों में आयोजित होगी। पहली पाली सुबह 9.30 बजे से 11.30 बजे तक एवं दूसरी पाली दोपहर 2.30 बजे से शाम 4.30 बजे तक चलेगी। परीक्षा का समय दो घंटे का रहेगा। पीसीएस (प्रांतीय सिविल सेवा) परीक्षा 7 परीक्षा केंद्रों पर 7 सेक्टर और 7 स्टेटिक मजिस्ट्रेट की निगरानी में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में कराई जाएगी। इनमें राजकीय इंटर कॉलेज ललितपुर, नेहरू महाविद्यालय ब्लॉक-ए, नगर पालिका बालिका इंटर कॉलेज, रघुवीर सिंह राजकीय महाविद्यालय, श्रीवर्णी जैन इंटर कॉलेज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज ललितपुर, नेहरू महाविद्यालय ब्लॉक-बी शामिल हैं। इसके साथ ही परीक्षा केंद्रों के आसपास भारी पुलिस बल तैनात किया जाएगा। इन सातों परीक्षा केंद्रों पर 2880 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। परीक्षा केंद्रों पर शामिल होने वाली परीक्षार्थियों की संख्या को भी निर्धारित कर दिया गया है। परीक्षा केंद्रों पर व्यवस्थाएं दुरुस्त कराई जा रही हैं। परीक्षा की निगरानी के लिए सात सेक्टर और सात स्टेटिक मजिस्ट्रेट को नामित कर दिया है। परीक्षा के दौरान ये अधिकारी निगरानी करेंगे। परीक्षा को नकलविहीन संपन्न कराने के लिये पुलिस द्वारा सुरक्षा के सभी इंतजाम किए जा रहे है। परीक्षा केंद्रों के आसपास व आने-जाने वाले रास्तों पर भारी पुलिस फोर्स तैनात किया जाएगा। बैठक में पुलिस अधीक्षक मो.मुस्ताक, एडीएम अंकुर श्रीवास्तव, सीएमओ डा.इम्तियाज अहमद, अपर एसडीएम मो.नासीर, डीआईओएस ओपी सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी व केंद्र व्यवस्थापक उपस्थित रहे।

# स्मृति मंधाना ओडीआई और टी20 अंतरराष्ट्रीय दोनों रैंकिंग में शीर्ष तीन में पहुंची

भारतीय उपकप्तान स्मृति मंधाना ऑस्ट्रेलिया और वेस्टइंडीज के खिलाफ अच्छे प्रदर्शन की बदौलत अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की मंगलवार को जारी नवीनतम महिला एकदिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग में तीन स्थान के फायदे से दूसरे जबकि टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजी रैंकिंग में एक स्थान के फायदे से तीसरे स्थान पर पहुंच गई।

बाएं हाथ की बल्लेबाज मंधाना ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पर्थ में एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के अंतिम मैच में 105 रन की पारी खेली जबकि वेस्टइंडीज के खिलाफ रविवार को मुंबई में पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में 54 रन बनाए। मंधाना एकदिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष 10 में एकमात्र भारतीय हैं।

भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर दो स्थान के नुकसान से 13वें जबकि हरलीन देओल नौ स्थान के फायदे से 64वें स्थान पर हैं। गेंदबाजी रैंकिंग में दीप्ति शर्मा दो स्थान के नुकसान से पांचवें पायदान पर हैं। भारतीय



तेज गेंदबाज अरुंधति रेड्डी 48 स्थान की लंबी छलांग के साथ 51वें स्थान पर पहुंच गई हैं जबकि रेणुका ठाकुर 28वें से संयुक्त 26वें स्थान पर पहुंच गई हैं।

इंग्लैंड की सलामी बल्लेबाज टैमी ब्यूमोंट दो स्थान के फायदे से 11 स्थान पर हैं। उन्होंने नाबाद 65 रन की पारी खेलकर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ श्रृंखला 2-1 से जीतने में अहम भूमिका निभाई थी। पर्थ में 50 रन बनाने वाली एशलेग गार्डनर 16वें से 15वें स्थान पर पहुंच गई हैं जबकि ताहलिया मैकग्रा आठ स्थान के फायदे से 24वें स्थान पर हैं।

अनाबेल सदरलैंड 15 स्थान के फायदे से 29वें पायदान पर हैं। उन्होंने भारत के खिलाफ 110 रन की मैच विजयी पारी खेली थी। गार्डनर गेंदबाजी रैंकिंग में भी दो स्थान के फायदे से तीसरे स्थान पर हैं जो उनके करियर की पिछली सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग भी है। वह ऑलराउंडर की सूची में भी चौथे से दूसरे पायदान पर पहुंच गई हैं। दक्षिण अफ्रीका की मारिजेन कैप दो स्थान के फायदे से चौथे स्थान पर हैं जबकि इंग्लैंड की चार्ली डीन (दो स्थान के फायदे से सातवें स्थान पर), नैट स्किवर ब्रंट (एक स्थान के फायदे से 16वें स्थान पर) और लॉरेन बेल (चार स्थान के फायदे से 21वें स्थान पर) की तिकड़ी को भी फायदा हुआ है।

दूसरी तरफ टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजी रैंकिंग में हरमनप्रीत की शीर्ष 10 में वापसी हुई है। जेमिमा वेस्टइंडीज के खिलाफ 73 रन की पारी खेलकर छह स्थान के फायदे से 15वें स्थान पर हैं। गेंदबाजी रैंकिंग में दीप्ति दो स्थान के फायदे से दूसरे पायदान पर हैं जबकि टिटास साधु 52वें स्थान पर पहुंच गई हैं।

वेस्टइंडीज की ऑलराउंडर डिएंड्रा डॉटिन भारत के खिलाफ अर्धशतक जड़ने के बाद 21 स्थान के फायदे से 59वें पायदान पर हैं। बल्लेबाजी रैंकिंग में कियाना जोसेफ (22 स्थान के फायदे से 65वें स्थान) और गेंदबाजी रैंकिंग में करिशमा रामहरक (छह स्थान के फायदे से 20वें स्थान पर) को भी फायदा हुआ है।

# आकाशदीप जसप्रीत बुमराह ने हारते मैच में बैटिंग में किया कमाल, फॉलोऑन भी बचाया

बेहतरीन गेंदबाज जसप्रीत बुमराह हर मायने में टीम इंडिया के हीरो साबित हुए हैं। बता दें कि, टीम इंडिया ब्रिस्बेन गाबा के मैदान पर शर्मसार होने से बाल-बाल बची। वहीं पहले केएल राहुल और फिर रविंद्र जडेजा ने ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों का डटकर सामने करते हुए अर्धशतक लगाकर भारत की लाज बचाने की कोशिश की। इसके बाद जसप्रीत बुमराह ने 27 गेंदों में एक छक्का लगाकर 10 रन बनाए और नाबाद रहे। वहीं आकाशदीप ने भी 31 गेंदों में 2 चौके और एक छक्का के दम पर नाबाद 27 रन की पारी खेली। जसप्रीत बुमराह और आकाशदीप की जोड़ी में आखिर में कमाल की बल्लेबाजी करते हुए भारत को किसी तरह फॉलोऑन झेलने के शर्मसार होने से बचा लिया। जब आकाशदीप ने कमिंस को चौका मारते हुए कट ऑफ स्कोर को पार किया तो टीम इंडिया के ड्रेसिंग रूम में



सेलिब्रेशन देखते बन रहा था। हेड कोच गौतम गंभीर, विराट कोहली, कप्तान रोहित शर्मा खुशी से झूम उठे। जबकि इसके बाद ही आकाश ने कमिंस को एक छक्का भी मारा। उनके बीच 39 रनों की साझेदारी हो चुकी है। भारत ने चौथे दिन 74.5 ओवरों में 9 विकेट खोकर 252 रन बनाए, जबकि ऑस्ट्रेलियाई टीम ने पहली पारी में 445 रनों का पहाड़ सरीखा स्कोर खड़ा किया था। बता दें कि, आखिरी बार 2011 में भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ ओवल टेस्ट में फॉलोऑन नहीं बचा पाई थी। भारत के लिए दो सबसे बड़ी साझेदारी हुई। केएल राहुल और रविंद्र जडेजा ने छठे विकेट के लिए 67 रन जोड़े, जबकि 7वें विकेट के लिए जडेजा और नीतीश कुमार रेड्डी ने 53 रन जोड़े। इससे पहले अपने तीसरे दिन के स्कोर चार विकेट पर 51 रन से आगे खेलते हुए भारतीय बल्लेबाजों ने जुझारुपन दिखाया और राहुल संकटमोचक साबित होते दिखे। राहुल भाग्यशाली रहे जिन्हें दिन की पहली गेंद पर दूसरी स्लिप में स्मिथ से जीवनदान मिला जबकि पैट कमिंस गेंदबाज थे।

# ऑस्ट्रेलिया को लगा बड़ा झटका, जोश हेजलवुड हुए मैच के साथ-साथ सीरीज से बाहर

ब्रिसबेन के गाबा में भारत के खिलाफ जारी तीसरे टेस्ट मैच के चौथे दिन के खेल से पहले ऑस्ट्रेलिया को एक बड़ा झटका लगा है। उनकी टीम के प्रमुख गेंदबाज जोश हेजलवुड चोटिल हो गए। हालांकि, वे दिन के खेल के पहले घंटे में मैदान पर नजर आए और एक ओवर गेंदबाजी की, लेकिन फिर उन्हें मैदान से बाहर ले जाया गया और जोश हेजलवुड को स्कैन्स के लिए हॉस्पिटल भी ले जाना पड़ा। इसके बाद जो रिपोर्ट सामने आई, उनसे साफ हो गया है कि जोश हेजलवुड को काफ स्ट्रेन है। वे इस मैच के साथ-साथ इस सीरीज से बाहर हो गए हैं। अब जोश हेजलवुड ब्रिसबेन टेस्ट मैच में आगे गेंदबाजी नहीं कर पाएंगे और सीरीज के बाकी मैचों में भी हिस्सा नहीं ले पाएंगे। ऐसे में उनकी



जगह इस सीरीज में स्कॉट बोलैंड खेलेंगे। उनको गंभीर चोट लगी है। इस चोट से उबरने के लिए उनको वक्त लगेगा। ऐसे में वे सीरीज के बाकी दो मैचों के लिए भी उपलब्ध नहीं होंगे। स्कैन्स के बाद क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने जोश हेजलवुड को लेकर जो अपडेट दिया है, उसमें बताया है कि, जोश हेजलवुड की पिंडली में खिंचाव आ गया है और वह टेस्ट सीरीज के बाकी बचे मैचों से बाहर हो सकते हैं। जोश हेजलवुड इस मैच में 6 ओवर गेदंबाजी कर चुके हैं और एक विकेट अपने नाम कर चुके हैं। उन्होंने विराट कोहली को विकेट के पीछ एलेक्स कैरी के हाथों कैच आउट कराया था। हेजलवुड को चौथे दिन के खेल से पहले वॉर्मअप मैच के दौरान उनको चोट लगी थी। उन्होंने गेंदबाजी करने की कोशिश की, लेकिन एक ही ओवर फेंकने के बाद वे बाहर चले गए।

## रोहित शर्मा टेस्ट क्रिकेट से लेंगे संन्यास! ग्लव्स से दिया संकेत

इसी साल टी20 वर्ल्ड कप जीतने के बाद रोहित शर्मा ने टी20 क्रिकेट को अलविदा कह दिया था। इसके बाद एक बार फिर उनके टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने की अफवाहें जोर पकड़ रही हैं। कहा जा रहा है कि, भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच जारी पांच मैचों की टेस्ट सीरीज उनके करियर की आखिरी टेस्ट सीरीज हो सकती है। कप्तान रोहित शर्मा पिछले कुछ समय से टेस्ट क्रिकेट में खराब फॉर्म से जूझ रहे हैं और इस फॉर्मेट में उनकी कप्तानी पर भी काफी सवाल खड़े हो रहे हैं। दरअसल, टेस्ट से संन्यास की खबरें इसलिए भी आ रही हैं क्योंकि ब्रिसबेन टेस्ट में जब पैट कमिंस की गेंद पर आउट होने के बाद रोहित शर्मा पवेलियन लौट रहे थे, तो उन्होंने अपने ग्लव्स उतारकर डगआउट के पीछे छोड़ दिए। इसके बाद से सोशल मीडिया पर बहस छिड़ गए हैं कि क्या रोहित ने टेस्ट क्रिकेट से अलविदा कहने का मन बना लिया है? रोहित शर्मा के अगर मौजूदा टेस्ट फॉर्म पर नजर डालें, तो उन्होंने पिछली 13 पारियों में 11.69 के औसत से कुल 152 रन ही बनाए हैं, जिसमें महज एक पचासा शामिल है।

# जसप्रीत बुमराह का सिक्स देखकर उछल पड़े गंभीर और कोहली, रोहित शर्मा नहीं छुपा पाए मुस्कान

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे टेस्ट में पूरे समय दबाव में रहने वाली भारतीय क्रिकेट टीम मंगलवार को एक चौका लगता ही जश्न में डूब गए। एक चौका, जिसे देखकर विराट कोहली और गौतम गंभीर उछल पड़े। विराट उछले और तुरंत पटलकर पास बैठे कोच गौतम गंभीर से हाईफाई किया। गंभीर पिछले 10-15 दिन में शायद पहली बार इतना मुस्कुराए। गंभीर के पीछे बैठे कप्तान रोहित शर्मा अपनी चौड़ी मुस्कान को चाहकर भी ना छिपा सके। क्या आप जानते हैं कि आखिर ये मौका किसने लगाया और मैच में इसकी कीमत क्या थी।

भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले ही दिन से दबाव में है। पहले दिन भारत को एक भी विकेट नहीं मिला। दूसरे दिन ऑस्ट्रेलिया के ट्रैविस हेड और स्टीव स्मिथ ने शतक बनाए। तीसरे दिन ऑस्ट्रेलिया ने 445 का



स्कोर बनाया और भारत के 4 विकेट 51 रन पर झटक लिए। तीसरे दिन की शुरुआत से भारत पर हार का खतरा मंडरा रहा है। चौथे दिन तो सूरत ये थी कि फॉलोऑन की शर्मिंदगी से कैसे बचा जाए। फॉलोऑन बचाने के लिए 246 रन चाहिए थे और भारत 213 रन पर 9 विकेट गंवा चुका था।

फॉलोऑन खेलने का मतलब होता कि भारत पहली पारी के तुरंत बाद दूसरी पारी में बैटिंग शुरू कर देता। अगर ऐसा होता तो भारत के हारने की आशंका बहुत ज्यादा हो जाती। जाहिर है टीम इंडिया से लेकर फैंस तक चाह रहे थे कि फॉलोऑन बच जाए। लेकिन बचे कैसे, टीम के टॉप-9 बैटर आउट होकर पवेलियन में बैठे थे। अब सारी निगाहें जसप्रीत बुमराह और आकाश दीप की आखिरी जोड़ी पर टिकी थीं।

भारत ने फॉलोऑन बचा लिया और इसमें यूं तो बड़ी भूमिका केएल राहुल और रविंद्र जडेजा की रही, लेकिन ये दोनों भी टीम को मझधार में छोड़कर लौट चुके थे। ये भी नहीं कह सकते कि नाव किनारे आई गई थी। 39 रन बाकी रहने का मतलब ये था कि नाव अभी बीच दरिया में ही थी, जिसे पार लगाने का जिम्मा 10वें और 11वें नंबर के बैटर आ पड़ा था। आकाशदीप और जसप्रीत बुमराह ने ये जिम्मेदारी बखूबी संभाली। 75वें ओवर की शुरुआत हुई तो टीम का स्कोर 242 रन था, अब सिर्फ एक चौका चाहिए था।

पैट कमिंस के हाथों में गेंद थी, कमिंस ने आकाश दीप को सीने की ऊंचाई पर गेंद की, जिस पर भारतीय बैटर ने शानदार कट लगाया। गेंद और बैट के संपर्क के साथ ही ये तय हो गया था कि ये बाउंड्री के पार जाए बिना नहीं मानेगा। गली में खड़े फील्डर ने छलांग लगाकर गेंद को रोकने की औपचारिक कोशिश की। फील्डर नाकाम रहा और गेंद के बाउंड्री पार जाने से पहले ही विराट कोहली ड्रेसिंग रूप में छलांग लगा चुके थे।

# दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह की बेटी दुआ की तस्वीरें वायरल, जानिए इसके पीछे की सच्चाई

दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह ने प्रेग्नेंसी की घोषणा करके सबसे बड़ी खुशखबरी दी। यह खबर प्रशंसकों के लिए एक बड़ा सरप्राइज लेकर आई। दीपिका की प्रेग्नेंसी जर्नी उनकी तरह ही खूबसूरत रही और उन्होंने इस साल सितंबर में अपने पहले बच्चे का स्वागत किया। उनकी एक बेटी हुई और उसका नाम दुआ पादुकोण सिंह रखा गया। उनकी नन्ही सी खुशी के बारे में जानकर हर कोई खुश था। तब से, हमने दीपिका को नई माँ और अपने जीवन के बारे में पोस्ट शेयर करते देखा। हमने उन्हें रणवीर के साथ अपने बच्चे के साथ यात्रा करते भी देखा।

हर कोई इस जोड़े के बच्चे का चेहरा दिखाने का इंतज़ार कर रहा है। हालाँकि, उन्होंने बच्चे की कोई झलक भी साझा नहीं की है। लेकिन, सोशल मीडिया पर कुछ तस्वीरें ऐसी



भी हैं जो इंटरनेट पर वायरल हो गई हैं। इन तस्वीरों में रणवीर और दीपिका के साथ दुआ हैं।

इससे सभी को लगा कि कपल ने बच्चे का चेहरा दिखाया है। हालांकि, यह सच नहीं है। एक्टर्स ने अपने सोशल मीडिया पर कोई तस्वीर शेयर नहीं की है। साथ ही, यह पाया गया है कि ये जनरेटेड तस्वीरें हैं। सजग की टीम ने इस बात का पता लगाया और इन तस्वीरों की से जांच की गई और ये तस्वीरें फर्जी पाई गई।

हाल ही में दीपिका दिलजीत दोसांझ के कॉन्सर्ट के लिए बेंगलुरु में स्पॉट की गई। डिलीवरी के बाद यह उनकी पहली उपस्थिति थी। वह दिलजीत के कॉन्सर्ट में खुशी से नाचती नजर आई। उन्होंने सफेद ढीला टॉप और नीली जींस पहनी थी। उन्होंने अपने बाल खुले रखे थे और हमेशा की तरह खूबसूरत लग रही थीं। वर्क फ्रंट की बात करें तो दीपिका सिंघम अगेन में शक्ति शेट्टी के किरदार में थीं। फिल्म बहुत बड़ी हिट रही और बॉक्स ऑफिस पर कमाल की कमाई की। फिल्म में अजय देवगन, रणवीर सिंह, अक्षय कुमार, टाइगर श्रॉफ, करीना कपूर खान और अन्य भी थे।

# अल्लू अर्जुन फिर मुसीबत में? पुलिस ने संध्या थिएटर को लिखा पत्र वायरल, सेलिब्रिटी को न बुलाने का किया आग्रह

अल्लू अर्जुन हाल ही में न केवल अपनी हालिया मेगा-ब्लॉकबस्टर फिल्म पुष्पा 2 के लिए बल्कि हैदराबाद के संध्या थिएटर में फिल्म के मध्यरात्रि प्रीमियर के लिए भी चर्चा में रहे हैं, जिसमें 29 वर्षीय महिला की जान चली गई थी। संध्या थिएटर के प्रबंधन ने पहले दावा किया था कि उन्होंने स्थानीय पुलिस से उचित अनुमति ली थी और उन्हें सुरक्षा प्रदान करने के लिए कहा था। अब स्थानीय पुलिस का एक पत्र सामने आया है जो संध्या थिएटर प्रबंधन के पत्र के जवाब में था। पत्र में पुलिस ने संध्या थिएटर प्रबंधन से किसी भी सेलिब्रिटी को आमंत्रित न करने के लिए कहा है क्योंकि भीड़ को नियंत्रित करना संभव नहीं है।

2 दिसंबर को संध्या थिएटर प्रबंधन ने हैदराबाद के चिक्कड़पल्ली के सहायक पुलिस आयुक्त से 4 दिसंबर को पुष्पा 2 की रिलीज के संबंध में पुलिस बंदोबस्त की व्यवस्था करने का अनुरोध किया क्योंकि मुख्य कलाकार, वीआईपी और प्रोडक्शन यूनिट फिल्म देखने के लिए आने वाले थे। यह देखना दिलचस्प होगा कि अल्लू अर्जुन के वकील और संध्या थिएटर प्रबंधन इस पत्र पर क्या प्रतिक्रिया देते हैं। मामले में गिरफ्तार



होने के बाद अभिनेता को जमानत मिल गई थी।

4 दिसंबर को हैदराबाद के संध्या थिएटर में आधी रात को प्रीमियर के समय एक भयावह घटना घटी। अल्लूअर्जुन के लोकेशन पर पहुंचने के बाद, उन्हें प्रशंसकों की भीड़ ने घेर लिया और कुछ ही सेकंड में स्थिति नियंत्रण से बाहर हो गई और भगदड़ जैसी स्थिति पैदा हो गई। इस घटना में रेवती नाम की एक महिला की जान चली गई और कई लोग घायल हो गए।

घटना के दो दिन बाद, अल्लू अर्जुन ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें उन्होंने अपना दुख व्यक्त किया और शोक संतप्त परिवार को सद्भावना के तौर पर 25 लाख रुपये देने की घोषणा की। उन्होंने घायल सदस्यों के सभी मेडिकल खर्चों को वहन करने की भी पेशकश की।

# जब नागा चैतन्य, सोभिता धुलिपाला के साथ पहली डेट के लिए मुंबई आए थे...

नागा चैतन्य और सोभिता धुलिपाला ने पहली बार अपने रिश्ते के बारे में बात की। न्यूयॉर्क टाइम्स के साथ हाल ही में एक साक्षात्कार में, जोड़े ने अपनी पहली डेट के बारे में बात की, कैसे वे जुड़े और उन्हें एक-दूसरे में क्या पसंद है। सोभिता ने याद किया कि नागा चैतन्य अपनी पहली डेट के लिए मुंबई आए थे। उन्होंने बताया कि उनका रिश्ता कितना स्थिर है।

सोभिता और नागा चैतन्य शुरू में इंस्टाग्राम पर जुड़े थे, जहाँ वे एक-दूसरे की कहानियों पर प्रतिक्रिया देते थे। कुछ समय तक इंस्टाग्राम पर एक-दूसरे से बात करने के बाद, थंडेल अभिनेता उसे लंच डेट पर ले जाने के लिए मुंबई गए। उन्होंने कहा, वह आकर्षक हिस्सा था। यह एक तरह से बहुत पुराना स्कूल था। इसके अलावा, चैतन्य ने टिप्पणी की, मैं टेक्स्टिंग का प्रशंसक नहीं हूं। मैं सोशल मीडिया पर संवाद करने का प्रशंसक नहीं हूं। एक हफ्ते बाद,



प्राइम वीडियो के लिए एक कार्यक्रम के दौरान दोनों फिर से मुंबई में मिले। उन्होंने कहा मैं लाल रंग की ड्रेस में थी, वह नीले रंग के सूट में था। और बाकी इतिहास है।

नागा चैतन्य और शोभिता धुलिपाला की पहली यात्रा कर्नाटक के बांदीपुर राष्ट्रीय उद्यान की थी। वे चाय के दोस्तों के साथ गए थे। उन्होंने कहा कि वह एक कलाकार है, मैं एक शराबी हूँ। मैं फड़फड़ाती पतंग हूँ और वह लंगर है। हमारी असमानताओं ने वास्तव में हमें एक-दूसरे के बारे में दिलचस्पी और जिज्ञासा बनाए रखी। नागा चैतन्य के साथ अपनी यात्रा के बारे में बात करते हुए, उन्होंने कहा, यह प्यारा था, और यह स्थिर था। यह दो कोमल दिलों के प्यार में पड़ने का मामला नहीं था। यह जीवन की एक ही चाहत से जुड़ी दो धातुओं की तरह था, और हम उन चीजों के बारे में बिना किसी बाधा के खुलकर बात करने में सक्षम थे। इसने मुझे प्रभावित किया। नागा चैतन्य और शोभिता धुलिपाला ने 8 अगस्त को सगाई की। 4 दिसंबर को, दोनों ने परिवार के सदस्यों और दोस्तों की मौजूदगी में हैदराबाद के अन्नपूर्णा स्टूडियो में शादी कर ली।

# पोर्नोग्राफी पर आखिरकार राज कुंद्रा ने दी सफाई, कहा यह मेरा नाम खराब करने की बदले की भावना के अलावा कुछ नहीं है

बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी के पति व्यवसायी राज कुंद्रा, जो कथित पोर्नोग्राफी मामले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग जांच का सामना कर रहे हैं, ने स्पष्ट वयस्क सामग्री के उत्पादन या वितरण में किसी भी तरह की संलिप्तता से इनकार किया और कहा कि यह मेरा नाम खराब करने की बदले की भावना के अलावा कुछ नहीं है। पत्रकारों से बात करते हुए, कुंद्रा ने कहा, पिछले तीन सालों से मीडिया बहुत अटकलें लगा रहा था। मुझे लगा कि इन अटकलों में मेरी भागीदारी की आवश्यकता नहीं है। मेरे लिए, कभी-कभी मौन रहना ही सुख है, लेकिन जब बात परिवार की आती है और परिवार के सदस्य इसमें शामिल होते हैं, तो मुझे लगता है कि मुझे सामने आकर बोलना चाहिए। पिछले महीने की शुरुआत में, प्रवर्तन निदेशालय ने मनी लॉन्ड्रिंग जांच के सिलसिले में राज कुंद्रा और कई अन्य के परिसरों पर छापेमारी की थी। तलाशी अभियान के दौरान मुंबई और उत्तर प्रदेश में लगभग 15 स्थानों पर छापेमारी की गई। कुंद्रा ने न्यायिक प्रक्रिया में विश्वास व्यक्त किया और कहा कि वह चाहते हैं कि मामला सुलझ जाए। उन्होंने कहा, चार्जशीट में शामिल 13 लोगों में से मैं अकेला हूं जो कह रहा हूं कि इस मामले को जल्द ही



खत्म कर दिया जाना चाहिए। अगर कोई दोषी है, तो उस पर आरोप लगाया जाना चाहिए; अगर वह दोषी नहीं है, तो उसे बरी कर दिया जाना चाहिए। इसलिए अगर यह 1त्न भी सच होता, तो मैं बरी होने की मांग नहीं करता।

19 जुलाई, 2021 को कुंद्रा को अश्लील वयस्क सामग्री बनाने और मोबाइल ऐप के ज़रिए इसे वितरित करने के आरोप में गिरफ़्तार किया गया था। दो महीने जेल में बिताने के बाद उन्हें सितंबर 2021 में ज़मानत मिल गई। हिरासत में बिताए गए समय का ज़िक्र करते हुए कुंद्रा ने कहा, मुझे आर्थर रोड जेल में 63 दिनों तक रखा गया था। उन 63 दिनों को परिवार के बिना बिताना मुश्किल था। जैसा कि मैं कह रहा हूं, मैं अदालत में लड़ रहा हूं मुझे पूरा भरोसा है कि मैं यह केस जीत जाऊंगा।

कुंद्रा ने पोर्नोग्राफी से किसी भी तरह का संबंध होने से इनकार किया, इस बात पर जोर देते हुए कि उनकी भागीदारी तकनीकी सेवाएँ प्रदान करने तक ही सीमित थी। उन्होंने कहा, आज तक, मैं किसी भी पोर्नोग्राफी, किसी भी प्रोडक्शन या पोर्न से जुड़ी किसी भी चीज़ का हिस्सा नहीं रहा हूँ। जब यह आरोप सामने आया, तो यह बहुत दुखदायी था। जांच एजेंसी के अनुसार, कुंद्रा ने फरवरी 2019 में आर्म्स प्राइम मीडिया लिमिटेड नाम से एक कंपनी बनाई और हॉटशॉट्स नाम से एक ऐप विकसित किया। बाद में इस ऐप को उनके बहनोई प्रदीप बख्शी की यूके स्थित कंपनी केनरिन को बेच दिया गया। पुलिस ने कहा कि कुंद्रा के फोन में केनरिन और उसके वित्तीय लेन-देन के बारे में व्हाट्सएप चैट थी। इन बातचीत से यह भी पता चला कि उन्होंने एक व्यक्ति को 1.2 मिलियन अमेरिकी डॉलर में 119 वयस्क फिल्में बेचने पर चर्चा की थी। कुंद्रा ने अपने व्यवसाय संचालन के बारे में बताते हुए कहा, जहां तक ऐप चलाने की बात है, मेरे बेटे के नाम पर एक सूचीबद्ध कंपनी थी, और हम प्रौद्योगिकी सेवाएं प्रदान करते थे। हमने अपने साले की कंपनी केनरिन को प्रौद्योगिकी सेवाएं प्रदान कीं, जिसमें उन्होंने एक ऐप लॉन्च किया था। यह निश्चित रूप से बोल्ड था यह बड़े दर्शकों के लिए बनाया गया था ये ए-रेटेड फिल्में थीं, लेकिन वे बिल्कुल भी अश्लील नहीं थीं। रिपोर्ट के अनुसार, हॉटशॉट्स ऐप एक पोर्न प्लेटफॉर्म के रूप में काम करता था, जिसे कथित तौर पर भारत में फिल्माया गया था और ऐप पर अपलोड किया गया था। उन्होंने किसी भी फिल्म के निर्माण में शामिल होने से इनकार किया और अपनी भूमिका के बारे में दावों को चुनौती दी। उन्होंने कहा, कोई लड़की सामने आए जो कहे कि मैं राज कुंद्रा से मिली हूं या उनकी किसी फिल्म में काम किया है, या राज कुंद्रा ने कभी कोई फिल्म बनाई है। कुंद्रा ने उन आरोपों को भी खारिज कर दिया कि वे जांच के दायरे में आने वाले कई ऐप के पीछे मुख्य व्यक्ति थे।

## गंभीर बीमारियों से जूझ रहे कैदियों की हालत पर हाईकोर्ट चिंतित



**मुंबई।** बॉम्बे हाईकोर्ट में अरुण भेलके द्वारा दायर की गई याचिका की सुनवाई के दौरान मामला सामने आया। दरअसल, भेलके की पत्नी कंचन नानावरे को 2014 में गिरफ्तार किया गया था। नानावरे को 2020 में एक गंभीर बीमारी का पता चला था, लेकिन उन्हें जमानत नहीं दी गई। बॉम्बे हाईकोर्ट ने गंभीर बीमारी से ग्रस्त कैदियों के जेल में बंद रहने पर चिंता जताई। अदालत ने महाराष्ट्र सरकार से कहा कि वह यह विचार करे कि क्या इन कैदियों को चिकित्सा जमानत दी जाए या उन्हें नजरबंदी में रखा जाए। न्यायमूर्ति रेवती मोहिते डेरे और न्यायमूर्ति पृथ्वीराज चव्हाण की खंडपीठ ने सोमवार को कहा कि वे रविवार को पुणे की यरवदा केंद्रीय कारागार गए थे और वहां के कैदियों खासकर महिलाओं से मुलाकात की और हालात का जायजा लिया। अदालत ने अगस्त 2010 में केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा जारी की गई एक सलाहकार रिपोर्ट का उल्लेख किया, जिसमें गंभीर बीमार कैदियों के इलाज की नीति पर चर्चा की गई थी। सलाहकार रिपोर्ट के अनुसार, कोई भी कैदी जो किसी गंभीर बीमारी से ग्रस्त पाया जाता है, उसे चिकित्सा कारणों से जमानत, पैरोल, फर्लो (अवकाश), या घर में नजरबंदी या परिवार के सदस्यों की निगरानी में रखा जा सकता है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि कुछ मामलों में, ऐसे कैदियों को जेल में ही विशेष चिकित्सा देखभाल दी जा सकती है।

## क्या दिल्ली में अपना वोट बैंक वापस हासिल कर पाएगी कांग्रेस, पूर्वजों की सीट कैसे जीतेगा पोता?

**विश्वास**

**कांग्रेस पार्टी का एक विश्वसनीय वोट बैंक दिल्ली में रहा है, लेकिन इनका विश्वास कांग्रेस टूटा ओर ये केजरीवाल की तरफ शिफ्ट हो गया है।**




**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने पहली लिस्ट में पूर्व राज्यसभा सदस्य और उत्तर पूर्वी दिल्ली से पूर्व सांसद जेपी अग्रवाल के बेटे मुदित अग्रवाल को चांदनी चौक विधानसभा से अपना उम्मीदवार बनाया है। जेपी अग्रवाल की गिनती कांग्रेस के दिग्गज नेताओं में होती है। अग्रवाल के पिता स्वतंत्रता सेनानी लाला रामचरण अग्रवाल दिल्ली के पहले उप महापौर रहे हैं। दिल्ली में फरवरी 2025 में विधानसभा चुनाव होना है। इससे पहले ही सत्ताधारी आम आदमी पार्टी ने सभी सीटों पर उम्मीदवार घोषित कर दिए हैं, जबकि कांग्रेस पार्टी ने भी 21 उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। कांग्रेस की पहली लिस्ट देखें तो इनमें कई प्रत्याशी ऐसे हैं उनके दादा, पिता या मां पहले सांसद, विधायक रहे चुके हैं। अब देखने वाली ये बात होगी कि क्या ये युवा प्रत्याशी अपने पूर्वजों की राजनीतिक विरासत बचा पाएंगे या नहीं? कांग्रेस ने पहली सूची में पूर्व राज्यसभा सदस्य और उत्तर पूर्वी दिल्ली से पूर्व सांसद जेपी अग्रवाल के बेटे मुदित अग्रवाल को चांदनी चौक विधानसभा से अपना उम्मीदवार बनाया है। जेपी अग्रवाल की गिनती कांग्रेस के दिग्गज नेताओं में होती है। अग्रवाल के पिता स्वतंत्रता सेनानी लाला रामचरण अग्रवाल दिल्ली के पहले उप महापौर रहे हैं। अमर उजाला.कॉम ने जब मुदित अग्रवाल से बात की तो उन्होंने बताया कि इस बार कांग्रेस पार्टी पूरे दमखम के साथ विधानसभा चुनाव में उतर रह रही है। उन्होंने कई सवालों के जवाब भी दिए। कांग्रेस की पहली सूची जल्दी आने के सवाल पर मुदित अग्रवाल ने कहा कि ये बहुत अच्छी बात है कि हमारी पार्टी की पहली लिस्ट चुनाव के एलान से पहले आ गई है। इससे उम्मीदवारों को अपने क्षेत्र की जनता के बीच जाने का ज्यादा समय मिलेगा। पार्टी के कई बड़े दिग्गज नेता चुनाव लड़ रहे है। निश्चित ही इस बार नतीजे हमारे पक्ष में आने वाले है। विधानसभा चुनावों में कांग्रेस के प्रदर्शन के सवाल पर कांग्रेस उम्मीदवार कहते है कि इन चुनावों में कांग्रेस उम्मीद से बेहतर प्रदर्शन करेगी, क्योंकि आज दिल्ली की जनता केजरीवाल से बहुत परेशान हैं। सभी मामले में दिल्ली की हालत बहुत खराब है। कांग्रेस पार्टी का एक विश्वसनीय वोट बैंक दिल्ली में रहा है, लेकिन इनका विश्वास कांग्रेस टूटा ओर ये केजरीवाल की तरफ शिफ्ट हो गया है। दिल्ली की खराब हालत देखकर इस वोट बैंक का केजरीवाल से मोहभंग हो गया है। अब ये वोटबैंक फिर से कांग्रेस के साथ आ गया है। अग्रवाल कहते है कि दिल्ली में आज भ्रष्टाचार बहुत बड़ा मुद्दा है। शराब घोटाले समेत कई घोटाले एक के बाद एक हुए है। दिल्ली में आज एक संवेदनहीन सरकार है। दिल्ली में प्रदूषण और ट्रैफिक से जनता परेशान है। दिल्ली सरकार ने जो वादे आम लोगों से किए थे उनमें से एक भी पूरे नहीं हुए है। सभी मामलों में आप सरकार फेल रही है। आज चांदनी चौक विधानसभा में आप का भ्रष्ट नेतृत्व है।

## लोकसभा में एक देश-एक चुनाव विधेयक स्वीकार, विस्तृत चर्चा के लिए जेपीसी भेजा गया



**नई दिल्ली।** लोकसभा और विधानसभा चुनाव एकसाथ कराने संबंधी संविधान संशोधन विधेयक मंगलवार को लोकसभा में स्वीकार कर लिया गया। संविधान (129वां संशोधन) विधेयक, 2024 जिसे एक राष्ट्र-एक चुनाव विधेयक के रूप में जाना जाता है, इसे केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने पेश किया। इसके साथ ही राज्यसभा में संविधान पर चर्चा हुई। तेजस्वी बोले- बिहार में एक चरण में चुनाव नहीं करा सकते, वो देश में एक चुनाव क्या कराएंगे एक राष्ट्र एक चुनाव पर राजद नेता तेजस्वी यादव ने कहा, ये लोग ऋस्स के एजेंडा को लागू करना चाहते हैं इसलिए हम लोग कहते हैं कि ये लोग संविधान विरोधी हैं। अभी ये कह रहे हैं कि एक राष्ट्र एक चुनाव, आगे कहेंगे एक राष्ट्र एक पार्टी, फिर कहेंगे कि एक राष्ट्र एक नेता क्या मतलब हुआ, बाद में पता चलेगा कि विधानसभा चुनाव की जरूरत ही नहीं है। ये बीजेपी के लोग वास्तविक मुद्दे पर बात नहीं करते हैं। कहते हैं कि इससे खर्चा बचेगा। तो पीएम मोदी कितना विज्ञापन में खर्चा करते हैं? वह चुनाव से ज्यादा विज्ञापन पर खर्चा करते हैं। वह 11 साल में विज्ञापन पर कितना खर्चा किए ये बता दें? जो बिहार में एक फेज में चुनाव नहीं करा सकता उससे क्या उम्मीद की जाए कि वह एक राष्ट्र एक चुनाव कराए।

## जॉर्जिया के माउंटेन रिसॉर्ट में 11 भारतीयों की मौत, गैस रिसाव की वजह से गई जान

**नई दिल्ली।** जॉर्जिया के गुडौरी पर्वतीय रिसॉर्ट में 12 लोगों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। मृतकों में 11 भारतीय थे और एक स्थानीय नागरिक था। इस मामले के बाद जॉर्जिया के आंतरिक मामलों के मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि प्रारंभिक निरीक्षण में किसी भी तरह की चोट या हिंसा के कोई संकेत नहीं मिले। इस मामले में स्थानीय मीडिया का कहना है कि सभी पीड़ित कार्बन मोनोऑक्साइड विषाक्तता से मर गए। पुलिस ने प्रारंभिक जांच में इस बात की जानकारी दी है। वहीं, जॉर्जिया के आंतरिक मामलों के मंत्रालय के बयान में कहा गया कि मृतकों में 11 विदेशी थे जबकि एक पीड़ित उसका नागरिक था।

## भाजपा एमएलसी ने शरद पवार की पार्टी के उम्मीदवार का किया प्रचार, कारण बताओ नोटिस जारी

**मुंबई।** आरोप ये भी है कि रंजीतसिंह मोहिते पाटिल ने अपने सहयोगियों और परिवार के सदस्यों को भाजपा उम्मीदवारों के खिलाफ काम करने का निर्देश दिया था और पार्टी कार्यकर्ताओं को धमकाया था, साथ ही पुलिस एजेंटों का इस्तेमाल करके पार्टी कार्यकर्ताओं पर दबाव डाला गया था। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने अपने एक एमएलसी को चुनाव के दौरान कथित पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होने के आरोप में कारण बताओ नोटिस जारी किया है। भाजपा ने एमएलसी रंजीतसिंह मोहिते पाटिल को कारण बताओ नोटिस जारी सात दिनों के भीतर जवाब देने का निर्देश दिया है। महाराष्ट्र भाजपा ने सोमवार को जारी कारण बताओ नोटिस में कहा कि, आप भारतीय जनता पार्टी के प्रतिनिधि के रूप में पार्टी को नुकसान पहुंचाने वाली गतिविधियों में लिप्त पाए गए हैं। आपके खिलाफ अनुशासनहीनता के कई मामले दर्ज किए गए हैं। महाराष्ट्र भाजपा सचिव मुकुंद कुलकर्णी द्वारा भेजे गए नोटिस में पार्टी ने एमएलसी पर चुनाव के दौरान प्रचार में शामिल न होने का आरोप लगाया है।

आरोप ये भी है कि रंजीतसिंह मोहिते पाटिल ने अपने सहयोगियों और परिवार के सदस्यों को भाजपा उम्मीदवारों के खिलाफ काम करने का निर्देश दिया था और पार्टी कार्यकर्ताओं को धमकाया था, साथ ही पुलिस

**विरोधी**

**भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने अपने एक एमएलसी को चुनाव के दौरान कथित पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होने के आरोप में कारण बताओ नोटिस जारी किया है।**

एजेंटों का इस्तेमाल करके पार्टी कार्यकर्ताओं पर दबाव डाला गया था। पार्टी ने उन पर लोकसभा चुनाव के दौरान एनसीपी (एसपी) के उम्मीदवारों का समर्थन करने और भाजपा उम्मीदवारों के खिलाफ प्रचार करने का आरोप लगाया है।



गौरतलब है कि रणजीतसिंह मोहिते पाटिल के चचेरे भाई धैर्यशील मोहिते पाटिल ने एनसीपी (एसपी) उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ा, जिन्होंने भाजपा के उम्मीदवार के खिलाफ जीत हासिल की। इसके अलावा, भाजपा ने दावा किया कि पार्टी नेता ने विधानसभा चुनावों में भी पार्टी उम्मीदवार के खिलाफ प्रचार करने के लिए प्रोत्साहित किया था। एमएलसी ने मालशिरस निर्वाचन क्षेत्र से राकांपा (शरदचंद्र पवार) के उम्मीदवार उत्तमराव जानकर के लिए प्रचार किया, जिन्होंने भाजपा उम्मीदवार राम सतपुते को हराया था। भाजपा एमएलसी पर एनसीपी (एसपी) से जुड़ी सहकारी संस्थाओं को वित्तीय सहायता देने और अधिकारियों को भी इन संस्थाओं के पक्ष में प्रभावित करने का आरोप है।

भाजपा ने रणजीतसिंह मोहिते पाटिल से सात दिनों के भीतर लिखित स्पष्टीकरण देने को कहा है पूछा है कि उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई क्यों न की जाए।

पार्टी ने कहा है कि जवाब ने देने पर एमएलसी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## लोकसभा में पेश हुआ विधेयक, देश में कैसे और कब तक लागू होगा एक देश एक चुनाव?

**नई दिल्ली।** एक देश, एक चुनाव विधेयक को मंगलवार को लोकसभा में पेश कर दिया गया। कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने विधेयक को सदन के पटल पर रखा। सदन में चर्चा के दौरान कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और तृणमूल कांग्रेस जैसे बड़े विपक्षी दलों ने इस विधेयक का विरोध किया। इससे पहले केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बीते गुरुवार को एक देश, एक चुनाव विधेयक को मंजूरी दे दी थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सबसे पहले 2019 में 73वें स्वतंत्रता दिवस के मौके पर एक देश एक चुनाव के अपने विचार को आगे बढ़ाया था। उन्होंने कहा था कि देश के एकीकरण की प्रक्रिया हमेशा चलती रहनी चाहिए। 2024 में स्वतंत्रता दिवस के मौके पर भी प्रधानमंत्री ने इस पर विचार रखा था। आखिर क्या है एक देश एक चुनाव का प्रस्ताव? पहले कब उठा था यह मुद्दा? क्या पहले कभी एक साथ देश में चुनाव हुए हैं? इस पर चुनाव आयोग का क्या रुख है? एक साथ चुनाव पर अभी क्या हुआ है? कोविंद समिति की सिफारिशें क्या हैं? आइये जानते हैं... इस प्रस्ताव का उद्देश्य पूरे देश में लोकसभा और विधानसभाओं के लिए एक साथ चुनाव कराना है। फिलहाल लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव अलग-अलग होते हैं, या तो पांच साल का कार्यकाल पूरा होने के बाद या जब सरकार किसी कारण से भंग हो जाती है। इसकी व्यवस्था भारतीय संविधान में की गई है। अलग-अलग राज्यों की विधानसभा का कार्यकाल अलग-अलग समय पर पूरा होता है, उसी के हिसाब से उस राज्य में विधानसभा चुनाव होते हैं। हालांकि, कुछ राज्य ऐसे भी हैं जहां विधानसभा और लोकसभा चुनाव एक साथ होते हैं। इनमें अरुणाचल प्रदेश, आंध्र प्रदेश, ओडिशा और सिक्किम जैसे राज्य शामिल हैं। वहीं, राजस्थान, मध्य प्रदेश, तेलंगाना, छत्तीसगढ़ और मिजोरम जैसे राज्यों के चुनाव लोकसभा चुनाव से ऐन पहले हुए तो लोकसभा चुनाव खत्म होने के छह महीने के भीतर हरियाणा, जम्मू कश्मीर, महाराष्ट्र और झारखंड में चुनाव हुए।

## बिल्डिंग धराशायी... लैंडस्लाइड... हर ओर बिखरा मलबा, वानुअतु में भूकंप से मची तबाही



**पोर्ट विला।** दक्षिण प्रशांत महासागर में स्थित एक द्वीप राष्ट्र वानुअतु में मंगलवार को जबरदस्त भूकंप आया। वानुअतु की राजधानी पोर्ट विला में आए इस भूकंप ने तबाही मचा दी। भूकंप से कई इमारतें और कारें क्षतिग्रस्त हो गईं और एक व्यक्ति के मारे जाने की खबर है। USGS (अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण) के अनुसार, भूकंप का केंद्र वानुअतु के सबसे बड़े शहर पोर्ट विला से 30 किलोमीटर पश्चिम में 57 किलोमीटर की गहराई पर था। भूकंप की तीव्रता 7.4 मैग्नीट्यूड आंकी गई। वानुअतु के सरकारी टीवी चैनल ङ्कक्क्च्च्ष्ट की एक फुटेज भी सामने आई, जिसमें लोगों से भरी सड़क पर एक इमारत ढहने से कई वाहन कुचले गए। चैनल ने बताया कि ढही हुई इमारत में एक व्यक्ति फंस गया था। पुलिस ने बताया कि एक व्यक्ति की मौत हो गई है और घायल लोगों को अस्पताल ले जाया गया है। अधिकारियों ने कहा कि पोर्ट विला को अंतरराष्ट्रीय शिपिंग टर्मिनल से जोड़ने वाली सड़क भूस्खलन के कारण अवरुद्ध हो गई है। सोशल मीडिया पर पोस्ट की गई कई फुटेज में एक इमारत की खिड़कियों के शीशे टूटे हुए और कंक्रीट के खंभे ढहते हुए दिखाई दिए। अमेरिकी सुनामी चेतावनी प्रणाली ने कहा कि भूकंप के बाद सुनामी की चेतावनी जारी की गई है। भूकंप में अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रेंच और न्यूजीलैंड के दूतावास की इमारतों को भी नुकसान पहुंचा हैं। पापुआ न्यू गिनी में अमेरिकी दूतावास के प्रवक्ता ने कहा कि पोर्ट विला में उसके दूतावास को काफी नुकसान हुआ है और अगली सूचना तक इसे बंद कर दिया गया है। प्रवक्ता ने एक बयान में कहा कि न्यूजीलैंड के उच्चायोग की इमारत, जो यू.एस., फ्रेंच और ब्रिटिश मिशनों के साथ स्थित है, उसे भी काफी नुकसान हुआ है। न्यूजीलैंड के बयान में कहा गया कि पूरे देश में संचार व्यवस्था ठप हो गई है, जबकि वानुअतु में ऑस्ट्रेलियाई उच्चायोग ने कहा कि उसके संचार सिस्टम भी प्रभावित हुए हैं। बता दें कि वानुअतु दक्षिण प्रशांत महासागर में स्थित 80 द्वीपों का एक समूह है। यहां तीन लाख के करीब लोग रहते हैं। ये द्वीप समूह सुनामी के संकट से जूझता है।

## बम धमाके में गई Russia के परमाणु सेना प्रमुख इगोर किरिलोव की जान, 300 ग्राम विस्फोटक से 4 मंजिला इमारत क्षतिग्रस्त

**मॉस्को।** रूस की राजधानी मॉस्को में परमाणु सुरक्षा बलों के प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल इगोर किरिलोव की हत्या कर दी गई है। बम धमाके में इगोर किरिलोव की जान गई है। घटना के सामने आने के बाद से ही मॉस्को में हड़कंप मच गया है। रूसी एजेंसियां घटनाक्रम की जांच में जुट गई हैं। यह धमाका क्रेमलिन के करीब हुआ है। रूस की जांच कमेटी ने कहा कि एक इलेक्ट्रिक स्कूटर में बम को छिपाया गया था। मंगलवार को बम विस्फोट में परमाणु सुरक्षा बलों के प्रभारी वरिष्ठ रूसी जनरल की जान चली गई। लेफ्टिनेंट जनरल इगोर किरिलोव रूस के परमाणु, जैविक और रासायनिक सुरक्षा बलों के प्रमुख के पद पर

## पीएम मोदी के पोस्ट पर बांग्लादेश ने जताई आपत्ति, कहा- 1971 की जीत हमारी है; भारत सिर्फ सहयोगी था

**विजय**

**16 दिसंबर को हर साल बांग्लादेश विजय दिवस मनाता है। इस बार बांग्लादेश ने अपना 54वां विजय दिवस मनाया है।**



**नई दिल्ली।** शेख हसीना के तख्तापलट के बाद पहली बार 16 दिसंबर को बांग्लादेश ने आजादी का जश्न मनाया। सोमवार को अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस ने देश को संबोधित भी किया। बांग्लादेश ने ढाका तो भारत ने कोलकाता में बांग्लादेश की आजादी पर कार्यक्रमों का आयोजन किया। मगर इस बीच बांग्लादेश के एक मंत्री ने भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पोस्ट पर आपत्ति जताई। 1971 युद्ध पर पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा कि विजय दिवस पर हम उन बहादुर सैनिकों के साहस और बलिदान का सम्मान करते हैं जिन्होंने 1971 में भारत की ऐतिहासिक जीत में योगदान दिया। उन्होंने आगे लिखा कि सैनिकों के निस्वार्थ समर्पण और अटूट संकल्प ने हमारे देश की रक्षा की और हमें गौरव दिलाया। यह दिन उनकी असाधारण वीरता और अडिग भावना को श्रद्धांजलि है। उनका बलिदान हमेशा पीढ़ियों को प्रेरित करेगा। देश के इतिहास में गहराई से समाया रहेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत की ऐतिहासिक जीत का जिक्र अपने एक्स पोस्ट पर किया। मगर बांग्लादेश के कानून मंत्री आसिफ नजरुल ने इस पर आपत्ति जताई। सोमवार को नजरूल ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट पर लिखा कि 1971 की जीत बांग्लादेश की जीत है। इसमें भारत केवल एक सहयोगी था। बता दें कि 16 दिसंबर 1971 को ही बांग्लादेश को पाकिस्तान से आजादी मिली थी। स्वतंत्र बांग्लादेश के निर्माण में भारत की अहम भूमिका थी। भारतीय सेना की बदौलत बांग्लादेश अस्तित्व में आया। 16 दिसंबर को हर साल बांग्लादेश विजय दिवस मनाता है। इस बार बांग्लादेश ने अपना 54वां विजय दिवस मनाया है। खास बात यह है शेख हसीना के देश छोड़ने के बाद यह पहला कार्यक्रम था। 54 वें विजय दिवस पर अपने संबोधन में मोहम्मद यूनुस ने बांग्लादेश के संस्थापक शेख मुजीबुर्रहमान का जिक्र तक नहीं किया। मगर उनकी बेटी शेख हसीना के शासन को दुनिया की सबसे खराब निरंकुश सरकार जरूर बताया। पांच अगस्त को छात्र आंदोलन की वजह से शेख हसीना को अपना देश छोड़ना पड़ा था। इसके बाद से बांग्लादेश की कमान नोबेल पुरस्कार विजेता मोहम्मद यूनुस के हाथों में है।

## मणिपुर में प्रवासी मजदूरों की हत्या मामले में सात उग्रवादी हिरासत में

**मणिपुर**

**पुलिस ने बताया कि मणिपुर के काकचिंग जिले में शनिवार शाम को बिहार के दो मजदूरों की गोली मारकर हत्या कर दी गई।**

**इंफाल।** मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने दो प्रवासी मजदूरों की हत्या मामले में बयान दिया है। उन्होंने सोमवार को कहा कि बिहार के दो प्रवासी मजदूरों की हुई हत्या के मामले में एक उग्रवादी संगठन के संदिग्ध सात सदस्यों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। इसके अलावा सीएम ने दोनों प्रवासी मजदूरों के परिवार को 10 लाख रुपये की सहायता राशि प्रदान करने की घोषणा की। इसके अलावा उन्होंने कहा कि अगर जरूरत पड़ी तो मामला एनआईए को भी सौंपा जा



सकता है। पुलिस ने बताया कि मणिपुर के काकचिंग जिले में शनिवार शाम को बिहार के दो मजदूरों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। सीएम एन बीरेन सिंह ने विजय दिवस समारोह के दौरान कहा कि हमें हत्याओं के पीछे राजनीतिक रूप से प्रेरित समूहों का हाथ होने का संदेह है। निश्चित रूप से हम अपराधी का पता लगा लेंगे। सीएम एन बीरेन सिंह ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि मैं मणिपुर के काकचिंग जिले में बिहार के युवा भाइयों, सुनालाल कुमार और दशरथ कुमार की हत्या किए जाने की कड़ी निंदा करता हूं। आतंकवाद का यह कृत्य हमारे मूल्यों पर सीधा हमला है। मेरी गहरी संवेदनाएं उनके शोकाकुल परिवारों के साथ हैं। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी हत्याओं पर शोक व्यक्त किया और मृतकों के स्वजनों को दो-दो लाख रुपये की सहायता राशि देने की घोषणा की। वहीं, पुलिस के एक बयान में सोमवार को कहा गया कि सुरक्षा बलों ने मणिपुर के कांगपोकपी जिले में तलाशी अभियान के दौरान हथियारों और गोला-बारूद का जखीरा जब्त किया है। वहीं, मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने आरोप लगाया कि कुछ एजेंसियां राज्य के बारे में गलत जानकारी नई दिल्ली को भेज रही हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र को इस मामले की जानकारी है और वह जमीनी स्तर से जानकारी एकत्र कर रहा है। राजधानी इंफाल में एक कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा, कुछ एजेंसियों द्वारा नई दिल्ली को गलत सूचना, जोड़-तोड़ वाली और राजनीतिक जानकारी भेजी गई थी। अब केंद्र को इसका एहसास हो गया है।

## विस्कॉन्सिन के स्कूल में छात्र ने की फायरिंग, गोलीबारी में पांच लोगों की मौत; 6 घायल



**न्यूजर्सी।** अमेरिका के विस्कांसिन प्रांत के मैडिसन में एक स्कूल में सोमवार को हुई गोलीबारी में संदिग्ध हमलावर सहित पांच लोगों की मौत हो गई है। इस घटना में छह अन्य लोग घायल हुए हैं। पुलिस के अनुसार हमलावर स्कूल का ही छात्र था।गोलीबारी के बाद जब पुलिस पहुंची तो संदिग्ध हमलावर की मौत हो चुकी थी। मैडिसन पुलिस विभाग ने इंटरनेट मीडिया पर बताया कि गोलीबारी की वारदात एबंडैंट लाइफ क्रिश्चियन स्कूल में हुई। इस प्राइवेट स्कूल में लगभग 400 छात्र पढ़ते हैं। मैडिसन पुलिस प्रमुख शान बार्न्स ने कहा कि वारदात में तीन लोग मारे गए, जिसमें संदिग्ध शूटर भी शामिल था। छह घायलों को अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। गोलीबारी क्यों की गई यह स्पष्ट नहीं है। मामले की जांच शुरू कर दी गई है। अमेरिका में हाल के वर्षों में स्कूल में गोलीबारी की संख्या में वृद्धि हुई है। स्कूल शूटिंग डाटाबेस वेबसाइट के अनुसार, इस वर्ष अमेरिका में 322 स्कूलों में गोलीबारी की घटनाएं हुई हैं। पिछले वर्ष स्कूलों में गोलीबारी की 349 घटनाएं हुई थीं। इस घटना पर अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने चिंता जाहिर की है। उन्होंने इस घटना को दुर्भाग्यपूर्ण और अविवेकपूर्ण बताया है। गोलीबारी की निंदा करते हुए कहा कि इस घटना ने एक बार फिर सख्त बंदूक कानूनों की आवश्यकता को रेखांकित किया है।

## आतंकवादियों के हाथों में सीरिया, बशर अल-असद ने कहा- लड़ना चाहता था लेकिन

**नई दिल्ली।**सीरिया के अपदस्थ राष्ट्रपति बशर अल-असद ने कहा है कि उनका देश छोड़ने का इरादा नहीं था लेकिन आठ दिसंबर को रूसी वायुसेना अड्डे पर ड्रोन हमले के बाद ऐसी स्थितियां बनीं कि उन्हें रूस के लिए रवाना होना पड़ा। दमिश्क पर इस्लामिक संगठन के कब्जे और असद के सीरिया छोड़ने के बाद आठ दिसंबर की स्थितियों पर पहली बार उनका बयान आया है।

रूस में शरण लिए असद ने फेसबुक पोस्ट में कहा है कि वह सात दिसंबर की रात तटवर्ती लताकिया प्रांत में स्थित रूसी वायुसेना अड्डे पर लड़ाई की योजना बनाने के लिए गए थे। लेकिन उसी समय रूसी अड्डे पर कई ड्रोन से हमला हो गया। इसी के बाद उन्हें देश छोड़ने की सलाह दी गई और वह वहीं से मास्को के लिए रवाना हो गए।असद ने उन चर्चाओं को खारिज किया है जिनमें कहा गया है कि



उन्होंने योजनाबद्ध तरीके से सीरिया छोड़ा था। उन्होंने कहा, उनकी पद छोड़ने या किसी देश में शरण लेने या किसी को ऐसा कोई प्रस्ताव भेजने की कोई योजना नहीं थी। वह आतंकियों के खिलाफ लड़ाई लड़ना चाहते थे लेकिन अचानक स्थितियां बदल गईं और उन्हें देश छोड़ना पड़ा।

उल्लेखनीय है कि विगत 08 दिसंबर को सीरिया के विद्रोही गुट हयात तहरीर अल-शाम (एचटीएस) ने 11 दिन की लड़ाई में देश पर कब्जा कर लिया था। वहीं, विद्रोहियों ने 5 दशक पुरानी असद परिवार की सत्ता को उखाड़ फेंका था। खुद राष्ट्रपति बशर-अल- असद देश छोड़कर चले गए थे।

जानकारी दें कि सीरिया में साल 2011 से ही असद और एचटीएस के बीच गृह युद्ध होते आ रहा है। हालांकि, असद रूस और ईरान की मदद से विद्रोहियों को खदेड़ने में सफल होते रहे हैं, लेकिन इस बार वह मात खा गए और विद्रोहियों ने दमिश्क पर कब्जा कर लिया।

सीरिया में पिछले हफ्ते विद्रोहियों द्वारा राष्ट्रपति बशर अल-असद को उखाड़ फेंकने के बाद कमजोर सीरियाई लोगों की मदद के लिए ब्रिटेन ने रविवार को 50 मिलियन पाउंड के आर्थिक सहायता पैकेज की घोषणा की है। ब्रिटेन ने एक बयान में कहा कि 30 मिलियन पाउंड दस लाख से अधिक लोगों को भोजन, आश्रय, आपातकालीन स्वास्थ्य देखभाल और सबसे कमजोर लोगों की सुरक्षा सहित तत्काल सहायता प्रदान करेगा।

# बलिया में अंतर्राज्यीय बस टर्मिनल निर्माण का रास्ता साफ

- कैबिनेट में निःशुल्क भूमि उपलब्ध कराने का प्रस्ताव हुआ पास
- परिवहन मंत्री ने सीएम योगी का जताया आभार

अवधनामा संवाददाता



**बलिया।** जनपद के बैरिया में अंतर्राज्यीय बस टर्मिनल (आईएसबीटी) का सपना अब जल्द साकार होगा। जी हां प्रदेश सरकार ने परियोजना के लिए भूमि उपलब्ध कराने की सहमति दे दी है। प्रदेश सरकार के परिवहन मंत्री व नगर विधायक दयाशंकर सिंह ने इस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को धन्यवाद देते हुए उन्हें साधुवाद दिया है। मंगलवार को कैबिनेट की बैठक में निर्णय लिया गया कि परिवहन विभाग को इस परियोजना के लिए जिले के बैरिया में निःशुल्क भूमि उपलब्ध कराई जाएगी जिसका चयन हो गया है। मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि आईएसबीटी बनने से बलिया से बिहार, बंगाल और झारखंड समेत अन्य राज्यों के लिए बसों का संचालन आसान हो जाएगा। मंत्री ने बताया कि बलिया और आसपास के जिलों के हजारों लोग प्रतिदिन बिहार, बंगाल और झारखंड की यात्रा करते हैं। आईएसबीटी से यात्रियों को बेहतर और सुविधाजनक परिवहन व्यवस्था मिलेगी। इसके साथ ही, इस बस टर्मिनल से क्षेत्र में पर्यटन के साथ ही रोजगार को भी बढ़ावा मिलेगा। परिवहन मंत्री के इस ड्रीम प्रोजेक्ट पर काम शुरू होने से क्षेत्रीय जनता में खुशी की लहर है। लोग उम्मीद कर रहे हैं कि यह टर्मिनल स्थानीय रोजगार के अवसरों को भी बढ़ाएगा। मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि आईएसबीटी के निर्माण से बलिया को अन्य राज्यों के साथ बेहतर यातायात संपर्क मिलेगा, जो इस जिले के विकास में मील का पत्थर साबित होगा।

# घाघरा-गोमती दोआब की विलुप्त नदियों का होगा भू- पुरातत्वीय अध्ययन

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर स्थित प्रोफेसर राजेंद्र सिंह (रज्जू भैया) संस्थान के भू एवं ग्रहीय विज्ञान विभाग में सोमवार को देश के प्रतिष्ठित संस्थानों के भू, पुरातत्व एवं पुरावनस्पती वैज्ञानिकों की एक बैठक संपन्न हुई। बैठक में बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, वराणसी द्वारा प्रायोजित इंस्टिट्यूट ऑफ़ एमिनांस परियोजना के अंतर्गत एक बहु-विषयक शोध पर चर्चा की गयी। इस बैठक में बनारस हिंदू विश्वविद्यालय की प्राचीन इतिहास विभाग की प्रो. पुष्पलता सिंह, भौमिकी विभाग के डा. आलोक कुमार, पूर्वांचल विश्वविद्यालय भू एवं ग्रहीय विज्ञान के विभागाध्यक्ष डा. नीरज अवस्थी, बीरबल साहनी पुराविज्ञान संस्थान, लखनऊ के युवा वैज्ञानिक संध्या मिश्रा, सविता अवस्थी तथा बनारस हिंदू विश्वविद्यालय और पूर्वांचल विश्वविद्यालय के शोधार्थी शामिल हुए। प्रो. पुष्प लता सिंह ने कहा कि इस शोध परियोजना में घाघरा-गोमती दोआब की विलुप्त नदियों का भू-पुरातत्वीय अध्ययन किया जायेगा। घाघरा-गोमती दोआब क्षेत्र में कई निष्क्रिय नदियाँ / धाराएँ हैं, जो पूरी तरह तलछट से भर चुकी है और जिसमें जल का प्रवाह बहुत काल से बन्द हो चुका है। वर्तमान में ऐसी नदियाँ छोटी- बड़ी झीलों के रूप में मौजूद हैं। पुरातत्त्व सर्वेक्षणों एवं अध्ययनों के अनुसार इन छोटी नदियों और झीलों के किनारे मानव सभ्यता के इतिहास के प्रमाण मिलते है। इस शोध के अंतर्गत भूविज्ञान और पुरातत्व विज्ञान की तकनीकों और विषय-वस्तु का उपयोग कर ये जानने का प्रयास किया जायेगा. कब और क्यों ये नदियाँ मरने के कगार पर आ गई और इनसे आस-पास रह रही मानव सभ्यता पर क्या प्रभाव पड़ा। डा. आलोक कुमार ने कहा कि इस शोध में विभिन्न संस्थानों के आपसी सहयोग से झीलों की तलछट कोर का कालानुक्रमिक अध्ययन कर गंगा के मैदानी क्षेत्रों, विशेषकर घाघरा-गोमती दोआब में पिछले कुछ हजार वर्षों से हो रही भूवैज्ञानिक, जलवायु एवं पुरातात्विक गतिविधियों तथा उनके बीच के परस्पर संबंधों को समझने का प्रयास किया जायेगा। कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने कहा कि जौनपुर के लिए यह शोध बहुत ही महत्वपूर्ण होगा उन्होंने शोध टीम के सदस्यों से चर्चा की. रज्जू भैया संस्थान के निदेशक प्रोफेसर प्रमोद कुमार यादव ने सभी का स्वागत किया. इस शोध कार्य में बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, बीरबल साहनी पुराविज्ञान संस्थान, लखनऊ तथा रज्जू भैया संस्थान, पूर्वांचल विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं के शामिल होने पर भू एवं ग्रहीय विज्ञान के विभागाध्यक्ष डा नीरज अवस्थी ने धन्यवाद दिया।

## महाविद्यालय की प्रगति में अभिभावकों से योगदान करने का आह्वान

**प्रयागराज।** जगत तारन गर्ल्स डिग्री कालेज, प्रयागराज में आज शिक्षक - अभिभावक संघ की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें कला एवं वाणिज्य विभाग की छात्राओं के अभिभावकों और शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। प्राचार्या प्रो0 आशिमा घोष ने अभिभावकों का स्वागत किया और महाविद्यालय की प्रगति में योगदान करने का आह्वान किया। प्राक्टर डा. शिखा दीक्षित ने परिसर में अनुशासन ,महिला प्रकोष्ठ इत्यादि की जानकारी दी साथ ही एड-आन कोर्सेज के विषय में भी बताया। समिति की प्रभारी डा. अजिता ओझा ने कार्यक्रम का संचालन किया साथ ही संघ के निर्वाचित पदाधिकारियों के नामों की घोषणा की। बड़ी संख्या में अभिभावकों एवं शिक्षकों ने अपने विचारों - सुझावों को साझा किया। इस अवसर पर छात्राओं ने समूह गीत और काव्य पाठ की प्रस्तुति दी। पीटीए का एक व्हाट्सएप ग्रुप आरंभ हुआ। अभिभावकों से एक फीडबैक फार्म भी भराया गया ताकि उनमें दिये गए सुझावों पर अमल किया जा सके।

# संक्षिप्त समाचार

## निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर में 125 लोगों ने उठाया लाभ



**प्रयागराज।** युवा सामाजिक सेवा संस्थान के तत्वाधान में राजीव आइ हॉस्पिटल द्वारा आज मऊदोस्तपुर मऊआईमा में निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर आयोजन किया गया। शिविर में डॉ अफसाना, विशाल मिश्रा, एडवोकेट आकाश शुक्ला, मुकेश शुक्ला विनोद पाण्डेय द्वारा 125 मरीज को देखा गया और 19 मरीज मोतियाबिन्द चिन्हित किए गए। निःशुल्क दवा वितरण किया गया। सचिव युवा सामाजिक सेवा संस्थान आलोक शुक्ला ने मऊदोस्तपुर मऊआईमा प्रयागराज के ग्राम प्रधान को धन्यवाद ज्ञापित किया।

## सूरज के शतक से प्रयाग क्लब जीता



**प्रयागराज।** सूरज चौहान के शतक (111 नाबाद, 93 गेंद, 15 चौके, पांच छक्के) के दम पर प्रयाग क्लब ने ब्लू इलेवन को नौ विकेट से हराकर चैलेंजर कप क्रिकेट प्रतियोगिता में पूरे अंक प्राप्त किये। दौलत हुसैन कॉलेज मैदान पर मंगलवार को खेले गये मैच में टॉस जीतकर ब्लू इलेवन ने 29.2 ओवर में 175 रन (पार्थवर्धन सहायक 51, अथर्व यादव व सैयद काशान अली 28-28, आयुष यादव 21, अंश सिंह 2/10, दिव्यांश यादव 2/15, सुयश सिद्धार्थ सिंह 2/29, अजीत कुमार 2/38) बनाये। जवाब में प्रयाग क्लब ने 26.3 ओवर में एक विकेट पर 179 रन (सूरज चौहान 111 नाबाद, अभिषेक यादव 43 नाबाद, शिवम श्रीवास्तव 1/41) बना लिये। सूरज चौहान को मैन ऑफ दि मैच चुना गया।

## साहिल ने देव स्पोर्ट्स क्लब को जिताया



**प्रयागराज।** साहिल अशरफ के हरफनमौला खेल (50 रन एवं तीन विकेट) की बदौलत देव स्पोर्ट्स क्लब ने फोर्ड स्कूल क्लब को 11 रन से हराकर देव स्पोर्ट्स अंडर-16 क्रिकेट प्रतियोगिता में पूरे अंक प्राप्त किये।

देव स्पोर्ट्स क्रिकेट अकादमी गोहरी न्यू शांतिपूरम मैदान पर मंगलवार को खेले गए मैच में देव स्पोर्ट्स क्लब ने 24.2 ओवर में 172 रन (साहिल अशरफ 50, विराट सिंह 42, रवि यादव 24, सौरभ तिवारी 3/38, कुणाल मिश्रा 2/24, प्रीतम यादव 2/32, अर्चित सिंह 2/40) बनाए। जवाब में फोर्ड स्कूल क्लब की टीम 25 ओवर में 161 रन (शिवांश मिश्र 63, आर्यन मिश्र 35, आकाश गिरी 3/22, साहिल अशरफ 3/24, देवेंद्र यादव 2/12, विराट सिंह 2/34) पर सिमट गई।

## रोटरी मिडटाउन की अपील पर एसबीआई ने की ऑटिज़्म सेंटर की मदद



**प्रयागराज।** रोटरी इलाहाबाद मिडटाउन की अपील पर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की मुख्य शाखा ने मंगलवार 16 दिसंबर को अपने छ्स्त्र फंड का उपयोग करते हुए ऑटिज़्म सेंटर के लिए 1 स्प्लिट एसी, 40 कुर्सियाँ, शैक्षिक एवं शिक्षण सामग्री प्रदान की जो बच्चों की बेहतर शिक्षा और आरामदायक अध्ययन वातावरण सुनिश्चित करने में सहायक होंगी। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष राधा सक्सेना सचिव नीरज स्वाति खरबंदा और सपना नरसरिया आदि उपस्थित रहे। क्लब अध्यक्षा राधा ने सभी लोगों का आभार व्यक्त किया जिन्होंने इस नेक कार्य के लिए अपना समर्थन और आशीर्वाद दिया। रोटरी के इन प्रयासों से बच्चों के जीवन में एक सकारात्मक बदलाव आएगा और उनकी शिक्षा में यह सहयोग महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## फर्जी मस्टररोल भरकर सरकारी धन के गबन में एपीओ की सेवा समाप्त

**बलिया।** फर्जी मस्टररोल भरकर सरकारी धन के गबन में दोषी पाए गए अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी (एपीओ) संजय कृष्ण भास्कर की सेवाएं समाप्त कर दी गई है। विकासखंड मुरली छपरा के सुकरौली गांव में मनरेगा योजना अंतर्गत 2.90 लाख का गबन मिलने के बाद यह कार्रवाई हुई है। सुकरौली निवासी कृष्ण यादव पुत्र सुरेंद्र यादव ने मनरेगा योजना अंतर्गत फर्जी भुगतान की शिकायत की, जिसकी जांच के लिए सीडीओ की अध्यक्षता में एक कमेटी का गठन किया गया। सीडीओ ओजस्वी राज ने प्रकरण की स्वयं जांच की, जिसमें 2.90 लाख का गबन पाया गया। इसमें दोषी पाए गए एपीओ संजय कृष्ण भास्कर की सेवा समाप्त कर दी गई है। **दो फर्म हुई ब्लैकलिस्टेड-** सीडीओ ओजस्वी राज ने दलकी नम्बर-1 में दो कार्यों, इब्राहिमाबाद उपरवार में दो कार्यों और सुकरौली गांव में चार कार्यों का स्थलीय सत्यापन किया। इसमें इब्राहिमाबाद उपरवार में तो कार्य संतोष जनक पाया गया, लेकिन शेष दोनों गांवों में कुल छह कार्यों की सामग्रियों की गुणवत्ता तकनीकी समिति (पीडब्ल्यूडी और ग्रामीण अभियंत्रण विभाग) के मानक अनुसार संतोषजनक नहीं मिली। इस पर सामग्रियों की आपूर्ति करने वाली फर्म मेसर्स अनन्या इंटरप्राइजेज सुकरौली तथा मेसर्स कार्तिक इंटरप्राइजेज सुकरौली को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति के निर्देश पर बलिया की मनरेगा वेबसाइट पर ब्लैकलिस्टेड कर दिया गया है।

# संपन्न हुआ मंडल अध्यक्ष का चुनाव अब घोषणा का इंतजार

- जिला चुनाव अधिकारी सभी नामांकन फार्म लेकर रवाना हुए लखनऊ

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** संगठन पर्व के तहत भाजपा संगठनात्मक चुनाव की हलचल तेज है। बूथ अध्यक्ष कमेटी गठन के बाद 15 व 16 दिसंबर को प्रयागराज महानगर के सभी 15 मंडलों के मंडल अध्यक्ष हेतु चुनाव सम्पन्न हुए। इस दौरान जिला चुनाव पर्यवेक्षक प्रदेश महामंत्री एम एल सी अनूप गुप्ता ने 5 दिनों तक महानगर, गंगापार एवं यमुनापार में प्रवास करते हुए पूरी चुनावी प्रक्रिया को लेकर पार्टी के महानगर, गंगापार एवं यमुनापार के जिलाध्यक्षों सहित मंडल अध्यक्षों, मंडल चुनाव अधिकारियों तथा जनप्रतिनिधियों के साथ कई दौर की बैठक कर चुनाव प्रक्रिया को पारदर्शी लोकतांत्रिक एवं निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने के कड़े निर्देश दिए। वहीं जिला चुनाव अधिकारी प्रयागराज महानगर डॉ रामशंकर कठेरिया ने 15 एवं 16 तथा 17 दिसंबर को प्रवास करते हुए मंडल अध्यक्ष हेतु संपूर्ण चुनाव प्रक्रिया अपनी देख रेख में संपन्न कराया। महानगर के सभी 15 मंडलों से मंडल अध्यक्ष हेतु 165 आवेदन किए गए हैं। मंगलवार को जिला चुनाव अधिकारी डॉ रामशंकर कठेरिया समस्त आवेदन फार्म लेकर लखनऊ के लिए रवाना हो गए।

उन्होंने कहा कि पूरी चुनाव प्रक्रिया सकुशल संपन्न हुई। भाजपा एक लोकतांत्रिक पार्टी है। महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्र ने कहा कि प्रदेश एवं चुनाव में लगे संगठन के वरिष्ठ नेताओं के दिशा निर्देशन में मंडल अध्यक्ष के लिए चुनाव सम्पन्न हुआ। अब प्रदेश स्तर से आगे की प्रक्रिया की जायेगी। जिला चुनाव अधिकारी ने पार्टी तथा आर एस एस के कई वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात भी की।

# मछलीशहर विधायक ने पेयजल मुद्दे पर उठाए सवाल

- कहा, जितना बड़ा बजट उतना बड़ा भ्रष्टाचार
- प्यासे को पानी पिलाया नहीं, बाद में अमृत पिलाने से क्या फायदा

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** मछलीशहर की विधायक डॉ. रागिनी सोनकर ने मंगलवार को विधानसभा सत्र के दौरान पेयजल संकट के मुद्दे पर सरकार को कटघरे में खड़ा किया। जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह से सवाल करते हुए उन्होंने कहा कि जनता को पानी के लिए परेशान होना पड़ रहा है और सरकार उनकी समस्याओं का समाधान करने में असफल साबित हो रही है। उन्होंने पूछा कि क्या सरकार जनता को पर्याप्त हैंडपंप और पेयजल उपलब्ध कराने की क्या योजना बना रही है। डॉ. रागिनी सोनकर ने सरकार के इस स्कीम पर सिर्फ 3.50 लाख करोड़ रुपये के बजट पर सवाल खड़े किए। उन्होंने आरोप लगाया कि जितना बड़ा बजट है, उतना ही बड़ा भ्रष्टाचार भी है। उन्होंने कहा कि ÷मंत्री अधिकारी की नहीं सुनते और अधिकारी की कॉन्ट्रेक्टर नहीं सुनते।÷ इसके चलते योजनाओं का क्रियान्वयन सही तरीके से नहीं हो पा रहा है। उन्होंने पेयजल की समस्या का समाधान न होने पर सरकार की कार्यशैली पर तीखा प्रहार किया। विधायक ने कहा, ÷कभी प्यासे को पानी पिलाया नहीं, बाद में अमृत पिलाने से क्या फायदा।÷ उनके इस बयान ने सरकार की पेयजल योजनाओं पर सवाल खड़े कर दिए।

डॉ. रागिनी सोनकर ने अपने क्षेत्र में हैंडपंपों की कमी के साथ-साथ पूरे प्रदेश के जल संकट का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। उन्होंने जल जीवन मिशन और अन्य पेयजल योजनाओं के कार्यान्वयन पर भी सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत कितने गांव में कार्य संपूर्ण हो चुके हैं कितने लोगों को शुद्ध पेय जल सरकार पहुंचा रही है अगर नहीं तो उसकी समय सीमा क्या है और कब तक पहुंच पाएगी। 2019 में केंद्र में नरेंद्र मोदी की सरकार बनी थी तो उन्होंने लाल किले से खड़े होकर पूरे देश से वादा किया था कि दिसंबर 2024 तक पूरे देश को जल जीवन मिशन से जोड़ दिया जाएगा। आज उत्तर प्रदेश विधानसभा की असेंबली में दिसंबर 2024 में मैंने प्रश्न खड़ा किया और उसका उत्तर विभाग के पास नहीं है और यह अपने आप में प्रत्यक्ष रूप से सरकार की सिर्फ जुमलेबाजी और झूठे वादे को दिखाता है। जिस समय मैं सदन में आई उसे समय पूरे उत्तर प्रदेश का बजट 615000 करोड़ था और मात्र एक स्कीम का बजट 3,50,000 करोड़ का है। इसके बावजूद आज धरातल पर एक प्रतिशत भी काम नहीं हो पाया है यह बहुत शर्मनाक है। साथ ही सरकार की संवेदनहीनता को भी जताता है।मैं सरकार से मांग करतीं हूं कि जल संकट का शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाए, ताकि जनता को राहत मिल सके।विधायक के सवालों और आरोपों के जवाब में मंत्री के बयान ने यह स्पष्ट किया कि सरकार योजनाओं के कार्यान्वयन को लेकर सतर्क है। हालांकि, डॉ. रागिनी सोनकर ने कहा कि जनता को केवल वादों की नहीं, बल्कि वास्तविक समाधान की जरूरत है।

# सहकार भारती का तीन दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन में आजमगढ़ के प्रदेश सह संयोजक शामिल

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** जनपद से प्रदेश संगठन मंत्री विजय कुमार पांडेय जी व उपभोक्ता प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक शिव गोविंद सिंह ने भाग लिया।

सहकार भारती राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की एक अनुसांगिक शाखा है जो पूरे देश में देश में सहकारिता के क्षेत्र में कार्य करती है सहकार भारतीय का तीन दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन अमृतसर पंजाब में संपन्न हुआ। जिसमें पूरे देश से लगभग 2200 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। प्रथम दिन कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ प्रदेश कार्य समिति की बैठक हुई दूसरे दिन के कार्यक्रम में उद्घाटन संबोधन के लिए मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सर कार्यवाह दत्तात्रेय होसबले तथा विशेष अतिथि के रूप में पंजाब के गवर्नर गुलाबचंद कटारिया उपस्थित रहे। इसी क्रम में कार्यक्रम के तीसरे दिन कार्यक्रम समापन संबोधन हेतु केंद्रीय सड़क निर्माण मंत्री नितिन गडकरी वह हरियाणा के मुख्यमंत्री नायक सिंह सैनी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विगत 3 वर्ष के कार्यों पर विस्तार से चर्चा व आगामी कार्य योजना बनाई गई। जिसके माध्यम से देश में सबके साथ और सबके सहयोग से सभी लोगों को एक बराबर अवसर प्रदान करने के लिए रणनीति बनाई गई।

राष्ट्रीय अधिवेशन में नई राष्ट्रीय कार्यकारिणी का गठन भी किया गया जिसमें उदय जोशी राष्ट्रीय अध्यक्ष व दीपक चौरसिया राष्ट्रीय महामंत्री मनोनीत किए गए। जिसका सर्वसम्मति से उपस्थित सभी लोगों ने स्वागत किया। कार्यक्रम में पूरे विश्व में यूरिया के क्षेत्र में सबसे अग्रणी कंपनी इसको के सीईओ उदय शंकर अवस्थी ने किसानों के लिए नैनी यूरिया के साथ ही साथ किसानों के लिए बहुत सारी योजनाओं का के बारे में विस्तार से बताया। राष्ट्रीय अधिवेशन में उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष श्री अरुण कुमार सिंह के साथ ही आजमगढ़ से प्रदेश संगठन मंत्री विजय कुमार पांडे , शिव गोविंद सिंह, ओम प्रकाश मिश्रा, डॉक्टर सुरेंद्रनाथ चौबे, लल्लन तिवारी रहे।

## प्रयास द्वारा लावारिस वार्ड में किया कंबल वितरण

अवधनामा संवाददाता


**आजमगढ़।** जनपद बढ़ती ठंढक तथा मौसम विभाग द्वारा भी ठंड और शीतलहर का अलर्ट जारी होने के बाद प्रयास सामाजिक संगठन के साथियों को जो समाज के असहाय है कमजोर हैं जिनके आगे पीछे कोई नहीं है उनकी चिंता सताने लगी और आज उसी क्रम में आजमगढ़ मंडलीय चिकित्सालय के अंदर बने रैन बसेरे की साफसफाई कंबल आदि का संगठन के साथियों ने जायजा लिया वहां लोगों के रहने की उचित व्यवस्था तथा कंबल उपलब्ध मिले। उसके उपरांत मंडलीय चिकित्सालय के लावारिस वार्ड में उपस्थित मरीजों की हाल-चाल ली गई तथा उन्हें गर्म वस्त्र के साथ कंबल आदि भी प्रदान किया गया। भर्ती मरीज द्वारा यह भी बताया गया भोजन पानी तो मिल जाता है लेकिन ड्रेसिंग आदि समय से नहीं करते हैं लोग। इस कार्य में लगे भोला मेडिकल हाल से रोहित जी, राजीव कुमार शर्मा, नीलम सिंह सहित संगठन के कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में मनाया गया पेंशनर्स दिवस

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** शासन के निर्देश के क्रम में जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित प्रेक्षागृह में पेंशनर्स दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ कोषाधिकारी उमाशंकर द्वारा सभी उपस्थित पेंशनर्स पदाधिकारियों, पेंशनरों एवं कार्यालयाध्यक्षों का स्वागत एवं अभिनन्दन किया गया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ कोषाधिकारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ जिलाधिकारी द्वारा 105 वर्ष आयु के पेंशनर श्री गोपीनाथ पाल जो पुलिस विभाग से सेवानिवृत्त हुए है को माला पहनाकर, पुष्पगुच्छ और अंगवस्त्रम प्रदानकर तथा कम्बल भेटकर सम्मानित कर किया गया। इसके साथ ही 80 वर्ष से अधिक आयु के उपस्थित पेशनर्स राजदेव यादव, राम प्रज्वलित सिंह, बाबूराम सिंह, अवधनरायण सिंह, उमाशंकर मिश्र, महावल यादव, लक्ष्मी नारायण पाण्डेय, राम प्रसाद, नियादिर अली, हीरालाल पाण्डेय, यदुनाथ सिंह, कवलदेई देवी, कालिका प्रसाद यादव, भगवान सिंह, उद्यव तिवारी, सत्यदेव सिंह को माला पहनाकर अंगवस्त्रम एवं कम्बल भेटकर सम्मानित किया गया। गवर्नमेन्ट पेशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष अखिलेश चन्द्र श्रीवास्तव, पुलिस पेंशनर्स कल्याण संस्थान, जनपद शाखा जौनपुर के अध्यक्ष उमाशंकर मिश्र, सेवानिवृत्त उप पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार सिंह, पेंशनर्स संघ बेसिक शिक्षा परिषद, जनपद शाखा जौनपुर के अध्यक्ष, सत्यदेव सिंह, सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन, उ0प्र0 जनपद शाखा जौनपुर के अध्यक्ष, सी0बी0 सिंह एवं जिला मंत्री राजबली यादव, पेंशनर्स संघ राज विद्युत परिषद के अध्यक्ष, बलिभद्र मिश्र सहित सभी पेंशनर्स को भी माला पहनाकर सम्मानित किया गया।

# हो हल्ला के बीच पेंशनर दिवस पर आहूत बैठक का बहिष्कार



- डीएम द्वारा बुलाये जाने और खुद उपस्थित न होने पर नाराज हुए पेंशनर्स

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** पेंशनर्स दिवस को साशन के निर्देश पर डीएम प्रयागराज ने बैठक बुलाई लेकिन खुद उपस्थित नही हुए। इस कारण तमाम पेंशनर संगठनों से आये पदाधिकारियों ने ऊक्त बैठक का बहिष्कार किया।

पेंशनर यूनियन के पदाधिकरियो का कहना था पिछले 6 वर्षों से इसी तरह पेंशनर बुलाये जाते है लेकिन उनकी समस्या सुनने वाला कोई नही होता। इस अवस्था मे दूर दराज से पेंशनर्स किसी तरह अपनी समस्या बताने आते है लेकिन कोई सुनने वाला न् होने के कारण उन्हें निराशा होती है। इस कारण पेंशनर्स में बहुत गुस्सा दिखाई दिया।

बहिष्कार की अगुवाई संयुक्त पेंशनर कल्याण समिति प्रयागराज मण्डल के संयोजक पी0के0मिश्रा रिटायर इंजीनियर, तथा टी0 एन द्विवेदी रिटायर एडीएम सेवा, निवृत्त कमिश्नर आर0एस वर्मा एवं निवृत्त एडीएम एसपी राय ने किया।

बहिष्कार करने वालो में रिटायर कमिश्नर आर एस वर्मा, इंजीनियर पीके मिश्र, रिटायर एडीएम एसपी राय, रिटायर एडीएम टी एन द्विवेदी, इंस्पेक्टर डीबी सिंह, के एन पांडे आदि ने भागीदारी की।

# ब्राह्मण महाकुंभ सम्मेलन को लेकर हुई बैठक

- अधिक से अधिक संख्या में ब्राह्मण पहुंचे लखनऊ- श्रीपति


अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर (बक्सा)** क्षेत्र के परशुरामपुर में जिला संरक्षक अजय त्रिपाठी के आवास पर अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा रा.के राष्ट्रीय अध्यक्ष यूपी रत्न पं. राजेंद्र नाथ त्रिपाठी के निर्देश पर 22 दिसंबर 2024 को लखनऊ में होने जा रहे विराट ब्राह्मण महाकुंभ सम्मेलन को लेकर पदाधिकारीयों संग एक बैठक का आयोजन किया गया बैठक का संचालन प्रदेश प्रवक्ता डॉ. ज्ञान प्रकाश मिश्र प्राचार्य द्वारा किया गया जहां संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पूर्व ब्लाक प्रमुख पं. श्रीपति उपाध्याय ने उपस्थित ब्राह्मणों से अपील करते हुए अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर सम्मेलन को सफल बनाने की बात कही।

वहीं राष्ट्रीय सचिव पं. अवध नारायण तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया की लोगों में सम्मेलन को लेकर काफी उत्साह है पिछले वर्ष इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में हुए सम्मेलन में जौनपुर ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया था और इस बार उससे अच्छी तैयारी है। तथा प्रदेश मीडिया प्रभारी अमित पाण्डेय ने अपने वक्तव्य में कहा की लगातार इलेक्ट्रॉनिक और प्रिंट मीडिया का सहयोग मिल रहा है जिसके द्वारा कार्यक्रम का प्रचार प्रसार पूरे प्रदेश में ही नहीं कई राज्यों में चल रहा है और बड़े-बड़े धर्माचार्य एवं संत महात्मा प्रयागराज महाकुंभ के पहले लखनऊ के ए.पी.एस.ऐकेडमी सेनानी विहार, तेलीबाग, रायबरेली रोड लखनऊ में समय 11:00 बजे दिनांक 22 दिसंबर दिन रविवार 2024 को अन्य प्रदेशों से भी लोग पहुंच रहे हैं और यह महाकुंभ सम्मेलन राष्ट्रीय अध्यक्ष यूपी रत्न पं. राजेंद्र नाथ त्रिपाठी के मार्गदर्शन में ऐतिहासिक होगा। इस मौके पर पं. श्रीपति उपाध्याय, डॉ ज्ञान प्रकाश मिश्र, रमाशंकर उपाध्याय, रामकृष्ण उपाध्याय,पं. अवध नारायण तिवारी, माताफेर मिश्र, रविंद्र नाथ मिश्र, अजय त्रिपाठी प्रधानाचार्य, अमित पाण्डेय, अरविंद मिश्र, रोहित त्रिपाठी तथा सैकड़ो की संख्या में क्षेत्रीय जनता उपस्थित रही।

## ऋषभ का यूपी अंडर-23 टीम में चयन



**प्रयागराज।** शहर के क्रिकेटर ऋषभ सिंह का चयन बीसीसीआई द्वारा आयोजित मेंस अंडर-23 स्टेट 'ए' ट्रॉफी के लिए उत्तर प्रदेश की टीम में किया गया है। यूपी की टीम 19 दिसंबर को बड़ोदरा के रिलायंस स्टेडियम में हिमाचल प्रदेश के विरुद्ध अपना मुकाबला खेलेगी। झूंसी निवासी जेबी सिंह के पुत्र ऋषभ सिंह ने सरस्वती सेक्टर झूंसी स्थित वर्मा अकादमी में कोच पवन वर्मा के क्रिकेट की बारीकियां सीखी हैं। दायें हाथ के बल्लेबाज ऋषभ विकेटकीपर भी हैं। ऋषभ के चयन पर वर्मा अकादमी के सहायक कोच नितिन यादव, हरिश्चंद्र प्रजापति, अमर यादव, मोहम्मद हारून ने हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दी हैं।

उत्तर रेलवे

सूचना

लखनऊ मंडल, उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के अधिकार क्षेत्र में 'गति–शक्ति मल्टी–मोडल कार्गो टर्मिनल (जीसीटी)' के निर्माण के लिए इच्छुक निवेशकों, लॉजिस्टिक्स सेवा प्रदाताओं, कंटेनर ट्रेन ऑपरेटरों, औद्योगिक इकाइयों आदि से रुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) आमंत्रित करता है। उत्तर रेलवे।

लखनऊ डिवीजन में गति–शक्ति मल्टी मॉडल कार्गो टर्मिनल विकसित करने के लिए जिन स्टेशनों का चयन किया गया है और जिनके लिए ईओआई मांगी गई है, वे निम्न हैं:

1. **अनूपगंज(APG)**: यह स्टेशन लखनऊ शहर के दक्षिण में स्थित हैं। प्रस्तावित टर्मिनल के निकट से पूर्वांचल एक्सप्रेसवे जाती है। प्रस्तावित टर्मिनल किसान पथ (बाहरी रिंग रोड) एवं शहीद पथ के द्वारा पूरे लखनऊ शहर एवं सभी राजमार्गों से अच्छी तरह से जुड़ा हुआ है। जिससे ट्रकों का आवागमन प्रस्तावित टर्मिनल से सहज है। प्रस्तावित टर्मिनल में लखनऊ शहर के निकट एक सीमेंट, उर्वरक, ऑटोमोबाइल और कंटेनर हब के रूप में विकसित होने की क्षमता है।
2. **हरपालगंज(HRPG)**: यह स्टेशन जौनपुर जिले में स्थित है और लखनऊ–वाराणसी राजमार्ग के बहुत निकट है और वाराणसी औद्योगिक क्षेत्र से अच्छी तरह से जुड़ा हुआ है। कई औद्योगिक केंद्र हरपालगंज के निकट हैं जिनमें सतहरिया, सिथवान और करखियांव सम्मिलित हैं।
3. यदि कोई निवेशक ऊपर बताए गए स्टेशनों (लखनऊ डिवीजन के अधिकार क्षेत्र में) के अतिरिक्त किसी अन्य स्टेशन के निकट अपना गति शक्ति कार्गो टर्मिनल बनाना चाहता है, तो वे अपनी रुचि की अभिव्यक्ति का उल्लेख प्रस्ताव में कर सकते हैं।

इस प्रस्ताव का उद्देश्य 'गति–शक्ति मल्टी–मॉडल कार्गो टर्मिनल (जीसीटी)' नीति–2022 के तहत रेल कार्गो प्रबंधन के अतिरिक्त टर्मिनल विकसित करने के लिए सभी हितधारकों के द्वारा निवेश को बढ़ावा देना है। नए कार्गो टर्मिनलों की स्थापना का उद्देश्य औद्योगिक इकाइयों, लॉजिस्टिक्स सेवा प्रदाताओं आदि को रेलवे के माध्यम से अपनी सामग्री के परिवहन के लिए बढ़ावा देना है, जिससे समग्र लॉजिस्टिक्स लागत में कमी आएगी। लॉजिस्टिक्स सेवा प्रदाता, माल अग्रेषणकर्ता, कंटेनर ट्रेन ऑपरेटर आदि इस अवसर का उपयोग लखनऊ मंडल में नए टर्मिनल स्थापित करने के लिए कर सकते हैं। इससे न केवल व्यापार भागीदारों के लिए थोक कार्गो की आवाजाही में मदद मिलेगी बल्कि निवेशक के लाभ में काफी तेजी से वृद्धि आएगी। गति शक्ति मल्टी–मॉडल कार्गो टर्मिनल पॉलिसी 2022 के तहत, निवेशक निम्नलिखित प्रकार से जीसीटी का निर्माण कर सकते हैं:

1. गति शक्ति मल्टी–मॉडल कार्गो (जीसीटी) टर्मिनल निजी भूमि पर यानी पूरी तरह से गैर–रेलवे भूमि पर (अनुसूची – 1)
2. गति शक्ति मल्टी–मॉडल कार्गो (जीसीटी) टर्मिनल 'पूर्ण/आंशिक रूप से' रेलवे भूमि पर (अनुसूची – 2)।

विस्तृत जानकारी और ईओआई दस्तावेज़ दिनांक 19.12.2024 से 03.01.2025 तक नीचे दिये गए लिंक से प्राप्त और डाउनलोड किया जा सकता है– https://nr.indianrailways.gov.in >निविदाएं >निविदाएं > डीटी से सभी सक्रिय निविदाएं दिखाने के लिए यहां क्लिक करें। इच्छुक निवेशक अपने ईओआई को अपने लेटर हेड पर अनुबंध 'ए' में मांगी गई जानकारी के साथ एक सीलबंद लिफाफे में "वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक कार्यालय, डीआरएम कार्यालय परिसर, उत्तर रेलवे, हजरतगंज, लखनऊ –226001 या हस्ताक्षरित प्रस्ताव ईमेल आईडी srdomlko@gmail.com पर 10.01.2025 तक भेजे।

वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक
लखनऊ, उत्तर रेलवे

3860/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# देश के 236 शहरों में उपलब्ध हुईं प्रि-ओन्ड मोटर साईकल

**नई दिल्ली।** मिड-साईज़ (250सीसी-750सीसी) मोटरसाईकल सेगमेंट में ग्लोबल लीडर, रॉयल एनफील्ड ने आज अपने प्रि-ओन्ड मोटरसाईकल बिज़नेस, रिओन का विस्तार किया। अब भारत के 236 शहरों में ग्राहक और रॉयल एनफील्ड बाईक प्रेमी अपनी पुरानी मोटरसाईकल को बेचकर नई रॉयल एनफील्ड बाईक आसानी से खरीद सकेंगे। 2023 में भारत के कुछ शहरों में पुरानी रॉयल एनफील्ड मोटरसाईकल खरीदने और बेचने के लिए रॉयल एनफील्ड का एक पारदर्शी प्लेटफॉर्म, रिओन पेश किया गया था।अब भारत के 24 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 236 शहरों में 475 रॉयल एनफील्ड डीलरशिप्स पर रिओन की सुविधा उपलब्ध है। यह भरोसेमंद और प्योर मोटरसाईक्लिंग अनुभव पेश करने वाली मोटरसाईकल प्रदान करने की कंपनी की प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाएगा। रॉयल एनफील्ड ने इस नेटवर्क विस्तार के अलावा एक्सचेंज बेनेफिट्स के साथ पहला लॉयल्टी प्रोग्राम भी पेश किया है। इस प्रोग्राम द्वारा ग्राहक अपनी पुरानी रॉयल एनफील्ड मोटरसाईकल को रिओन के आरई-टू-आरई एक्सचेंज के माध्यम से नई मोटरसाईकल से बदल सकते हैं। रिओन के विस्तार के बारे में यादविंदर सिंह गुलेरिया, चीफ कमर्शियल ऑफिसर, रॉयल एनफील्ड ने कहा, ''रॉयल एनफील्ड में हम निरंतर इनोवेट कर रहे हैं ताकि रॉयल एनफील्ड का मालिक बनने की खुशी ज्यादा से ज्यादा राईडिंग प्रेमियों को मिल सके। कुछ ही शहरों से शुरू होकर केवल एक साल में 236 शहरों तक रिओन का विस्तार ग्राहकों को रॉयल एनफील्ड मोटरसाईकल खरीदने का आसान अनुभव प्रदान करने का हमारा वादा प्रदर्शित करता है, फिर चाहे वो अपनी पहली मोटरसाईकल खरीद रहे हों या फिर पुरानी मोटरसाईकल को अपग्रेड कर रहे हों।''रिओन पर सूचीबद्ध हर मोटरसाईकल रॉयल एनफील्ड द्वारा 200 से ज्यादा तकनीकी और मैकेनिकल परीक्षणों के बाद प्रमाणित की गई होती है, और उसे रॉयल एनफील्ड के अधिकृत सर्विस सेंटर्स पर ओरिज़नल पार्ट्स की मदद से रिफर्बिश किया जाता है। इसके साथ ही ये मोटरसाईकल 12 महीने की ब्रांड वॉरंटी और दो कॉम्प्लिमेंट्री सर्विस के साथ आती हैं।



# सरकार ने 'जलवाहक' योजना की शुरुआत की, आंतरिक जलमार्गों और कार्गो मूवमेंट को मिलेगा बढ़ावा

**कोलकाता।** केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्री (एमओपीएसडब्ल्यू) सर्बानंद सोनोवाल ने राष्ट्रीय जलमार्ग 1 (गंगा नदी) के साथ-साथ राष्ट्रीय जलमार्ग 2 (ब्रह्मपुत्र नदी) और राष्ट्रीय जलमार्ग 16 (बराक नदी) के माध्यम से लंबी दूरी के कार्गो के परिवहन को प्रोत्साहित करने के लिए कार्गो प्रोत्साहन की एक महत्वपूर्ण नीति जलवाहक का अनावरण किया। केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने आज यहां जीआर जेट्टी से एमवी एएआई, एमवी होमी भाभा और एमवी त्रिशूल के साथ दो डंब बार्ज अजय और दीखू को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इससे एनडब्ल्यू 1 और एनडब्ल्यू 2 के लिए हल्दिया से निर्धारित कार्गो जहाज सेवा की शुरुआत हो गई। निर्धारित दिन की निर्धारित नौकायन सेवा एनडब्ल्यू 1 के कोलकाता-पटना-वाराणसी-पटना-कोलकाता खंड और एनडब्ल्यू 2 के कोलकाता और गुवाहाटी के पांडु के बीच इंडो बांग्लादेश प्रोटोकॉल रूट (आईबीपीआर) के माध्यम से चलेगी। केंद्रीय राज्य मंत्री शांतनु ठाकुर और उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार परिवहन मंत्री दया शंकर सिंह भी इस महत्वपूर्ण अवसर पर शामिल हुए। इस अवसर पर बोलते हुए केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गतिशील नेतृत्व में सरकार ने हमारे समृद्ध आंतरिक जलमार्गों के विशाल संभावनाओं को साकार करने के लिए एक समेकित प्रयास किया है। आर्थिक, पर्यावरणीय और कुशल परिवहन के रूप में जलमार्गों का लाभ उठाकर, हम रेल और सड़क यातायात को कम करने के लिए जलमार्गों के माध्यम से कार्गो परिवहन को बढ़ावा देना चाहते हैं। जलवाहक योजना एनडब्ल्यू1, एनडब्ल्यू2 और एनडब्ल्यू16 पर लंबी दूरी के कार्गो को प्रोत्साहित करती है और व्यापारिक हितों के लिए जलमार्गों के माध्यम से कार्गो परिवहन की संभावनाओं का पता लगाने का एक शानदार आर्थिक मूल्य प्रस्ताव प्रदान करती है। आगे, कोलकाता से शुरू हुई नियमित निर्धारित माल सेवा यह सुनिश्चित करेगी कि कार्गो एक निश्चित समय सीमा के भीतर परिवहन और वितरण किया जाए। इससे हमारे उपयोगकर्ताओं के बीच राष्ट्रीय जलमार्गों की नियमित कार्गो परिवहन के लिए तैयारी के बारे में विश्वास उत्पन्न होगा, जो एक कुशल, आर्थिक और पर्यावरणीय रूप से जिम्मेदार परिवहन मोड है। हमारे जहाज संचालकों को इस प्रोत्साहन योजना के साथ सशक्त बनाकर और हमारे व्यवसायों को सुरक्षित और समय पर कार्गो वितरण के साथ प्रोत्साहित करके, यह प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के परिवहन के माध्यम से परिवर्तन के दृष्टिकोण को सार्थक रूप से जोड़ता है क्योंकि भारत विकसित भारत बनने की ओर बढ़ रहा है। पहला जहाज - एमवी त्रिशूल दो डंब बार्ज अजय और दीखू के साथ 1500 टन सीमेंट कोलकाता के जीआर जेट्टी से गुवाहाटी के पांडु तक आईबीपीआर के माध्यम से ले जा रहा है। दूसरा जहाज एमवी एएआई 1000 टन जिप्सम को पटना ले जा रहा है जबकि तीसरा जहाज - एमवी होमी भाभा 200 टन कोयला वाराणसी ले जा रहा है।

कार्गो प्रोत्साहन योजना सीधे कार्गो मालिकों को 300 किमी से अधिक की दूरी के लिए आंतरिक जलमार्गों के माध्यम से अपने सामान का परिवहन करने के लिए प्रोत्साहन प्रदान करती है। यह भारत के जलमार्ग विकास की नोडल एजेंसी, भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण (आईडब्ल्यूएआई) और शिपिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एससीआईएल) की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी, अंतर्देशीय और तटीय शिपिंग लिमिटेड (आईसीएसएल) द्वारा एक संयुक्त प्रयास है।

## कर्मचारियों की संख्या बढाएंगी निसान

**नई दिल्ली।** जापान की वाहन निर्माता कंपनी निसान भारत में अपने कारोबार को पटरी पर लाने की योजना पर कायम है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी है। निसान इंडिया ऑपरेशंस के प्रेसिडेन्ट फ्रैंक टोरेस ने कहा की कंपनी वैश्विक स्तर पर चल रही उथल- पुथल के बावजूद भारत में कर्मचारियों की संख्या बढाने पर विचार कर रही है।


टोरेस ने बताया कि कंपनी ने तीसरी शिफ्ट शुरू करने के लिए अपने चेन्नई पलांट में 600 कर्मचारी बढाए हैं। कंपनी को नहीं लगता कि 9,000 नौकरियो की कटौती और वैश्विक स्तर पर उत्पादन 20 प्रतिशत की कमी का भारत पर कोई प्रभाव पडेगा,बशते कंपनी बाजार में प्रतिस्पर्धी बनी रहेगी। उन्होंने कहा,' निसान भारत पर बडा दांव लगा रही है...और वैश्विक उथल-पुथल के बावजूद उसकी योजनाएं (भारत के लिए) कायम है। टोरेस इस प्रश्न का जवाब दे रहे थे कि वैश्विक स्तर पर नौकरियों और उत्पादन में कटौती की घोषणा का निसान के भारतीय परिचालन पर क्या असर पडेगा। टोरेस ने कहा, धारणा के विपरीत, भारत में हम अपने कर्मचारियों की संख्या और उत्पादन बढा रहे हैं। हमने चेन्नई मे अपने मैन्यूफैक्क्षरिंग पलांट में लगभग 600 नए कर्मचारियों को शामिल किया है।' उन्होंने कहा,'इस कदम से प्रोडक्सन शिफ्ट में मदद मिलेगी। वैश्विक स्तर पर पुर्नगठन के कदमो से इतर हम यहां दो नए माडल के साथ बहुत जल्द उत्पादन का विस्तार करने जा रहे हैं।

## केएल डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी को एनईसीए-2024 में ऑल-इंडिया स्मार्ट कैंपस अवार्ड से सम्मानित

**नई दिल्ली।** केएल डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी को बीईई नेशनल एनर्जी कंजर्वेशन अवाड्र्स (एनईसीए-2024) में इनोवेशन अवार्ड फॉर प्रोफेशनल श्रेणी के अंतर्गत प्रतिष्ठित ऑल-इंडिया स्मार्ट कैंपस अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह समारोह नई दिल्ली के विज्ञान भवन में हुआ, जहां मुख्य अतिथि के रूप में भारत के उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ शामिल हुए।

भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय ने ऊर्जा संरक्षण और स्थायी प्रयासों के लिए यूनिवर्सिटी को सम्मानित किया है। यह पुरस्कार केएल डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी के ऊर्जा कुशल और पर्यावरण के अनुकूल कैंपस के लिए दिया गया है।केएल डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी के वाईस चांसलर डॉ. जी परधा सारधी वर्मा ने कहा, ÷सस्टेनेबिलिटी के प्रति हमारी प्रतिबद्धता सिर्फ एक पहल नहीं, बल्कि हमारे संस्थान का मूल दर्शन है। यह राष्ट्रीय पुरस्कार हमारे पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार कैंपस बनाने के प्रयासों का प्रमाण है, जो देशभर के शैक्षणिक संस्थानों के लिए एक मिसाल है। हम केवल ऊर्जा बचाने पर नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और जिम्मेदार प्रगति की एक विरासत बनाने में विश्वास रखते हैं। केएल डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी की ओर से प्लानिंग एंड डेवलपमेंट डीन डॉ. वी. राजेश ने यह पुरस्कार बीईई के महानिदेशक श्रीकांत नागुलापल्ली से लिया। यह सम्मान यूनिवर्सिटी के सतत विकास में योगदान को दर्शाता है।

## BOBCARD LIMITED ने महिलाओं के लिए अपनी तरह का पहला प्रीमियम क्रेडिट कार्ड TIARA लॉन्च किया




**नई दिल्ली।** बैंक ऑफ बड़ौदा की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी BOBCARD LIMITED ने TIARA क्रेडिट कार्ड लॉन्च करने की घोषणा की है - यह अपनी तरह का पहला, महिला-केंद्रित क्रेडिट कार्ड है जो महिलाओं की वित्तीय स्वायत्तता का समर्थन और सशक्तिकरण के लिए डिज़ाइन किया गया है। RuPay नेटवर्क पर यह नया लॉन्च किया गया प्रीमियम BOBCARD विशेष रूप से आधुनिक महिलाओं की जरूरतों को पूरा करने के लिए तैयार किया गया है। TIARA क्रेडिट कार्ड यात्रा, डाइनिंग, लाइफस्टाइल, मनोरंजन और स्वास्थ्य श्रेणियों में अद्वितीय पुरस्कार और लाभ प्रदान करता है । TIARA कार्ड को भारतीय मॉडल और अभिनेता, पिंकाथॉन के निर्माता मिलिंद सोमन, योग प्रशिक्षक अंकिता कोंवर, और BOBCARD LIMITED के एमडी और सीईओ रवींद्र राय द्वारा लॉन्च किया गया।

# फ्लिपकार्ट ने एनसीईआरटी से मिलाया हाथ

**नई दिल्ली।** भारत के घरेलू ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट ने राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है। इस गठजोड़ का उद्देश्य छात्रों एवं शोधार्थियों की जरूरतों को पूरा करने के लिए फ्लिपकार्ट की व्यापक पहुंच का लाभ उठाते हुए देशभर में एनसीईआरटी की पुस्तकों की किफायती एवं सुगम पहुंच सुनिश्चित करना है। विशेषरूप से टियर 2 एवं टियर 3 शहरों के छात्रों को इसका लाभ मिलेगा। इस गठजोड़ के तहत फ्लिपकार्ट अपने ऑनलाइन मार्केटप्लेस के माध्यम से एनसीईआरटी द्वारा प्रकाशित पुस्तकों की बिक्री सुनिश्चित करेगा। इससे एनसीईआरटी द्वारा अधिकृत सेलर्स के माध्यम से पुस्तकों की बेहतर पहुंच सुनिश्चित हो सकेगी।

एमओयू पर हस्ताक्षर के मौके पर फ्लिपकार्ट ग्रुप के चीफ कॉरपोरेट अफेयर्स ऑफिसर रजनीश कुमार ने कहा प्रगति के लिए शिक्षा महत्वपूर्ण है और देशभर के लाखों छात्रों के लिए शैक्षणिक संसाधनों तक पहुंच को




आसान बनाने के लिए एनसीईआरटी से गठजोड़ पर हमें गर्व का अनुभव हो रहा है। टेक्नोलॉजी के मामले में अपनी विशेषज्ञता एवं व्यापक पहुंच का लाभ लेते हुए हमारा उद्देश्य किफायती शैक्षणिक सामग्री तक पहुंच की कमी को दूर करना है। ऐसा करते हुए हम सशक्त एवं शिक्षित युवा बनाने के देश के लक्ष्य में अपना योगदान देने में सक्षम होंगे।'

इस मौके पर भारत सरकार के केंद्रीय शिक्षा मंत्री श्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा एनसीईआरटी ने भारत की शिक्षा प्रणाली को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और फ्लिपकार्ट के साथ इसका गठजोड़ सभी के लिए सस्ती एवं सुलभ शिक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में एक परिवर्तनकारी कदम है। तकनीकी एवं लॉजिस्टिक्स के क्षेत्र में फ्लिपकार्ट की व्यापक पहुंच का लाभ उठाते हुए यह साझेदारी एनसीईआरटी द्वारा प्रकाशित पुस्तकों की उपलब्धता बढ़ाएगी, जिससे दूरदराज के क्षेत्रों सहित देशभर के छात्रों को सशक्त बनाया जा सकेगा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रमुख घटक के तौर पर हम शिक्षा में इनोवेशन को गति देने के लिए काम कर रहे हैं। गूगल के साथ निष्ठा इंटीग्रेटेड टीचर ट्रेनिंग मॉड्यूल जैसी पहल भविष्य के लिए सजग और सामाजिक रूप से संवेदनशील पीढ़ी तैयार करने में टेक्नोलॉजी आधारित समाधान के महत्व को रेखांकित करती है। यह पीढ़ी भारत की विकास गाथा का नेतृत्व करेगी।'

शिक्षा तक पहुंच को लोकतांत्रिक बनाने और देशभर में सीखने के लिए समावेशी माहौल को बढ़ावा देने के भारत सरकार के लक्ष्य के अनुरूप इस साझेदारी को समझौता ज्ञापन के माध्यम से औपचारिक स्वरूप दिया गया है। माननीय केंद्रीय शिक्षा मंत्री श्री धर्मेंद्र प्रधान, माननीय शिक्षा राज्य मंत्री एवं कौशल विकास व उद्यमिता राज्य मंत्री श्री जयंत चौधरी और फ्लिपकार्ट ग्रुप के चीफ कॉरपोरेट अफेयर्स ऑफिसर रजनीश कुमार की उपस्थिति में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर का यह कार्यक्रम दिल्ली में एनसीईआरटी के कार्यालय में 16 दिसंबर को आयोजित किया गया।

## महिन्द्रा युनिवर्सिटी ने स्कूल ऑफ हॉस्पिटैलिटी मैनेजमेंट शुरू किया




**हैदराबाद।** महिन्द्रा युनिवर्सिटी ने हैदराबाद में स्कूल ऑफ हॉस्पिटैलिटी मैनेजमेंट शुरू करने की आज घोषणा की। इस स्कूल ने कलिनरी एवं हॉस्पिटैलिटी मैनेजमेंट में बीएससी ऑनर्स शुरू किया जिसका उद्देश्य इस गतिशील हॉस्पिटैलिटी मैनेजमेंट व्यवसाय में एक एकीकृत उत्कृष्ट पाक कला की पेशकश से विद्यार्थियों को कुशल बनाना है। इस पाठ्यक्रम को आधुनिक प्रौद्योगिकीय उन्नयन के साथ पारंपरिक और मूल कौशल को मिलाते हुए बहुआयामी वैश्विक पेशेवर तैयार करने के लिहाज से डिजाइन किया गया है। यह स्कूल नवप्रवर्तन, एनालिटिक्स और टिकाऊपन पर ध्यान केंद्रित करने के साथ उत्साहजनक वैश्विक अवसरों के द्वार खोलेगा। पहला अकादमिक सत्र 60 सीटों के साथ फरवरी, 2025 में शुरू होगा जिसके लिए प्रवेश जनवरी, 2025 में खुल रहा है। नियमितअकादमिक सत्र, 60 सीटें, अगस्त 2025 में शुरूहोंगी। वे सभी विद्यार्थी इस पाठ्यक्रम में आवेदन करने के पात्र हैं जिन्होंने किसी सरकारी मान्यता प्राप्त बोर्ड से किसी भी विषय में 80 प्रतिशत अंक के साथ 12वीं की परीक्षा पास की हो। वे वैध एनसीएचएमसीटी जेईई प्रवेश परीक्षा अंक के जरिए या महिन्द्रा युनिवर्सिटी हॉस्पिटैलिटी मैनेजमेंट प्रवेश परीक्षा-2025 MUHET 2025 पास करके भी इसमें प्रवेश पा सकते हैं। छांटे गए अभ्यर्थियों को एक पैनल इंटरव्यू से गुजरना होगा। विद्यार्थी आवेदन फॉर्म भरकर www.mahindrauniversity.edu.inपर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

स्कूल ऑफ हॉस्पिटैलिटी मैनेजमेंट ने विश्व में कुछ सबसे प्रतिष्ठित संस्थानों के साथ अकादमिक साझीदारी की है जिनमें वर्जीनिया टेक, कॉनरैड एन. हिल्टन कॉलेज ऑफ ग्लोबल हॉस्पिटैलिटी लीडरशिप युनिवर्सिटी ऑफ ह्यूस्टन, स्विस होटल मैनेजमेंट स्कूल, सेसर रिट्ज कॉलेजेस एंड कलिनरी आर्ट्स एकैडमी स्विट्जरलैंड शामिल हैं। इस स्कूल ने महिन्द्रा हॉलीडेज़ और क्लब महिन्द्रा के साथ भी साझीदारी की है जो भारत के सबसे प्रतिष्ठित हॉस्पिटैलिटी ब्रांडों में से एक हैं। इन गठबंधनों से विद्यार्थियों को उद्योग की अमूल्य अंतर्दृष्टि, व्यवहारिक प्रशिक्षण का लाभ मिलेगा और साथ ही हॉस्पिटैलिटी के व्यवहारिक पहलुओं का प्रत्यक्ष तौर पर अनुभव मिलेगा जिससे उन्हें अकादमिक सीख और उद्योग में व्यवहार में आ रही चीज़ों के बीच अंतर दूर करने में मदद मिलेगी।

## टाटा मोटर्स ने एक ही साल में यूपीएसआरटीसी से बस चेसिस का तीसरा ऑर्डर हासिल किया



**मुंबई।** भारत की सबसे बड़ी वाणिज्यिक वाहन निर्माता कंपनी टाटा मोटर्स ने आज घोषणा की है कि उसे उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम से 1,297 बस चेसिस का बड़ा ऑर्डर मिला है। यह एक साल में यूपीएसआरटीसी से मिला तीसरा ऑर्डर है, जिससे कुल ऑर्डर संख्या बढ़कर 3,500 यूनिट हो गई है। यह ऑर्डर प्रतिस्पर्धी ई-बिडिंग प्रक्रिया के जरिए हासिल किया गया, जिसमें कंपनी ने एलपीटी 1618 डीजल बस चेसिस के लिए चयनित किया गया। चेसिस की आपूर्ति परस्पर सहमति के आधार पर चरणबद्ध तरीके से की जाएगी।

टाटा एलपीओ 1618 डीजल बस चेसिस को खासतौर पर इंटरसिटी और लंबी दूरी की यात्रा के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह चेसिस अपनी बेहतरीन परफॉर्मेंस, यात्रियों के लिए आरामदायक अनुभव और स्वामित्व की कम लागत के लिए मशहूर है। इस नए ऑर्डर के साथ टाटा मोटर्स ने एक बार फिर साबित किया है कि वह सार्वजनिक परिवहन के क्षेत्र में विश्वसनीय और पसंदीदा नाम है। टाटा मोटर्स के कमर्शियल पैसेंजर व्हीकल बिजनेस के वाइस प्रेसिडेंट और हेड श्री आनंद एस.ने इस घोषणा पर कहा, हम उत्तर प्रदेश सरकार और यूपीएसआरटीसी का धन्यवाद करते हैं कि उन्होंने हमें आधुनिक बस चेसिस की डिलीवरी का मौका दिया। यह ऑर्डर हमारे मोबिलिटी समाधानों की गुणवत्ता और सटीक आपूर्ति के प्रति हमारी मजबूत प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यूपीएसआरटीसी की लगातार बदलती जरूरतों को पूरा करने में हमारा प्रदर्शन शानदार रहा है। यह हमारे तकनीकी कौशल और विश्वसनीयता को साबित करता है। हम उनके मार्गदर्शन के अनुसार आपूर्ति शुरू करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

## लखनऊ, उत्तर प्रदेश में नए ब्लुम एक्सपीरियंस सेंटर का शुभारंभ- एक नए युग के जीवन अनुभव की ओर

**लखनऊ।** देशभर में अपने नेटवर्क को नई गति प्रदान करते हुए, ब्लुम इंडिया को ÷नवाबों के शहर÷ लखनऊ, उत्तर प्रदेश में अपने नए एक्सपीरियंस सेंटर के शुभारंभ की घोषणा करते हुए अत्यंत गर्व महसूस हो रहा है। लखनऊ अपनी समृद्ध इतिहास, संस्कृति, भोजन, वास्तुकला और हस्तशिल्प के लिए प्रसिद्ध है।

ब्लुम इंडिया के सेल्स डायरेक्टर, समीर वाइंगणकर ने 17 दिसंबर को इस सेंटर फर्नीलाइन हार्डवेयर सॉल्यूशंस का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर प्रतिष्ठित साझेदार एवं सेंटर के मालिक श्री विजय यादव, श्री जयप्रकाश शुक्ला और श्री हंसराज यादव भी उपस्थित रहे। ब्लुम एक्सपीरियंस सेंटर- फर्नीलाइन हार्डवेयर सॉल्यूशंस

पता लोअर ग्राउंड और ग्राउंड फ्लोर, 6/ई-077, सेक्टर-6, गोमती नगर एक्सटेंशन, लखनऊ - 226010, उत्तर प्रदेश, भारत।




उत्तर भारत में ब्लुम इंडिया के विस्तार की सकारात्मक प्रगति को लेकर आशावादी दृष्टिकोण साझा करते हुए, ब्लुम इंडिया के सेल्स डायरेक्टर श्री समीर वाइंगणकर ने कहा, ÷फर्नीलाइन का शुभारंभ ब्लुम इंडिया की विकास गाथा का एक नया अध्याय है। हमें अपने विश्वसनीय साझेदार फर्नीलाइन हार्डवेयर सॉल्यूशंस के साथ मिलकर इस ब्लुम एक्सपीरियंस सेंटर को लॉन्च करने पर बेहद खुशी हो रही है। यह सेंटर भारत के हृदय प्रदेश में हमारे जागरूक ग्राहकों के लिए एक सीधा संपर्क बिंदु स्थापित करता है, जिससे उन्हें ब्लुम के फर्नीचर फिटिंग्स और नवाचारों की बदलती संभावनाओं का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त होगा, जो जीवन की गुणवत्ता को ऊंचा उठाने में सहायक हैं। फर्नीलाइन हार्डवेयर सॉल्यूशंस के मालिक विजय यादव ने साझेदारी को लेकर उत्साह और सकारात्मकता व्यक्त करते हुए कहा, ÷हम कई वर्षों से आर्किटेक्चरल हार्डवेयर सॉल्यूशंस के व्यवसाय में हैं और लखनऊ में हमारे ग्राहकों के साथ एक मजबूत उपस्थिति और संबंध हैं। हम अपने ग्राहकों को गुणवत्ता और नवाचार में सर्वश्रेष्ठ पेशकश करना चाहते थे और इसके लिए हमने केवल ब्लुम ब्रांड को चुना।

## उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड ने फतेहपुर, उत्तर प्रदेश में नए बैंकिंग आउटलेट के साथ अपनी पहुंच का किया विस्तार



**फतेहपुर।** उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड (उत्कर्ष एसएफबीएल) को फतेहपुर, उत्तर प्रदेश में अपने नए बैंकिंग आउटलेट के उद्घाटन की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। यह विस्तार वित्तीय समावेशन को बढ़ाने और फतेहपुर के निवासियों को आवश्यक बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने के लिए बैंक की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। इस लॉन्च के साथ, बैंक के देश भर में 1008 और उत्तर प्रदेश राज्य में 213 बैंकिंग आउटलेट हो गए हैं।

विस्तार पर टिप्पणी करते हुए उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के एमडी और सीईओ श्री गोविंद सिंह ने कहा, ÷फतेहपुर में हमारा नया बैंकिंग आउटलेट उत्तर प्रदेश में हमारे नेटवर्क को मजबूत करने के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। अपने समृद्ध इतिहास और मजबूत सामुदायिक संबंधों के लिए जाना जाने वाला फतेहपुर राज्य का एक अभिन्न अंग है। यह क्षेत्र कैक्टस गार्डन और अद्वितीय कालिका माता मंदिर जैसे ऐतिहासिक स्थलों के लिए प्रसिद्ध है। इस आउटलेट का उद्घाटन फतेहपुर की गतिशील और तेजी से बढ़ती आबादी का समर्थन करने और इस बढ़ते शहर में विकास को बढ़ावा देने की हमारी यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

बैंक के द्वारा अपने ग्राहकों को तमाम तरह के वित्तीय उत्पाद और सेवाएं प्रदान कराई जाती हैं जिनमें सेविंग और करेंट अकाउंट्स, फिक्स्ड डिपाजिट और रेकरिंग डिपाजिट जैसी सेवाएं शामिल हैं। ग्राहकों की आर्थिक महत्वकांक्षाओं को पूरा करने के लिए, बैंक कई तरह के लोन उत्पाद- जैसे हाउसिंग लोन, बिजनेस लोन और संपत्ति के एवज में लोन उपलब्ध कराती है।

# नेटवर्क18 ने 'ग्रीन भारत' कॉन्क्लेव के पहले संस्करण के साथ भारत की ग्रीन मोबिलिटी यात्रा को बढ़ाया आगे

**नई दिल्ली।** भारत के अग्रणी मीडिया हाउस, नेटवर्क18 ने अपने वार्षिक कॉन्क्लेव ग्रीन भारत के पहले संस्करण का आयोजन सफलता पूर्वक पूरा किया। इस कॉन्क्लेव का आयोजन भारत की सबसे बड़ी शुद्ध इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) कंपनी ओला इलेक्ट्रिक के साथ मिलकर किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ईवी के आर्थिक, पर्यावरणीय और सामाजिक लाभों के बारे में बात करते हुए टिकाऊ परिवहन के लिए भारत में बदलाव लाने की दिशा में आगे बढ़ना और साथ ही ईवी के व्यापक रूप से अपनाने की राह में बाधा डालने वाली चुनौतियों से निपटना है। यह ऐतिहासिक कार्यक्रम नीति निर्माताओं, विनिर्माताओं, उद्योग के दिग्गजों और पर्यावरण संरक्षणकर्ताओं को भारत में इलेक्ट्रिक परिवहन के भविष्य के लिए एक एकीकृत रोडमैप तैयार करने के लिए एक साथ एक मंच पर लेकर आया। सम्मानित अतिथियों में श्री नितिन गडकरी, केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री और श्री पीयूष गोयल, केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल थे।

कार्यक्रम में बोलते हुए, श्री नितिन गडकरी ने जोर देते हुए कहा, ÷पिछले कुछ वर्षों में, हरित परिवहन क्षेत्र में अविश्वसनीय प्रगति हासिल की है। भारत के सतत भविष्य के लिए हमारे माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के महत्वाकांक्षी दृष्टिकोण ने हमें सही रास्ते पर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी है, और हमें अभी बहुत लंबी यात्रा तय करनी है। ज्ञान और संपत्ति के वर्तमान पारिस्थितिकी तंत्र के साथ-साथ अनुसंधान और नवाचार को आगे बढ़ाने वाले युवाओं की बढ़ती संख्या के साथ, मुझे पूरा भरोसा है कि भारत अगले पांच वर्षों के भीतर सबसे बड़ा ईवी विनिर्माण केंद्र बन जाएगा।÷

श्री पीयूष गोयल ने इस भावना को प्रतिध्वनित करते हुए कहा, ÷भारत की हरित परिवहन क्रांति अच्छी तरह से आगे बढ़ रही है, फेम 1 और 2 जैसी परिवर्तनकारी पहलों द्वारा संचालित यह क्रांति ईवी उद्योग को आत्मनिर्भर और खुद को एक वैश्विक विनिर्माण केंद्र के रूप में स्थापित करने के लिए सशक्त बना रही है। दुनिया के सबसे बड़े फर्स्ट-टाइम वाहन बाजार में से एक के रूप में, भारत के पास ईवी खंड में बदलाव का नेतृत्व करने का एक अनूठा अवसर है। सरकार नवाचार को बढ़ावा देने, मजबूत बुनियादी ढांचे का निर्माण करने और स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है, इसे हर नीतिगत निर्णय के केंद्र में रखकर फैसले लिए जा रहे हैं। मिशन लाइफ और हरित ऊर्ज पर सामूहिक ध्यान देने के माध्यम से, हम एक स्वच्छ, हरित और अधिक आत्मनिर्भर भविष्य की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।

कार्यक्रम की सफलता पर बोलते हुए, अविनाश कॉल, चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफसिर, नेटवर्क18 (ब्रॉडकास्ट) और मैनेजिंग डायरेक्टर, AETN18 ने कहा, परिवहन में भारत एक बड़े बदलाव की दहलीज पर खड़ा है, जो एक स्थायी और आत्मनिर्भर भविष्य के लिए माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी दृष्टिकोण से प्रेरित है। ग्रीन भारत मंच हमारे देश के इतिहास में इस महत्वपूर्ण दिशा में आगे बढ़ने के लिए, दूरदर्शी, नवप्रवर्तकों और नीति निर्माताओं को एक साथ लेकर आया है। यह कार्यक्रम एक परिचर्चा से कहीं अधिक था- यह भारत और विश्व स्तर पर ईवी को अपनाने में तेजी लाने, चुनौतियों से निपटने और एक मजबूत पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण की दिशा में एक सामूहिक प्रयास के लिए बुद्धिजीवियों को एक साथ लेकर आया है। यहां हुई बातचीत ने एक गहरी सांस्कृतिक धुरी को रेखांकित किया है, जहां स्थिरता और नवाचार भारत में परिवहन को फरि

## टाइटन ने अपनी 40वीं सालगिरह के मौके पर विंग कमांडर राकेश शर्मा को दिया सम्मान




अंतरिक्ष यात्रा करने वाले पहले भारतीय विंग कमांडर राकेश शर्मा की ऐतिहासिक अंतरिक्ष यात्रा को सम्मान दिया है। 1984 में अंतरिक्ष यान सोयुज़ टी-11 की यात्रा के साथ अंतरिक्ष से धरती को देखते हुए श्री शर्मा ने इतिहास रच दिया, जब उनसे पूछा गया कि अंतरिक्ष से भारत कैसा दिखता है, तब उन्होंने बेहद लोकप्रिय शब्द कहे 'सारे जहां से अच्छा'। भारत को एकजुट करने वाले ये शब्द लाखों दिलों को छू गए। चालीस साल बाद, टाइटन अपनी कारीगरी एवं इनोवेशन की धरोहर का जश्न मना रहा है, इस मौके पर ब्राण्ड ने ब्रह्मांड से प्रेरित लिमिटेड एडीशन घड़ी 'युनिटी वॉच' का लॉन्च किया है, जो इस अनूठी कहानी को बयां करती है। युनिटी वॉच अंतरिक्ष से धरती के दृश्य के बारे में श्री शर्मा के दृष्टिकोण से प्रेरित है- जो देश की एकजुटता और असीमित संभावनाओं का प्रतीक है। उसका नाम मानवता एवं भावी एकजुटता के सपनों से जुड़ी दुनिया के दृष्टिकोण की अभिव्यक्ति करता है।

बैंगलुरू के लुपा में आयोजित एक भव्य समारोह के दौरान टाइटन ने कलेक्शन की पहली युनिटी वॉच, विंग कमांडर राकेश शर्मा को भेंट में दी। इस कलेक्शन में सीमित 300 पीसेज़ लाए जाएंगे। श्री शर्मा ने अपनी अंतरिक्ष यात्रा की यादगार कहानियां सुनाते हुए मौजूद उपस्थितगणों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

# पीसीएस की प्रारम्भिक परीक्षा 22 को, डीएम ने की तैयारी बैठक

**परीक्षा को शांति एवं सुचिता पूर्ण संपन्न कराने का डीएम ने दिया निर्देश**

अवधनामा ब्यूरो


परीक्षा को लेकर तैयारी बैठक करते डीएम

**कुशीनगर।** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता में 22 दिसंबर को आयोजित होने वाली उप्र लोक सेवा आयोग प्रयागराज के महत्वपूर्ण एवं प्रतिष्ठापरक परीक्षा सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा (प्रा.) परीक्षा की तैयारियों के दृष्टिगत आवश्यक बैठक विकास भवन सभागार में संपन्न की गई। बैठक दौरान जिलाधिकारी ने परीक्षा को शांतिपूर्ण, सकुशल एवं सफल क्रियान्वित करने के साथ साथ सुचिता एवं पारदर्शिता के साथ संपन्न कराए जाने हेतु सभी सेक्टर एवं स्टैटिक मजिस्ट्रेटों/केंद्र व्यवस्थापक को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह एक बहुत ही प्रतिष्ठित परीक्षा है। इसे पूर्ण सुचिता के साथ कोई समस्या ना हो उसका विशेष ध्यान रखें। आने वाले हर परीक्षा में कुछ चैलेंजर्स होते हैं जिसके लिए हम सभी को तैयार रहना है इस क्रम में उन्होंने उपस्थित सभी मजिस्ट्रेटों को आयोग की दिशा निर्देशों का अक्षरशः अध्ययन कर लिए जाने का निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि इस बात का विशेष ध्यान रखें कि किसी का कोई रिश्तेदार इस जनपद का परीक्षा में हो तो उसे पर भी चर्चा कर लें, उन्होंने आयोजित होने वाले इस परीक्षा के संबंध में निर्देशित किया कि विद्युत की आपूर्ति, साफ सफाई हेतु एक्सईन विद्युत, ईओ और डीपीआरओ को, मेडिकल की सुविधाओं हेतु मुख्य चिकित्सा अधिकारी तथा पेयजल आज की बुनियादी सुविधाओं को प्रत्येक परीक्षा केंद्रों पर सुलभ कराए जाने का निर्देश सभी संबंधित को दिए। उन्होंने बताया कि इस परीक्षा में 3168 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगे। इसके दृष्टिगत ट्रैफिक की समस्या पर भी ध्यान देना होगा तथा कैंडिडेट के सत्यापन में कोई संदेह न हो इसको भी चेक कर लिया जाएगा। कहा कि आप सभी लोग पूर्व में भी कई तरह की प्रतियोगी परीक्षाएं कराएं है,तो उम्मीद एवं आशा करते हैं कि इस परीक्षा में भी अपने अनुभव का परिचय देते हुए सकुशल परीक्षा संपन्न कराएंगे। परीक्षा दौरान सिल बुकलेट के खोलने से लेकर वितरण सहित एब्सेंट कैंडिडेट के संबंध में, एमआर शीट भरने की प्रक्रिया, वेरिफिकेशन सीट भरने, वीडियो रिकॉर्डिंग, सहित अन्य सभी जानकारी देते हुए पेपर शीट पोस्ट करने तक की सभी प्रक्रियाओं से अवगत कराया गया।

## हैण्डबाल प्रतियोगिता का जिला स्तरीय चयन आज

**अमेठी।** उपक्रीड़ाधिकारी मो मोसर्रफ खॉ ने बताया कि क्षेत्रीय खेल कार्यालय अयोध्या के निर्देशानुसार प्रदेश स्तरीय समन्वय सीनियर महिला हैण्डबाल एवं प्रदेश स्तरीय समन्वय जूनियर बालिका हैण्डबाल प्रतियोगिता हेतु जिला एवं मण्डल स्तरीय चयन ट्रायल्स निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि सीनियर महिला हैण्डबाल प्रतियोगिता का जिला स्तर ट्रायल्स अमेठी में 18 दिसम्बर 2024 एवं मण्डल स्तर ट्रायल्स अयोध्या में 21 दिसम्बर 2024 तथा जिला खेल कार्यालय बाराबंकी में 26 दिसम्बर 2024 से 29 दिसम्बर 2024 तक प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। इसी क्रम में जूनियर बालिका हैण्डबाल प्रतियोगिता का जिला स्तर ट्रायल्स अमेठी में 18 दिसम्बर 2024 एवं मण्डल स्तर ट्रायल्स अयोध्या में 21 दिसम्बर 2024 तथा जिला खेल कार्यालय झांसी में 03 जनवरी 2025 से 06 जनवरी 2025 तक प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा।

# निपुण विद्यालय बनाने हेतु शिक्षकों को खण्ड शिक्षा अधिकारी ने दिए टिप्स

अवधनामा संवाददाता


शिक्षकों को टिप्स देती बीईओ रीता गुप्ता

**बोदरवार, कुशीनगर।** विकास खण्ड कप्तानगंज के बोदरवार न्याय पंचायत में शिक्षक संकुल बैठक खण्ड शिक्षा अधिकारी कप्तानगंज रीता गुप्ता की अगुवाई में संपन्न हुआ. जिसमें बीईओ महोदया ने शासन की मंशा के अनुसार शिक्षकों को निपुण विद्यालय बनाने हेतु कई टिप्स दी।

मंगलवार को बोदरवार न्याय पंचायत पर आहुत की गई शिक्षक संकुल बैठक को सम्बोधित करते हुए कहीं कि जनपद में कप्तानगंज विकास खण्ड को एक गौरवशाली पहचान दिलाई है। जिसमें पिछले सत्र में 85 सर्वाधिक विद्यालय निपुण हुए थे अपने विकास खण्ड के लिए कोई भी लक्ष्य कितना भी मुश्किल क्यों न हो क्षितिज मे ज्यादा देर टिक नही सकता जिस विकास खण्ड के कर्मयोद्धा आप जैसे कर्मठ, ईमानदार, लगनशील, जुझार, कर्तव्य परायण, सत्यनिष्ठ, बुद्धिमान, मर्मज्ञ, गुणज्ञ और सत्युक्ति वाले सरस्वती पुत्र हों। एक बार पुनः कप्तानगंज की साख आपके उपरोक्त समस्त गुणों की तरफ पूर्ण आशा एवं विश्वास नजरों से निहार रही है जिसकी आशाओं मे आप सभी खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे, और शत-प्रतिशत विद्यालय निपुण हो और विकास खण्ड निपुण हो। इस अवसर पर एआरपी चंद्रहास मिश्र, वंदना राव, राम आशीष सिंह, अभय प्रताप मिश्र संजय मिश्र, आशुतोष कुमार, मुहम्मद आकिब जितेन्द्र यादव सहित न्याय पंचायत के सभी शिक्षक उपस्थित थे।

## नहरों की कटान से होने वाले जलभराव की स्थिति से त्वरित निपटान को कंट्रोल रूम स्थापित

**अमेठी।** शारदा सहायक खण्ड-41 के अधिशासी अभियन्ता (नोडल) मनीष रंजन ने बताया कि वर्तमान रबी 1432 फसली में जनपद अमेठी के अन्तर्गत पड़ने वाली नहरों की आकस्मिक कटिंग से होने वाले जलप्लावन जैसे हालत से त्वरित रूप से निपटने हेतु कंट्रोल रूम स्थापित करते हुए तहसील गौरीगंज व अमेठी हेतु प्रवेन्दर कुमार वर्मा मो0नं0-9760605121 एवं सरदार अली मो0 नं0-9919174205 तथा तहसील मुसाफिरखाना व तिलोई में संदीप कुमार मो0 नं0-9415638889 एवं उबेद हाशमी मो0नं0-9041920466 जूनियर इंजीनियरों को नामित किया गया है। इस सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि उपरोक्त नामित अवर अभियन्ता अपने से सम्बन्धित तहसीलों में नहर कटिंग होने की सूचना प्राप्त होने पर अद्यतन स्थिति की जानकारी सम्बन्धित खण्ड से समन्वय स्थापित करते हुए प्राप्त करेंगे एवं उक्त जानकारी सूचना से अधिशासी अभियन्ता (नोडल) एवं सम्बन्धित उपजिलाधिकारी को भी अवगत करायेंगे।

# बेतिया एस्टेट की जमीन पर बिना एनओसी लिए हो रहे कार्य को रोका गया


मंदिर परिसर में रोका गया निर्माण कार्य



माता चेड़ा देवी मंदिर की फाइल फोटो

अवधनामा संवाददाता

**98 लाख से पर्यटन स्थल के रूप में विकसित हो रहा है माता चेड़ा देवी मंदिर**

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** रामकोला विधायक के प्रस्ताव पर पर्यटन स्थल के रूप में विकसित हो रही माता चेड़ा देवी मंदिर का कुछ हिस्सा बेतिया एस्टेट में पड़ने पर निर्माण कार्य रोकवा दिया गया है।

अधिकारियों ने बताया कि बिना अनाधिकृत पत्र (एनओसी) लिए कार्य कराया जा रहा था जिसे तत्काल रोकवा दिया गया है। बता दें कि बिहार सरकार के निर्देश पर पिछले एक सितंबर को बिहार के उप सचिव संजीव कुमार ने जमीनों का स्थलीय जांच कर चिह्नित किया था। नवसृजित नगर पंचायत मथौली के वार्ड नंबर 11 सुभाष चंद्र बोस नगर स्थित माता चेंडा देवी मंदिर परिसर में करीब 74 डिसमिल जमीन बेतिया एस्टेट की है। उक्त मंदिर पर हर रोज नगर सहित आसपास गांव के लोगों का दर्शन व पूजा सहित अन्य मांगलिक कार्यक्रम यहां पर होता रहता है।

इसी को देखते हुए रामकोला विधायक विनय प्रकाश के प्रस्ताव पर करीब 98 लाख रुपए की लागत से धर्मशाला, भवन, शौचालय, बैठने के लिए कुर्सी पेड़ पौधे लगाकर मंदिर को पर्यटक के रूप में विकसित किया जा रहा था। बिहार सरकार से बिना एनओसी लिए मंदिर परिसर में यूपी प्रोजेक्ट कार्पोरेशन लि. के द्वारा भवन निर्माण कराया जा रहा था जिसकी सूचना पर गोरखपुर से बेतिया की टीम हाटा तहसीलदार के साथ आई थी। मंदिर परिसर में बन रहे निर्माण कार्य को रोकवा दिया गया। उन लोगों का कहना था कि जब तक बेतिया एस्टेट के उच्चाधिकारियों को अवगत न करा दिया तब तक निर्माण कार्य पर रोक रहेगी। जैसे ही आदेश मिलेगा उसके बाद निर्माण कराने की अनुमति दी जाएगी।

## सीएमओ ने किया सीएचसी का निरीक्षण

**अमेठी।** सीएमओ अंशुमान सिंह मंगलवार को संग्रामपुर सीएचसी का औचक निरीक्षण करने पहुंचे जहां उन्होंने परिसर में नवनिर्मित ब्लाक पब्लिक हेल्थ यूनिट भवन का निरीक्षण किया। जिसमें फर्स समेत कई काम अधूरे पाए गए। जिसके बाद सीएमओ ने दंत चिकित्सक कक्ष का निरीक्षण किया। दंत चिकित्सक रुकसार बानो मौके पर उपस्थिति पाई गई लेकिन डेंटल चेयर में अव्यवस्थाओं को लेकर सीएमओ ने दंत चिकित्सक को जमकर फटकार लगाते हुए मरीज का सही इलाज करने की हिदायत देते हुए कार्यवाही की चेतावनी दी और सीएमओ ने डेंटल चेयर पर खुद लेट कर अपना दंत परीक्षण कराया। जिस पर दंत चिकित्सक द्वारा डेंटल चेयर में कंप्रेसर व लाइट व्यवस्था सही न होने की बात कही गई। सीएमओ ने अधीक्षक को फटकार लगाते हुए उसे जल्द से जल्द सही कराने के लिए निर्देशित किया। सीएमओ ने लैब टेक्नीशियन कक्ष का निरीक्षण कर कक्ष में लगी हेल्थ एटीएम मशीन का निरीक्षण किया मौके पर हेल्थ एटीएम मशीन चालू मिली जबकि हेल्थ एटीएम मशीन बंद होने की शिकायत सीएमओ को मिली थी।

# महिला महंथ के ऊपर धारदार हथियार से हमला, हालत गंभीर

**मेडिकल कॉलेज में जीवन और मौत से जूझ रही महिला महंथ**

अवधनामा संवाददाता

**खड्डा, कुशीनगर।** जटहा बाजार थाना क्षेत्र के ग्राम सभा कटाई भरपुरवा टोला उचका शिवमन्दिर के महिला महंथ के ऊपर धारदार बकुए से एक गांव के ही युवक ने हमला कर दिया जिससे वह मेडिकल कालेज गोरखपुर में जीवन और मौत से जूझ रही है। घटना बीती रात सोमवार आठ बजे की बताई जा रही है।

बताते चले कि ग्राम सभा कटाई भरपूरवा के उचका टोला के रहने वाली मीना देवी एक घटित एक घटना ने उनका जीवन और सपने दोनों बदल दिए उन्होंने सोचा कि एक बार मंदिर में भोले बाबा का दर्शन कर आशिर्वाद लिया जाए इसी का तमन्ना लिए शिवमन्दिर के महिला पुजारी जो पति के मरने के बाद उसी कुटी के महंत बनी हुई थी। वह रोज घर से निकल कर शिवमन्दिर पर जाती वहां भोले बाबा के साथ अन्य मूर्तियों को पूजा पाठ करती मंदिरों का देखभाल करती और पुनः साम होते अपने घर आ जाती। सूत्रों के मुताबिक कुटी के शिव मंदिर स्थित त्रिशूल टूटने एवं मंदिर के दरवाजा टूटने पर उन्हें काफी आघात पहुंचा था। वह गांव के ही एक युवक पर नाराज थी। उसे तू तू मै मै भी हो चुका था। बीती रात महिला महंत जो रोज की भांति साम होते घर आ गई। उधर घात लगाए वहीं युवक धारदार बकूवे से उनपर हमला कर दिया। जिससे वह लहूलुहान होकर अचेत हो गई। घटना कि जानकारी होने पर महंत महिला के नाबालिग पुत्र और पुत्री ने थाने पर सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस साथ लेकर जिला अस्पताल गई जहां डाक्टरों ने मेडिकल कालेज के लिए रिफर कर दिया है। जहां इलाज जारी है और हमलावर फरार है। पूछे जाने पर मामला गंभीर बताई जा रही है।

# जिला अध्यक्ष सहित कई कांग्रेसी नेता हाउस अरेस्ट



अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** कांग्रेस के 18 दिसंबर को विधानसभा घेराव की घोषणा को देखते हुए मंगलवार को जिला अध्यक्ष सहित कई कांग्रेसी नेताओं को पुलिस ने हाउस अरेस्ट कर लिया।उनके घरों के बाहर बड़ी संख्या में पुलिस तैनात कर दी गई है। विधानसभा का घेराव करने की तैयारी के क्रम में दो दिन पूर्व कांग्रेस नेता एवं पूर्व मंत्री राजेश तिवारी अमेठी पहुंचे थे। उन्होंने अमेठी से बड़ी संख्या में कांग्रेसियों के लखनऊ पहुंचने की बात कही थी। विधानसभा का घेराव करने की तैयारी में जुटे कांग्रेसियों पर पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है। मंगलवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल युवक कांग्रेस जिलाध्यक्ष शुभम सिंह एनएसयूआई जिलाध्यक्ष सुमित तिवारी समेत कई कांग्रेसी नेताओं को पुलिस ने हाउस अरेस्ट कर दिया। इन नेताओं के घरों के बाहर भारी संख्या में पुलिस तैनात कर दी गई। पुलिस की कोशिश हर हाल में कांग्रेसियों को लखनऊ जाने से रोकने की है। वहीं कांग्रेस के जिला प्रवक्ता अनिल सिंह ने बताया कि पुलिस ने कई कांग्रेसी नेताओं को हाउस अरेस्ट किया है। उसके बावजूद भी कांग्रेसी पूरे उत्साह के साथ अपनी तैयारी में हैं।

# डीएम से मिला विश्व हिंदू महासंघ का प्रतिनिधिमंडल



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** नीति आयोग के संयोजन में 13 से 15 दिसंबर तक नई दिल्ली में आयोजित चौथे राष्ट्रीय मुख्य सचिव सम्मेलन में जिलाधिकारी दिव्या मित्तल द्वारा भाग लेने के उपरांत जिले में वापसी पर विश्व हिंदू महासंघ देवरिया का प्रतिनिधिमंडल जिलाध्यक्ष बृजेश कुमार तिवारी एवं जिला प्रभारी सुभाष तिवारी की अगुवाई में जिलाधिकारी दिव्या मित्तल से मिलकर महासंघ की वार्षिक पत्रिका पराक्रम देकर शुभकामना ज्ञापित किया। उस कार्यक्रम में पीएम मोदी के समक्ष जिलाधिकारी विकास और प्रशासनिक नवाचार से जुड़े अपने अनुभव साझा की थी। इस राष्ट्रीय मंच के लिए पूरे देश से केवल चार अधिकारियों को चुना गया है। सम्मेलन में आर्थिक विकास, सतत विकास, डिजिटल परिवर्तन और सामाजिक कल्याण जैसे विषयों पर गहन चर्चा में दिव्या मित्तल को उनके प्रशासनिक कौशल के वजह से अवसर मिला था। प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी से शहर के कुछ लोकोपयोगी महत्वपूर्ण समस्याओं के समाधान हेतु भी वार्ता किया जिस पर जिलाधिकारी ने समस्याओं के समाधान हेतु आश्वासन दिया। प्रतिनिधि मंडल में गौ रक्षा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष संजय तिवारी,शिक्षक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष राजेश कुमार मिश्र,जिला मंत्री विशाल पांडे, बीरबल चौहान, प्रेम प्रकाश चौरसिया, बच्चा सिंह, गंगा सागर, संदीप विश्वकर्मा, राजेश मद्धेशिया, शिवनारायण चौरसिया, भरत मद्धेशिया, संजय चौरसिया, सुरेन्द्र चौरसिया, विनोद मद्धेशिया, रामकृपाल, ओमप्रकाश जायसवाल, भिम, मनोज मद्धेशिया धन्नजय चौहान आदि लोग शामिल रहे।

# निराश्रित, असहाय एवं कमजोर लोगों में कम्बल वितरण व राहत पहुंचने के लिए डीएम ने सौंपी जिम्मेदारी

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** जिलाधिकारी ने शीतलहर से उत्पन्न होने वाली समस्याओं के मद्देनजर निराश्रित एवं असहाय तथा कमजोर वर्ग के असुरक्षित व्यक्तियों के बचाव हेतु राहत कार्यों के संचालन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश देते विभागीय अधिकारी को जिम्मेदारी सौंपी है। उन्होंने बताया कि शीत लहर एवं घने कोहरे के दृष्टिगत सड़क दुर्घटनाएं, अग्निकांड इत्यादि की समस्याएं उत्पन्न/घटित हो सकती हैं, को न्यून करने हेतु विभागवार निम्न कार्य समय पूर्ण कर लिया जाए।

उन्होंने सड़को की मरम्मत एवं अन्य कार्य-सड़को पर बनें गढ्ढों का मरम्मत कार्य तत्काल पूर्ण कराने, डिवाइडर की मरम्मत एवं मानक के अनुसार रंगरोगन कार्य पूर्ण करने, विभिन्न प्रकार के सड़क की सतह का अंकन, गतिरोधक, आदि पर पेंटिंग कार्य निर्धारित मानक के अनुसार सुनिश्चित कराने हेतु नगर निकाय, लोक निर्माण विभाग व एन.एच.ए.आई. तथा जिला पंचायत के अधिकारियों को निर्देश दिया। प्रमुख मार्गों एवं मोहल्लों में स्थापित प्रकाश बिन्दुओं जो कि खराब व क्षतिग्रस्त हैं, उन्हें तत्काल ठीक कराने, साथ ही निर्धारित समयानुसार उनके चालू व बन्द होने के कार्य सुनिश्चित कराने की कार्यवाही हेतु नगर निकाय/उप्र पावर कारपोरेशन लि. के अधिकारियों को दिया। वाहनों पर रिफ्लेक्टर स्टीकर समस्त वाहनों पर नारंगी रंग का रिफ्लेक्टर स्टीकर लगवाए जाने सुनिश्चित करें। **अलाव एवं कम्बल वितरण-** शासन के सहयोग से महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्थलों पर अलाव जलाने की व्यवस्था की जानी है, ऐसे स्थलों को चिन्हित कर सूचीबद्ध कर लेने, साथ ही कार्य क्षेत्र में लेखपाल/ग्राम विकास अधिकारी के माध्यम से स्वैचिछक संगठनों व सामाजिक कार्य में रूचि रखने वाले व्यक्तियों को चिन्हित करते हुए स्वेच्छा से आवश्यक स्थलों पर अलाव जलवाने तथा निराश्रितों को कम्बल वितरण हेतु प्रेरित करने की कार्यवाही हेतु उप जिलाधिकारी / जिला पंचायतराज अधिकारी/नगर निकाय को निर्देशित किया गया है।

**रैन बसेरों में सफाई एवं आवश्यक संसाधन उपलब्ध हो**

विभाग द्वारा संचालित रैन बसेरों की सफाई एवं आवश्यक संसाधनों यथा शौचालय, विद्युत आपूर्ति, पेयजल, कम्बल, चादर, तकिया, आदि अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। साथ ही यह भी सुनिश्चित करें कि समस्त रैन बसेरा गुणवत्ता पूर्व ढंग से 24×7 क्रियाशील रहें। बीमारियों से बचाव अत्यधिक ठंड एवं शीतलहर के कारण आम जन व छोटे बच्चों को अनेक प्रकार की बीमारियों होने की सम्भावना बढ़ जाती है। घने कोहरे आदि के कारण घटित होने वाली सड़क दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों के त्वरित बचाव एवं उपचार हेतु यह आवश्यक है कि जनपद के समस्त स्वास्थ्य केंद्रों एवं निजी चिकित्सालयों में बेड आरक्षित कर लिए जाये।

# लोकसभा में एक देश एक चुनाव बिल पास होने पर भाजपाइयों ने बांटी मिठाई



अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** मंगलवार, लोकसभा में एक देश एक चुनाव बिल पास होने पर क्षेत्र के औरा चौरी स्थित भाजपा कार्यालय पर जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने कहा कि एक देश-एक चुनाव कराने से केंद्र के राजकोष की बचत होगी। क्योंकि, हर पांच साल में लोकसभा चुनाव के साथ-साथ विधानसभा चुनावों का भी आयोजन किया जाता है। वहीं, देश में हर साल अलग-अलग समय पर विधासनभा चुनाव होते हैं। इसकी जिम्मेदारी भारतीय निर्वाचन आयोग की होती है। एक ही समय पर चुनाव होने पर राजकोष की बचत होगी।

उन्होंने कहा कि चुनाव के समय राज्यों में आचार संहिता लागू हो जाती है और यह परिणाम जारी होने तक लागू रहती है। ऐसे में इससे विकास परियोजनाओं में देरी होती है। एक देश-एक चुनाव में ऐसा नहीं होगा। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान अक्सर जांच एजेंसियों द्वारा कालेधन के उपयोग को लेकर आरोप लगते हैं। ऐसे में एक देश-एक चुनाव होने पर इस तरह की घटनाओं पर रोक लगेगी। जिलाध्यक्ष ने कहा कि चुनाव के समय देशभर में फोर्स से लेकर विभिन्न सरकारी कर्मचारियों की ड्यूटी लगती है। इससे उनके सरकारी काम में भी व्यवधान होता है। ऐसे में साल में एक ही बार में इस तरह की आवश्यकता पड़ेगी। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष राजेश मिश्रा, श्रीनिवास मणि, गंगा सिंह कुशवाहा, जयनाथ कुशवाहा, अवधेश सिंह, दिवाकर मिश्रा, प्रवीण प्रताप मल्ल, मनमोहन सिंह अप्पू, रामनिवास पांडे, रिंकू पांडे, दिलीप सिंह, मोनू राव, दिनेश्वर मिश्र, दिवाकर यादव, मनीष मल्ल, अंकुर राय, चंदन गिरी, अंशु सिंह, अक्षय राजपूत सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## विधानसभा भवन के घेराव में कांग्रेसी जाएंगे लखनऊ

अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी अविनाश पांडेय, प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के आवाहन पर प्रदेश के सभी कांग्रेस नेता लखनउ पहुंचकर विधान सभा का घेराव करेगें। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व सद्स्य नागेंद्र शुक्ल ने एक जारी प्रेस बयान में कहा कि। उत्तर प्रदेश में बढ़ रहे लूट, हत्या, बलात्कार, नौजवान, किसान, मजदूर, और किसानों के फसल के उचित दाम दिलाने के लिए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय जी के आवाहन पर हम सभी कांग्रेस नेता आज अपने साधन से लखनऊ के लिए रवाना होंगे। श्री शुक्ल ने कहा कि कांग्रेस के प्रर्दशन से योगी सरकार की नीद हराम हो गई है। सरकार के इसारे पर प्रर्दशन को विफल करने के लिए पुलिस प्रशासन कांग्रेस नेताओं को हाउस अरेस्ट करने में लगी हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में अपराधियों का बोलबाला है। प्रदेश की जनता अपने समस्याओं को लेकर अंदोलन कर रही हैं लेकिन मुख्यमंत्री जी ने अपने कान और आंख को बंद कर रखा है। शुक्ला ने आगामी विधानसभा के चुनाव में जनता भाजपा को सबक सिखाएगी। देश व प्रदेश की जनता भाजपा के कुशासन से तंग आ चुकी है। प्रदेश की जनता अपने हाल पर आसू बहा रही है।

# पेंशनरों की सेवाओं का देश की बुनियाद में अहम योगदान

अवधनामा संवाददाता



**विकास भवन स्थित गांधी सभागार में पेंशनर्स दिवस का हुआ आयोजन**

**देवरिया।** विकास भवन के गांधी सभागार में आयोजित पेंशनर्स दिवस की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने कहा कि पेंशनरों की सेवाओं का देश की बुनियाद में अहम योगदान है, जो देश के वर्तमान स्वरूप का आधार है। उन्होंने कहा कि पेंशनर्स दिवस का उद्देश्य पेंशनरों की समस्याओं पर चर्चा करना नहीं है, बल्कि उनका समाधान करना है। बैठक में पेंशनरों द्वारा उठाये गए प्रकरणों पर सहमति व्यक्त करते हुए उन्होंने सभी प्रकरणों का समाधान कराने का आश्वासन दिया।

इस दौरान चिकित्सा प्रतिपूर्ति के भुगतान में हिलाहवाली और अकारण लंबित रखने की शिकायतों को संज्ञान में लाए जाने पर जिलाधिकारी ने कहा कि प्रतिपूर्ति अनुकंपा नहीं, बल्कि अधिकार है। इसे किसी भी दशा में लंबित नहीं रखा जा सकता। उन्होंने सभी विभागाध्यक्षों को दो माह का समय देते हुए निर्देश दिया कि प्रतिपूर्ति से संबंधित लंबित सभी प्रकरणों का अनुश्रवण कर, नियमानुसार समाधान किया जाए और सभी प्रकरणों को सूचीबद्ध रखा जाए। इसके लिए उन्होंने अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व को इसकी निगरानी करने को कहा। उन्होंने यह भी कहा कि दो माह के बाद इसकी समीक्षा उनके स्तर पर की जाएगी और जिस विभाग में प्रकरण लंबित पाए जाएंगे, उस पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि चिकित्सालय में सेवानिवृत्त कार्मिकों/ वरिष्ठ नागरिकों के लिए अलग से हेल्प डेस्क बनाई जाए, ताकि उन्हें दवा और इलाज में कोई असुविधा न हो। पेंशनर्स संघ के अध्यक्ष श्रीराम त्रिपाठी द्वारा समस्याओं से जुड़ा ज्ञापन जिलाधिकारी को दिया गया, जिस पर उन्होंने कहा कि स्थानीय स्तर से जुड़ी प्रकरणों का त्वरित समाधान कराया जाएगा, जबकि उच्च स्तर के प्रकरणों को शासन को प्रस्तुत किया जाएगा। मुख्य विकास अधिकारी प्रत्यूष पांडेय ने कहा कि सरकारी सेवक अपने सेवाकाल में कई अनुभवों से गुजरते हैं, जिनका लाभ समाज को मिलना चाहिए। उन्होंने पेंशनरों से अनुरोध किया कि वे आगे बढ़कर अपने अनुभव साझा करें और समाज को नई दिशा देने के लिए कार्य करें। उन्होंने यह भी कहा कि सेवानिवृत्ति के बाद पेंशनर्स सामाजिक सेवाओं में भी योगदान दे सकते हैं। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अरुण कुमार राय ने पेंशनरों की समस्याओं को सुना और प्रत्येक मामले पर त्वरित कार्यवाही कराने का निर्देश दिया। उन्होंने यह भी कहा कि सेवानिवृत्त कर्मचारियों की समस्याओं को सुनने और उनका समाधान करने के लिए सभी अधिकारियों को सकारात्मक भूमिका निभानी चाहिए। किसी भी हालत में पेंशनरों को अपनी समस्याओं के लिए कहीं और भटकने की आवश्यकता नहीं होनी चाहिए। वरिष्ठ कोषाधिकारी अतुल कुमार पांडेय ने पेंशनर्स से अनुरोध किया कि वे जीवित प्रमाण पत्र समय से ऑफलाइन या ऑनलाइन जमा करें और साइबर फ्रॉड से सतर्क रहें। उन्होंने कहा कि पेंशनर्स अपना जीवित प्रमाण पत्र उन्हें सीधे व्हाट्सएप पर भी भेज सकते हैं, ताकि त्वरित कार्रवाई की जा सके।

# प्रगल्भ इंटर कॉलेज रवनिया पूरब अलीगंज में खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**

**सुल्तानपुर।** प्रगल्भ इंटर कॉलेज रवनिया पूरब अलीगंज सुल्तानपुर में 1 दिसंबर से चल रहे खेल कूद प्रतियोगिता में कबड्डी खो-खो क्रिकेट वॉलीबॉल गोलाफेक भाला फेक जैसे खेलो का आयोजन हुआ जिसमें विजेताओ के नाम निम्नवत है।

गोला फेक और भाला फ़ेक में सूरज तिवारी विजेता रहे और लड़कियो मे गोला फेक मे वैष्णवी विजेता रही। क्रिकेट खो खो कबड्डी में विजेता टीम के खिलाड़ियों के नाम सीनियर बालिका कबड्डी मैच विजेता सलोनी, अन्नू, अदिति, जीविका, रिया, अंजली, आर्या हैं। सीनियर कबड्डी मैच विजेता टीम ओम, रोशन, आदित्य, शोभित, लक्की, आर्यश, आदित्य है।जूनियर बालिका कबड्डी मैच विजेता टीम आरती कृतिका विंध्यवासिनी सोनाली निष्ठा रिशा सिविका रही।जूनियर बालक कबड्डी मैच विजेता टीम मयंक कार्तिक प्रिंस स्नेह आयुष आलोक कृष्णा रहे।



### सीनियर बॉयज खो खो प्रतियोगिता में-

आर्यश सूरज आदर्श कृष्ण अशिव अश्विनी आदित्य अमित आयुष ने जीत दर्ज की। सीनियर बालिका खो-खो विजेता टीम में सलोनी काजल अंजलि वैष्णवी द्वितीय शिविका अदिति प्रतिज्ञा जीविका समृद्धि रहे। जूनियर बालिका खो-खो विजेता टीम प्रतिज्ञा अंशिका अदिति सोनाली ऋक्षा पलक निष्ठा आरती जीविका रही।
जूनियर बालक खो-खो विजेता टीम शिवा स्नेह अर्पित अभिनव आदित्य कार्तिक प्रिंस अश्वनी अनुभव शामिल रहे। वॉलीबॉल विजेता टीम में रोशन सूरज शुभम् अतुल शोभित आदर्श शामिल हुए।क्रिकेट का मैच 10 - 10 ओवर का खेला गया जिसमें 45 रन का स्कोर रहा। व्हाइट टीम के कैप्टन आर्यश थे और येलो टीम के कैप्टन सूरज रहे। क्रिकेट का मैच ड्रॉ हो गया दोनो टीमें बराबर रही। यह प्रतियोगिता प्रिंसिपल श्रीमती किरण उपाध्याय की अध्यक्षा में चल रही।

## अधिवक्ता की बाइक पर चोरो ने किया हाथ साफ

**सुलतानपुर।** दीवानी न्यायालय परिसर के बाहर मोटरसाइकिल चोरी होने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। आए दिन दीवानी न्यायालय परिसर के बाहर खड़ी बाइकों की चोरी होने की सूचना मिलती रहती है। सोमवार को दीवानी न्यायालय में आए अधिवक्ता जयप्रकाश मिश्र ने पंडित रामनरेश त्रिपाठी सभागार के अंदर अपनी बाइक (यूपी 44 जे 2708 ब्लैक कलर) खड़ी करके दीवानी में मुकदमों की पैरवी के लिए गए हुए थे। दीवानी न्यायालय से कार्य समाप्त कर जब वह बाहर आए तो मोटरसाइकिल नदारत रही । काफी खोजबीन के पश्चात जब बाइक का पता नहीं चला तो थक हारकर अधिवक्ता ने बाइक चोरी होने की तहरीर नगर कोतवाली में दी। नगर कोतवाली से बाइक के चोरी होने की सूचना सीताकुंड पुलिस चौकी को दी गई, जहां चौकी इंचार्ज ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है। बाइक का पता लगाने के लिए सीसीटीवी फुटेज की भी जांच की जा रही है। पुलिस चोरों का पता लगाने के लिए प्रयासरत है, जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा।

# मण्डलायुक्त ने निर्माणाधीन योजनाओं का निरीक्षण कर दिये आवश्यक दिशा निर्देश

**अवधनामा संवाददाता**

**सुल्तानपुर।** मण्डलायुक्त मण्डल अयोध्या गौरव दयाल का जनपद भ्रमण के दौरान प्रभारी जिलाधिकारी/मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक, पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट वैशाली चोपड़ा सहित अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में निरीक्षण भवन लो0नि0वि0 में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। तत्पश्चात आयुक्त द्वारा जिला सहकारी बैंक लि0 सुलतानपुर (मुख्यालय), 50 लाख से अधिक लागत की परियोजना के अन्तर्गत निर्माणाधीन राजकीय बालिका आई.टी.आई. कॉलेज, वि0ख0 दूबेपुर, सीवरेज ट्रीटमेन्ट प्लान्ट, दूबेपुर व किसान सहकारी चीनी मिल लि0 टेढुई का निरीक्षण किया गया। आयुक्त द्वारा सर्वप्रथम जिला सहकारी बैंक लि0 सुलतानपुर निबन्धन सं0 98/3 अप्रैल, 1912 का निरीक्षण किया गया आयुक्त द्वारा सचिव/मुख्य कार्यपालक अधिकारी विजय कुमार से सहकारी बैंक के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की गयी। सचिव/मुख्य कार्यपालक अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि जिला सहकारी बैंक लि0 की निबन्धन सं0 98/3 अप्रैल, 1912 है, जिसमें एक प्रबन्ध कमेटी है, जिसके कुल अध्यक्ष सहित 12 सदस्य हैं।

जिला सहकारी बैंक लि0 का विस्तार सुलतानपुर एवं अमेठी है। जिला सहकारी बैंक पूर्णतया कम्प्यूटरयुक्त सी.बी.एस. पर कार्य रही है, ग्राहकों को आर.टी.जी.एस./एन.ई.एफ.टी. एवं एस.एम.एस. की सेवाएं दी जा रही है। आयुक्त द्वारा कार्य पूर्ण कराने की तिथि के बारे में जानकारी प्राप्त की गयी। सम्बन्धित द्वारा अवगत कराया गया कि जून, 2025 तक कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा। आयुक्त ने निर्देशित करते हुए कहा कि उक्त निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण ससमय कराना सुनिश्चित करें, जिससे यथाशीघ्र पूर्ण रूप से संचालित किया जा सके। तत्पश्चात आयुक्त द्वारा गोमती एक्शन प्लान के अन्तर्गत निर्मित सीवरेज ट्रीटमेन्ट प्लान्ट, दूबेपुर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान आयुक्त द्वारा ट्रीटमेन्ट प्लान्ट के सभी तकनीकी पहलुओं की जानकारी प्राप्त की गयी। उक्त कार्य जल जीवन मिशन (ग्रामीण) के द्वारा कराया गया है। सम्बन्धित द्वारा अवगत कराया गया कि शहर के नालो से आने वाले प्रदूषित जल का शोधन उक्त प्लांट में किया जाता है। उन्होंने बताया कि उक्त सीवरेज प्लांट एस.टी.पी. ऑक्सीडेंसन पॉन्ड तकनीकि पर आधारित है। आयुक्त द्वारा ट्रीटमेन्ट की शोधन क्षमता के बारे में सम्बन्धित से जानकारी प्राप्त की गयी।

## बोलेरो सवार पर बाइक सवार पर फायरिंग का आरोप

**मोतिगरपुर, सुल्तानपुर।** रिश्तेदार के घर से मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने के बाद मामा भांजा बोलेरो से घर लौट रहे थे आरोप है कि लखनऊ बलिया हाईवे पर स्थित शाहपुर लपटा के पास अज्ञात बाइक सवार दो लोगों ने बोलेरो सवार पर फायर झोंक दिया हालांकि गोली किसी को लगी नहीं है।कोतवाली कादीपुर के मकदुमपुर निवासी जितेंद्र पुत्र रामपियारे 36 वर्ष अपने भांजे अभिषेक पुत्र श्री राम 24 वर्ष जिला अंबेडकर नगर के बेवाना थाना के नारायणपुर सहंगिया के साथ बोलेरो से मोतिगरपुर थाना क्षेत्र के गौरा गांव के लेखपाल प्रभात के यहां जन्मदिन की पार्टी में शामिल होने आए थे। कार्यक्रम के बाद दोनों वापस लौट रहे थे आरोप है कि जैसे ही लखनऊ बलिया मार्ग स्थित शाहपुर लपटा गांव के पास पहुचे पीछे से एक बाइक पर सवार दो अज्ञात लोगों ने अचानक गोली चला दी। गोली शीशा तोड़ते हुए निकल गई। दोनों लोग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोतिगरपुर पहुंचे। 112 डायल किया। चिकित्सक ने बताया गोली किसी को लगी नहीं है।

# 'सुशासन सप्ताह 2024-प्रशासन गांव की ओर' चलेगा अभियान : मोनिका रानी

**अटल बिहारी बाजपेयी के जन्म दिवस के अवसर पर 19 दिसम्बर से 25 दिसम्बर तक होगा आयोजन**

**अवधनामा संवाददाता**



**बहराइच।** जनपद में जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी के जन्म दिवस के अवसर पर 19 दिसम्बर से 25 दिसम्बर 2024 तक की अवधि में जनपद में ''सुशासन सप्ताह 2024-प्रशासन गांव की ओर'' अभियान का आयोजन किया जाना है। जिसके अन्तर्गत लोक शिकायतों के निराकरण हेतु तहसील मुख्यालय/विकास खण्ड स्तर पर विशेष शिविर का आयोजन, भारत सरकार की केन्द्रीय लोक शिकायत निवारण प्रणाली (सीपीजी आरएएमएस) में लम्बित लोक शिकायतों का निराकरण, स्टेट पोर्टल (आईजीआरएस) में प्राप्त लोक शिकायतों का निराकरण किया जाने के साथ ''ऑनलाइन सर्विस डिलीवरी'' की सेवाओं में वृद्धि कराये जाने हेतु विशेष शिविर का आयोजन किया जायेगा। अभियान के दौरान ही दिनांक 23 दिसम्बर 2024 को जनपद में एक सेवानिवृत्त भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी की अध्यक्षता में एक गोष्ठी का आयोजन किया जायेगा, जिसमें जनपद के अन्तर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं का भी प्रदर्शन किया जायेगा। उक्त कार्यक्रम के साथ ही उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जनपद में निम्नलिखित विवरणानुसार कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना है। कक्षा 8 से कक्षा 12 के विद्यार्थियों के मध्य अटल जी एवं सुशासन विषय पर निबन्ध लेखन प्रतियोगिता (अधिकतम 1000 शब्द सीमा के अन्तर्गत), स्नातक एवं परास्नातक के छात्र-छात्राओं के मध्य अटल जी एवं सुशासन विषय पर भाषण प्रतियोगिता, युवा छात्र-छात्राओं के मध्य भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जीवन एवं उनकी प्रमुख कविताओं पर आधारित एकल काव्य पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा, जिसके चयनित विद्यार्थियों को निबन्ध प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार धनराशि एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किया जायेगा। उक्त प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले सभी इण्टर कालेजों एवं सभी महाविद्यालयों में अध्ययनरत छात्र छात्राओं को सक्रिय सहभागिता रहेगी, तथा 25 दिसम्बर 2024 को भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिवस के अवसर पर जनप्रतिनिधिगण की गरिमामयी उपस्थिति में पूर्वाह्न 10.30 बजे से अपराह्न 12.30 बजे के मध्य विकास भवन सभागार-बहराइच में कार्यक्रम कराते हुए उक्त तीनों जनपद स्तरीय प्रतियोगिताओं के विजेताओं को जनप्रतिनिधिगण के माध्यम से पुरस्कार धनराशि एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किये जाने के साथ ही पूरे जनपद में विशेष स्वच्छता अभियान का आयोजन स्थानीय नगर निकाय एवं पंचायती राज विभाग द्वारा नगरीय तथा ग्रामीण क्षेत्रों में किया जायेगा।

# जल जीवन मिशन के तहत गांवों में वाटर सप्लाई की चेकिंग करायें

**अवधनामा संवाददाता**



**आजमगढ़।** मण्डलायुक्त मनीष चौहान ने मण्डल के जनपदों में हुए विकास कार्यों की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारियों से कहा कि जल जीवन मिशन के तहत जो परियोजनायें पूर्ण हो चुकी हैं उनसे सम्बन्धित गांवों में वाटर सप्लाई की चेकिंग करायें, जिससे गावों में पानी उपलब्ध कराये जाने की स्थिति स्पष्ट हो सके। मण्डलायुक्त चौहान ने मंगलवार को अपने कार्यालय सभागार में आयोजित विकास कार्यों की मण्डलीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रभारी अपर निदेशक, स्वाथ्य को निर्देश दिया कि जनपद आजमगढ़ में मोबाइल मेडिकल यूनिट को निरन्तर सक्रिय रखते हुए जनपदों में ओपीडी, लैब टेस्टिंग, दवा वितरण आदि कार्यों में तेजी लायें। गत माह जनपद आजमगढ़ में सीटी स्केन सेवा नहीं होने के सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि मशीन खराब है तथा नई मशीन लगाये जाने की स्वीकृति मिल गयी है, शीघ्र ही मशीन स्थापित कर सेवा प्रारम्भ कर दी जायेगी। विकास कार्यों की बिन्दुवार समीक्षा के दौरान मुख्य विकास अधिकारी बलिया द्वारा दिव्यांग पेंशन के सम्बन्ध अवगत कराया गया कि कुछ पेंशरों के अन्यत्र विस्थापित होने जाने के कारण आधार सीडिंग का कार्य प्रभावित हो रहा है। इस मण्डलायुक्त ने निर्देश दिया कि जिन लाभार्थियों की मृत्यु हो चुकी है अथवा अन्यत्र विस्थापित हो गये हैं, उनके नाम को हटाने की कार्यवाही शीघ्र करें। मण्डलायुक्त ने 5वें राज्य वित्त आयोग की समीक्षा में पाया कि उपलब्ध धनराशि के सापेक्ष आजमगढ़ में 97.01 प्रतिशत, बलिया में 97.13 प्रतिशत एवं मऊ में 96.74 प्रतिशत व्यय है। उन्होंने निर्देश दिया कि इस ओर विशेष ध्यान देकर प्रगति शत प्रतिशत लाना सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने पर्यटन विभाग के कार्यों की समीक्षा में पाया कि जनपद में आजमगढ़ में 91.75 प्रतिशत, बलिया में 73.81 प्रतिशत एवं मऊ में 91.58 प्रतिशत लक्ष्य की प्राप्ति की गयी है। बैठक में विकास से सम्बन्धित अन्य बिन्दुओं की भी विस्तार से समीक्षा की गयी।

# एमीगोज और टी. टैलबेट क्लब अंतिम आठ में

**प्रथम एमएम हैकेट फुटबाल प्रतियोगिता**

**अवधनामा संवाददाता**



**प्रयागराज।** संगम सिटी फुटबाल क्लब के तत्वावधान में आयोजित प्रथम एमएम हैकिट स्मृति फुटबाल प्रतियोगिता में एमीगोज क्लब और टी. टैलबेट क्लब ने क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। त्रिवेणीपुरम झूंसी मैदान पर मंगलवार को खेले गये पहले मैच में पहले मैच में एमीगोज क्लब ने अनबीटन क्लब को 2-1 से हराया। विजेता टीम के लिए प्रकाश और श्रीश श्रीवास्तव ने गोल किया। पराजित टीम के लिए आदर्श ने गोल मारा। श्रीश को आयोजन सचिव बृजेश कुमार सिंह ने मैन ऑफ दि मैच दिया। मैच में संतोष यादव रेफरी रहे। दूसरे मैच में टी. टैबलेट क्लब ने पीएफए क्लब को 2-1 से हराया। विजेता टीम के पवन व अंकित चौधरी ने गोल किया। पराजित टीम के लिए वरुण यादव ने गोल किया। पीएफए के वेदराज को बेहतरीन खेल के लिए मैन ऑफ दि मैच का पुरस्कार मिला। मैच में जितेंद्र सिंह (जैक) रेफरी रहे।


## कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, गोण्डा वृत्त, लो.नि.वि., गोण्डा

पत्रांकः- 4183/2काम(बी)-गो0वृ0/24-25 दिनांक 11.12.2024

**ई-निविदा सूचना**
**(स्वीकृति की प्रत्याशा में)**

महामहिम राज्यपाल महोदय उ0प्र0 की ओर से लोक निर्मा ण विभाग उ0प्र0 में मार्ग हेतु पंजीकृत निविदादाताओ से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आंमत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | जनपद/खण्ड/विधान सभा का नाम | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (जी.एस.टी. रहित) (लाख में) | धरोहर धनराशि (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य समस्त कर सहित (रू. में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सहित) | ठेकेदार की पंजीयन की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | बलरामपुर/प्रान्तीय खण्ड | जनपद बलरामपुर में नन्दमहरा पिपरहवा कौआपुर मार्ग (अन्य जिला मार्ग) के किमी0 1 से किमी0 17 (550) तक चौड़ीकरण एवं सुदृढीकरण का कार्य | 3250.00 | 48.75 | 11800 | 12 माह | ए |

बिड डाक्यूमेन्ट बेबसाईट- http://etender.up.nic.in पर दिनांक 19.12.2024 से 18.01.2025 तक सायं 12.00 बजे तक उपलब्ध है जो कि दिनांक 18.01.2025 को दोपहर 12.00 बजे तक डाउनलोड/अपलोड किये जा सकते है। निविदाओ की तकनीकी बिड दिनांक 18.01.2025 को दोपहर 12.30 बजे खोली जायेगी।

निविदा से संबंधित नियम/शर्ते तथा विवरण बेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। पंजीकृत निविदादाता द्वारा जो विवरण ई-टेण्डरिंग, एन0आई0सी0 की साइट पर अपलोड किया जाना है, वह लोक निर्माण विभाग की बेवसाईट www.uppwd.gov.in के प्रहरी सॉफ्टवेयर में भी अपलोड करना होगा। निविदा की अन्तिम तिथि दिनांक 18.01.2025 के दोपहर 12.00 बजे तक शुद्धिपत्र यदि कोई हो, तो उसे ई-पोर्टल पर अपलोड कर दिया जायेगा।

(कुमार शैलेन्द्र)
अधिशासी अभियन्ता
प्रा.खं., लो.नि.वि., बलरामपुर

(लाल जी)
अधीक्षण अभियन्ता,
गोण्डा वृत्त, लो.नि.वि., गोण्डा

UPID-223959 Dated-16-12-2024
विज्ञापन आदेश के अनुसार www.upgov.in पर उपलब्ध


## जन भागीदारी बिना सरकारी तंत्र से काम करवाना संभव नहीं

**सुल्तानपुर।** शहर के पंत स्पोर्ट्स स्टेडियम के बगल लायंस क्लब सुल्तानपुर सेंट्रल का कार्यक्रम मंगलवार की दोपहर आयोजित हुआ। जहां पर बड़े पैमाने पर जरूरतमंद लोगों को ऊनी कपड़े और कंबल वितरित किए गए। इस दौरान बैठक को संबोधित करते हुए अधिशासी अधिकारी नगर पालिका लालचंद्र सरोज ने कहा कि जन भागीदारी के बिना खाली सरकारी तंत्र के सहारे किसी कार्य को संपादित करना संभव नहीं है। अधिवक्ता आशीष अग्रवाल ने कहा कि जन सहयोग से ही किसी व्यक्ति संगठन और समाज का उत्थान संभव होता है। इस मौके पर अधिशासी अधिकारी नगर पालिका लाल चंद्र सरोज, डीपीएम सौरभ मिश्रा, लायन सतीश श्रीवास्तव, लायन शबीहुल हसनैन, लायन सौरभ कांत श्रीवास्तव, यार्न आशीष अग्रवाल, लायन मनोहर सिंह, लायन विजय अग्रवाल,सुनील अग्रवाल, गुरुदेव सिंह, सतपाल सिंह, बृजेश खत्री आदि मौजूद रहे।

# पी.सी.एस. प्री परीक्षा: डीएम ने अधिकारियों के साथ की बैठक



उ.प्र. लोक सेवा आयोग प्रयागराज द्वारा 22 दिसम्बर 2024 को (दो पालियों/सत्रों में पूर्वान्ह 09.30 बजे से 11.30 बजे तक व अपरान्ह 02.30 बजे से 04.30 बजे) तक आयोजित होने वाली सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा (प्रा0) परीक्षा-2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी, शुचितापूर्ण ढंग से सकुशल सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में केन्द्र व्यवस्थापकों, सहायक केन्द्र व्यवस्थापको, स्टैटिक व सेक्टर मजिस्ट्रेटों के साथ बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक के दौरान केन्द्र व्यवस्थापकों को सकुशल परीक्षा सम्पन्न कराने के सम्बंध में आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों की जानकारी देते हुए निर्देशित किया गया कि दिशा-निर्देशों का भलि-भांति अध्ययन कर शासन की मंशानुसार सकुशल परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए सभी तैयारियां समय से पूर्ण कर ली जाय। डीएम ने बताया कि परीक्षा की अवधि में भ्रामक खबरों पर अंकुश लगाये जाने के लिए सोशल मीडिया पर भी सर्तक निगरानी रखी जायेगी। परीक्षा केन्द्र के अन्दर कोई भी पेपर, पेन्सिल बाक्स, केलकुलेटर, सनग्लास, वालेट, कैप, ज्वैलरी, खाद्य सामग्री, मोबाइल, यूएसबी ड्राइव, कैमरा, घड़ी, चाभी, ब्लूटूथ, डिजिटल पेन, हेल्थबैण्ड सहित अन्य किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रानिक डिवाइस ले जाने की अनुमति नहीं होगी।

डीएम मोनिका रानी ने सभी केन्द्र व्यवस्थापकों को सचेत किया कि नकल को लेकर पूरी से संवेदनशील रहेंगे। जिला प्रशासन द्वारा भी प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर केन्द्र व्यवस्थापक के अतिरिक्त सहायक केन्द्र व्यवस्थापक के साथ 01-01 स्टैटिक व सेक्टर मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है, जो परीक्षा की निगरानी करेंगे। डीएम ने सेक्टर मजिस्ट्रेटों को निर्देश दिया कि अपने-अपने केन्द्र पर भ्रमणशील रहकर केन्द्र पर स्थापित सीसीटीवी कैमरा, कन्ट्रोल रूम से परीक्षा केन्द्र के सभी कक्षों का मानीटरिंग भी करते रहे। पुलिस अधीक्षक बृन्दा शुक्ला ने बताया कि परीक्षा के दौरान परीक्षा केन्द्र परिसर के आस-पास सुरक्षा के कड़े प्रबन्ध किये जायेंगे। परीक्षा में नकल कराने वालों से पूरी कड़ाई के साथ निपटा जायेगा। परीक्षा की शुचिता प्रभावित न हो इसके लिए कमाण्ड सेन्टर से सीसीटीवी स्क्रीनों पर नज़र रखी जायेगी। डीएम मोनिका रानी ने केन्द्र व्यवस्थापक को निर्देश दिया कि परीक्षा केन्द्रों में पर्याप्त साफ-सफाई, पेयजल व विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित कर ले। डीएम ने कार्यदायी संस्था को निर्देश दिया कि परीक्षा केन्द्रों पर 02 से 03 दिवस पूर्व ही सीसीटीवी कैमरे इत्यादि की व्यवस्था सुनिश्चित कर लें। उन्होनें बताया कि परीक्षा से जुड़े हुए सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पहचान पत्र जारी किये जायेंगे। डीएम ने निर्देश दिया कि परीक्षा के दौरान वीडियोग्राफी का कोई भी अंश गायब नहीं होना चाहिए।


## कार्यालय नगर पंचायत भरतकुण्ड भदरसा, जनपद- अयोध्या

पत्रांक :- 372/न0पं0भ0/न0सौ0पुं0यो0 2024-25/2025 दिनांक : 16 दिसम्बर 2024

**प्रस्ताव आमंत्रण सूचना**

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस निकाय में डा0 ए.पी.जे. अब्दुल कलाम नगरीय सौर पुंज योजना के अर्न्तगत सौर ऊर्जा पावर प्लान्टस के माध्यम से मार्ग प्रकाश का प्रबंधन किया जाना है। नगर पंचायत भरतकुण्ड भदरसा के पास स्वयं की पर्याप्त भूमि/भवन न होने के कारण पावर प्लान्टस की स्थापना हेतु 2000 स्कावयर फीट भूमि अथवा भवन की छत वार्षिक किराये पर लिया जाना है। इस हेतु दिनांक : 20 दिसम्बर 2024 तक भूमि/भवन स्वामियों से वित्तीय प्रस्ताव आमंत्रित किया जाता है। बाद दिनांक प्राप्त प्रस्ताव पर विचार नहीं किया जायेगा। भूमि/भवन को किराये पर लिये जाने हेतु मुख्य निम्न मुख्य शर्तो निम्नवत् है-

1. भूमि अथवा भवन की छत का कुल क्षेत्रफल 2000 स्कावयर फीट न्यूनतम् होना अनिवार्य है, जिसमें से 120 स्कावयर फीट न्यूनतम् का एक कमरा निर्मित होना अनिवार्य है। भूमि अथवा भवन की छत कुल क्षेत्रफल 2000 स्कावयर फीट उपलब्ध न होने पर उससे कम प्राप्त क्षेत्रफल की भूमि अथवा छत पर विचार किया जायेगा।
2. प्रस्ताव के साथ भू स्वामित्व सम्बन्धी अभिलेख, बैंक पास बुक की छायाप्रति, पहचान पत्र की छायाप्रति, अनापत्ति प्रमाण पत्र मूल रूप में संलग्न करना अनिवार्य होगा।
3. प्रश्नगत भूमि अथवा भवन की छत नगर पंचायत के पाटबंधनी अथवा भरतकुण्ड से भदरसा रोड की सीमा से 500 मी0 के परिधि में होना अनिवार्य है।
4. प्रस्ताव पर वार्षिक किराये का उल्लेख किया जायेगा। प्रस्ताव का प्रारूप नगर पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।
5. स्वीकृत प्रस्ताव के भवन/भूमि स्वामी को उसके स्वयं के व्यय के अनुबंध सम्पादित किया जायेगा, जिसमें न्यूनतम् 10 वर्षो तक भूमि अथवा भवन को खाली न करने का अनुबंध किया जायेगा। अनुबंध को बढ़ाने एवं घटाने का सर्वाधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता में निहित होगा। 3 वर्षो के मध्य स्वीकृत वार्षिक किराये में किसी बढ़ोत्तरी की माँग स्वीकार नहीं की जायेगी।
6. प्रस्ताव को स्वीकृति/अस्वीकृति करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता में निहित होगा।
7. अन्य शर्तो की जानकारी कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में की जा सकती है।

(इन्द्र प्रताप)
अधिशाषी अधिकारी
नगर पंचायत भरतकुण्ड
भदरसा, अयोध्या

(मो. राशिद)
अध्यक्ष
नगर पंचायत भरतकुण्ड
भदरसा, अयोध्या


# कार्मिकों की सेवा-पुस्तिका, भविष्य निधि पासबुक तत्काल अपडेट की जाए

**05 वर्ष पुराने वादों की पत्रावलियों पर साप्ताहिक तिथि निर्धारित कर तत्काल किया जाए निस्तारित, दायरा के अनुसार हो वादों का निस्तारण: मंडलायुक्त**

- पेंशन के लंबित प्रकरण सर्वोच्च प्राथमिकता पर किए जाएं निस्तारित-आयुक्त आगरा मंडल आगरा
- शासनादेश के अनुसार पुराने रिकॉर्ड का अभियान चलाकर जनवरी के अंत तक करायी जाए वीडिंग-रितु माहेश्वरी
- राजस्व वसूली की प्रगति सुधारी जाए, विद्युत, परिवहन, वाणिज्यकर, आबकारी, स्टांप एवं रजिस्ट्रेशन की लंबित आर.सी. को प्राथमिकता पर वसूला जाए-रितु माहेश्वरी

**अवधनामा संवाददाता**

**मैनपुरी।** आयुक्त आगरा मंडल आगरा रितु माहेश्वरी ने कलेक्ट्रेट के विभिन्न अनुभागों, पटलों के निरीक्षण, राजस्व वसूली, वादों के निस्तारण सहित अन्य बिदुओं की समीक्षा के दौरान राजस्व अभिलेखागार में नकल जारी करने में लापरवाही बरतने पर मुख्य प्रति लिपिक का पटल परिवर्तित किए जाने, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के सेवा अभिलेखों को माह के अंत तक पूर्ण कराये जाने, राजस्व, ऑग्ल अभिलेखागार के रिकॉर्ड को शासनादेश के अनुसार जनवरी के अंत तक वीड-आउट कराये जाने, अमीनों से निर्धारित मानक के अनुसार लंबित आर.सी. की वसूली कराये जाने, 05 वर्ष पुराने वादों पर साप्ताहिक तिथि देकर लंबित वादों को निस्तारित किये जाने, पेंशन के लंबित प्रकरण, लंबित आडिट आपत्तियों का प्राथमिकता पर निस्तारण कराये जाने के निर्देश प्रभारी अधिकारियों, पटल सहायकों को देते हुये कहा कि ई-परवाने समय से जारी हों, अमल दरामद में विलंब न किया जाए, ग्राम सभा की भूमि पर कहीं भी अनाधिकृत कब्जे न रहें, चकरोड से अनाधिकृत कब्जे हटवाने के बाद खंड विकास अधिकारी तत्काल मिट्टी का कार्य करना सुनिश्चित करें, धारा-34 के वादों को उप जिलाधिकारी प्राथमिकता पर निस्तारित करें। मंडलायुक्त ने नजारत अनुभाग के निरीक्षण के दौरान जनपद में तैनात 27 चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की सेवा अभिलेखों का अवलोकन करने पर पाया कि कार्मिकों की सेवा पुस्तिका में वर्ष 2021-22 के बाद प्रविष्टि नहीं की गई है, जिस पर उन्होंने पटल सहायक को माह के अंत तक सभी कार्मिकों की सर्विस बुक अद्यावधिक करने हेतु आदेशित किया, खनिज अनुभाग के निरीक्षण के दौरान खनिज निरीक्षक को राजस्व वसूली के निर्धारित लक्ष्य की शत-प्रतिशत पूर्ति करने, अनाधिकृत रूप से बालू, मिट्टी खनन करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही करने, अन्य जनपदों से बालू, मोरम के वाहनों की चैंकिग किये जाने हेतु निर्देशित किया, राजस्व अनुभाग में गार्ड पत्रावली का अवलोकन कर सम्बन्धित पटल सहायक को राजस्व परिषद सहित अन्य शासनादेशों को गार्ड फाइल में संरक्षित करने हेतु निर्देशित किया, राजस्व अनुभाग में 109 अधिकारियों, कर्मचारियों की सेवा पुस्तिकाओं, जीपीएफ पासबुक का रेंडम निरीक्षण करने पर सभी प्रविष्टियां अद्यावधिक पायीं, ऑग्ल अभिलेखागार में 2019 के बाद रिकॉर्ड का शासनादेश के अनुसार वीडिंग न कराये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुये जनवरी के अंत तक समस्त पटलों, अभिलेखागारों से नियमानुसार रिकॉर्ड को वीडिंग कराये जाने हेतु निर्देशित किया। आयुक्त आगरा मंडल ने समीक्षा के दौरान पाया कि आर.सी. की वसूली की प्रगति संतोजनक नहीं है, 122 करोड़ के सापेक्ष अब तक 54 करोड़ की वसूली की गई है। उन्होंने कहा कि अमीनो से मानक के अनुसार वसूली कराई जाए, विद्युत, स्टांप एवं रजिस्ट्रेशन, आबकारी, परिवहन, वाणिज्यकर विभाग की लंबित आर.सी. की अभियान चलाकर वसूली की जाये। उन्होंने कहा कि कृषक दुर्घटना कल्याण योजना में भी दावों को प्राथमिकता पर निस्तारित किया जाए, अभी 25 दावे लंबित हैं, जानकारी करने पर पाया कि अब तक 482 दावों को स्वीकृत कर कृषकों के परिजनों को लाभान्वित कराया जा चुका है। उन्होंने संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि जनपद में वादों के निस्तारण की प्रगति ठीक है लेकिन अभी और सुधार की गुंजाइश है, न्यायिक अधिकारी निर्धारित दिवसों पर न्यायालय में बैठकर वादों को सुन निस्तारित करें, अभी जनपद में 5755 वाद निस्तारण हेतु शेष है, जिसमें सर्वाधिक 678 तहसील मैनपुरी में, 428 तहसील करहल में लंबित है, 05 वर्ष पुराने 24 वाद भी निस्तारण हेतु लंबित हैं।

# अश्वमेध-2024 क्रिकेट नॉकआउट टूर्नामेंट में अग्नि व नीर हाउस रही विजयी

अवधनामा ब्यूरो



**सैफई, (इटावा)।** उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय विश्वविद्यालय सैफई के फैकेल्टी आफ नर्सिंग द्वारा वार्षिक खेल प्रतियोगिता अश्वमेध-2024 के क्रिकेट नॉकआउट टूर्नामेंट में पुरुष वर्ग और महिला वर्ग के मुकाबला हुए। जिसमें पुरुष वर्ग की अग्नि हाउस टीम और पृथ्वी हाउस टीम के बीच मुकाबले में अग्नि टीम विजयी रही अग्नि टीम की ओर से सागर गुप्ता ने 5 विकेट लेकर अपनी टीम को जीत दिलाई। पुरुष वर्ग के दूसरे मुकाबले में नीर हाउस टीम ने व्हाइट हाउस टीम को 7 विकेट से हराकर मुकाबला जीता। महिला वर्ग में नीर हाउस और व्हाइट हाउस के बीच मुकाबला खेला गया जिसमें नीर हाउस ने व्हाइट हाउस की टीम को 82 रन का लक्ष्य दिया और रश्मि यादव ने 42 रन की पारी खेलकर विपक्षी टीम को 82 रन का लक्ष्य दिया, जिसके जवाब में व्हाइट हाउस की पूरी टीम 49 रन पर आउट हो गई और नीर हाउस ने 22 रन से यह मुकाबला जीता। पृथ्वी और अग्नि हाउस के गर्ल्स क्रिकेट मैच के नॉकआउट टूर्नामेंट में अग्नि टीम विजय रही। फैकेल्टी ऑफ नर्सिंग के वार्षिक खेल प्रतियोगिता अश्वमेध-2024 के अन्य मुकाबलों जिसमें फुटबॉल में पुरुष व महिला वर्ग में पृथ्वी और अग्नि टीम के बीच मुकाबला हुआ जिसमें अग्नि टीम विजयी रहने के साथ ही फाइनल में स्थान सुरक्षित कर लिया। टेबल टेनिस डबल्स कैटेगरी में पुरुष वर्ग से अग्नि टीम प्रथम स्थान पर रही जबकि दूसरे और तीसरे स्थान पर अग्नि और वायु टीम रही। शतरंज मुकाबलों में पुरुष वर्ग में पृथ्वी प्रथम स्थान पर व द्वितीय स्थान पर नीर टीम रही जबकि तृतीय स्थान पर वायु टीम रही। शतरंज प्रतियोगिता महिला कैटेगरी में प्रथम स्थान पृथ्वी टीम के नाम रहा वहीं दूसरे स्थान पर अग्नि टीम रही जबकि तृतीय स्थान पर नीर टीम रही। फैकल्टी ऑफ नर्सिंग संकायाध्यक्ष प्रो.बिजी बीजू तथा वरिष्ठ फैकेल्टी मेम्बरस् ने सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने के साथ विजयी टीम को बधाई दी।

# हिण्डाल्को प्रमुख ने ग्रामीणों को मध्य बांटा कीटनाशक स्प्रे

अवधनामा संवाददाता

**सोनभद्र/रेणुकूट।** हिण्डाल्को ग्रामीण विकास विभाग,रेणुकूट द्वारा हिण्डाल्को के नवागत मुखिया समीर नायक के नेतृत्व में दुद्धी तहसील के ग्रामीणों के विकास के लिए अनेक विकासोन्मुखी कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इसी क्रम में आयोजित एक कार्यक्रम के अन्तर्गत म्योरपुर, बभनी और दुद्धी प्रखण्ड के किसान क्लब के 30 किसानों एंव स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के मध्य मुख्य अतिथि समीर नायक एंव विशिष्ट अतिथि हिण्डाल्को मानव संसाधन प्रमुख जसबीर सिंह द्वारा आदित्य बिड़ला रूरल टेक्नोलॉजी पार्क, म्योरपुर केन्द्र में कीटनाशक स्प्रे मशीन का वितरण किया गया। साथ ही कम्प्यूटर, सिलाई, ब्यूटीपार्लर और हस्तकला प्रशिक्षण प्राप्त 40 बच्चों में प्रमाणपत्र वितरित किया गया। साथ वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा कुण्डाडीह में निर्माणाधीन ब्रिकेट प्लाण्ट का भी निरीक्षण किया गया। म्योरपुर, बभनी और दुद्धी प्रखण्ड में चलाये जा रहे कौशल सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रशिक्षण प्राप्त 17 प्रशिक्षुओं के मध्य सिलाई मशीन का वितरिण किया गया जिससे कि उनका कौशल विकास के साथ-साथ आय का स्त्रोत भी विकसित हो सके। किसानों को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि समीर नायक ने कहा कि किसान उन्त बीज एंव तकनीक को अपना कर अपनी आय बढ़ा सकते हैं जिससे उनके परिवार को आर्थिक मजबूती मिलेगी। हिण्डाल्को ग्रामीणों एंव किसानों कि खुशहाली के लिए हर सम्भव मदद प्रदान करने के लिए तत्पर है। वहीं जसबीर सिंह ने किसानों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि किसान खुशहाल होगा तभी समाज और देश खुशल होगा।

# डीएम ने जिला अस्पताल का किया औचक निरीक्षण, जरूरतमंदों को वितरित किए कंबल

अवधनामा संवाददाता



**हमीरपुर।** सोमवार की देर रात जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने मुख्यालय के नौबस्ता क्षेत्र में अनुसूचित जाति बस्ती में पहुंचकर वहां पर ठंड से बचाव के दृष्टिगत गरीबों को कंबल वितरित किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि ठंड से बचाव के दृष्टिगत जनपद में सभी पात्र लोगों में शीघ्रता से कंबल वितरित कर दिया जाए इसमें किसी भी तरह की देरी न की जाए । उन्होंने कहा कि वर्तमान में पड़ रही ठंड के दृष्टिगत सभी नगरीय निकायों व अन्य जरूरी स्थलों पर नियमित रूप से अलाव जलाए जाएं।

तत्पश्चात जिलाधिकारी ने देर रात में जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण कर अस्पताल की विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने इमरजेंसी वार्ड ,ड्यूटी कक्ष सहित अन्य कक्षो / वार्डो का निरीक्षण किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने अस्पताल में भर्ती मरीजों व उनके परिजनों से हालचाल लिया तथा अस्पतालों द्वारा दी जा रही विभिन्न सुविधाओं यथा डॉक्टरों द्वारा समय से देखने/ इलाज, दवाएं , जांच करने, अस्पताल में दिए जा रहे नाश्ता व भोजन की गुणवत्ता एवं अन्य सुविधाओं के विषय में फीडबैक लिया। जिलाधिकारी ने ड्यूटी में लगे डॉक्टर तथा नर्सो से भी जरूरी पूछताछ की। कहा कि डॉक्टर एवं अन्य स्टाफ मरीजों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराएं। डाक्टर व अन्य स्टाफ मरीजों से अच्छा व्यवहार करें। जिला अस्पताल के निरीक्षण के पश्चात जिलाधिकारी ने रैन बसेरा का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया तथा उसके संबंध में संबंधित अधिकारियों कर्मचारियों को जरूरी निर्देश दिए। इस दौरान एडीएम न्यायिक डॉ नागेंद्र नाथ यादव, एडीएम वित्त एवं राजस्व विजय शंकर, एसडीएम सदर पवन प्रकाश पाठक, तहसीलदार सदर एवं अन्य संबंधित मौजूद रहे।

# डीएम व एसपी ने पीसीएस परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण



अवधनामा संवाददाता

**हमीरपुर।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा दिनांक 22 दिसंबर 2024 को प्रस्तावित सम्मिलित राज्य /प्रवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा 2024 के दृष्टिगत जिलाधिकारी घनश्याम मीना व पुलिस अधीक्षक डॉ दीक्षा शर्मा द्वारा जनपद के परीक्षा केंद्र राजकीय महाविद्यालय कुछेछा, राजकीय इंटर कालेज हमीरपुर, राजकीय बालिका इंटर कालेज हमीरपुर, श्री विद्या मन्दिर इंटर कॉलेज हमीरपुर, राजाराम इण्टर कॉलेज झलोखर कुरारा, राजकीय महाविद्यालय सुमेरपुर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सभी परीक्षा केंद्रों/विद्यालयों के परीक्षा कक्ष, कार्यालय का निरीक्षण किया गया, सीसीटीवी कैमरा, अग्निशमन यंत्र आदि सुरक्षा उपकरणों को चेक किया गया। साथ ही साफ सफाई आदि का निरीक्षण कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। शांति व्यवस्था हेतु तैनात पुलिस बल को आवश्यक निर्देश दिए साथ ही परीक्षा समाप्त होने पर यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाए जाने हेतु यातायात पुलिस को आवश्यक निर्देश दिए गए जिससे कि परीक्षार्थियों/ अभिभावकों को किसी प्रकार की समस्या न हो। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, उप जिलाधिकारी सदर, क्षेत्राधिकारी सदर व अन्य सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# बाल वैज्ञानिकों के सामूहिक मिलन का महासागर बन गया इटावा महोत्सव पंडाल

- विज्ञान मेले में पहले दिन 5000 बाल वैज्ञानिकों ने किया प्रतिभाग

वहाज अली निहाल

**इटावा।** इटावा महोत्सव में मंगलवार को दो दिवसीय विज्ञान मेले का आयोजन किया गया। खचाखच भरे प्रदर्शनी पंडाल में जिले के एक सैंकड़ा से अधिक विद्यालयों के 5000 से अधिक बच्चों ने विज्ञान मॉडल के जरिए अपनी वैज्ञानिक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एंकर व पत्रकार सौरभ द्विवेदी, डीएम अवनीश राय, एसएसपी संजय कुमार वर्मा, डीएफओ अतुल कांत शुक्ला, सीडीओ अजय कुमार गौतम, एडीएम अभिनव रंजन श्रीवास्तव, डीआईओएस मनोज कुमार कार्यक्रम संयोजक सीबीएसई सिटी कोर्डिनेटर डॉ? आनंद डॉक्टर मुकेश यादव ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित व फीता काटकर किया। कार्यक्रम का शुभारंभ संत विवेकानंद सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यालय की छात्राओं ने सरस्वती वंदना व स्वागत गीत के साथ किया। डीआईओएस मनोज कुमार, सीबीएसई के सिटी कोऑर्डिनेटर व संत विवेकानंद के प्रधानाचार्य डॉ.आनंद व सह जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ.मुकेश यादव के तत्वावधान में वैज्ञानिक प्रतिभाओं को खोजने के लिए विज्ञान प्रदर्शनी का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम संयोजक डॉ आनंद ने अतिथि गणों का माल्यार्पण एवं शाल उड़ाकर, प्रतीक चिन्ह भेंट कर स्वागत अभिनंदन किया। कार्यक्रम संयोजक डा.आनन्द ने सौरभ द्विवेदी के सम्मान में अभिनंदन पत्र पढ़कर उनको भेंट किया। उन्होंने पंडाल में सजाए गए विभिन्न मॉडलों का निरीक्षण भी किया। मास्टर क्लास विद सौरभ कार्यक्रम में लल्लनटॉप शो के प्रस्तोता सौरभ द्विवेदी ने इटावा की भाषा में अपने भाषण की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि अपनी बोली, भाषा, जन्मभूमि से प्यार करें और उन पर गर्व करें क्योंकि वह हमारी माँ की तरह प्यारे हैं।



### अतिथियों ने बताया सफलता के लिए परिश्रम का मूलमंत्र

कार्यक्रम में बच्चों से सीधा संवाद करते हुए उन्होंने कई सवालों के जवाब भी दिये। बच्चों कों भविष्य के प्रति सकारात्मक विचार के लिए उन्होंने सब्जेक्ट से हटकर एक किताब जरूर पढ़ने की सलाह दी। उन्होंने पांच किताब के रूप में प्रेमचंद की कहानियों का संग्रह, तुलसीदास की रामचरितमानस, ग्राफिक नोवल बुक, ऑटोबायोग्राफी में गांधी जी की जो आत्मकथा है सत्य के साथ मेरे प्रयोग, पांचवी किताब इकिगाय जिसमें चार सवाल हैं जिनके जवाब आपकों खोजने हैं। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा पूछे गये सवाल पर डीएम अवनीश राय ने सिविल सेवा परीक्षा में सफलता के मूल मंत्र बताये। जिला विज्ञान क्लब के समन्वयक व एडीआईओएस डॉ.मुकेश यादव, रसायन विज्ञान के प्रोफेसर एवंपूर्व डीन डॉ.देवेंद्र सिंह, प्रधानाचार्य फ़ादर डॉ.सिजू सुजीती ग्लोबल एकेडेमी हो रैया की निदेशक नीलम आनंद शिवम आनंद , गुफरान अहमद, संजय शर्मा, डॉ.उमेश यादव, प्रमेंद्र सिंह, प्रबंधक पवन प्रताप, प्रधानाचार्य सौरभ दुबे, भास्कर शर्मा, अरविंद कुमार, जेपी सिंह, अवनेंद्र कुमार, मनोज एम एस, रितु यादव, डॉ.सुशीला यादव, डॉ.चंद्रलता गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### बैठक में शिक्षकों ने विभागीय आदेशों तथा योजनाओं पर विचार साझा किए




**इटावा/अवधनामा ब्यूरो।** परिषदीय विद्यालय में होने वाली संकुल शिक्षकों की बैठक संकुल संगवाली में आयोजित की गई। बैठक में संकुल के शिक्षकों ने अपने नवाचार प्रस्तुत किए तथा विभागीय आदेशों तथा योजनाओं पर विचार साझा किए। बैठक में स्टेट रिसोर्स ग्रुप के सदस्य राम जनम सिंह ने प्रतिभाग किया तथा शिक्षकों को बताया कि वे जनपद में होने वाले निपुण असेसमेंट की तैयारी विद्यार्थियों को कराएं और विद्यालय को निपुण विद्यालय बनाने में पूरी तन्मयता से जुट जाएं। उन्होंने 17 से 24 दिसंबर तक विद्यालयों में आयोजित होने वाले वीर बाल दिवस की भी जानकारी दी तथा ईको क्लब के गठन और उसके होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की भी विस्तार से चर्चा की। संकुल शिक्षक राम प्रकाश ने विभागीय आदेशों तथा योजनाओं की जानकारी शिक्षकों को दी। बैठक में स्वीटी मथुरिया, पावन श्रीवास्तव तथा शिखा भदौरिया ने नवाचारों का प्रस्तुतीकरण किया। बैठक में विनय सक्सेना, प्रियंका, ब्रजेश यादव, सर्वेद्र कुमार सहित संकुल के शिक्षकों ने प्रतिभाग किया।

### सनशाइन स्कूल के बच्चों ने ब्लू वर्ल्ड के एम्यूजमेंट पार्क में टूर का लिया भरपूर आनंद



**इटावा/अवधनामा ब्यूरो।** सनशाइन स्कूल द्वारा छात्र-छात्राओं को कानपुर ब्लू वर्ल्ड के एम्यूजमेंट पार्क की रोमांचक यात्रा पर ले जाया गया। छात्र-छात्राओं ने रोमांचक यात्रा का भरपूर आनंद उठाया। विद्यालय के निदेशक-प्रबंधक शिखर चतुर्वेदी ने बताया कि विद्यालय द्वारा समय-समय पर अध्ययन कार्य के साथ-साथ विभिन्न प्रतियोगिताओं तथा वार्षिक टूर का आयोजन किये जाने से छात्र-छात्राओं का मानसिक तथा भौतिक विकास होता है। उनका मानना है कि नक्शे की दुनिया सभी ने देखी है, पर दुनिया ने उसे ही देखा है, जिसने पूरी दुनिया देखी है। टूर में छात्र-छात्राओं के साथ विद्यालय की प्रधानाचार्या मनीषा चतुर्वेदी तथा मैनेजमेंट हेड रुचि चतुर्वेदी भी उपस्थित रही। विद्यालय के समस्त स्टाफ ने भी टूर में अपना महत्वपूर्ण योगदान देकर यात्रा को सफल तथा मनोरंजक बनाया।

### वार्ड 15 में रास्ते में जमा कचरा साफ कराने की मांग




**सुमेरपुर,हमीरपुर।** कस्बा सुमेरपुर के वार्ड 15 में नाली की सफाई तो की गयी लेकिन वहाँ पर जमा कचरा न उठाये जाने से लोग परेशान है। वार्ड 15 के निवासी राकेश द्विवेदी सहित कई लोगों ने बताया कि उदय गार्डन के पीछे वाले, रास्ते में नगर पंचायत द्वारा नाली की सफाई 15 दिन पूर्व करायी गयी थी लेकिन अभी तक कचरा मार्ग में ज्यो का त्यो पड़ा हुआ है। और रास्ते में फैल रहा है जिससे लोगो को वहा से आवागमन में समस्या से जूझना पड़ रहा है माँग की गयी है कि कचरा शीघ्र साफ कराया जाये जिससे समस्या से लोगो को राहत मिल सके।

### महामहिम राज्यपाल महोदया जी के जनपद आगमन के दृष्टिगत डीएम ने अधिकारियों के साथ की बैठक



**सोनभद्र/अवधनामा ब्यूरो।** जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह की अध्यक्षता में पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों के साथ महामहिम राज्यपाल महोदया जी के जनपद आगमन के दृष्टिगत तैयारियों के सम्बन्ध बैठक की गयी, बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहाकि महामहिम राज्यपाल महोदया जी के आगमन के पूर्व सभी अधिकारीगण विकास योजनाओं से सम्बन्धित बैठक की, सभी तैयारियां पूर्ण कर लें, इसमें किसी स्तर पर शिथिलता न बरती जायें, जिन विभाग के अधिकारियों को जो भी जिम्मेदारी दी गयी है, उसका अनुपालन सुनिश्चित करें। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) सहदेव कुमार मिश्र, अपर पुलिस अधीक्षक त्रिभुवन नाथ त्रिपाठी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहें।

### एनसीएल ब्लॉक-बी परियोजना ने सीएसआर के तहत बांटे निश्शुल्क कंबल



**सोनभद्र/अवधनामा ब्यूरो।** मंगलवार को भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) की ब्लॉक-बी परियोजना ने निगमित सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के तहत ग्राम महदेईया में जरुरतमंदों को निःशुल्क कंबल का वितरण किया। ब्लॉकङ्की परियोजना द्वारा यह कार्य बढ़ती ठंड को ध्यान में रखते हुए किया गया। इस दौरान कुल 250 लोग लाभान्वित हुए। कंबल वितरण कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय महाप्रबंधक (ब्लॉक-बी) के. डी. जैन, परियोजना अधिकारी, एस. के. कुंडू, परियोजना के विभिन्न विभागों से विभागाध्यक्ष, नोडल अधिकारी (सीएसआर) व अन्य उपस्थित रहे। गौरतलब है कि एनसीएल ब्लॉक-बी परियोजना ने पूर्व में भी विभिन्न स्थानों पर निश्शुल्क कंबल वितरण किया है। एनसीएल की सभी परियोजनाएं एवं इकाइयां सर्दी के मौसम को देखते हुए बड़ी संख्या में स्थानीय परिक्षेत्र में जरुरतमंदों को ठंड से राहत प्रदान करने हेतु ऐसे अनेक कार्यक्रमों का आयोजन करती रही हैं।

### छात्रा को बहला फुसलाकर ले जाने का मामला दर्ज

**मौदहा हमीरपुर।** कस्बे की एक नाबालिग छात्रा कथित प्रेमी संग फरार हो गई छात्रा के पिता की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।मामला अलग अलग समुदायों का होने के कारण कस्बे में तरह तरह की चर्चाएं हो रही हैं। कस्बे के बड़े चौराहे के निकट के निवासी एक पिता ने कोतवाली में दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसकी नाबालिग पुत्री कस्बे के रहमानिया कालेज के निकट एक कोचिंग सेंटर में पढती है। आज सुबह जब वह कोचिंग के बाद घर नहीं पहुंची तो परिजनों ने उसकी तलाश की लेकिन उसका न तो कोई सुराग लगा है और उसका फोन भी बंद आ रहा है इसी बीच छात्रा की हुसैनिया निवासी सहेली ने बताया कि वह भरुआ सुमेरपुर निवासी कपिल पुत्र जयकरन से फोन पर बातचीत करती थी जिसपर पुलिस ने सुमेरपुर निवासी कपिल के विरुद्ध नाबालिग को बहला फुसलाकर ले जाने का मामला दर्ज कर जांच तेज कर दी है।बताते चलें कि मुस्लिम समुदाय की छात्रा के गायब होने पर हिंदू समुदाय के कपिल का नाम आना कस्बे में चर्चा का विषय बना हुआ है और पुलिस भी इस मामले को गंभीरता से देखते हुए तेजी दिखा रही है।

### हम होंगे कामयाब कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**सोनभद्र/सिंगरौली।** सोमवार को भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) की खड़िया परियोजना में कोल इंडिया के 50 गौरवशाली वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में हम होंगे कामयाब कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ऑफिसर्स क्लब, खड़िया में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान मशहूर मोटिवेशनल स्पीकर पंडित विजय शंकर मेहता ने 'जीवन प्रबंधन' पर व्याख्यान दिया। इस कार्यक्रम के दौरान सीएमडी, एनसीएल बी. साईराम, पुलिस अधीक्षक, सिंगरौली, मनीष खत्री, निदेशक (वित्त) रजनीश नारायण, निदेशक (तकनीकी/ संचालन) जितेंद्र मलिक, निदेशक (तकनीकी/ परियोजना एवं योजना) सुनील प्रसाद सिंह, मुख्य सतर्कता अधिकारी, पंकज कुमार, श्रमिक संघ के जेसीसी सदस्य, सीएमओएआई प्रतिनिधि, कृति महिला मण्डल, सिंगरौली की अध्यक्षा बी. के. दुर्गा एवं उपाध्यक्षाएं संगीता नारायण, शोभा मलिक एवं बीना सिंह, विभिन्न परियोजनाओं से क्षेत्रीय महाप्रबंधक सहित विभागाध्यक्ष, अधिकारी एवं कर्मचारीगणों के साथ डीएवी, खड़िया के प्राचार्य, स्टाफ एवं छात्र उपस्थित रहे।

# सिर्फ 18 वकील मतदाताओं ने की टेंडर वोटिंग

**अध्यक्ष, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, महामंत्री, कोषाध्यक्ष व सदस्य कार्यकारिणी 15 वर्ष पद के लिए होगा मतदान**

- अब 910 वकील मतदाता 20 दिसंबर को करेंगे मतदान
- 21 दिसंबर को होगी मतगणना और विजई पदाधिकारियों की घोषणा
- सोनभद्र बार एसोसिएशन सोनभद्र चुनाव का हाल



अवधनामा ब्यूरो

**सोनभद्र।** वर्ष 2024-2025 के लिए होने वाले सोनभद्र बार एसोसिएशन सोनभद्र के चुनाव के लिए मंगलवार को अध्यक्ष, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, महामंत्री, कोषाध्यक्ष व सदस्य कार्यकारिणी 15 वर्ष से नीचे पद के लिए सिर्फ 18 वकील मतदाताओं ने टेंडर वोटिंग की। जिसकी वजह से कुल 928 में से अब 910 वकील मतदाता 20 दिसंबर को मतदान करेंगे। 21 दिसंबर को मतगणना के साथ ही विजयी पदाधिकारियों की घोषणा की जाएगी।

मुख्य चुनाव अधिकारी शशि कुमार मिश्र एडवोकेट ने बताया कि वर्ष 2024-2025 के चुनाव के लिए सोनभद्र बार एसोसिएशन सोनभद्र के सदस्य/ वकील मतदाताओं की कुल संख्या 928 है।

मंगलवार को दोपहर 12 बजे से तीन बजे के बीच टेंडर वोटिंग कराई गई, जिसमें सिर्फ 18 वकील मतदाताओं ने टेंडर वोटिंग की है। जिसमें राजेश कुमार पाठक, जितेंद्र देव पांडेय, शुद्धी नारायण देव पांडेय, अमित कुमार सिंह, अतुल कुमार पाठक, गौरव अग्रवाल,जय प्रकाश शुक्ल, रमाकांत श्रीवास्तव, रविकांत राय, सुरेश चंद्र दुबे, तेजमणि पांडेय, विमलेश कुमार, विनोद कुमार,सुरेंद्र देव पांडेय, गौरव कुमार श्रीवास्तव,अविनाश यादव, रंजीत सिंह व अवधेश कुमार मिश्र शामिल हैं। उन्होंने यह भी बताया कि जो वकील मतदाता 20 दिसंबर को आवश्यक कार्य से बाहर चले जाएंगे उन्हीं मतदाताओं की सुविधा को ध्यान में रखकर अध्यक्ष, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, महामंत्री, कोषाध्यक्ष व सदस्य कार्यकारिणी 15 वर्ष से नीचे पद के लिए टेंडर वोटिंग कराई गई है। अब 20 दिसंबर को 928 में से 910 वकील मतदाता मतदान में हिस्सा लेंगे। 21 दिसंबर को मतगणना के साथ ही विजयी पदाधिकारियों की घोषणा की जाएगी।

# खान पर्यावरण व खनिज संरक्षण सप्ताह का आगाज

अवधनामा संवाददाता



**सोनभद्र/डाला।** अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड वर्क्स के माइंस क्षेत्र भलुआ हिल 01 में सोमवार को भारतीय खान ब्यूरो जबलपुर के तत्वावधान में आयोजित जुलगुल, भलुआ, कजरहट लाइम स्टोन माइंस में 34 वां खान पर्यावरण एवं खनिज संरक्षण सप्ताह समारोह का आगाज हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि कनवेनर व माइंस मैनेजर ,सेल कूटेश्वर मध्यप्रदेश के यू के मोहंता ने अन्य अतिथियों के साथ संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित व ध्वाजारोहण कर किया। मुख्य अतिथि मोहंता ने बताया कि पर्यावरण के संरक्षण के लिए संरक्षण सप्ताह मनाया जाता है, खनन के दौरान पेड़ पौधा लगाना आवश्यक है, पर्यावरण को संरक्षित करना बहुत जरुरी है, लाइम स्टोन प्रकृति द्वारा प्रद्त होती है। अंग्रेजों द्वारा खनन करके जो लो ग्रेड मैटेरियल को कचरे के रुप मे एकत्र किया था आज हम उसे तकनीक के माध्यम से इस्तेमाल कर रहे हैं। कोयला से विद्युत उत्पादन किया जा सकता है लेकिन कोयला नही बनाया जा सकता है, विद्युत बनाने के लिए विकल्प तलाशने होगें जिससे कोयला को लम्बे समय तक संरक्षित किया जा सके। विशिष्ट अतिथि अल्ट्राटेक सीमेंट के यूनिट हेड संदीप हिवरेकर ने बताया कि कंपनी के सीएसआर द्वारा प्राकृतिक संसाधनों को संरक्षित करने के लिए जागरूकता चलाई जाती है।पांच हेक्टेयर में पन्द्रह हजार पौधों को लगाया गया है हमारे द्वारा पूर्व में वृक्षारोपण का ग्रोथ अब जगंल का रुप ले चुका है। लम्बे समय तक खनिज को बचाए रखने के लिए नए तकनीकी से खनन किया जा रहा है और मिनरल को संरक्षित करने के लिए एक और नए लाइब्रेरी की स्थापना की गई है।विशिष्ट अतिथि प्रिज्म सिमेंट के नारायण प्रसाद शुक्ला ने बताया कि सरकार के नियमों का पालन करने मात्र से ही खनिज का संरक्षण किया जा सकता है। खेमचंद सोन खलिहारी, अखिलेश सिंह व नवल किशोर शर्मा ने संयुक्त रूप से बताया कि खनिज हमारे जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है। पेड़ को परिवार का सदस्य मानकर उन्हे सुरक्षित रखें। अल्ट्राटेक कम्पनी के माइंस फंक्शनल हेड विवेक खोसला व अल्ट्राटेक डीएच माइंस आपरेशन डीके पाण्डेय ने सीमेंट कम्पनी के हर सुरक्षा को विस्तृत रुप से बताया, सुरक्षा से जीवन को बचाया जा सकता है।जिम्मेदार खनन समग्र विकास के अन्तर्गत स्कूली बच्चों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक प्रोग्राम के माध्यम से पेड़ों की सुरक्षा और माइंस कर्मचारियों द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मौजूद लोगों को खान पर्यावरण एवं खनिज संरक्षण के लिए जागरूकता का संदेश दिया। अंत में अगलगी के पश्चात फायर ब्रिगेड द्वारा रिहर्सल का डेमो दिखाया गया।इस दौरान फाइनेंस हेड प्रसम जैन, टेक्निकल एफ एच दीपक जोशी, एफ एच एच आर हेड संजीव राजपूत, भूगर्व वैज्ञानिक अतुल गहराना समेत सैकड़ों की संख्या लोग मौजूद रहे। संचालन अल्ट्राटेक सीमेंट फैक्ट्री की महिला कर्मचारी तृप्ति साहू ने किया।

# सावधान! सफेदपोश नेताओं के संरक्षण मे है मर्का खदान

- कौन करेगा कार्यवाही, पचासों ट्रैक्टरों के सहारे चल रहा है अवैध खनन और अवैध परिवहन

अवधनामा संवाददाता



**बाँदा।** मर्का खदान के काले खनन का कारोबार इन दिनों लगातार परवान चढ रहा है , ट्रको के साथ साथ अवैध ट्रैक्टरों के सहारे मौरंग की चोरी करके प्रशासन के राजस्व की क्षति की जा रही है। मर्का खदान जितेंद्र महोदय भोपाल निवासी के नाम पर आवंटित है जिनके साथ राजनैतिक संरक्षण देने के लिये स्थानीय राजनैतिक दल के कुछ लोग प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष मर्का खदान संचालक के साथ जुडे हैं। अगर बात अवैध खनन की जाये तो अपने निर्धारित क्षेत्र से बाहर जाकर खनन करने के बाद भी जनपद के जिम्मेदार अधिकारी कार्यवाही के नाम पर मर्का खदान पर जाना ही नही चाहते है क्योंकि सूत्र बताते है कि इस खदान पर सफेदपोश नेताओं का संरक्षण है। वैसे तो ट्रैक्टरों का अधिकांश प्रयोग कृषि कार्यो हेतु किया जाता है और ट्रैक्टर के साथ ट्राली का भी पंजीकरण करवाना होता है परंतु परिवहन विभाग की उदासीनता के कारण जनपद के सैकडों ट्रैक्टर ट्राली बिना पंजीकरण के ही खनिज का परिवहन कर रहे है जो नाजायज है। अवैध खनन के बाद अवैध परिवहन के मामले मे भी ये मर्का खदान पूरे जनपद मे जोरशोर से कमायी कर रही है , वैसे मर्का की भौगोलिक स्थिति भी उसे अवैध खनन और अवैध मौरंग परिवहन मे सहायक है क्योकि बाँदा जिला मुख्यालय से इस खदान की दूरी 65 से 70 किलोमीटर की दूरी पर है और फतेहपुर जनपद की सीमा इस खदान से सटी है जिससे पूरा का पूरा ट्रांसपोर्ट फतेहपुर जनपद के रास्ते प्रदेश के अन्य जिलो मे जा रहा है और बाँदा से जब तक अधिकारी कार्यवाही करने के लिये निकलते है तबतक लोकेशन बाज खदान संचालको को सावधान कर देते है ऐसे मे अगर अधिकारी कार्यवाही करने की सोचता भी है तो उसके मंसूबे पर लोकेशनबाज पानी फेर देते है।

# पत्रकारिता है सबसे बड़ी समाज सेवा : आलम रिज़वी

## सभी के दुखों का साथी है पत्रकार : इरशाद अहमद सिद्दीक़ी



# सम्मान समारोह कार्यक्रम के आयोजन से लोगों में बढ़ता है आत्मविश्वास: एस.डी.एम.

## ऐसे सम्मान समारोह के आयोजन से समाज में पैदा होती है नई ऊर्जा : नज़ीर मलिक

**अवधनामा संवाददाता**

**इटवा।** सिद्धार्थनगर स्थित इटवा तहसील में अवधनामा कार्यालय का उद्घाटन हुआ। कार्यालय उद्घाटन के मौके पर सम्मान समारोह कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया इस मौके पर समाज के प्रतिष्ठित लोगों को सम्मानित भी किया गया।

कार्यक्रम के शुभारंभ पर लखनऊ से पहुंचे बतौर मुख्य अतिथि अवधनामा के स्थानीय सम्पादक आलम रिज़वी को इरशाद सिद्दीक़ी, एजाज़ सिद्दीक़ी कैलाश नाथ एवं अवधनामा के अन्य स्टाफ द्वारा पुष्प देकर स्वागत किया गया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए आलम रिज़वी ने कहा पत्रकारिता सबसे बड़ी समाज सेवा है। पत्रकारिता द्वारा लोगों की बहुत मदद की जाती है। इसका सबसे बड़ा उदहारण लॉक डाउन का समय है।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए अवधनामा के महाप्रबंधक इरशाद सिद्दीक़ी ने कहा पत्रकार सभी के दुखों का साथी है। कही भी कोई काम समय पर न होने पर या किसी समस्या के होने पर समाज के लोग पत्रकार की ओर आशा भरी निगाहों से देखते हैं।

वहीं इसके बाद कार्यक्रम के सम्बोधन में एसडीएम डुमरियागंज ने कहा इस तरह के कार्यक्रम से समाज के लोगों में आत्मविश्वास बढ़ता है। एसडीएम इटवा ने अपने सम्बोधन में कहा पत्रकार समाज के लिए आइना होता है।

पत्रकार नज़ीर मलिक ने अपने सम्बोधन में कहा ऐसे सम्मान समारोह के आयोजन से समाज में नई ऊर्जा पैदा होती है। इस तरह के कार्यक्रम होते रहना चाहिए।

इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे वी पी त्रिपाठी ने इस कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए लोगों को शुभकामना देते हुए कहा इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन संस्था द्वारा आगे भी किया जाता रहेगा। इस कार्यक्रम में सम्मान पाने वालों में डा. भास्कर शर्मा (होम्योपैथ रिसर्च सेंटर, (समाज सेवी), डॉ. शर्मा (राजधानी हास्पिटल) (स्वास्थ), डॉ. अब्दुल हुसैन (हेल्थ), खेमराज लाल (फार्मासिस्ट चिकित्सा सेवा), शिक्षा व समाज सेवी, मास्टर महताब आलम (रईस अहमद इंटर कालेज), शिक्षा सेवा ओम प्रकाश शिक्षक, बेहतर शिक्षा कार्य - संजय कुमार गुप्ता, शाहिद बस्तवी (शायर), अलाउद्दीन (शायर), अजमल सिद्धार्थनगरी (शायर), वीरेंद्र दीवाना (गायक), अब्दुल हकीमी (शायर) (शिक्षक), नन्द लाल सोनी (पूर्वांचल विकास मंच संस्थापक समाजसेवी, गौरछक व गिरोकुल सेवा आचार्य ब्रिजेश पाठक करहैया, यादव हरि शंकर यादव वर्ल्ड रिकॉर्ड साइक्लिंग कश्मीर से कन्याकुमारी, डा0 अब्दुल हकीम हेल्थ के साथ समाज सेवी, नरेंद्र छापड़िया वरिष्ठ व्यसाई व समाज सेवी, छापड़िया वरिष्ठ व्यसाई व समाज सेवी, अनिल जायसवाल महा मंत्री व वरिष्ठ समाज सेवी, ओम प्रकाश छापडिया वरिष्ठ समाजसेवी, प्रभात जायसवाल व्यापार मंडल अध्यक्ष बिस्कोहर व समाज सेवी, अजय श्रीवास्तव समाजसेवी, अब्दुल वहीद समाज सेवी, शिवकुमार बर्मा (व्यापार मण्डल अध्यक्ष इटवा समाज सेवी, रिजवान अहमद सिद्दीकी समाजसेवी, व्यास जी चतुर्वेदी समाजसेवी, बेलाल अहमद, समाजसेवी, प्रमोद कुमार कन्नौजिया समाजसेवी, आस्था जायसवाल समाजसेवी, प्रधान भारत प्रसाद यादव गांव विकास (सिसवा गांव), प्रधान अदालत यादव गांव विकास (बेनीपुर उर्फ पुरैना), ममता पाण्डेय (गांव विकास खुनियांव (धनगढ़वा) को सम्मानित किया गया।

इस मौके पर पत्रकार आकाशवाणी के जिला संवाददाता डा. सावन सहाय श्रीवास्तव, निसार अहमद खां, मोहम्मद शाबान, अबरार चौधरी, शहाबुद्दीन फारुकी, नियामतुल्लाह, आरिफ मकसूद, एसडीएम डुमरियागंज संजीव दीक्षित, एसडीएम इटवा कल्याण सिंह मोर्य, एसडीएम न्यायिक मनोज कुमार भारती, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिध जावेद खान, नगर पंचायत अध्यक्ष इटवा विकास जायसवाल, ईओ डुमरियागंज महेश, वीडियो खुनियांव अरुण कुमार श्रीवास्तव, खंड विकास अधिकारी अनिशि मणि पांडे इटवा, माता प्रसाद जायसवाल इंटर कॉलेज के प्रिंसिपल रमाकांत द्विवेदी, प्रभारी निरीक्षक इटवा श्रीप्रकाश यादव सहित नगर पंचायत अध्यक्ष पूर्व प्रत्याशी नादिर सलाम, रिजवान बिल्डर, फजलुररहमान, सुरेश मिश्रा, बबलू खान, इम्मानुएल मिशन स्कूल के प्रधानाध्यापक सोजी जोसेफ, राकेश पांडे अमित दुबे, सभासद सुनील जायसवाल, नज़ीर मलिक पत्रकार, वी पी त्रिपाठी अध्यक्ष, यशोदा श्रीवास्तव पत्रकार, रवीणु नाथ त्रिपाठी, संतोष श्रीवास्तव अध्यक्ष प्रेस क्लब, राजेश शर्मा मान्यता प्राप्त पत्रकार, सुधीर श्रीवास्तव पत्रकार, नियाज़ कपिलवास्तवी, कवि कैलाश नाथ द्विवेदी, एजाज़ सिद्दीक़ी, नन्द लाल, अनिल कुमार, रामा नन्द पाण्डेय, निज़ाम, निहाल चौधरी, डा. अब्दुल कुद्दूस सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

अवधनामा की तरफ से इरशाद अहमद एवं एजाज़ सिद्दीक़ी ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए कार्यक्रम में आये सभी लोगों का धन्यवाद किया किया।